www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –180 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

आतंकवाद, हिंसा मानवाधिकारों के खिलाफ हैं, भारत शांति में विश्वास करता है: कोविंद पृष्ठ 2

अभिमत
■ न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत जनगणना पृष्ठ 6

■ फिलिस्तीनियों को गाजा शहर खाली करने की दी चेतावनी
■ नए पोल में निक्की हेली, बाइडेन से चार अंकों से आगे पृष्ठ 7

जब आप मैदान पर उतरेंगे तो आपके मन में निश्चित रूप से यह भावना आएगी कि हां, हमें इसे जीतना है: कुंबले पृष्ठ 8

मध्यप्रदेश विस चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्य समिति की हुई बैठक

उम्मीदवारों के नामों पर हुआ मंथन

■ 15 अक्टूबर को आएगी कांग्रेस की पहली सूची
■ कांग्रेस दो सूची में जारी करेगी अपने सभी प्रत्याशियों के नाम

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नाम तय करने को लेकर शुक्रवार को यहां पार्टी आलाकमान के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक हुई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी। दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बताया कि हमने लगभग 60 सीटों पर चर्चा कर ली है। हमारी बैठक फिर से होगी। अभी मध्य प्रदेश की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक है। इसमें चर्चा के बाद फिर से बैठक होगी। तभी सीटों के नाम फाइनल करेंगे। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में लगातार दो दिन तक बैठकें होने वाली हैं। इन बैठकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। कई नामों पर गहन मंथन हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। कमलनाथ के नेतृत्व पर हमें आत्मविश्वास है। भाजपा बौखलाई घूम रही है। वहां सिर फुटव्वल हो रहा है। हमारे यहां टिकट जल्द ही फाइनल हो जाएंगे। कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हम श्राद्ध पक्ष के बाद 15 अक्टूबर को अपनी पहली सूची घोषित करेंगे। हमारी रफ्तार ठीक है। इस रफ्तार से हम 15 अक्टूबर को अपनी सूची की घोषणा कर देंगे। हर नाम पर जितनी चर्चा हो, उतना अच्छा है। चर्चा में कई नई चीजें उभरकर सामने आती हैं। कांग्रेस अपने सभी प्रत्याशियों के नाम दो सूची में जारी करेगी।

पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत

सुरजेवाला ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष समन्वय बनाकर चल रहे हैं। इससे लगता है कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में अप्रत्याशित जीत की तरफ कदम बढ़ा रही है। दो उदाहरण आपके सामने है। एक भाजपा की सिर फुटव्वल और भाजपा की घबराहट व छटपटाहट का है। दूसरा कांग्रेस के आत्मविश्वास का है। यह आत्मविश्वास मध्य प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के आशीर्वाद का है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सरकार बनने पर मप्र में मिलेगा सबको न्याय : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मिल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा के शासन से त्रस्त हो चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी तथा प्रदेश के सभी वर्गों के साथ न्याय होगा। खड़गे ने कहा कि मध्य प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्गों को कुछ ही दिनों में न्याय मिलने वाला है। पिछले 18 वर्ष के भाजपाई अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचारी कुशासन पर पूर्ण विराम लगेगा। इस बार जनता मध्य प्रदेश में पिछले दरवाजे से अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार नहीं बनने देगी। इस बार दग़ाबाज़ों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में उनकी पार्टी बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत की ओर अग्रसर है। आज मध्य प्रदेश के विषय में केंद्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

भ्रष्टाचार में ही पारदर्शी है भूपेश सरकार : रविशंकर प्रसाद

■ घोटालेबाजों को भाजपा की सरकार छोड़ने वाली नही
■ महादेव एप के गढ़ में मुख्यमंत्री का गेमिंग एप से इतना प्यार स्वाभाविक

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के घोटालों को लेकर जमकर हमला बोला और कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में चल रहे घोटालों की स्टडी की है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा की ओर से हम इसको बहुत प्रभावी ढंग से उठाएंगे और मुख्यमंत्री बघेल को इसका जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बघेल भ्रष्टाचार में सब पर ट्रस्ट नहीं करते। जो उनके सबसे नजदीकी हैं, वही बैटिंग करेंगे। बात जब कोयला घोटाले की आई तो पता चला कि उनके कार्यालय की सबसे करीबी उपसचिव जेल में हैं। दो-दो कलेक्टर जेल में हैं। बाकी काफी लोग भी जेल में हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ कोयला की खान है। केंद्र की राजग सरकार के कार्यकाल में यह योजना बनाई गई थी कि कोयला खदानें नीलामी की प्रक्रिया से आवंटित करना है ताकि इसमें पारदर्शिता आए। लेकिन प्रदेश की भूपेश सरकार ने उसको भी बदल दिया। कैसे बदला गया, यह पूरे प्रदेश ने देखा कि कहाँ-कहाँ इसका कितना च्कटज जाता था। पूरा सिस्टम ही बदल डाला।

भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार में भी पूरी ईमानदारी बरती गई ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री की नसीहत आरोप लगाने से पहले ईडी से पूछकर आएं

■ दिल्ली से आकर भाजपा नेता उल्टा-सीधा बयान दे रहे : भूपेश

पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बिना किसी जानकारी के दिल्ली से आकर भाजपा के नेता उल्टी-सीधा बयान दे रहे है। मुख्यमंत्री ने सपाट शब्दों में कहा कि यदि भाजपा के नेताओं को महादेव ऐप के बारे में बोलना ही है तो सबसे पहले वे ईडी से जाकर पूछ लें कि जांच किसने शुरु की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईडी से पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने इसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु की और 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया। इसी आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया है और रविशंकर इस मामले में हमारे से ही सवाल कर रहे है यह बड़ी हास्यास्पद बात है।

मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर पर लिखा कि भाजपा दिल्ली से अपने कथित दिग्गजों को बुला रही है और छत्तीसगढ़ के बारे में उल-जलूल बयान दिलवा रही है। वे बिना जानकारी अगड़म बगड़म कुछ भी बोले जा रहे हैं। अरे भैया महादेव ऐप के बारे में बोलना है तो पहले अपनी ईडी से तो पूछ लो कि जांच किसने शुरु की। छत्तीसगढ़ पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज करके जांच शुरु की ।सौ से ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सार संक्षेप

सेना ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा

जम्मू। सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है जो प्रथमदृष्टया मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा सेना के सतर्क जवानों ने शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है ,जो मानसिक तौर पर अस्वस्थ है लेकिन सेना की ओर से सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

किरेन रिजिजू मिजोरम के भाजपा चुनाव प्रभारी नियुक्त

नई दिल्ली। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को मिजोरम के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। शुक्रवार को पार्टी ने एक बयान में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन मिजोरम चुनाव के लिए पार्टी के सह-प्रभारी के रूप में काम करेंगे। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार किए नष्ट

गंगटोक। सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। दो दिन में करीब 36 मोर्टार नष्ट किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया गया।

देश की समुद्री सीमाएं होंगी और अभेद्य : राकेश पाल

कोलकाता। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल ने कहा कि देश की समुद्री सीमाएं और अभेद्य होंगी। इसके लिए तटरक्षक बल कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। 2025 तक बल के बेड़े में करीब 100 विमान और 200 गश्ती जहाजों को जोड़ा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने देश में 28 नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र बनाने की भी मंजूरी दी है।

आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादले

■ अवनीश बिलासपुर, गोयल रायगढ़ के कलेक्टर
■ गर्ग राजनांदगांव, जितेंद्र कोरबा के नए एसपी

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद राज्य शासन ने कलेक्टर और एसपी की नई पोस्टिंग जारी की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने दो जिलों बिलासपुर और रायगढ़ में कलेक्टरों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। अवनीश कुमार शरण को बिलासपुर कलेक्टर बनाया गया है। वहीं कार्तिकेय गोयल रायगढ़ कलेक्टर बनाए गए हैं। फूड डिपार्टमेंड के स्पेशल सेक्रेटरी रहे मनोज सोनी की जगह इफ्फत आरा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी तरह चुनाव आयोग की सिफारिश पर गृह विभाग ने तीन जिलों में एसपी की पोस्टिंग की है ।रामगोपाल गर्ग को दुर्ग, मोहित गर्ग को राजनांदगांव और जितेंद्र शुक्ला को कोरबा का एसपी बनाया गया है। वहीं बिलासपुर से हटाए गए एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी की जगह अर्चना झा और संजय ध्रुव की जगह अभिषेक कुमार झा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आचार संहिता लगने के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने राज्य के दो कलेक्टर और तीन एसपी को हटा दिया था. इनमें बिलासपुर कलेक्टर संजीव झा, रायगढ़ कलेक्टर तारन सिन्हा, दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा, राजनांदगांव एसपी अभिषेक मीणा और कोरबा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

■ पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन पत्र दाखिल

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई। पहले दिन 20 विधानसभा सीटों के लिए किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 समेत राजनांदगाँव, , मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी , खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 08 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 07 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 03 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव ,केशकाल ,कांकेर ,भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

आतंकवाद को लेकर बरतनी होगी सख्ती : मोदी

पी-20 समिट को बताया संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ

■ खालिस्तान विवाद चलते नहीं आई कनाडा की स्पीकर

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पी-20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी-20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी ह इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

भारत की संसद पर हमले का किया जिक्र

मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है।

सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

मोदी इंडिया नहीं अडाणी के पीएम उनकी जांच कब होगी : संजय सिंह

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब वे 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा कि कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। सुनवाई खत्म होते ही संजय सिंह जैसे ही कोर्ट से बाहर आए मीडिया से कहा कि मोदी जी इंडिया के नहीं, अडाणी के प्रधानमंत्री हैं। अडाणी के घोटालों की जांच कब होगी। इससे पहले 10 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने संजय सिंह से मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी थी। मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

आदेशों की नहीं कर सकते अनदेखी

■ विधायकों की अयोग्यता की याचिका पर फैसले में देरी पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत इस मामले में लगातार हो रही देरी पर एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने ने कहा कि हमने नोटिस दिया, आदेश जारी किया, फिर भी कह रहे हैं कि विधानसभा अध्यक्ष ने कोई निर्णय नहीं लिया है। अगले चुनाव से पहले निर्णय लें अगर अगले चुनाव से पहले फैसला नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्रवाई बेमानी होगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिका पर संयुक्त सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस धनंजय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच के सामने सुनवाई हुई। इस समय मुख्य न्यायाधीश ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाधिवक्ता तुषार मेहता की बात सुनी। कोर्ट ने कहा कि 14 जुलाई को हमने नोटिस निकाला। यह आदेश सितम्बर में जारी किया गया था, लेकिन स्पीकर ने कुछ नहीं किया। विधानसभा अध्यक्ष ने जून के बाद से कोई कार्रवाई नहीं की है इसलिए अब उन्हें अगले चुनाव से पहले फैसला लेना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर चुनाव से पहले निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यवाही निरर्थक होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

रामपुर कारतूस कांड में 13 साल बाद आया फैसला

24 दोषियों को 10-10 साल की कैद

लखनऊ/रामपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में 13 साल पहले हुए कारतूस चोरी कांड के 25 में से 24 दोषियों को शुक्रवार को रामपुर कोर्ट के स्पेशल जज विजय कुमार ने दस-दस साल की कैद और दस दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में 20 पुलिस, पीएसी और सीआरपीएफ के कर्मचारी हैं। चार सिविलियन हैं। एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। अदालत ने बाकी सभी को जेल भेज दिया। केस में नौ गवाहों की गवाही अहम रही। शुक्रवार सुबह सभी दोषियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। इस दौरान कोई बैग से तो कोई रुमाल से मुंह छिपाए था। हाथ में हथकड़ी लगी थी। कारतूस कांड में पुलिस ने 25 पुलिसवालों को आरोपी बनाया था। इनमें एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। यह पूरा मामला सरकारी हथियारों की सप्लाई नक्सलियों को करने से जुड़ा हुआ था।

अदानी मामले में जयराम रमेश का दावा

दो साल में 12 हजार करोड़ देश से बाहर गए

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी के आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने कह कि, ताजा खुलासों से संकेत मिलता है कि दो वर्षों में 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम देश से बाहर निकाली गई होगी। पार्टी ने अदानी मामले से जुड़े इन आरोपों को लेकर इसे आधुनिक भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को अदानी प्रकरण पर एक बयान में कहा, भाजपा ने अदानी ग्रुप को संपत्ति जुटाने में मदद की है। उन्होंने दावा किया कि यह रूपक लूट नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की जेब से चोरी है।

मुद्दों से भटकाना नामुमकिन नहीं

रमेश ने कहा कि यह आधुनिक भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। इसमें लालच और हृदयहीनता के साथ-साथ भारत के लोगों के प्रति उदासीनता साफ देखी जा सकती है। उन्होंने कहा, यह इस भरोसे पर आधारित है कि ऐसा कोई घोटाला नहीं है जिसे प्रबंधित ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

चुनावी बॉन्ड से मिला पैसा

सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर अदाणी समूह को संपत्ति हासिल करने में मदद करने का भी आरोप लगाया। जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के पास चुनावी बॉन्ड से जमा फंड भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास इतने पैसे हैं जिससे उसे अपनी इच्छा के मुताबिक विधायक खरीदने और विपक्षी दलों को तोड़ने का अवसर मिलता है।

रिपोर्ट — भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर

वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 111वें स्थान पर फिसला

■ सरकार ने रिपोर्ट को बताया त्रुटिपूर्ण व गलत

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है।

आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमशः कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें, बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे। मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमज़ोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है। भारत में अल्प पोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 की रिपोर्ट को लेकर भारत सरकार ने कहा था कि गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हॉलमार्क लगता है। भारत को ऐसे देश के रूप में दिखाया जा रहा है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यह इंडेक्स भुखमरी को गलत तरीके से मापता है। इसमें जो मेथड इस्तेमाल किया जाता है वह भी गंभीर रूप से गलत है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है।

देश

उवाच

कोई भी आईटी छापेमारी बिना राजनीतिक मकसद के नहीं होगी। सिर्फ हमारे राज्य में ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी राजनीतिक मकसद से आईटी छापे मारे जा रहे हैं:-डीके. शिवकुमार, डिप्टी सीएम कर्नाटक

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	36.2	19.8
मुंबई	35.1	26.8
कोलकाता	35.5	26.4
चेन्नई	32.6	23.5

हरित ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन और महिला नीत विकास विश्व में बहुत बड़े बदलाव का वाहक बनेगा: बिरला

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का मानव केन्द्रित विकास के लिए काम करने का आह्वान किया और कहा कि हरित ऊर्जा, डिजिटल परावर्तन और महिला नीत विकास 21वीं सदी के विश्व में बहुत बड़े बदलाव का वाहक बनेगा। श्री बिरला ने जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन पी-20 के उद्घाटन समारोह में अपने स्वागत भाषण में यह बात कही। समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय संसदीय संघ (आईपीयू) के अध्यक्ष दुआरते पचेको उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, भारत की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व एवं वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह वैश्विक चुनौतियों पर जी 20 देशों की एकजुटता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। निश्चित रूप से भारत की अध्यक्षता ने जी-20 को समावेशी, आकांक्षी, भविष्य उन्मुख, निर्णायक और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण दिया है।

श्री बिरला ने कहा, 'लोकतंत्र हमारी सबसे अमूल्य विरासत है। लोकतंत्र हमारी जीवन शैली, हमारे आचार, विचार और व्यवहार में है। एक तरह से यह हमारी संस्कृति और संस्कार में आत्मसात है। इसलिए जब हमारा देश आजाद हुआ, तब स्वाभाविक रूप से हमने संसदीय लोकतंत्र को अपनाया। वस्तुतः लोकतंत्र ही हमारे शासन तंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही का मूल आधार है। विशालता, विविधता और बहुलता भारत के लोकतंत्र की पहचान है। हमने 75 वर्षों के लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में जनकेंद्रित शासन के माध्यम से आम जनता के जीवन में सामाजिक, आर्थिक बदलाव किए हैं।' उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा दरअसल हमारी संस्कृति का बुनियादी सिद्धांत है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें' हैं। हम विश्व को एक परिवार मानते हैं, जो हमारी सहभागिता, सहकारिता, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को दर्शाता है। पी20 में हम इसी भावना को और मजबूत करेंगे।' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, पर्यावरण के विषय पर ठोस एवं निर्णायक वैश्विक कार्य योजना आज समय की मांग है। श्री मोदी ने 'मिशन लाइफ' का जो विजन विश्व के समक्ष रखा है, उस पर कल की बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। सभी प्रतिनिधियों का मानना था कि पर्यावरण किसी एक देश का विषय नहीं है बल्कि हम सबकी व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हम अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करें जो हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए उपयोगी हो। उन्होंने कहा, 'मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि इस मिशन को जी-20 समूह के सभी देशों की संसदों का भरपूर समर्थन मिला। सबने अपनी-अपनी संसदों में मिशन लाइफ पर चर्चा करने तथा इसे एक जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प किया। इसके लिए मैं आप सबका आभार व्यक्त करता हूँ।'

भारत की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व एवं वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह वैश्विक चुनौतियों पर जी 20 देशों की एकजुटता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है:-**ओम बिरला, अध्यक्ष लोकसभा**

ओम बिरला को मिला दक्षिण कोरिया आने का न्योता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शुक्रवार को दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष किम जिन-प्यो से दक्षिण कोरिया आने का न्योता मिला। श्री बिरला ने जी 20 देशों के संसद अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन - पी 20 की दौरान अलग से श्री किम के साथ एक मुलाकात की। श्री किम ने श्री बिरला को दक्षिण कोरिया आने का न्योता दिया ताकिदोनों देशों काआपसी सहयोग बढ़ सके। मुलाकात के दौरान श्री बिरला ने भारत और दक्षिण कोरिया के मजबूत संबंधों का उल्लेख किया और कहा कि वर्ष 2023 में दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में दोनों मजबूत साझेदार हैं। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच परस्पर संपर्क भी सुदृढ़ हुए हैं।

आतंकवाद, हिंसा मानवाधिकारों के खिलाफ हैं, भारत शांति में विश्वास करता है: कोविंद

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि हर तरह के आतंकवाद और हिंसा के कृत्य मानवाधिकार के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हैं और इनकी निंदा होनी चाहिए। श्री कोविंद ने कहा कि भारत बराबर मानवाधिकारों का सम्मान करता है और कहीं भी युद्ध शुरू किए जाने के बजाय शांति में विश्वास रखा है। पूर्व राष्ट्रपति राजधानी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'भारत सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में हिंसा और आतंकवाद की निंदा करता है।' इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने कहा कि हिंसक उग्रवाद-मानवाधिकारों, अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और सतत विकास के लिए खतरा है, इसलिए जागरूकता बढ़ाने के लिए

हर तरह के आतंकवाद और हिंसा के कृत्य मानवाधिकार के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हैं और इनकी निंदा होनी चाहिए। भारत बराबर मानवाधिकारों का सम्मान करता है और कहीं भी युद्ध शुरू किए जाने के बजाय शांति में विश्वास रखा है:- **रामनाथ कोविंद, पूर्व राष्ट्रपति**

इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार में वोट देने और सरकार चुनने का अधिकार भी शामिल है। राज्य को हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि नागरिक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकारों का आनंद उठा सकें। श्री कोविंद ने कहा कि मानवाधिकार आयोग ने इन 30 वर्षों में मानवाधिकारों के संवर्धन, संरक्षण और समाज के वंचित तथा कमजोर वर्गों के अधिकारों का पुरा समर्थन किया है। पूर्व राष्ट्रपति ने इस अवसर पर हाल में भारत की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में हुए जी20 देशों के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी यूनियन को अफ्रीकी संघ को समूह का पूर्ण सदस्य बनाये जाने का उल्लेख किया और कहा कि हमारा यह प्रयास दर्शाता है कि हम 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, के सिद्धांत पर विश्वास करते हैं और उस पर कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति और अपने प्रभाव को और बढ़ाया है तथा मानवाधिकारों के हित में, जलवायु संबंधी चुनौतियों का समाधान करने, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने पर जोर दिया है।

सार संक्षेप

इजरायल से लौटने वालों के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने दिल्ली में हेल्प डेस्क खोला

कोलकाता। संघर्ष प्रभावित इजरायल से आने वाले बंगाल के निवासियों को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नई दिल्ली के बंग भवन में एक हेल्प डेस्क खोलने की घोषणा की। इसी तरह के हेल्प डेस्क दिल्ली और कोलकाता एयरपोर्ट पर भी ममता सरकार ने बनाए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि राज्य सरकार उन निवासियों का खर्च वहन करेगी जो पहले ही इजरायल से नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। सीएम ने कहा, भारतीय/बंगाली युद्धग्रस्त इजरायल छोड़ रहे हैं और मैंने अपने मुख्य सचिव और दिल्ली रेजिडेंट कमिश्नर से हमारे संकटग्रस्त रिटर्नर्स को अुगत में हर संभव सरकारी सहायता देने के लिए कहा है।

तेलंगाना में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, वरिष्ठ नेता ने दिया इस्तीफा

हैदराबाद। तेलंगाना में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता और पूर्व टीपीसीसी प्रमुख पोन्नाला लक्ष्मैया ने पार्टी के भीतर पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अविभाजित आंध्र प्रदेश में राज्य मंत्री रह चुके पोन्नाला मीडिया के सामने इस्तीफे की घोषणा करते समय भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के साथ अपना 40 साल पुराना नाता तोड़ रहे हैं क्योंकि वह पार्टी में उनके और अन्य पिछड़े नेताओं के अपमान और उपहास को सहन नहीं कर सकते। वरिष्ठ नेता ने पार्टी में अन्यायपूर्ण माहौल का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा।

सुप्रीम कोर्ट ने सिंधिया के राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह की याचिका में हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। गोविंद सिंह ने 19 जून, 2020 को हुए सिंधिया की उम्मीदवारी को इस आधार पर चुनौती दी थी कि शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र जमा करते समय उन्होंने भोपाल में दर्ज एफआईआर के संबंध में जानकारी का खुलासा नहीं किया था। यह तर्क दिया गया कि सिंधिया ने अपने नामांकन पत्र में एफआईआर का खुलासा न कर तथ्यों को छुपाया जो धोखाधड़ी और भ्रष्ट आचरण के बराबर है और उनके चुनाव को शून्य घोषित किया जाना चाहिए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, टीवी की बहसों में अक्सर मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है: न्यायमूर्ति मिश्रा

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने शुक्रवार को यहां कहा कि सोशल मीडिया और टीवी पर चर्चाओं के गिरते स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बहस में शामिल पक्षों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि असभ्य बहस और संवाद का युवा पीढ़ी पर बुरा असर न पड़े। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर और टीवी बहसों में अक्सर मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है जिससे व्यक्तियों की गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने राजधानी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में, पूरे देश की मीडिया के बहसों का स्तर दिन-ब-दिन स्तर गिरता जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि युवा पीढ़ी पर असभ्य बहस और संवाद का बुरा प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि पहले दौर की पत्रकारिता के उद्देश्य और आज की पत्रकारिता का उद्देश्य में काफी अंतर होता जा रहा है, जहां पत्रकारिता के शुरुआती दौर में निष्पक्षता के साथ जनता की आवाज, उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाना था और सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का लाभ के बारे में जनता को जागरूक करना था, वहीं आधुनिक पत्रकारिता में एक पक्ष में कड़े होकर एक-दूसरे की खामियां निकालना भर रह गया है।

बहस में शामिल पक्षों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि असभ्य बहस और संवाद का युवा पीढ़ी पर बुरा असर न पड़े:- **अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति, अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**

न्यायमूर्ति मिश्रा ने मतदान अधिकार की बात करते हुए कहा कि मानवाधिकार में मतदान करने और सरकार चुनने का अधिकार भी शामिल है। राज्य को हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि नागरिक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकारों का आनंद उठा सकें।

मध्य प्रदेश चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को जारी होगी : कमलनाथ

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के बाद कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव के लिए पार्टी 15 अक्टूबर को नवरात्रि के पहले दिन उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करेगी। सीईसी बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की और इसमें पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी और कई अन्य लोग शामिल हुए। बैठक में मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्य प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। राज्य सीईसी की बैठक दो घंटे से अधिक समय तक चली।

बैठक के बाद कमलनाथ ने कहा, 'हमने 60 सीटों पर चर्चा की है। हम स्क्रीनिंग कमेटी और सीईसी की दोबारा बैठक करेंगे और फिर सूची को अंतिम रूप देंगे।' उन्होंने कहा, 'हम श्राद्ध के बाद अपनी (उम्मीदवारों की) सूची की घोषणा करेंगे। हम उसके अनुसार आगे बढ़ रहे हैं ताकि 15 अक्टूबर को अपनी (उम्मीदवारों की) सूची जारी कर सकें। जितनी अधिक चर्चा होगी, उतना बेहतर होगा क्योंकि कई नई चीजें सामने आएंगी।' इस बीच सुरजेवाला ने कहा, 'हम

दुर्गा पूजा के पहले नीतीश सरकार ने कर्मचारियों को दिया तोहफा, प्रोन्नति योग्य कर्मियों को मिलेगा प्रभार

पटना, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने दुर्गा पूजा के पहले सरकारी कर्मचारियों को तोहफा दिया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रोन्नति योग्य सरकारी कर्मचारियों को प्रभार देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि इस बैठक में कुल आठ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि बिहार में सामान्य प्रशासन विभाग के तहत राज्यधीन सेवाओं में प्रोन्नति के पदों पर योग्य कर्मियों को कार्यकारी प्रभार देने की स्वीकृति कैबिनेट में दी गई है। प्रभोशन में एससी-एसटी कर्मियों को कोटे के अंदर कोटा दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में राज्य कर्मियों की प्रोन्नति का मामला लंबित है। इसके तहत राज्य सरकार

कार्यकारी व्यवस्था के रूप में अपने ही वेतनमान में कर्मियों को प्रभार देकर कार्य कराती थी। इस निर्णय के बाद राज्य सरकार द्वारा उच्चतर पदधारकों को उसी उच्चतर पद का वेतनमान दिया जायेगा।

इसके तहत एससी-एसटी के 17 फीसदी पद सुरक्षित रखकर प्रोन्नति दिया जाएगा। एससी वर्ग के कर्मियों को 16 प्रतिशत और एसटी वर्ग के कर्मियों के लिए एक फीसदी को आरक्षित रखा जाएगा। सरकार के इस फैसले से करीब 5 लाख सरकारी सेवक को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में उग्रवाद प्रभावित राज्यों में केन्द्र प्रायोजित 'विशेष आधारभूत संरचना योजना' (वर्ष 2022-26) के तहत कार्य वहन एवं उग्रवाद प्रभावित जिलों के जिला पुलिस बल के उन्नयन एवं सुदृढीकरण के लिए 37 करोड़ 83 लाख रुपए दिए जाएंगे।

केसीआर 15 अक्टूबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे

हैदराबाद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव 15 अक्टूबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। केसीआर 15 अक्टूबर से जोरदार चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। वे 17 दिनों में 41 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे। भारत के चुनाव आयोग द्वारा 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान की तारीख की घोषणा के साथ, बीआरएस प्रमुख ने चुनावी दौरा कार्यक्रम तैयार किया है। मुख्यमंत्री के रूप में ईट-ट्रिक का लक्ष्य रहते हुए, केसीआर हर दिन दो से तीन सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री 15 अक्टूबर को औपचारिक रूप से चुनाव अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए, केसीआर ने 21 अगस्त को 119 में से 115 सीटों के लिए बीआरएस उम्मीदवारों की घोषणा की। उम्मीद है कि पार्टी अगले कुछ दिनों में शेष सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। केसीआर 15 अक्टूबर को हैदराबाद में पार्टी मुख्यालय तेलंगाना भवन में बीआरएस उम्मीदवारों की बी-फॉर्म वितरित करेंगे। वह उम्मीदवारों को संबोधित भी करेंगे, उन्हें निर्देश और सुझाव देंगे और चुनाव में पालन किए जाने वाले नियमों के बारे में बताएंगे। इस अवसर पर बीआरएस सुप्रीमो पार्टी का घोषणापत्र भी जारी करेंगे।

- केसीआर 15 अक्टूबर से जोरदार चुनाव प्रचार शुरू करेंगे
- 17 दिनों में 41 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे

उसी दिन, वह हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल सार्वजनिक बैठक को संबोधित करके पार्टी अभियान की शुरुआत करेंगे। अगले दिन, वह जनगांव और भोंगिर विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करेंगे। वह 17 अक्टूबर को सिद्दीपेट और सिरसिला में सार्वजनिक बैठकों में भाग लेंगे।

वह अगले दिन जडचेरला और मेडचल निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करेंगे। एक सप्ताह के लंबे अवकाश के बाद, बीआरएस प्रमुख 26 अक्टूबर को अचम्पेट, नगरकुर्नूल और मुनुगोडे में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करके अभियान फिर से शुरू करेंगे। पलेरू और स्टेशन घनपुर में सार्वजनिक बैठकें 27 अक्टूबर को निर्धारित हैं। केसीआर 29 अक्टूबर को कोडाद, धुंगुथुर्थी और अलेर में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। अगले दिन, वह जुक्कल, बांसवाड़ा और नारायणखेड़ में बैठकों को संबोधित करेंगे। हुजूरनगर, मियांलगुडा और देवरकोंडा उनके अगले पड़ाव होंगे। 1 नवंबर को वह सथुपल्ली और येलांडु में प्रचार करेंगे। 2 नवंबर को निर्मल, बालकोंडा और धर्मपुरी में चुनावी रैलियां निर्धारित हैं। अगले दिन केसीआर मुधोल, आर्मूर और कोरुतला निर्वाचन क्षेत्रों में बैठकों को संबोधित करेंगे।

एम्स 26 सप्ताह की गर्भवती महिला का नए सिरे से मूल्यांकन करे: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को 26 सप्ताह की गर्भवती एक महिला की शारीरिक और चिकित्सीय स्थितियों का नए सिरे से मूल्यांकन करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता दो बच्चों की मां के दावों पर विचार किया कि वह असवाद और गंभीर प्रसवोत्तर मनोविकृति से पीड़ित थी। शीर्ष अदालत के समक्ष महिला (27) ने याचिका दायर करके अपनी मानसिक बीमारियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। पीठ ने दिल्ली के एम्स के मेडिकल बोर्ड को याचिकाकर्ता के भ्रूण के स्वास्थ्य का पता लगाने का भी आदेश दिया। पीठ ने एम्स को याचिकाकर्ता की मानसिक और शारीरिक स्थिति का

- पीठ ने डॉक्टरों के लिए गंभीर नैतिक दुविधा पर भी विचार किया, क्योंकि गर्भावस्था को समाप्त करना भ्रूण हत्या के समान होगा

स्वतंत्र मूल्यांकन करने की भी छूट दी। पीठ ने कहा कि एम्स को पहले की रिपोर्ट में कहा गया है कि भ्रूण सामान्य है, लेकिन मामले में कोई संदेह न हो इसके लिए आगे की मेडिकल रिपोर्ट पेश की जा सकती है। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को करेगी। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को महिला से गर्भ को समाप्त करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था, क्योंकि उसका भ्रूण अब एक अजन्मा बच्चा है और वह उसे मार नहीं सकती। पीठ ने डॉक्टरों के लिए गंभीर नैतिक दुविधा पर भी विचार किया, क्योंकि गर्भावस्था को समाप्त करना भ्रूण हत्या के समान होगा।

पीठ ने पूछा था, 'महिला की स्वायत्तता सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन अजन्मे बच्चे का क्या, कोई भी उसके लिए पेश नहीं हो रहा है।आप अजन्मे बच्चे के अधिकारों को कैसे संतुलित करते हैं।' शीर्ष अदालत की दो महिला न्यायाधीश बुधवार को इस बात पर असहमत थीं कि उस महिला की 26 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जाए या नहीं, जिसे पहले अदालत ने गर्भपात की अनुमति दी थी।

चुनाव *राजनीतिक दल उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाने में जुटे*

सौदेबाजी के चलते अटक रहा है दल-बदल

भोपाल, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कई नेताओं ने दल-बदल का मन बना लिया है। मगर, उनके कदम सौदेबाजी के कारण थमे हुए हैं, जिस नेता का सौदा पट जाएगा वह दल-बदल करने में हिचक नहीं दिखाएगा। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने 17 नवंबर की तारीख तय कर दी है और राजनीतिक दल उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाने में जुटे हैं।

भाजपा अब तक चार सूचियां जारी कर चुकी है और इसके जरिए 230 विधानसभा सीटों में से 136 के लिए उम्मीदवारों के नाम भी तय कर चुकी है। अब सिर्फ 94 उम्मीदवारों के नाम की सूची आनी शेष रह गई है।

कांग्रेस में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा चल रही है और श्राद्ध पक्ष के बाद सूची आने की संभावना जताई जा रही है। राज्य में भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी भी उम्मीदवारों की सूची लगातार जारी कर रही है। इस बीच कांग्रेस और भाजपा में कई दावेदार ऐसे हैं, जो पार्टी की सूची में नाम न आने पर बगावत का झंडा बुलंद कर सकते हैं। कई नेताओं की तो दूसरे दलों के प्रमुख नेताओं से बातचीत भी चल रही है। कई दावेदारों ने दूसरे दल से सौदा यह कहते हुए करना शुरू कर दिया है कि वे दल-बदल तभी करेंगे, जब उन्हें उम्मीदवारी का पुरा भरोसा दिला दिया जाएगा। दावेदारों की सौदेबाजी के कारण ही कई क्षेत्रों के उम्मीदवारों का फैसला राजनीतिक दल नहीं कर पा रहे हैं और संभावना इसी बात की है कि जब सौदेबाजी हो जाएगी तभी दल-बदल करने वाले नेताओं के क्षेत्र के उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी होगी।

- मध्य प्रदेश में कई नेताओं ने दल-बदल का मन बना लिया है। मगर, उनके कदम सौदेबाजी के कारण थमे हुए हैं
- जिस नेता का सौदा पट जाएगा वह दल-बदल करने में हिचक नहीं दिखाएगा

सिंधिया ने नहीं किया विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार

भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार नहीं किया है और इस संबंध में कतिपय मीडिया में आ रहीं खबरें पूर्णत: फर्जी हैं। नई दिल्ली स्थित श्री सिंधिया के कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा प्रसारित ये खबर कि श्री सिंधिया ने कल भोपाल में पार्टी कोर कमेटी की मीटिंग में स्वयं विधानसभा चुनाव लड़ने से मना किया है, पूर्णत: आधारहीन व फर्जी हैं। आज कुछ मीडिया में इस प्रकार की खबरें सामने आई थीं कि श्री सिंधिया ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। श्री सिंधिया के कार्यालय की ओर से इसी बारे में प्रतिक्रिया सामने आई है। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अब तक सात लोकसभा सांसदों को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

दुनिया रंग-बिरंगी

टाइगर अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है : सलमान खान

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी अपकमिंग एक्शन फिल्म 'टाइगर 3' की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शेयर किया है कि जासूस का उनका मुख्य किरदार अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है। फिल्म का ट्रेलर बॉलीवुड स्पाई-यूनिवर्स से संबंधित है। इसका अनावरण 16 अक्टूबर को किया जाएगा। इसमें सलमान का अलग लुक देखने को मिलेगा। सलमान ने कहा कि टाइगर 3 में एक्शन रॉ, रियलिस्टिक लेकिन शानदार है। टाइगर फ्रैंचाइज के बारे में मुझे जो पसंद है वह यह है कि हीरो को लार्जर-दैन-लाइफ हिंदी फिल्म हीरो के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है।

शारदीय नवरात्रि की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी

पाटेश्वरी देवी पाटन मंदिर में देश विदेश से उमड़ेंगे श्रद्धालु

बलरामपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की 51 शक्तिपीठों में से एक विश्व विख्यात आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी पाटन मंदिर में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से ही देश विदेश से आने वाले दर्शनार्थियों की सेवा व सुरक्षा को लेकर मंदिर प्रबंधन संग सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी

■ मां पाटेश्वरी की पुष्प, नारियल, चुनरी, लौंग, इलायची कपूर चढ़ाकर की जाती है पूजा अर्चना

कर ली गई हैं।

मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर को आरंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि में भोर से ही मां पाटेश्वरी के दिव्य दर्शन प्रारम्भ होते ही श्रद्धालु मां की पूजा अर्चना व दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगेंगे। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के भारत नेपाल सीमा से सटे तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के पाटन गांव में सिरिया नदी के तट पर स्थित देवी पाटन मंदिर में मुख्य रूप से मां पाटेश्वरी की पुष्प, नारियल, चुनरी, लौंग, इलायची कपूर व अन्य पूजन सामग्रियां चढ़ाकर पूजा अर्चना की जाती है ।

दूर दराज से आये अधिकांश देवीभक्त यहां स्थित सूर्य कुंड में पवित्र स्नान कर पेट पलनिया चलकर मां के दर्शन करते है। मंदिर के महन्त योगी मिथलेश नाथ ने बताया कि पिता दक्ष प्रजापति के यहां आयोजित बड़े अनुष्ठान में अपने पति इष्टदेव देवाधिदेव महादेव को न्योता और स्थान न दिये जाने से क्षुब्ध मां जगदम्बा ने स्वयं को अग्नि को भेंट कर सती कर लिया था। माता के सती होने से आक्रोशित महादेव अत्यंत दुखी हुए और माता सती के शव को कंधे पर रखकर तांडव करने लगे। शिव तांडव से धरती धरिणी लगी, इससे संसार में व्यवधान उत्पन्न होने लगा। संसार को विनाश से बचाने के लिए भगवान विष्णु ने सती के अंगो को सुदर्शन चक्र से खण्डित कर विभिन्न इक्यावन स्थानों पर गिरा दिया, जिन जिन स्थानों पर माता के अंग गिरे वह स्थान शक्तिपीठ माने गए।

मान्यता है कि यहां पाटन गांव मे मां जगदम्बा का बांया स्कंद पाटम्बर समेत गिरा, तभी से इसी शक्तिपीठ को मां पाटेश्वरी देवी पाटन मंदिर के नाम से जाना जाता है। यहां एक गर्भगृह भी स्थित है जहां माता सीता का पाताल गमन हुआ था। नव दुर्गाओं मां शैलपुत्री, कुष्माडा, स्कंदमाता, कालरात्रि, महागौरी, चंद्रघंटा, सिद्धदात्री, ब्रह्मचारिणी और कात्यायनी की प्रतिमायें मंदिर में स्थापित हैं। मंदिर में स्थित गर्भगृह सुरंग पर मां की प्रतिमा विद्यमान है। यहां कई रजजड़ित छत्र हैं। तापसपत्र पर दुर्गा सप्तशती अंकित है। मंदिर में स्थापना काल से 'अखंड ज्योति' प्रज्जवलित है। यहां प्रमुख रूप से रोट का प्रसाद चढ़ाया जाता है। महंत मिथलेशनाथ ने बताया कि नेपाल के दांग चौधड के राजकुंवर तरन परीक्षक ने देवी पाटन कड़ी उपसना की। तपस्या से प्रसन्न होकर मां पाटेश्वरी ने बाबा रतन परीक्षक को आशीर्वाद दिया। तभी से उन्हें बाबा रतन नाथ के नाम से जाना जाने लगा। उन्होंने नाथ सम्प्रदाय की स्थापना कर अफगानिस्तान, नेपाल और कई देशों में इसका प्रचार प्रसार किया। देवी पाटन मंदिर परिसर में बाबा पीर रतन नाथ का दरीचा स्थित है। मान्यताओ के अनुसार, महाभारत काल में सूर्यपुत्र कर्ण ने मंदिर परिसर में बने कुंड में स्नान कर भगवान परशुराम से दीक्षा ली थी, तभी से इस कुंड का नाम सूर्य कुंड पड़ा। त्रेतायुग में माता जानकी का पातालगमन भी यहां हुआ उस स्थान को गर्भगृह कहा जाता है। मेले में आने वाले देशी विदेशी श्रद्धालु मुण्डन, कछेदन, नक्छेदन, विवाहरस्म, नामकरण संस्कार व अन्य रस्मों रिवाजों को हिंदू वैदिक रीति से कराते है।

एक्टर के तौर पर 'सदमा' में श्रीदेवी का किरदार मेरा 'ड्रीम रोल' हैं : सपना सिकरवार

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिटकॉम 'मे आई कम इन मैडम ?' में कश्मीरा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सपना सिकरवार ने माझा किया कि वह हमेशा दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी और फिल्म 'सदमा' में उनकी भूमिका से प्रेरित रही हैं। 1983 की फिल्म 'सदमा' बालू महेंद्र द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसमें कमल हासन और श्रीदेवी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें संगीत इलैयाराजा ने तैयार किया। फिल्म में श्रीदेवी ने युवा महिला नेहालता मल्होत्रा का किरदार निभाया था, जिसकी कार दुर्घटना में पैर पर चोट लगने के चलते याददाश्त चली जाती है और वह अपने बचपन में लौट आती है। सपना ने एक्ट्रेस श्रीदेवी और फिल्म 'सदमा' में उनकी भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से ही श्रीदेवी जी से प्रेरित रही हूं। 'सदमा' में उनका किरदार कुछ ऐसा है जिसे मैं सराहती हूं और मुझे उस फिल्म में उनका किरदार बहुत पसंद आया है। एक्ट्रेस ने कहा कि इस फिल्म में श्रीदेवी की एक्टिंग ने स्थायी प्रभाव छोड़ा है, जिससे मेरे सहित कई महत्वाकांक्षी अभिनेताओं को प्रेरणा मिली है। मैं वास्तव में भविष्य में इस तरह की भूमिका निभाना चाहूंगी। एक अभिनेता के रूप में वह मेरा ड्रीम रोल है।'मे आई कम इन मैडम ?' में सपना सिकरवार ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कॉमेडी टाइमिंग का प्रदर्शन किया है और दर्शकों और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है। यह शो संजय और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित है, और इसमें संदीप अनंत, नेहा पेंडसे और सपना शामिल हैं। नेहा ने मैडम संजना का किरदार निभाया है। मे आई कम इन मैडम ? स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्तन कैंसर के प्रति किया जागरुक

देहरादून, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा नर्सिंग एसोसिएशन एवं एमबीबीएस विद्यार्थियों के सहयोग से शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों को स्तन कैंसर के लक्षणों की पहचान करना समझाया गया। साथ ही इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरुक होने के लिए प्रेरित किया। शल्य चिकित्सा विभाग में स्तन रोग यूनिट के अध्यक्ष व अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ. फरहानुल हुदा ने कहा कि स्तन कैंसर अब महिलाओं में होने वाला सबसे ज्यादा कैंसर बन चुका है। भारत में जनजागरुकता की कमी के कारण अभी भी इसके लक्षणों के प्रति उपेक्षा एवं हलाज कराने में देरी होती है। हालांकि यह कैंसर अगर जल्दी पहचान लिया जाए तो इसका उपचार प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसका उपचार सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं हार्मोनल थेरेपी से किया जाता है। आधुनिक तकनीकों एवं शोध के कारण अब कई मरीजों में उपचार के लिए पूरे स्तन को निकालना जरूरी नहीं है, साथ ही साथ अगर निकाला भी जाए तो दूसरा स्तन बनाया जा सकता है।

उपचार सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं हार्मोनल थेरेपी

नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति के बाद मरीजों के प्रश्नों का जवाब डॉ. विधु खरे, डॉ. अमूल्या रेड्डी एवं डॉ. निर्मल के. ने दिया और साथ ही मरीजों को स्तन स्तन परीक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि महिलाएं माह के एक दिन खुद के स्तनों का परीक्षण अवश्य करें एवं कोई भी गांठ, सूजन, पानी या रक्तस्राव, लालपन या त्वचा मोटी होना, बगल में गांठ जैसा कुछ दिखे या महसूस हो तो बिना विलंब किए तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करें।

बताया गया कि शल्य चिकित्सा विभाग की स्तन रोग यूनिट पूरे माह आईडब्ल्यूसीसी ओपीडी में महिलाओं को स्तन कैंसर के बारे में जागरुक करेगा और उन्हें प्रेरित करेगा, जिससे यह महत्वपूर्ण जानकारी वह अपने घरों में जाकर और भी लोगों को इसके बारे में जागरुक कर सकें।

हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को मिलेगा सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन लाइफटाइम अवार्ड

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'द सेंटिनल', 'द अमेरिकन प्रेसिडेंट', 'डिस्क्लोजर' और अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का 54वां संस्करण इस साल गोवा आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले स्पेनिश फिल्म निर्माता-लेखक कार्लोस सौरा को आईएफएफआई के 53वें संस्करण के दौरान सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया था। महोत्सव के आगामी संस्करण में माइकल डगलस को सम्मानित किए जाने की खबर साझा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री, अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि माइकल डगलस, प्रतिष्ठित हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता को 54वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने आगे उल्लेख किया कि हमारे देश के प्रति उनका गहरा प्रेम सर्वविदित है। हम हमारी समृद्ध सिनेमाई संस्कृति और अनूठी परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए दक्षिण एशिया के सबसे प्रमुख फिल्म महोत्सव में उनका, कैथरीन जेटा जोन्स और उनके बेटे का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का 54वां संस्करण 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने वाला है और इसमें भारत और दुनिया भर के बेहतरीन समकालीन और क्लासिक सिनेमा का प्रदर्शन किया जाएगा।

नेटफ्लिक्स की बजाय यूट्यूब पर वीडियोज देखना ज्यादा पसंद करते हैं टीनएजर्स

सैन फ्रांसिस्को, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। नई रिपोर्ट से पता चला है कि टीनएजर्स नेटफ्लिक्स की बजाय गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब पर ज्यादा वीडियो देखना पसंद करते हैं। निवेश बैंक पाइपर सैंडलर के एक नए सर्वे के अनुसार, अमेरिका में टीनएजर्स नेटफ्लिक्स पर डेली वीडियो कंजप्शन का 28.7 प्रतिशत और यूट्यूब पर 29.1 प्रतिशत खर्च करते हैं।

डेटा प्वाइंट्स विशेष रूप से युवाओं के बीच, फ्री ऑनलाइन वीडियो प्रोवाइडर के रूप में यूट्यूब की प्रमुख स्थिति को दर्शाता है और इंगित करता है कि स्ट्रीमिंग इंडस्ट्री अधिक प्रतिस्पर्धी होती जा रही है। रिपोर्ट में इस साल सितंबर में पूरे अमेरिका में 9,000 से ज्यादा टीनएजर्स का सर्वे किया गया, जिनकी उम्र औसतन 16 साल से कम थी। इसके अलावा, रिपोर्ट से पता चला है कि टीनएजर्स के बीच पसंदीदा सोशल प्लेटफॉर्म के रूप में टिकटॉक में 38 प्रतिशत का सुधार हुआ है, साथ ही स्नैप रैंकिंग दूसरे और इंस्टाग्राम रैंकिंग तीसरे स्थान पर है।

पिछले छह महीनों में लगभग 70 प्रतिशत टीनएजर्स ने स्प्लिटफाई का इस्तेमाल किया है, 46 प्रतिशत किशोरों ने स्प्लिटफाई के लिए सब्सक्राइब/पे करने का विकल्प चुना है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईफोन के दबदबा कायम है क्योंकि 87 प्रतिशत स्प्लिटफाई के पास आईफोन है और 88 प्रतिशत को उम्मीद है कि आईफोन उनका अगला मोबाइल डिवाइस होगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि मोबाइल डिवाइस कन्टम्र सर्विस इंटरैक्शन (50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ) के लिए नंबर एक पसंदीदा तरीका बना हुआ है।

अपकमिंग सीरियल 'डोरी' में नजर आएंगे सुधा चंद्रन व अमर उपाध्याय

मुंबई, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन और एक्टर अमर उपाध्याय 'डोरी' नामक सोशल ड्रामा में एक्टिंग करते नजर आएंगे। यह ऐसी लड़कियों की जिंदगियों के बारे में बारीकी से बताता है, जिन्हें उनके परिवारों ने त्याग दिया हैं। 'डोरी' एक ऐसी कहानी पेश करती है जिसमें मानसिकता को प्रभावित करने और बदलाव लाने की क्षमता है। यह शो छह साल की लड़की डोरी की कहानी है, जो बनारस के बुनकर मोहल्ले में अपने पालन पिता गंगा प्रसाद के साथ रहती है।

गंगा प्रसाद एक समर्पित पिता हैं, जिनका उद्देश्य डोरी को महान आदर्शों के साथ पालना हैं और यह सुनिश्चित करना हैं कि उनकी बेटी किसी भी सुविधाओं से वंचित महसूस न करे। प्रोमो की शुरुआत डोरी के एक दिल छू लेने वाले सीन से होती है, जो अपने शारीरिक रूप से अक्षम पिता को साड़ी मोड़ने में मदद करती है और पूछती है कि उसे गंगा में किसने छोड़ दिया था। इस पर उसके पिता कहता है कि जिन्होंने भी ऐसा किया वे दुर्भाग्यशाली है। जहां गंगा प्रसाद बेटी पाकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं, वहीं वाराणसी के हथकरघा साम्राज्य की शासक कैलाशी देवी बेटियों को अयोग्य मानती हैं। पितृसत्ता की प्रचारक, कैलाशी देवी का दृष्टिकोण रूढ़िवादी है, जो लैंगिक समानता में विश्वास करने वाली प्रगतिशील लड़की डोरी से अलग है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इन दो प्रतिस्पर्धी विचारधाराओं का टकराव दर्शकों के लिए क्या मायने रखता है। शो में सुधा चंद्रन को कैलाशी देवी, अमर उपाध्याय को गंगा प्रसाद और बाल कलाकार माही भानुशाली को युवा डोरी के रूप में दिखाया गया है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, सुधा चंद्रन ने कहा कि मैं एक पारंपरिक बनारसी महिला कैलाशी देवी ठाकुर की भूमिका निभाती नजर आऊंगी, जो अपने घर में पितृसत्ता का प्रचार करती है और पारिवारिक व्यवसाय चलाती है।

अभिषेक बन्ने और सम्मित पटेल अब अपनी पहचान को लेकर आमने-सामने आते हैं और एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। साइकोलॉजिकल-क्राइम-थ्रिलर लोकप्रिय के-ड्रामा सीरीज 'फ्लावर ऑफ एविल' का रूपांतरण है। कुल आठ एपिसोड वाली इस सीरीज में अमित साध, दृष्टि धामी, गुलशन देवैया मुख्य भूमिका में हैं।

8 एपिसोड के दुरंगा एस2 का प्रीमियर 24 अक्टूबर, 2023 को जीऽ पर होगा।

'दुरंगा 2' में अमित साध और गुलशन देवैया का शानदार परफॉर्मेंस

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। नए रहस्य पनप रहे हैं और सामने आ रहे हैं क्योंकि 'दुरंगा 2' के ट्रेलर में गुलशन देवैया और अमित साध के किरदार अपनी पहचान को फिर से पाने के लिए संघर्ष में लगे हुए हैं। इस दौरान कई नए रहस्य सामने आते हैं। निर्देशक रोहन सिप्पी की क्राइम-थ्रिलर सीरीज 'दुरंगा' के दूसरे सीजन के ट्रेलर को देखकर साफ है कि यह पहले वाले से भी अधिक रोमांचक है।

सीजन 2 का ट्रेलर 'दुरंगा एस1' की घटनाओं से शुरू होता है, जो एक कठिन मोड़ पर समाप्त हुआ, जिससे दर्शक उत्साहित हो गए और और अधिक इंतजार करने लगे क्योंकि नायक बिल्कुल वैसा नहीं है जैसा वह दिखता है। ट्रेलर में, हम अभिषेक बन्ने के जीवन में अतीत में हुई घटना को देखते हैं। सम्मित पटेल 14 साल के बाद कोमा से बाहर आता हैं। इस दौरान उसकी पहचान का इस्तेमाल उसका जीवन कोई और जी रहा है।

अभिषेक बन्ने और सम्मित पटेल अब अपनी पहचान को लेकर आमने-सामने आते हैं और एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। साइकोलॉजिकल-क्राइम-थ्रिलर लोकप्रिय के-ड्रामा सीरीज 'फ्लावर ऑफ एविल' का रूपांतरण है। कुल आठ एपिसोड वाली इस सीरीज में अमित साध, दृष्टि धामी, गुलशन देवैया मुख्य भूमिका में हैं।

8 एपिसोड के दुरंगा एस2 का प्रीमियर 24 अक्टूबर, 2023 को जीऽ पर होगा।

तर्पण के लिए अस्थियों को है अपनो का इंतजार

इटावा, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश भर में इन दिनों पितृ विसर्जन और श्राद्ध पक्ष के बहाने लोग अपने पूर्वजों और पुरखो को याद कर है लेकिन उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में यमुना नदी के किनारे बने श्मशान घाट में करीब 22 की संख्या में पोटलियों में बांध कर रखी गई अस्थियों को आज भी अपनों के आने का इंतजार है। पोटलियों में बांधकर रखी गई अस्थियां तर्पण का इंतजार कर रही है लेकिन उन्हें अपना कोई मिल ही नहीं पा रहा है जो उनका तर्पण कर पा सके।

■ श्राद्ध पक्ष के बहाने लोग अपने पूर्वजों को कर रहे हैं याद

पितृपक्ष में भले ही अपने पूर्वजों के स्वर्गवास के बाद हर दिन जल चढ़ाने के साथ ही पुरोहितों की खाना खिला रहे हों परंतु कुछ के परिजन तो ऐसे भी हैं जिन्होंने अंतिम संस्कार करने के बाद उनके अस्थि कलशों को विसर्जित करने की सुध नहीं ली। दो से चार महीने नहीं बल्कि 6 वर्षों से अस्थि कलश यहां रखे हुए हैं। इटावा शहर के यमुना तट स्थित श्मशान घाट पर 22 से अधिक कलश आज भी विसर्जन के लिए अपनों का इंतजार कर रहे हैं। उनके परिजनों को इसके लिए कई बार फोन मिलाया गया, लेकिन कोई अस्थियों को लेने ही नहीं पहुंचा। ऐसे में श्मशान घाट में बने लॉकर में जगह तक नहीं बची हैं। इससे वहां रहने वाले पुरोहितों को मजबूरन अब दूसरी जगह अस्थि कलश रखवाने पड़ रहे हैं।

श्मशान घाट के व्यवस्थापक प्रबंधक चंद्रशेखर ने बताया कि कई कलश विसर्जन के लिए रखे हैं। इन्हें लेने वाला कोई नहीं है। जब अस्थिकलश रखवाने वाले परिजनों फोन करते हैं तो जवाब मिलता है कि दो चार दिनों में कलश ले जाकर विसर्जित कर देंगे, लेकिन इसके बाद भी आता कोई नहीं है। चंद्रशेखर ने बताया कि वह कलशों के साथ-साथ उनके परिजनों के नाम, यहां तक फोन नंबर तक सुरक्षित रखे हुए है ताकि मृतकों के परिजनों को परेशानी न हो।

श्मशान घाट के व्यवस्थापक प्रबंधक ऐसा बताते हैं कि साल 2018 से यह अस्थियां पोटलियों में बनी हुई रखी है कई-कई बार लोगों को फोन भी किए गए हैं लेकिन कोई भी इनको लेने आने को तैयार नहीं है। सनातन परंपरा के मुताबिक ऐसा माना जाता है कि अगर वाकई में अस्थियों का तर्पण या विसर्जन नहीं किया जाएगा तो इसका असर पारिवारिक पृष्ठभूमि पर जरूर पड़ेगा।

यमुना घाट स्थित महंत किशन स्वरूप दुबे का कहना है कि भगवान और ईश्वर से पहले माता पिता की भूमिका मानी जाती है। महंत किशन स्वरूप ने बताया कि जिनकी अस्थियां रखी है वह मोश से विहीन हैं। अभी पितृ पक्ष चल रहा है इसलिए जिसकी अस्थियां रखीं हैं वह लोग आकर इनका विसर्जन कर दे। किसी भी व्यक्ति के कल्याण में उनके पितरों का आशीर्वाद होता है ऐसे में यदि उनको विसर्जित कर देते है तो उनका आशीर्वाद मिलेगा और कल्याण होगा। स्थानीय वासी रामस्वरूप दुबे ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार यदि मृतक की अस्थियों को विसर्जित नही किया जाता तो उनकी संतानों को कष्ट भोगने पड़ते हैं।

31 लघु फिल्म व 8 नुक्कड़ नाटक से यूपी में नारी शक्ति को किया जाएगा और सशक्त

लखनऊ, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण में महिलाओं को जागरूक करने एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी

■ नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति कार्यक्रम

देने के लिए महिला एवं बाल संगठन की ओर से लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, संवाद और ध्वनि संदेश जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ये कार्यक्रम सर्किलवार रैली के माध्यम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्ले और रूट में पड़ने वाले दुर्गा पंडाल में 15 से 24 अक्टूबर तक आयोजित किये जाएंगे। इसके लिए महिला एवं बाल संगठन ने लघु फिल्म की 31 थीम तैयार की है, जबकि नुक्कड़ नाटक की आठ थीम तैयार की गयी है। वहीं ध्वनि संदेश में विभाग के थीम सॉन्ग (जिंगल्स) को प्रसारित किया जाएगा।

महिला एवं बाल संगठन की एडीजी एवं मिशन शक्ति की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति के चौथे चरण की घोषणा की है। इसके तहत प्रदेश भर में विभाग की और से महिलाओं और बेटियों को लघु फिल्म और नुक्कड़ नाटक की करीब तीन दर्जन से अधिक थीम के जरिये योगी सरकार की योजनाओं, महिला अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करने एवं महिला संबंधी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 31 लघु फिल्म में घर के अंदर कार्य करने वाली महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ जन जागरूकता, वीमेन पावर लाइन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार, बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, लिंग भेद, बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों, बच्चों के प्रति होने वाले शोषण और हिंसा जैसे अपराधों पर महत्वपूर्ण कानून, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों, मिशन शक्ति के विभिन्न चरणों के तहत महिला सुरक्षा बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों, महिला सुरक्षा, बचाव एवं जागरूकता के लिए सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव में किये गए विशेष कार्यों, कॉपरेट जगत के उपयोग के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रचार प्रसार, बाल विवाह के खिलाफ सामाजिक जागरूकता, महिला बीट पुलिस एवं महिला बीट अभियान विषयक फिल्म, मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा की गई सराहना, सिक्योरिटी गार्ड के माध्यम से वीमेन पावर लाइन द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रचार प्रसार और वीमेन ट्रैफिकिंग एवं अनैतिक व्यापार के सम्बन्ध में जागरूकता आदि प्रमुख विषयों पर दिखायी जाएगी।

अभिमत

राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा।

न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत जनगणना

डॉ.मलय मिश्रा

यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी।

गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा जारी व्यापक जाति सर्वेक्षण (काम्प्रिहेन्सिव कास्ट सर्वे-सीसीएस) ने 1990 के दशक की शुरुआत की यादों को ताजा कर दिया है जो मंडल आयोग की रिपोर्ट जारी होने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए आडवाणी के नेतृत्व वाली रथ यात्रा (जो दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के रूप में समाप्त हुई थी) से जुड़ी हुई हैं। पहला नाम मंडल कमंडल से जोड़ा गया जिसका इस्तेमाल वीपी सिंह सरकार द्वारा ओबीसी को जाति-आधारित आरक्षण देने के लिए मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के प्रयासों का वर्णन करने के लिए किया गया था और जिसे भाजपा की वोट हासिल करने के लिए उभरती हुई हिंदुत्व की प्रचलित धारणा के खिलाफ माना गया था।

विपक्षी दलों और यहां तक कि सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाले 'अपना दल' ने भी छोटे जाति-आधारित समूहों की राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना सीसीएस की मांग का प्रस्ताव रखा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में सत्ता में आने पर कांग्रेस ने वादा किया है कि वह जाति आधारित जनगणना करवाएगी। यदि ऐसा होता है तो स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित जनगणना कराने का यह पहला अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि पिछली जाति जनगणना 1931 में की गई थी। याद रखने वाली बात यह है कि पिछले दशक में जनगणना 2011 में की गई थी और 2021 में होने वाली जनगणना को कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाद में जनगणना के प्रति मोदी सरकार की उदासीनता के कारण यह काम टाल दिया गया है।

2014 में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने हिंदू आधार को मजबूत करने और हिंदुओं की सभी जाति समूहों को एक व्यापक तम्बू के नीचे लाने में सक्षम होकर व्यवस्थित रूप से अपनी प्रोफाइल, सदस्यता और मतदान प्रतिशत में वृद्धि की है। भाजपा के वोट शेयर का एक बड़ा हिस्सा खुद को हिंदुओं के हितों की रक्षा करने वाली हिंदू पार्टी के रूप में पेश करने से आता है। इस परिप्रेक्ष्य में पार्टी ने उच्च जातियों-ब्राह्मणों, बनिया, कायस्थों के साथ-साथ ओबीसी और अन्य अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों के एक व्यापक समूह का समर्थन किया है जहां निचली जातियों ने सत्ता-साझेदारी के इंद्रधनुषी गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए अपने हितों को छोड़ दिया है। इस रणनीति से भाजपा को 2014 और 2019 के आम चुनावों में लगातार जबरदस्त लाभ मिला है। हिंदी-हिंदू बेल्ट के तीन राज्यों सहित पांच राज्यों में चुनावों के कुछ महीने बाद लोकसभा का अगला आम चुनाव आ रहा है। बिहार जाति सर्वेक्षण ने दिखाया है कि बिहार की आबादी में 63 प्रतिशत लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एक्सट्रीमली बैकवर्ड क्लास-ईबीसी) के हैं जिसमें एससी की साझेदारी19.65 फीसदी है। इस प्रकार एससी और एसटी समूहों के साथ-साथ हिंदू धर्म के व्यापक स्पेक्ट्रम से संबंधित निचली जाति समूहों का कुल प्रतिशत आबादी के 83 फीसदी से अधिक तक पहुंच जाता है जबकि उच्च जातियों को केवल 15.5 फीसदी तक ले जाया जा सकता है। इस वर्गीकरण में 17.7 प्रतिशत से अधिक की कुल मुस्लिम आबादी में से 5 फीसदी उच्च जाति के मुसलमान शामिल हैं।

इस समीकरण ने न केवल भाजपा के चुनावी गणित को बिगाड़ दिया है बल्कि इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और रोजगार में उनकी आबादी की हिस्सेदारी के अनुपात में उच्च आरक्षण के उद्देश्य से जाति विन्यास को फिर से तैयार करना है। इस प्रकार विपक्षी समूहों के बीच राहुल गांधी के नारे-'जितनी आबादी, उतना हक' को एक प्रतिध्वनि मिली है जिन्होंने राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए भाजपा पर बढ़ते दबाव में अपनी आवाज जोड़ दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने सीसीएस पर रोक के खिलाफ फैसला सुनाया है। यह फैसला पटना उच्च न्यायालय के 1 अगस्त के उस आदेश का समर्थन करता है जिसमें राज्य सरकार को केंद्र की आपत्तियों के बावजूद अपनी जाति जनगणना के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। केन्द्र का कहना है कि संविधान की 7 वीं अनुसूची, जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम 1990 के अनुसार जनगणना करने का अधिकार केवल केंद्र को ही है और इस तरह के सर्वेक्षणों में प्रतिवादी की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा सकता है। बिहार सरकार ने इस कवायद को 'सामाजिक सर्वेक्षण' बताते हुए राज्य विधानमंडल की अगली बैठक में सर्वेक्षण के सामाजिक-आर्थिक आयामों को सामने लाने की प्रतिबद्धता जताई है ताकि शासन के लाभ आबंटित करने और अब तक गिने नहीं जाने वाले समूहों के लिए आरक्षण को चिह्नित करने के लिए लक्ष्य तय किए जा सकें।

यह ध्यान देने वाली बात है कि सर्वेक्षण जारी होने के एक दिन बाद नीतीश कुमार सरकार ने राज्य न्यायिक सेवाओं तथा राज्य द्वारा संचालित लॉ कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत कोटा आबंटित किया और इस प्रकार भाजपा पर एक तरह की बढ़त हासिल की। भाजपा ने 8 लाख रुपये की वार्षिक सीमा का आय मानदंड तय करते हुए उच्च जातियों को संतुष्ट करने के लिए इस तरह की श्रेणी शुरू की थी। कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों ने पहले ही अपने ओबीसी सर्वेक्षण पूरे कर लिए हैं जबकि राजस्थान ने राज्य चुनावों के बाद इसे लाने की घोषणा की है।

राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा तथा आधार और मध्यस्थ स्तरों पर गठबंधन की अगुआई करेगा।

यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर 2024 के आम चुनावों में विपक्ष पर बढ़त हासिल करने की भाजपा की योजनाओं पर पानी फेरने की कोशिश की है। कोई आश्चर्य नहीं होगा कि बिहार की राजनीति के इस मास्टरस्ट्रोक से भाजपा नेतृत्व चकित हो गया है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर जाति कार्ड खेलने का आरोप लगाते हुए असंबद्ध बयान दिए हैं। उनका कहना है कि गरीबी सबसे बड़ी जाति है जिसका अर्थ है कि राज्य सरकारों को जाति के नाम पर समाज को विभाजित करने के बजाय गरीबी दूर करने के प्रति अधिक ध्यान देना चाहिए। उनका यह वक्तव्य बिना सोचे-समझे की गई प्रतिक्रिया की तरह लगता है। सत्तारूढ़ पार्टी, अपने स्थानीय और क्षेत्रीय वार्ताकारों के माध्यम से ओबीसी और निचली जाति की बढ़ती मांगों को रोकने में कामयाब नहीं हो सकती है। इस अर्थ में, भाजपा द्वारा वैचारिक रूप से थोपी गई समरसता और निचले तबके के लोगों के लिए समानता संवैधानिक रूप से स्वीकृत समानता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जिसे उच्चतम स्तर पर न्यायिक जांच का टेका लगाया जा सकता है।

डॉ.आंबेडकर ने अपनी किताब 'दी अनाइलेशन ऑफ कास्ट' में दलितों से आह्वान किया था कि वे पूरी तरह से हिंदू धर्म से अपनी पहचान खत्म करें ताकि विरोध की एक नई भाषा विकसित की जा सके और वास्तविक सशक्तिकरण के लिए एक नई आवाज तथा पहचान बनाई जा सके। अफसोस, ऐसा नहीं होने जा रहा है। इसके बजाय धर्म की मान्यता प्राप्त संरचना के भीतर अपनी पहचान हासिल करने की कोशिश में ओबीसी समूहों के और अधिक टुकड़ों में विभाजित होने का निष्कर्ष सच हो जाएगा। हालांकि एक नई पहचान और सामाजिक विकास में समान हितधारक होने की आकांक्षा की इस खोज में ओबीसी को इस बात की सतर्कता बरतनी होगी कि अपनी सुरक्षा, समृद्धि और न्याय के लिए राज्य से अधिक ध्यान देने की उनकी मांग कहीं खो न जाए।

(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

बीता सप्ताह

7 अक्टूबर
- चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश व केंद्र सरकार को नोटिस दिया।
- नार्वे की नोबेल समिति ने जेल में कैद ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में महुआ बोर्ड का गठन किया।
- मुंबई की गोरेगांव की एक इमारत में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई।

8 अक्टूबर
- एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को को परास्त कर 8वीं बार स्वर्ण पदक जीता।
- गाजा पट्टी में हमास के हमलों का इजरायल ने दिया जवाब। गाजा में इजरायल की बमबारी से 160 लोग मारे गए।
- महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील होने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया।
- जीएसटी काउंसिल बैठक में मोटे अनाज से बने उत्पादों पर अब टैक्स नहीं लेने का फैसला लिया।

9 अक्टूबर
- अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए भूकंप से 2000 लोगों की मौत हो गई।
- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे बेघर हो गए।
- सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से 30 लोगों की मौत हो गई जिसमें 19 भारतीय जवान भी शामिल हैं।
- दिल्ली दंगों के फैसले को लेकर ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली दंगों के फैसले से सरकार क्यों10 नाराज

10 अक्टूबर
- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।
- छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 राजस्थान में 25, मिजोरम में 7, तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे।
- कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जातीय जनगणना करने का फैसला लिया।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया।
- सिंगापुर में भारतीय मूल के एत ड्रग अपराधी को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई।

11 अक्टूबर
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश के बाहर पहला आईआईटी तंजानिया में शुरू होगा।
- भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह विकास, सह उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- जम्मू-कश्मीर के शोपिया के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए।
- ईडी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क कीं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री पद पर रहते हुए अर्जित की थी।

12 अक्टूबर
- राजस्थान में चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तिथि बदली। 23 नवंबर की जगह अब 25 नवंबर को होंगे मतदान।
- अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए।
- केंद्रीय ब्यूरो (सीबीआई) ने समाचार पोर्टल न्यूक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।
- जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई।

13 अक्टूबर
- कांग्रेस ने की पढ़ो पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देने की घोषणा।
- बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले तय हो रेलवे व केन्द्र की जवाबदेही
- राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया।
- बिहार में रेल हादसे में शुरू हुई सियात- नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी आमने-सामने

बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर खिली बांछों वाला सनातनी राष्ट्रवाद

■ बादल सरोज

इस बार के एशियाई मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अलग-अलग मुकाबलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत, 41 कांस्य, इस तरह कुल मिलाकर 107 पदक जीते। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे बेहतर रिकॉर्ड है।

इन खेलों में संयोग ऐसा हुआ कि इस मुकाबले में भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया कोई पदक नहीं जीत पाए। खेल में ऐसा होना स्वाभाविक है; पिछले दिनों भाला फेंक में एक बार फिर मैडल जीतकर आये नीरज चोपड़ा की मां इसे बहुत ही सहजता के साथ कह भी चुकी हैं कि जब कोई खेल प्रतियोगिता होती है तो एक खिलाड़ी जीतता है तो दूसरा हारता भी है। खेलों में हार-जीत कोई असामान्य या असाधारण बात नहीं है। फुटबॉल के तीनों जादूगरों पेले, माराडोना और लियोनिल मेस्सी की टीमे कई बार हारी भी हैं। सबसे अधिक गोल दागने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम तो अक्सर विश्व कप मुकाबलों के फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाती। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की टीम 1936 का ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीतने से ठीक पहले भारत में दिल्ली इलेवन से 4-1 के बड़े अंतर से हार गई थी। शतरंज के दिग्गज और वर्षों तक विश्व चैंपियन रहे बोरिस स्पास्की भी सिर्फ बॉबी फिशर से ही नहीं हारे, कई कई बार और भी हारे। मतलब यह है कि खेलों में हार- जीत होती रहती है और इसे हमेशा खेल भावना के साथ लिया जाना चाहिये, लिया जाता है। जीतने वाले खिलाड़ियों को देश की जनता और उसकी सरकारें सराहती हैं वहीं न जीत पाने वाले खिलाड़ियों का भी हौंसला बढ़ाती हैं, उनके साथ खड़ी होती हैं। दुनिया में ऐसा ही होता है, भारत जो इंडिया भी है, में भी ऐसा ही होता रहा है।

यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है।

मगर 2014 के बाद का भारत, खासतौर से इसके हुक्मरान और उनके चरण चुम्बक औपचारिक और अनौपचारिक मीडिया के मामले में, बदला हुआ भारत है। पूर्वाग्रही विद्वेष और अपनों से ही नफरत इसकी विशेष पहचान है। इसका नमूना बजरंग पूनिया के न जीत पाने के बाद संघियों की आई टी सैल की ट्रोल आर्मी की जहरीली मुहिम में नजर आया। एशियाई खेलों में बजरंग पूनिया को हराने वाले जापान के कैकी यामागुची और ईरान के रहमान अमज़द खलीली अपनी जीत पर जितने खुश नहीं हुए होंगे उससे ज्यादा खुशी इन कथित राष्ट्रवादियों के थोबड़ों पर बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर थी। अपनी साथी महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ बहादुरी के साथ डटे रहने वाले बजरंग पूनिया के हारने पर पूरे गिरोह की बांछें खिली हुई थीं, वे और उनके भोंपू मीडिया ने बजरंग के न जीत पाने के लिए उनके द्वारा 'खेलों की बजाय राजनीति' करने के उनके काम को दोषी ठहराया और इस तरह उस व्यभिचारी भाजपा सांसद की अश्लील हरकतों के खिलाफ लड़ाई को 'राजनीति' बताने की दुष्टई की। इतना ही नहीं, खुद जिसके खिलाफ दिल्ली पुलिस की भरी-पूरी चार्जशीट है और जिसे अदालत ने समन जारी किया हुआ है, भाजपा के चहेते सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह भी अपनी खीज उतारने के लिए प्रेस से बात करने के लिए उपलब्ध हो गए और बजरंग पूनिया के बारे में अनेक उपदेश दे डाले। सनद रहे कि एशियाई खेलों में न जीत पाने वालों में बजरंग अकेले नहीं हैं, भारत ने 655 एथलीटों के साथ 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में हिस्सा लिया। जाहिर है सबके सब तो नहीं जीते। मगर उनके निशाने पर सिर्फ एक पहलवान है; होना भी चाहिए क्योंकि असल में वही सचमुच का पहलवान है भी। गलत को गलत, अन्याय को अन्याय कहने वाला, उनके खिलाफ लड़ने वाला पहलवान।

किसी भी सभ्य लोकतांत्रिक देश में कायदे से चर्चा इन खेलों में खेलने गई भारत की उस फुटबॉल खिलाड़ी चिंगलेनसाना सिंह की होनी चाहिये जो मणिपुर से है, चीन खेलने गई है जबकि मणिपुर में खुद उसका घर जलाया जा चुका है मगर वह इस सबके बावजूद देश के लिए खेलने गई है। मणिपुर की ही वुशु खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी की होनी चाहिये जो मैडल लेने के बाद इसलिए रो पड़ीं क्योंकि बाकी खिलाड़ियों की तरह वे अपने घर वापस नहीं लौट पाएंगी। अपना पदक अपने राज्य मणिपुर को यह कहते हुए समर्पित किया कि 'मैं चाहती हूं कि स्थिति सामान्य हो जाए पहले से बेहतर हो जाए। सब कुछ जलते हुए देखना, अच्छा नहीं लगता।' अंडर 16 खेलों में हॉकी का विश्व मुकाबला जीतकर आये मणिपुर के मैतेई खिलाड़ी भरत लारेन्जम और कुकी खिलाड़ी लेविस जैंगमिन्लुन की होनी चाहिये जिनके निर्णायक गोलों ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से जीत दिलाई थी, लेकिन जो अब साथ-साथ अपने घर नहीं लौट सकते। पूरे देश में चर्चा का विषय रिले रेस में स्वर्ण पदक जीतने वाली उस टीम की होनी चाहिये थी जिसमें मोहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और राजेश रमेश की जोड़ी के रूप में सचमुच का हिन्दुस्तान था। यह वह टीम थी जिसने इतिहास रच दिया और 1962 के बाद पहली बार रिले रेस के टीम इवेंट में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है।

मगर ऐसा करना हुक्मरानों के विभाजनकारी एजेंडे के हिसाब से काम का नहीं है। इसलिए इन सब पर बात नहीं होगी। बात के दो आयाम होंगे - पहले में उनकी बी टीम बजरंग पूनिया का मानमर्दन करेगी। कंस को कंस, दुशासन को दुशासन कहने की उसकी हिमाकत के लिए उसकी हार का जश्न मनायेगी। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पूनिया भारत के ऐसे कुश्ती खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलम्पिक सहित हरेक मुकाबले में मैडल जीते हैं। वे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले मुकाबलों में जीता एशियन खेलों का अपना गोल्ड मैडल सार्वजनिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करने का ऐलान किया था- इसके बावजूद वे उन्हीं अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर सामने रखने वाली ट्रोल आर्मी के निशाने पर रहे क्योंकि उन्होंने अपनी सहयोगी महिला खिलाड़ियों के साथ यौन अपराध करने वाले भाजपा सांसद को अपराधी कहने का साहस दिखाया। इसलिए उनके न जीत पाने पर ब्रजभूषण शरण के आचरण-सहोदरों को जश्न मनाना ही है। वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों की जीत को मोदी है तो मुमकिन है से जोड़कर मोदी की वजह से हुई जीत बताकर थैंक्यू मोदीजी का स्तुति-रुदन समारोह शुरू करना है। यह शुरू हो भी चुका है। खिलाड़ियों के लौटने के बाद मोदी जी अपनी चुनाव सभाओं में से समय निकाल कर इन खिलाड़ियों के साथ लंच, डिनर करेंगे, उन्हें खेल के गुर सिखायेंगे। पिछले मुकाबले के बाद भी उन्होंने यही किया था। उसके बाद जब यही खिलाड़ी-खिलाड़िने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की तरह किसी कोच, किसी खेल संघ के भाजपाई अध्यक्ष द्वारा अपने साथ किये किसी गलत और आपराधिक आचरण के खिलाफ आवाज उठाएंगे तो उन्हें जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा मारा पीटा और घसीटा जाएगा, राष्ट्रद्रोही करार दिया जाएगा।

इस कुनबे का राष्ट्रवाद इतना ही खोखला और इतना ही फर्जी है। अब फिर इस फर्जी राष्ट्रवाद का मुजाहिरा शुरु हो चुका है। अभी पांच राज्यों के चुनाव हैं, कुछ महीनों बाद लोकसभा के चुनाव भी हैं, इसलिए उत्सवी घन गरज तेज से तेजतर करनी है। लिहाजा इन दिनों, एक बार फिर, यह ढोंगी राष्ट्रवाद अपनी विद्रूपता के चरम पर है। बात अहम् ब्रह्मास्मि से भी आगे पहुंच गई है ; अब मोदी ही ब्रह्मा हैं, वे ही विष्णु हैं और वे ही विष्णु के अब तक के सारे अवतार हैं!! यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है किन्तु इसके पीछे सैकड़ों हजारों करोड़ के मुनाफे की लिप्सा के सिवाय और कुछ नहीं है ; क्रिकेट को कमाऊ उद्योग बनाने वालों को पता है कि यदि वे कोई शर्त लगाते तो उनके हाथों से यह पहली बार पूरी तरह भारत में प्रतियोगिता के आयोजन का मौक़ा छिन सकता था। चंद कारपोरेट दैत्यों का मुनाफ़ा ही इनके राष्ट्रवाद की प्राणवायु है। कहते हैं कि राष्ट्रवाद धूर्तों की आखिरी पनाहगाह - शरणस्थली - होता है।

इतिहास - दुनिया भर का इतिहास - बिना किसी अपवाद के इस तरह के लोगों के साथ एक सा बर्ताव करता रहा है। उन्हें कूड़ेदान के हवाले करता रहा है। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले महीने होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव इस पाखण्ड के अंत का आरम्भ करने वाले होंगे। बची-खुची कसर अगले साल की पहली छमाही में होने वाले आम चुनाव पूरी कर देंगे, क्योंकि अंधियारे कभी उम्रदराज नहीं होते।

(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)

हिरासत में जीता, नरगिस ने नोबेल

■ हेमलता म्हस्के

नॉर्वे की नोबेल पुरस्कार समिति ने इस साल उस ईरानी महिला नरगिस मोहम्मदी को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है जो अपने देश में महिलाओं के हक के लिए निरंतर लड़ाई लड़ रही है। जब नरगिस मोहम्मदी को नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई तब वह खुले आसमान के नीचे नहीं, बल्कि जेल में 12 सालों से बंद हैं। ओस्लो में पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने कहा है कि यह पुरस्कार ईरान की विवादमक्त नेता नरगिस मोहम्मदी को मान्यता देने के लिए दिया गया है। उन्होंने ईरान की सरकार से अपील की है कि वह नरगिस को जेल से रिहा कर दे, ताकि वे इस साल 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह में शामिल हो सकें।

नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।

नरगिस शुरू से अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 से ही नरगिस महिलाओं के लिए आवाज उठा रही हैं। वर्ष 2003 में उन्होंने तेहरान के 'डिफेंडर्स आफ ह्यूमन राइट सेंटर' से काम शुरू किया। वे तेरह बार गिरफ्तार हुईं। उन्हें 31 साल की जेल और 154 कोड़े मारने की सजा भी सुनाई जा चुकी हैं। आठ साल से वे अपने बच्चों तक से नहीं मिल पाई हैं। नरगिस को जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मदद करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी।

नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।

नरगिस कहती हैं कि मुझे जितनी यातना मिलती है, मैं उतनी ही मजबूत होती जाती हूं। अपने जेल जीवन का जिक्र करते हुए नरगिस कहती हैं कि मैं रोज खिड़की के सामने बैठकर हरियाली और आजाद ईरान का सपना देखती हूं। जितना ज्यादा वे मुझे प्रताड़ित करते हैं, मेरी प्रिय चीजों को मुझसे दूर करते हैं, मैं उतनी ही मजबूत होती हूं। यह जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक हम लोकतंत्र और आजादी नहीं पा लेते। मुझे उससे कम कुछ भी मंजूर नहीं है। फिलहाल उन्हें ईरान की कुख्यात 'एबीएन जेल' में रखा गया है।

बचपन से ही संघर्षशील रहीं नरगिस के पिता किसान थे। मां राजनीतिक पृष्ठभूमि से थीं। 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद राजशाही खत्म हुई तो उनके एक्टिविस्ट चाचा और दो भाई गिरफ्तार किए गए। इनमें से एक भाई को फांसी दे दी गई। तब नरगिस 9 साल की थी। नरगिस के दिल और दिमाग पर उसका गहरा असर पड़ा। इसके बाद उन्होंने विरोध की राह चुनने का फैसला किया। कॉलेज में संगठन खड़ा कर दिया। शादी की तो एक साल अज्ञातवास में बिताना पड़ा। इन सब घटनाओं ने नरगिस को और मजबूत बना दिया।

नरगिस का चार लोगों का परिवार कभी साथ नहीं रह पाया। बच्चों और पति को नरगिस के काम पर गर्व है। वे कहते हैं- एक पति और पिता के तौर पर बच्चों के साथ रहना बहुत मुश्किल है। मैं चाहता हूं कि नरगिस हमारे साथ रहें। उनके मिशन में हर कदम पर हम उनके साथ हैं। नरगिस को उनकी मां बचपन में कहा करती थीं कि बेटी कुछ भी कर लेना राजनीति से दूर रहना। ईरान जैसे देश में व्यवस्था से लड़ने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। लगता है, मां की वह चेतावनी सही साबित हुई है। बच्चों के साथ विदेश में रह रहे नरगिस मोहम्मदी के पति ताबी रहमानी ने कहा है कि यह नोबेल पुरस्कार मानव अधिकारों के लिए नरगिस की लड़ाई को प्रोत्साहित करेगा, लेकिन इससे भी अहम बात यह है कि यह ईरान में चल रहे 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' के लिए पुरस्कार भी है।

साथी कैदियों की तकलीफ को नरगिस ने 'व्हाइट टॉर्चर : इंटरव्यूज़ विद ईरानी वुमेन प्रिज़नर्स' नामक किताब में विस्तार से लिखा है। उन्होंने जेल को भी आंदोलन का केंद्र बना दिया है। उनके करीबी दोस्त बताते हैं कि फारसी शास्त्रीय संगीत में दक्ष नरगिस जेल के वार्ड में सभाएं करती हैं। गाने के साथ बर्तनों पर पारंपरिक धुन बजाती हैं और साथी कैदियों के साथ नृत्य भी करती है। उन्होंने जेल की दीवारों को लोकतंत्र और आजादी के नारों से रंग दिया है। नरगिस ने महिलाओं के अधिकारों, खासतौर पर मृत्युदंड उन्मूलन के लिए अभियान चलाया है। ईरान में उन्हें 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' की सबसे बुलंद आवाज माना जाता है। वे नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला और दूसरी ईरानी महिला हैं। इसके पहले ईरान की ही मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी को वर्ष 2003 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

नरगिस मोहम्मदी का जन्म 21 अप्रैल 1972 को ज़ांजन, ईरान में हुआ था और वे कोरवेह, करज और ओशनावियेह में पली-बढ़ीं। उन्होंने 'काज़्विन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' में दाखिला लिया, भौतिकी में डिग्री प्राप्त की और एक पेशेवर इंजीनियर बन गईं। अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने छात्र-समाचारपत्र में महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करने वाले लेख लिखे और राजनीतिक छात्र समूह 'ताशक्कोल दानेशजुयी रोशनगरान' (प्रबुद्ध छात्र समूह) की दो बैठकों में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वे एक पर्वतारोहण समूह में भी सक्रिय थीं, लेकिन बाद में उनकी राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें पर्वतारोहण में शामिल होने से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

नरगिस ने कई सुधारवादी समाचार पत्रों के लिए एक पत्रकार के रूप में काम किया और 'सुधार, रणनीति और राजनीति' नामक राजनीतिक निबंधों की एक पुस्तक प्रकाशित की। वर्ष 2003 में वे नोबेल शांति पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी की अध्यक्षता वाले 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' (डीएचआरसी) में शामिल हो गईं और बाद में संगठन की उपाध्यक्ष भी बनीं। वर्ष 1999 में उन्होंने साथी सुधार-समर्थक पत्रकार तघी रहमानी से शादी की, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। रहमानी 14 साल की जेल काटने के बाद 2012 में फ्रांस चले गए, जबकि मोहम्मदी ने अपना मानवाधिकार कार्य ईरान में ही जारी रखा। नरगिस और रहमानी के जुड़वां बच्चे हैं।

नरगिस मोहम्मदी को पहली बार 1998 में ईरानी सरकार की आलोचना के लिए गिरफ्तार कर साल भर जेल में रखा गया। अप्रैल 2010 में, उन्हें 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता के अपराध में 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी कोर्ट' में बुलाया गया। कुछ समय के लिए उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन कई दिनों बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार कर 'अबियन जेल' में रख दिया गया। हिरासत में रहने के दौरान नरगिस का स्वास्थ्य गिर गया और उन्हें मिर्गी जैसी बीमारी हो गई, जिससे वह समय-समय पर मांसपेशियों पर नियंत्रण खोती रहीं। एक महीने के बाद, उन्हें रिहा कर दिया गया और चिकित्सा उपचार लेने की अनुमति दी गई।

जुलाई 2011 में नरगिस पर फिर से मुकदमा चलाया गया और उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा, 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता और शासन के खिलाफ प्रचार' करने का दोषी पाया गया। सितंबर में उन्हें 11 साल की कैद की सजा सुनाई गई। नरगिस ने कहा कि उन्हें फैसले के बारे में अपने वकीलों के माध्यम से ही पता चला था और उन्हें 'अदालत द्वारा जारी 23 पन्नों का एक अभूतपूर्व फैसला दिया गया था जिसमें उन्होंने बार-बार मेरी मानवाधिकार गतिविधियों की तुलना शासन को गिराने के प्रयासों से की थी।'

मार्च 2012 में अपीलीय अदालत ने सजा को बरकरार रखा, हालांकि इसे घटाकर छह साल कर दिया गया। 26 अप्रैल को उन्हें अपनी सजा शुरू करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। इस सजा का ब्रिटिश सरकार ने यह कहते हुए विरोध किया कि यह 'ईरानी अधिकारियों द्वारा बहादुर मानवाधिकार रक्षकों को चुप कराने के प्रयासों का एक और दुखद उदाहरण' है। अब देखना है कि नरगिस मोहम्मदी को ईरान सरकार रिहा करती है या नहीं। पुरुस्कार के लिए उन्हें चुन लिया गया है। सारी दुनिया उन्हें महिलाओं के बीच एक ऐसी विराट हस्ती के रूप में देख रही है, जिसकी मिसाल वे खुद हैं।

(लेखिका पुणे स्थित लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)

देश विदेश

ईयू ने इजराइल-हमास युद्ध से संबंधित सामग्री को लेकर एक्स की जांच शुरू की

लंदन, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग ने इजराइल-हमास युद्ध पर अवैध सामग्री और दुष्प्रचार के कथित प्रसार, विशेष रूप से आतंकवादी और हिंसक सामग्री और घृणास्पद भाषण को लेकर एलन मस्क के स्वामित्व वाले एक्स की जांच शुरू कर दी है। आयोग ने गुरुवार देर रात कहा कि उसने डिजिटल सेवा अधिनियम (डीएसए) के तहत एक्स को जानकारी के लिए औपचारिक अनुरोध भेजा है। एक्स को अगस्त के अंत से डीएसए द्वारा शुरू किए गए प्रावधानों के पूर्ण सेट का अनुपालन करना आवश्यक है, जिसमें अवैध सामग्री, दुष्प्रचार, लिंग-आधारित के प्रसार से संबंधित जोखिमों का मूल्यांकन और शमन, हिंसा, और मौलिक अधिकारों, बच्चों के अधिकारों, सार्वजनिक सुरक्षा और मानसिक कल्याण के प्रयोग पर नकारात्मक प्रभाव शामिल है।

इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को गाजा शहर खाली करने की दी चेतावनी

यरूशलम, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा पट्टी शहर के निवासियों को तटीय परिक्षेत्र को खाली कर दक्षिणी क्षेत्र जाने का आदेश दिया। आईडीएफ की ओर से शुक्रवार सुबह जारी एक बयान में कहा गया, 'सुरक्षा और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी नागरिकों को दक्षिण क्षेत्र जाने का आह्वान किया है।' आईडीएफ ने गाजा के आम लोगों से कहा है कि वो अपनी सुरक्षा के लिए गाजा के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं। इजरायल ने उत्तरी गाजा के 11 लाख लोगों को इलाका खाली करने का निर्देश दिया है जिसे लेकर वहां अफरा-तफरी का माहौल है। इसके बाद आईडीएफ ने गाजा के लोगों के नाम एक बयान जारी कर कहा, 'आप शहर में दोबारा तभी वापस आएंगे जब अगला बयान जारी कर आपको शहर में आने की अनुमति दी जाएगी। हमास के आतंकवादी

गाजा शहर के घरों में बनी सुरंगों और गाजा के निर्दोष लोगों के घरों के अंदर छिपे हुए हैं। लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए गाजा शहर के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं और अपने परिवार को हमास के उन आतंकियों से दूर रखें जो आपको ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।' हमास की ओर से हमलों के बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी के ठिकानों पर सैकड़ों हवाई हमले किए हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए है। अभी तक 1,500 से ज्यादा फिलिस्तीनी और 1,300 से ज्यादा इजरायली मारे जा चुके हैं।

इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के गांवों की ओर मिसाइलें दागीं

इजरायली सेना ने शुक्रवार सुबह लेबनान के दक्षिणी गांव नकौरा और आसपास के इलाकों पर दो मिसाइलें दागीं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एनएनए ने यह जानकारी दी। एनएनए ने यह भी बताया कि इज़राइल ने ब्लू लाइन से सटे लेबनान के गांवों पर रात भर बम दागे। इजरायली सेना के टोही विमानों ने ब्लू लाइन से सटे गांवों के ऊपर से उड़ान भरी। एजेंसी ने कहा कि ब्लू लाइन के पास के अधिकांश निवासी सुरक्षित क्षेत्रों में विस्थापित हो गए हैं। शिक्षा मंत्री ने सारे सरकारी और निजी स्कूल बंद करने के आदेश दिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन 2000 में स्थापित ब्लू लाइन 120 किलोमीटर तक फैली हुई है और दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना की वापसी को सत्यापित करने के लिए कार्य करती है।

इजरायली हवाई हमलों में 13 बंधकों की मौत: अल-कसम ब्रिगेड

गाजा। हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा पर इजरायली हवाई हमलों में हमास द्वारा पकड़े गए कम से कम 13 बंधक मारे गए। एक प्रेस बयान में कहा गया, 'पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तरी गाजा और गाजा शहर के अंदर हुए गहन इजरायली हमलों के दौरान विदेशी और इजरायली बंधक मारे गए।' बयान के अनुसार, उत्तरी गाजा पट्टी में छह लोग मारे गए, जबकि गाजा शहर में अलग-अलग स्थानों पर सात लोग मारे गए। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कल कहा था कि जबतक बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा तबतक गाजा पट्टी में पानी,बिजली आदि की आपूर्ति बहाल नहीं की जायेगी। इजरायली सेना ने घोषणा की कि उसने गुरुवार रात गाजा पट्टी में लगभग 750 ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कार्यकर्ताओं को खत्म करने के अलावा भूमिगत सुरंगें, सैन्य परिसर और स्थल तथा अधिकारियों के घर, हथियार डिपो एवं संचार कक्ष शामिल थे।

बीजिंग में इजरायली दूतावास के सदस्य पर हमला, घटना के कारणों का पता नहीं चला

बीजिंग में इजरायली दूतावास के एक कर्मचारी पर शुक्रवार को हमला किया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजिंग दूतावास के एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने बिना विवरण दिए आईएएनएस को बताया कि दूतावास के कर्मचारी पर बीजिंग में दोपहर (चीन समयानुसार) हमला किया गया, जो इजरायली दूतावास परिसर से 'ज्यादा दूर नहीं' है और वह अस्पताल में है। बीजिंग में इजरायली दूतावास राजनयिक मिशनों की उपस्थिति के बीच शहर के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में भारतीय दूतावास के करीब स्थित है।

उत्तर कोरिया ने हमास को हथियार सप्लाई करने की खबरों का किया खंडन

सोल। प्योंगयांग ने शुक्रवार को उन अटकलों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया कि हमास आतंकवादी समूह ने इजरायल पर हमले के लिए उत्तर कोरियाई हथियारों का इस्तेमाल किया था। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मामलों पर उत्तर कोरियाई कॉमेंटेटर री क्वांग-सॉन्ग ने कहा कि अमेरिका हाल के मध्य पूर्व संकट को जानबूझकर प्योंगयांग से जोड़ने के लिए अपने घिसे-पिटे अभियान का सहारा ले रहा है। उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा लिखे गए एक लेख में री ने कहा, 'अमेरिकी प्रशासन की प्रेस संस्थाएं और अर्ध-विशेषज्ञ एक आधारहीन और झूठी अफवाह फैला रहे हैं कि 'उत्तर कोरिया के हथियारों' का इस्तेमाल इजराइल पर हमले के लिए किया गया। यह खंडन वाशिंगटन स्थित मीडिया आउटलेट रेडियो फ्री एशिया के इस दावे के बाद किया गया।

सुडोकू 6346

	7		6		4			5
8				5			6	3
		5	3					8
5								
	9						4	
								2
1					8	2		
6	5			7				1
7			9		6		8	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 14 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 15

राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। बहुत लंबे समय के लिए निवेश की योजना बनाएंगे। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ -वैचारिक स्तर पर विशालता और वाणी की मधुरता बनी रहेगी। आप दूसरे लोगों को प्रभावित करने के साथ ही उनके साथ संबंध भी बेहतर रख सकेंगे। बैठक या विचार-विमर्श में भी आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन -आपका मन अनिर्णायक स्थिति में रहेगा। मन दुविधा में रहेगा। अधिक भावुकता भी मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेंगे। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालें।

कर्क -आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

सिंह -आपके दूर रहने वाले मित्र और स्नेहियों के साथ की गई बातचीत लाभप्रद रहेगी। सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति प्राप्त कर सकेंगे। वाणी से किसी का मन जीत सकेंगे।

कन्या -अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला -आज असंयमित और अविचारी व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकता है। दुर्घटना से बचे रहें। वाणी में उग्रता हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगी। मनोरंजन या घूमने के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृश्चिक -आज आपको बिजनेस में लाभ हो सकता हैं। समय आपके साथ है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और बुजुर्गों से लाभ प्राप्त हो सकता है। लोगों से मेल जोल बढ़ेगा। यात्रा का अवसर मिल सकता है।

धनु -आर्थिक योजना तथा व्यापार के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा और सफलता मिलेगी। आपके भीतर लोकहित की भावना होगी। आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

मकर -आपका आज का दिन मिश्रित फल देने वाला होगा। आप अपने व्यवसाय और काम में नए विचार अमल में लाएंगे। आज आप साहित्य में रुचि लेंगे। फिर भी आपको मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

कुंभ -आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है। स्वास्थ्य खराब रह सकता है। दुर्घटना न हो इसका ध्यान रखें।

मीन -आज का दिन व्यापारियों के लिए काफी अच्छा है। व्यवसाय में भागीदारी करने के लिए भी शुभ समय है। साहित्य सृजन, कलाकार और कारीगर अपनी सृजनात्मकता निखार सकेंगे। आदर पाएंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

धन शोधन मामले में परवेज , मूनिस को अदालत ने किया तलब

लाहौर, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में लाहौर की विशेष अदालत ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष परवेज इलाही और उनके पुत्र एवं पूर्व संघीय मंत्री मूनिस इलाही को तलब किया है। न्यायाधीश अब्दुल सत्तार लंगाह ने संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) और अदियाला जेल, रावलपिंडी के अधीक्षक को श्री इलाही को 23 अक्टूबर को पेश करने के निर्देश दिये हैं। पीटीआई अध्यक्ष के पुत्र मूनिस इलाही की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी जमा करते समय उनके अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उनका मुवक्किल देश से बाहर है। उन्होंने अदालत से पूर्व मंत्री को एक प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। न्यायाधीश ने हालाँकि पूर्व मंत्री के अधिवक्ता का अनुरोध अस्वीकार कर दिया और कहा कि एक आपराधिक मामले में एक संदिग्ध को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होना चाहिए था।

नए पोल में भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली, बाइडेन से चार अंकों से आगे

न्यूयॉर्क, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, यदि 2024 का चुनाव अभी होता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों निक्की हेली और रॉन डेसेंटिस से हार जाएंगे और अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप से मामूली अंतर से आगे रहेंगे। सर्वे के मुताबिक इडेन ने ट्रम्प (49 प्रतिशत से 48 प्रतिशत) पर एक अंक की बढ़त ले ली, जबकि हेली से चार अंक (49 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) और डेसेंटिस से दो अंकों से पीछे रह गए। इस सप्ताह जारी, 6-9 अक्टूबर के बीच किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी पूर्व दक्षिण कैरोलिना गवर्नर ने सितंबर के बाद से सबसे बड़ा लाभ हासिल किया। 10 प्रतिशत समर्थन के साथ उनकी संख्या दोगुनी हो गई है।

हेली ने डेमोक्रेट्स के बीच सबसे अधिक संख्या में दलबदल कराया (9 प्रतिशत ने उनका समर्थन किया), जबकि ट्रम्प को सबसे कम (5 प्रतिशत डेमोक्रेट्स ने उनका समर्थन किया)। 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो चुके पूर्व कांग्रेसी विल हर्ड ने फोर्ब्स को बताया, 'उनके पास गति है, उनके पास अनुभव है, और वह एकमात्र व्यक्ति हैं, जो सर्वे में बाइडेन को लगातार हरा रही हैं।' पिछले महीने सीएनएन पोल से पता चला था कि हेली एकमात्र रिपब्लिकन हैं, जो 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को हरा सकती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है, 'दोनों के बीच एक काल्पनिक मैच में बाइडेन के 43 प्रतिशत के मुकाबले 49 प्रतिशत के साथ हेली बाइडेन पर बढ़त बनाने वाली एकमात्र रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।' फॉक्स न्यूज सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि कई कानूनी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की दौड़ में अपनी बढ़त बनाए रखी।

77 वर्षीय ट्रम्प को रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं के बीच 59 प्रतिशत समर्थन मिला, और मार्च के बाद से वह 50 प्रतिशत से ऊपर रहे हैं और सितंबर में रिकॉर्ड 60 प्रतिशत तक पहुंच गए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

उम्मीदवारों के नामों पर...

यह आशीर्वाद प्रदेश की जनता का जन-आक्रोश है, जो भाजपा पर फूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासियों का बजट खा गई। यह ऑडिट रिपोर्ट कह रही है। हमें यह विश्वास है कि पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत हो जाएगी।

झूठे वादे से जनता थक गई है

कांग्रेस की पढ़ो-पढ़ाओ योजना पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। इस पर कमलनाथ ने कहा कि उनके झूठे वादे, 20 हजार झूठी घोषणाएं आज मध्य प्रदेश की जनता समझ गई है। इस वजह से वह बौखला गए हैं। मध्य प्रदेश की जनता झूठे वादे और घोषणाओं से थक गई है। अब कुछ ही दिन बचे है। जनता राहत का इंतजार कर रही है। कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची में वर्तमान विधायकों के साथ ही 66 हारी सीटों के नाम शामिल किए जा सकते हैं। इससे पहले केंद्रीय चुनाव समिति की सात अक्टूबर को हुई बैठक में 140 नामों पर चर्चा की गई थी। कई नेता श्राद्ध पक्ष में सूची जारी करने के पक्ष में नहीं थे। इस वजह से पार्टी की सूची जारी नहीं हो सकी है। कमलनाथ भी कह चुके है कि प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद आएगी। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले नेताओं को पहले ही इशारा कर दिया है।

भ्रष्टाचार में ही पारदर्शी है ...

है। 500-600 करोड़ रुपए के कोयला घोटाला के बाद जब एक्साइज घोटाले के बारे में जानने की कोशिश की गई तो वहाँ तो और कमाल सामने आया। डुप्लीकेट होलोग्राम बन गया! कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा उस बयान पर, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश सरकार शराबबंदी के लिए प्रतिबद्ध है और यह चरणबद्ध पूरी की जाएगी, कटाक्ष करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह तो भूपेश सरकार की ऑफिशियल लाइन है। पाँच साल हो गए, प्रदेश सरकार ने एक कदम तक नहीं उठाया तो अब कब उठाएगी? दरअसल प्रदेश की कांग्रेस सरकार कभी कदम नहीं उठाने वाली थी । यह प्रदेश सरकार के लिए नोट कमाने वाली मशीन है। कोयला घोटाला की तरह ही शराब घोटाला में भी किसी को जमानत नहीं मिली है। प्रदेश सरकार के गौठान और गोबर घोटाला देखकर बिहार के चारा घोटाला की याद ताजा हो गई। मुख्यमंत्री बघेल ने स्व. अजीत जोगी से अच्छी तरह सीखा है। स्व. जोगी भी दिल्ली को फिट रखते थे, और मुख्यमंत्री बघेल की देखरेख में तो एटीएम ही खुला हुआ है। मुख्यमंत्री बघेल की ईटिंग-कटिंग-सैटिंग काफी हद तक स्व. जोगी के र्ढरे पर ही चलती है।

भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री बघेल के कैण्डी क्रश खेलते वायरल चित्र के मामले में किया कहा कि कहीं तो एकाध जगह छोड़नी चाहिए। मुझे मालूम नहीं था कि कैण्डी क्रश कोई गेमिंग एप होता है। श्री प्रसाद ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री बघेल को गेमिंग एप से इतना प्यार क्यों है? जब इस मामले की तहकीकात की जा रही थी, तब महादेव एप की कहानी सामने आई। महादेव एप से जुड़ा भिलाई का एक नवजवान दुबई में अपनी शादी पर 200 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है! महादेव एप के एक भक्त मुख्यमंत्री बघेल के काफी नजदीकी हैं। तो अब समझ में आया कि मुख्यमंत्री बघेल को गेमिंग एप से इतना प्यार क्यों है, जो अपनी पार्टी की बैठक में भी कैंडी क्रश खेलते हैं! उसमें उनको आनंद आता है, हर प्रकार का आनंद आता है। पर बड़ा सवाल यह है कि छत्तीसगढ़ के नवजवान कितना निराश हुए हैं? युवाओं का प्रदेश की भूपेश सरकार ने क्या भविष्य बनाया है? श्री प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल को यूपीए के अनुभवों से सीख लेनी थी। कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, टू-जी, थ्री-जी स्पेक्ट्रम घोटाला, आदर्श घोटाला। आज सब जेल में हैं, परेशान हैं और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी घोटालों में अपने बचाव के लिए सुप्रीम कोर्ट में पिटीशन फाइल करनी पड़ी है। श्री प्रसाद ने कहा कि हम साफ-साफ कहना चाहते हैं, हमारी सरकार बन रही है, जितना ये प्रचार-कुप्रचार कर लें, जिस तरह अजीत जोगी हारे थे, उससे बड़ी हार इस बार भूपेश सरकार की होगी और इन तमाम घोटालेबाजों को भाजपा की सरकार छोड़ने वाली नहीं है।

भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री बघेल को प्रधानमंत्री आवास से क्यों चिढ़ है? यह तो गरीबों के लिए है। केवल च्प्रधानमंत्रीज्‍ लिखे होने के कारण प्रदेश सरकार ने गरीबों का आवास रोक दिया। धान-चावल खरीद को लेकर प्रदेश सरकार व कांग्रेस के बयानों पर पलटवार करते हुए श्री प्रसाद ने स्पष्ट किया कि यह भाजपा की केंद्र सरकार का कमिटमेंट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा कर दी है कि पूरा धान खरीदेंगे, कोई दिक्कत नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री बघेल की राम-भक्ति को ढोंग बताते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि भूपेश बघेल के पिता का राम के प्रति कितना प्यार है, यह तो छत्तीसगढ़ और देश की जनता जानती है। बड़ा सवाल यह है कि जब सनातन का अपमान किया गया, जब सनातन की तुलना डेंगू, एड्स, मलेरिया और छुआछूत के रोग से की गई, जब बिहार के मंत्री रामायण की चौपाई पढ़ना और पोटेशियम साइनाइड खाने को एक समान बता रहे थे, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र सनातन का अपमान कर रहे थे, तब मुख्यमंत्री बघेल क्यों चुप थे? सनातन स्थायी है, सनातन शाश्वत है। सनातन इसलिए शाश्वत है क्योंकि भगवान श्रीराम माँ शबरी के झूठे बेर खाते हैं, सनातन इसलिए प्रभावी है क्योंकि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जाति कुछ भी हो, वह हमारे लिए देव हैं, सनातन इसलिए प्रामाणिक है क्योंकि वेद व्यास, जिन्होंने वेदों की रचना की, उनकी माता मल्लाह समाज की थीं। संत रविदास में चर्मकार का काम करके भी उनमें इतना बड़ा संतत्व था कि सँन्यासी उनके पैर छूते थे।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने जातिगत जनगणना को कांग्रेस की शिगूफेबाजी बताते हुए सवाल दागा है कि यदि जातिगत जनगणना होगी तो जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी वाली बात कांग्रेस के अंदर लागू होगी या नहीं होगी? पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद सुनील सोनी, भाजपा चुनाव मीडिया प्रमुख व विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अशोक बजाज, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी व सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल उपस्थित थे।

भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री की नसीहत...

अधिक लोगों को गिरफ्तार किया।इसी के आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया और अब आप हमसे ही सवाल पूछ रहे हैं? सवाल हमारे पास भी हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार है तो स्पोर्ट्स चैनलों और सोशल मीडिया पर दिन-रात विज्ञापनों के ज़रिए युवाओं को सट्टे की लत लगाने वाले जो अनगिनत गेम चल रहे हैं उन्हें सरकार क्यों नहीं रोक रही है? उन पर सरकार कानूनी पाबंदी क्यों नहीं लगाती?

भाजपा नेता ये बता दें कि आपने इस ऑनलाइन सट्टे पर रोक लगाने की जगह इस पर जीएसटी किस मंशा से लगाया? युवाओं में सट्टे की लत लग रही है। मुझसे सैकड़ों अभिभावकों ने आकर शिकायत की है। कुल मिलाकर जीएसटी चाहिए, तो देश के करोड़ों युवाओं को सट्टे में धकेलोगे? इस पर जवाब दे दें भाजपा के नेता, फिर हमसे सवाल पूछें।

दो साल में 12 हजार करोड़ ...

नहीं किया जा सकता है। ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिसे मैनेज नहीं किया जा सकता या जिससे ध्यान न भटकाया जा सके। कांग्रेस नेता रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना उन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लेकिन शहंशाह गलत हैं। भारत पर मोदानी का कब्जा नहीं होगा। भारत की जनता 2024 में जवाब देगी। रमेश ने एक अखबार की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि नवीनतम खुलासे के अनुसार, 2019 और 2021 के बीच 3.1 मिलियन टन की मात्रा वाले 30 अदाणी कोयला शिपमेंट का अध्ययन किया गया। इसमें कोयला व्यापार जैसे कम मार्जिन वाले व्यवसाय में भी 52 प्रतिशत लाभ का मार्जिन पाया गया।

वर्ग पहेली 6346

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६			■		■	७			
	■	८	९				■		■
■	१०	■		■	■	■	११	■	१२
१३				■	१४	■	१५		
■		■	१६				■	■	
१७			■	■		■	१८	१९	
	■	■	२०			२१	■		■
२२				■	■	२३			

बायें से दायें:-

१. शोभा, सौंदर्य में वृद्धि होना
३. बाधा, विघ्न
५. सेहतरोज सर्वोत्तम
६. सभ्यता, शिष्टता
७. परशुराम के पिता
८. नागरिक, नगरजन
१३. वह यज्ञ जिसमें मनुष्य की बलि दी जाती है
१५. भलमनसाहत
१६. सवद लेने योग्य
१७. यतीम
१८. अपरिमित, असीमित
२०. शासन (उर्दू)
२२. प्राणी, पशु (उर्दू)
२३. अधिकता, प्रचुरता

ऊपर से नीचे:-

१. सजस, नीचे
२. पथिकों को लूटने वाला (उर्दू)
३. अपफस्नन व्यक्ति
४. बारात
५. कल्याण, मुक्ति
९. भीम, बलराम
१०. खुद या स्वयं का बनाया हुआ
११. अच्छा, मंगल
१२. दोषी, कसूरवार (उर्दू)
१४. आंख की पुतली
१७. बड़ी बहन
१९. विक्षिप्त, दीवाना (उर्दू)
२०. सरोवर
२२. ईश्वर (उर्दू)

वर्ग पहेली-6345

१ अ	वि	२ रा	म	■	■	३ मु	ख	४ प	त्र
नु	■	मा	■	५ आ	कं	ठ	■	रा	■
६ चि	रा	यु	■	क्ष	■	७ भे	द	भ	रा
त	■	८ ध	९ र	प	क	ड़	■	व	■
■	१० म	■	वा	■	■	■	११ ठो	■	१२ वि
१३ प	रि	ण	य	■	१४ स्वा	■	१५ स	ध	वा
■	य	■	१६ त	रू	व	र	■	■	हि
१७ सु	ल	भ	■	■	लं	■	१८ की	१९ म	त
चा	■	■	२० खो	ज	बी	२१ न	■	द	■
२२ रू	का	व	ट	■	■	२३ म	नो	द	शा

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

आज का इतिहास

1066- हेस्टिंग्स के निकट विलियम के नेतृत्व में नॉर्मन सेना ने इंग्लैंड को हराया और वहाँ के राजा हेरॉल्ड द्वितीय की हत्या कर दी।
1240- भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान की मौत हुई।
1322- स्कॉटलैंड की सेना ने अंग्रेजी राजा एडवर्ड द्वितीय को हराया।
1643- मुग़ल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का जन्म।
1758- हचकिर्क की लड़ाई में ऑस्ट्रियाई सेना ने प्रशिया को हराया।
1882- शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
1884- प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
1933- जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
1943- जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946- हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1948- इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
1953- भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभावी हुआ।
1956- डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
1964- डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 35 वर्ष की उम्र में अमेरिकी समाज में रंगभेद के विरुद्ध अहिंसात्मक आंदोलन के लिए नोबेल शांति पुरस्कृत किया गया।
1981- होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
1979- जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ करीब एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।

दुनिया को जानें

अफगानिस्तान में भूकंप से 17,000 लोग प्रभावित

संरा, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि अफगानिस्तान के हेरात में भूकंप से 17,000 से अधिक लोग और 110 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। श्री दुजारिक ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय स्टाफ अफगानिस्तान की जरूरतों का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में हैं। वह जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करने का प्रयास कर रहे हैं। अफगानिस्तान के लिए हमारी मानवीय अपीलें - जैसे कि वहाँ अधिकांश स्थान अल्प वित्त पोषित हैं, लेकिन हम जितनी जल्दी हो सकेगा प्रभावित लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।' श्री दुजारिक के मुताबिक सप्ताह के शुरूआत में आए भूकंप में कम से कम 140 लोग घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान भूकंप प्रभावितों तक पहुंचने वाले मानवीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया है। इस बीच, काबुल में तुर्किए दूतावास ने एक बयान कहा कि उनके देश की वायुसेना का एक मालवाहक विमान खोज और बचाव दल, एक फील्ड अस्पताल, डॉक्टरों और अन्य चिकित्सा उपकरणों को लेकर नौ अक्टूबर को हेरात पहुंचा है।

खेल जगत

गिल बने सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के खिताब से नवाजा है। गिल को सितंबर महीने में एकदिवसीय मुकाबलों में 80 की औसत से 480 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच से एक दिन पहले शुभमन गिल को 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। गिल को सितंबर में उनकी शानदार फॉर्म के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्होंने एशिया कप में 75.5 की औसत से 302 रन बनाए थे इसमें फाइनल में बनाए गए नाबाद 27 रन भी शामिल है। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया था। गिल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो पारियों में 178 रन बनाकर महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के अपने दावे को और मजबूत किया।

दुनिया की निगाहें, दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में, दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट मुकाबले पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुनिया भर की निगाहें दो चिर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 जैसे सबसे बड़े मंच पर सबसे बड़े मुकाबले पर लगी हैं। सवा लाख से भी ज्यादा दर्शक क्षमता वाला मोटेरा स्थित स्टेडियम बेशक दुनिया के सबसे क्रिकेट मुकाबले को देखने के लिए खचाखच भरा रहेगा। साथ ही दुनिया भर में लाखों क्रिकेट प्रेमी अपने-अपने टेलिविजन सेटों से चिपके अपनी सांसें थाम इसे टकटकी लगाए इसे देखने में मशगूल रहेंगे। भारत और पाकिस्तान टीम का हर क्रिकेटर यह जानता है कि शनिवार को इस मैच में उसका शानदार प्रदर्शन उसे हीरो बना सकता है और नाकामी जीरो। यह मुकाबला दोनों टीमों के क्रिकेटरों कौशल से कहीं ज्यादा उसके अपनी भावनाओं पर काबू रख कर उसकी जेहनी मजबूती की सबसे बड़ी कसौटी है।

वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अब तक अजेय भारत हिटमैन रोहित शर्मा की अगुआई में अब उसके खिलाफ अपने दबदबे को आगे बढ़ाते हुए लगातार आठवीं जीत के मकसद से शनिवार को खेलने उतरेगा। रोहित शर्मा के नाम अब वन डे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा सात शतक हैं ही विराट कोहली ने क्रिकेट के इस सबसे बड़े मंच पर अपने बल्ले से पाकिस्तान जैसे चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपने खेल का स्तर उंचा उठा भारत को बराबर जिताने में अहम भूमिका अदा की ।पिछले दो विश्व कप की बाबत एक दिलचस्प बात यह है कि भारत की एडिलेड में 2015 में पाकिस्तान पर 76 रन से जीत में विराट ने शतक जड़ा और 2019 में मैनचेस्टर में रोहित के शतक और विराट के अर्द्धशतक से भारत डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 89 रन से हराया था। भारत को जीत के सिलसिले को इसी तरह आगे जारी रखने के लिए एक बार रोहित और विराट को अपने बल्ले से धमाल

- ■ भारत का मकसद वन डे विश्व कप में पाक पर लगातार आठवीं जीत
- ■ रंग में भारत के हिटमैन रोहित और 'चेज मास्टर' विराट कोहली, शुभमन भी फिट
- ■ भारत को बाबर और रिजवान की मौजूदगी में पाक से चौकस रहना होगा

जारी रखना होगा। भारत का पलड़ा बेशक भारी है और वह जीत का प्रबल दावेदार भी है। रोहित, विराट के साथ अब अनुभवी केएल और श्रेयस अय्यर से भी बल्ले से धमाल कर पाकिस्तान के खिलाफ भारत की नैया किनारे लगाने की आस लगाए है। कप्तान बाबर और रिजवान की मौजूदगी में पाकिस्तान से भारत से चौकस रहना होगा क्योंकि वह उलटफेर करने का माद्दा रखती है। फिर भी लाख टके का सवाल यही कि क्या पाकिस्तान मेजबान भारत को इस बार रोक इतिहास बदल पाएगा? दोनों ही टीमों मौजूदा संस्करण में अपने शुरू के दो-दो मैच जीत चुकी हैं। भारत के लिए सबसे उत्साहवर्द्धक है कि उसके कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच की नाकामी को भुला इस विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में दूसरे मैच में विस्फोटक शतक जड़ रंग में आ चुके हैं और चेज मास्टर विराट कोहली के लगातार दूसरा अर्द्धशतक जडने् से केएल राहुल ,इशान किशन और श्रेयस अय्यर भी अपनी लय पा चुके हैं।

भारत की बड़ी ताकत उसकी बल्लेबाज रंग में है। भारत ने अपने पहले मैच में चेन्नै में पांच बार के चैंपियनऑस्ट्रेलिया को छह विकेट तथा दूसरे मैच में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया। वहीं पाकिस्तान ने हैदराबाद में अपने पहले मैच में नीदरलैंड को 81 रन से दूसरे में मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्ला शफीक के शतकों से चार विकेट पर 345 रन का बड़ा लक्ष्य हासिल छह विकेट से श्रीलंका को छह विकेट से शिकस्त दी। भारत को



मैच : भारत वि.पाकिस्तान, अहमदाबाद (दोपहर दो बजे से)।

इसीलिए शुरू के दो मैचों में नाकाम रहने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और चौथे नंबर पर बड़े जिगरे वाले अपने बल्ले का जलवा दिखाने वाले पिछले मैच में शतक जडने् वाले मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्ला शफीक से चौकस रहना होगा।

भारत के सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (छह विकेट) के साथ गेंद से कमाल तीन-तीन विकेट चटकाने वाले उपकप्तान हार्दिक पांडया के साथ लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा और लेग स्पिनर कुलदीप यादव रफ्तार के साथ धार दिखा और स्पिन का जाल बुनकर विकेट चटका रहे हैं। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ मैचों से बाहर रहे इस

साल धमाल कर पांच शतकों सहित अब तक सबसे ज्यादा 1230 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले फिट होना और अहमदाबाद पहुंच कर नेटस पर बल्लेबाजी करना भारत के लिए सबसे अच्छी खबर है। शुभमन फिलहाल 70 फीसदी फिट हैं भले ही भारतीय टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ शामिल न करे लेकिन उनके खेलने की संभावना ही जरूर पाकिस्तान के गेंदबाजों के जेहन में दबाव बनाने उनकी नींद उड़ाने के लिए काफी है। पंजाब से खेलने वाले नौजवान सलामी बल्लेबाज शुभमन के लिए अहमदाबाद का यह मैदान उनका %दूसरा'

घरेलू मैदान है कि क्योंकि वह आईपीएल में हार्दिक पांड्या की अगुआई में उनके साथ गुजरात टाइटंस के लिए खूब खेलते हैं। पाकिस्तान रफ्तार के सौदागर नसीम शाह के चोट के चलते इस विश्व कप से बाहर होने और उनके जोड़ीदार शाहीन शाह अफरीदी(2 विकेट), हसन अली (छह विकेट), हैरिस रउफ(3 विकेट)तथा लेग स्पिनर शादाब खान (2 विकेट) के विकेट चटकाने के बावजूद हैदराबाद में पहले मैच में कमजोर नीदरलैंड और फिर और फिर श्रीलंका के खिलाफ महंगे साबित हुए। अहमदाबाद के पिच के मिजाज से भारत के रोहित , शुभमन ,इशान, शुभमन, विराट शीर्ष और केएल राहुल, श्रेयस मध्यक्रम के बल्लेबाजों के बेहतर

वाकिफ होने से पाकिस्तान के गेंदबाजों के लिए उन्हें रोक पाना खासी मुश्किल चुनौती होगा।

सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक और कप्तान बाबर आजम के शुरू के दोनों मैचों में सस्ते में आउट होने और रनों के जूझने के कारण पाकिस्तान की बल्लेबाजा अपने मध्यक्रम के बल्लेबाज एक शतक सहित और एक अर्द्धशतक सहित विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान(कुल199 रन) रन बनाने में सबसे आगे तथा मात्र एक मैच खेलने वाले 23 बरस के अब्दुल्ला शफीक (कुल 131) दूसरे स्थान पर चल रहे हैं और एक अर्द्धशतक सहित समझबूझ से बल्लेबाजी करने वाले साद शकील (कुल 99 रन) पर ही जरूरत से ज्यादा निर्भर नजर आती है। भारत खासतौर पर अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा के इस मैदान पर इसी मैदान पर अपनी बहुत क्रिकेट खेलने से इससे वाकिफ होने के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, इमाम उल हक सहित रिजवान, अब्दुल्ला शफीक और शकील को सस्ते में आउट करने की उम्मीद करेगा। चेन्नै में पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खेलने वाले सदाबहार ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन की जगह भारत ने दिल्ली में अपने दूसरे मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को खिलाया था। दोनों ने शुरू के एक एक मैच में एक एक विकेट चटकाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कप्तान रोहित शर्मा अहमदाबाद में भी शार्दूल ठाकुर को एकादश में बरकरार रखते हैं।भारत के कप्तान रोहित शर्मा क्या शुरू के दोनों मैचों में अब तक खासे महंगे साबित हुए नवोदित तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जगह अनुभवी और अहमदाबाद की पिच से खासे वाकिफ मोहम्मद शमी को भारत की एकादश में शामिल करने का बड़ा दांव खेलते हैं। शमी अपने अनुभव के कारण निश्चित रूप से सिराज पिच के मिजाज के कारण सिराज से बेहतर विकल्प नजर आते हैं। चाहे शार्दुल खेले या अश्विन भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी है।

भारत को हराकर फैंस के सामने हीरो बनने का सुनहरा मौका : बाबर आजम

अहमदाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर चल रहे प्रचार और दबाव के बीच, कप्तान बाबर आजम को लगता है कि यह मैच उनकी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करके हीरो बनने का सुनहरा मौका है। दुनिया के बेस्ट स्टेडियम में गिने जाने वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ उठाने करीब 1,32,000 की भारी संख्या में फैंस के आने की उम्मीद है।

इस मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां, भारत-पाकिस्तान मैच एक बड़ा मुकाबला है। मैंने टीम से बस यही कहा है कि वो अपना बेस्ट दें। एक खिलाड़ी के रूप में, एक टीम के रूप में यह हमारा विश्वास है और हम इस मैच में अपनी पूरी जान झोंक देंगे।



मुख्य बात हमारी योजनाओं को लागू और खुद पर विश्वास करना है। अहमदाबाद एक बड़ा स्टेडियम है और बहुत सारे प्रशंसक आ रहे हैं। इसलिए, यह हमारे लिए प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने और हीरो बनने का एक सुनहरा अवसर है। वनडे में आमने-सामने के रिकॉर्ड में पाकिस्तान भारत से 73-56 से आगे है। लेकिन जहां तक 50 ओवर के विश्व कप का सवाल है तो कहानी अलग है, क्योंकि भारत ने 1992 से लेकर अब तक अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सभी सात मुकाबलों में जीत हासिल की है।

बाबर आजम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अतीत पर ध्यान केंद्रित नहीं करता। मैं भविष्य पर फोकस करने की कोशिश करता हूं। ऐसे रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और मैं उन्हें तोड़ने की कोशिश करता हूं। मेरा मानना है कि मेरी टीम ने पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और अगले मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। हमें विश्वास है कि हम यह कर सकते हैं और हम पूरे आत्मविश्वास के साथ जायेंगे।

बाबर आजम को भी लगता है कि शनिवार के मुकाबले में टॉस और ओस महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जितने भी मैच देखे हैं, टॉस महत्वपूर्ण है क्योंकि रोशनी के तहत पिच अच्छा व्यवहार करती है।

भारत में जीतना अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती है : क्रिस वोक्स

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के दौरान भारत में मैच जीतना एक अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती रही है। साथ ही, उन्होंने 2019 में जीते गए खिताब को बरकरार रखने की अपनी खोज में लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए अपनी टीम का समर्थन किया। अब तक, भारत और पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में अपने दोनों मैच जीते हैं, साथ ही न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने भी। इंग्लैंड ने धर्मशाला में बांग्लादेश को 137 रन से हराकर न्यूजीलैंड से मिली शुरुआती हार पर काबू पा लिया।

स्काई स्पोर्ट्स ने वोक्स के हवाले से कहा, भारत में जीतना अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती है। स्वाभाविक रूप से, मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इससे हमारे लिए उन्हें उनकी स्थिति से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमें प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी मिल गए हैं। लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और दुनिया भर में एक सफेद गेंद वाली टीम के रूप में हमारी पीठ पर थोड़ा सा लक्ष्य है। यह जीतना एक कठिन प्रतियोगिता है, है ना? विशेष रूप से यहां। लेकिन हम, हम इसे अच्छी

सफलता देंगे। हम प्रत्येक मैच को उसी रूप में ले रहे हैं, जिस तरह से यह आता है। स्वाभाविक रूप से, लोगों को हमसे उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से अपनी उम्मीदें हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ कोई विकेट नहीं लेने के बाद वोक्स बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेकर लय में लौटे। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से होना है, ऐसे में वोक्स प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के मामले में आगे बढ़ने के इच्छुक हैं।

भारत मिस्र में विश्व कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप से हटा

चेन्नई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष का असर भारतीय शतरंज पर पड़ा है और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने 14 से 23 अक्टूबर तक मिस्र के शर्म अल शेख में होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। एआईसीएफ ने घोषणा की, इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए, उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप-2023 में भाग नहीं लेगा।

भारतीय शतरंज निकाय ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया क्योंकि गाजा पट्टी शर्म अल शेख से केवल 397 किलोमीटर दूर है और संघर्ष अल्प सूचना पर मध्य पूर्व में वाणिज्यिक एयरलाइनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। एआईसीएफ ने कहा, हमने अप्रत्याशित घटना और अप्रत्याशित परिदृश्य के आधार पर यह निर्णय लिया है और सभी हितधारकों से इस पर ध्यान देने का अनुरोध किया गया है। इस बीच, मिस्र शतरंज महासंघ (ईसीएफ) के अध्यक्ष डॉ. हेशम एलगेंडी ने सभी प्रतिभागियों को एक आश्वासन में कहा- मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मिस्र सरकार शर्म अल शेख मिस्र में डब्ल्यूसीसी 2023 के सभी खिलाड़ियों और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। ।एल्गेंडी ने कहा, विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2023 का आयोजन मिस्र के युवा और खेल मंत्री के संरक्षण में शर्म अल शेख मिस्र में 14 - 27 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा।

मैं यहां बैठकर बहाने बनाने के लिए नहीं आया हूं : लाबुशेन

लखनऊ, 13 अक्टूबर (आईएएनएस) मार्नस लाबुशेन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया 2023 विश्व कप के अपने शेष सात मैचों में से सभी नहीं तो छह में जीत हासिल करने की चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार है और उनका मानना है कि पांच बार के चैंपियन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पुन: प्राप्त करने और नॉकआउट चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए अभी भी समय है। मैदान में ऑस्ट्रेलिया की परेशानियां जारी रहीं क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े, जो घटिया क्षेत्ररक्षण प्रदर्शन के चिंताजनक पैटर्न को उजागर करता है।

दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस का आसान कैच छूट गया। कप्तान पैट कमिंस ने भी अपनी ही गेंद पर सीधा रिटर्न कैच छोड़ा। मिचेल स्टार्क, जोश इंग्लिस और स्थानापन्न-क्षेत्ररक्षक सीन एबॉट अन्य लोगों में शामिल थे, जिन्होंने मैदान में मौके गंवाए। इसके अतिरिक्त, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में गति की कमी थी क्योंकि उनके बल्लेबाज संघर्ष करते रहे और अंतत: दक्षिण अफ्रीका के 311/7 के जवाब में केवल 177 रन ही बना सके, जिसके परिणामस्वरूप उनकी लगातार दूसरी हार हुई जब उन्हें गुरुवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में 134 रन से हार का सामना करना पड़ा।. एक

संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, लाबुशेन ने मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खराब प्रदर्शन के लिए कोई बहाना नहीं बनाया और उम्मीद की कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, उनकी टीम इस अनुशासन में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट ने लाबुशेन के हवाले से कहा, मैं यहां बैठने और बहाने बनाने के लिए नहीं आया हूं। हम ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप खेल रहे हैं, हमें तैयार रहना होगा और हमें उससे बेहतर होना होगा। इस पर उंगली उठाना मुश्किल है, हम उनमें से एक हैं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण पक्ष। हमें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा, आज हम ठीक से काम नहीं कर पाए। हमने मौके बनाए लेकिन उनका फायदा नहीं उठाया और यह हमारा अच्छा प्रदर्शन नहीं था, लेकिन हमें वापसी करनी होगी और इस लय को आगे बढ़ाना होगा। .

गुरुवार की हार के बारे में बात करते हुए, लाबुशेन ने कहा कि यह एक कठिन नुकसान था जिसे पचाना मुश्किल था लेकिन चेंजिंग रूम में बैठने और नाराज़ होने का समय नहीं था। हम इस प्रदर्शन को लेकर निराश हो सकते हैं, हम कई चीजों को लेकर निराश हो सकते हैं... लेकिन वास्तविकता यह है कि आप चेंजिंग रूम में बैठकर नाराज नहीं हो सकते। लेकिन हमें कार्रवाई करनी होगी और हमें हमारा टूर्नामेंट शुरू करना होगा।

जब आप मैदान पर उतरेंगे तो आपके मन में निश्चित रूप से यह भावना आएगी कि हां, हमें इसे जीतना है: कुंबले

अहमदाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान के हाई-ऑक्टेन मैच से पहले, महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी इस मुकाबले से पहले मैदान पर उतरता है, तो उन्हें एक एहसास होता है कि ये मैच तो उन्हें जीतना ही है। दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह चरम पर है क्योंकि भारत और पाकिस्तान शनिवार को आमने-सामने होंगे, जिसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप में 7-0 से आगे चल रही है।

कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वास्तव में नहीं, मुझे लगता है कि तैयारी वैसी ही होगी, बात सिर्फ इतनी है कि उस विशेष दिन जब आप मैदान पर उतरेंगे तो निश्चित रूप से आपके मन में यह भावना होगी कि हां, हमें इसे जीतना है। परिणाम मायने रखता है और यह भारत बनाम पाकिस्तान है , और विश्व कप

विश्व कप मैच में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। तो यह भावना वहां है, घबराहट किसी भी खेल के लिए होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के लिए और भी अधिक, और पहली गेंद फेंके जाने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है : अनिल कुंबले

मैच में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। तो यह भावना वहां है, घबराहट किसी भी खेल के लिए होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के लिए और भी अधिक, और पहली गेंद फेंके जाने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। भारत के पूर्व मुख्य कोच कुंबले ने भी अपने विचार साझा किए कि भारतीय खिलाड़ियों को भावनाओं से कैसे निपटना चाहिए और बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले तैयारी करनी चाहिए। यह सिर्फ नियमित चीजें करना है जो आप किसी अन्य मैच की तैयारी के लिए करते हैं। आप सिर्फ इसलिए चीजों को अलग तरह से नहीं करना चाहते क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान मुकाबला है।

और बदलाव केवल दो दिन का हुआ है, इसलिए यात्रा का एक दिन, वह भी निश्चित रूप से मैच से एक दिन पहले। चाहे आप चाहते हों कि पूरी टीम अभ्यास में एक साथ हो, भले ही वह सिर्फ नेट न हो, लेकिन शायद सिर्फ मैदान का अनुभव लेने के लिए और शायद साथ में एक मजेदार मैच खेलने के लिए।

शायद यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में आप शायद सोचेंगे और कुछ नहीं, और इसे खिलाड़ियों पर छोड़ दें कि ठीक है, क्या आप हिट करना चाहते हैं या आप आकर थोड़ी गेंदबाजी करना चाहते हैं, आप इसे खिलाड़ियों पर छोड़ दें क्योंकि दो दिन हो गए हैं और कल ही उन्होंने एक शानदार मैच खेला था, इसलिए यह सब उसे प्रबंधित करने के बारे में है और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह एक घरेलू खेल है। उन्होंने विस्तार से बताया, जसप्रीत बुमराह उस राज्य से आते हैं और हां, हालांकि वे गुजरात के लिए नहीं खेलते हैं, वहां जडेजा, हार्दिक हैं। इसलिए इन सभी लोगों को लगेगा कि यह हमारे लिए एक घरेलू मैच है और, उस 130 हजार में आपके आसपास बहुत सारे परिवार के लोग होंगे। वहां घूमना और फिर देश और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना विशेष अहसास है। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने टिप्पणी की कि कैसे दबाव वाले खेल में भावनाएं प्रदर्शन पर भारी पड़ती हैं। हां, मेरा मतलब है कि यह आपके सामान्य रूप से खेलने के तरीके को खराब कर सकता है। आप ऐसा सोचते हैं कि मैं इस टीम के खिलाफ खेल रहा हूं, और मैं मैन ऑफ द मैच बनना चाहता हूं, और अंत में आपकी जरूरत से ज्यादा प्रदर्शन करना चाहता हूं। तभी आप पाते हैं कि लोग बहुत अधिक प्रयास कर रहे हैं और आप इसे खो देते हैं। जबकि अगर मैं अंदर आता हूं, मुझे जो करना है वह करता हूं, बस अपनी भूमिका निभाता हूं, तो सब कुछ सामने आ जाएगा।

सार संक्षेप

मेसी ने फार्म में आकर फिटनेस चिंताओं को किया दूर

ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो हाल के सप्ताहों में मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह एस्टाडियो मोनुमेंटल में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ की जगह मैदान पर आये। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने तुरंत एल्बीसेलेस्टे को आक्रमण में अधिक प्रवाह प्रदान किया और टीम ने परग्वे को 1-0 से हरा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे। उन्होंने कहा, यह बहुत कठिन क्वालीफायर था। पराग्वे हमेशा कठिन होता है क्योंकि वे जगह ढूंढते हैं और गेंद को तेजी से मूव करते हैं। उन्होंने कहा, फिर भी, हमारे पास बहुत सारे मौके थे और सौभाग्य से, अंत में लक्ष्य आ गया। हम यहां तीन अंकों के साथ जाएंगे और यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।

झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैस्कॉट का अनावरण

रांची। आगामी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के मैस्कॉट 'जूही' का अनावरण शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस अवसर पर एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में टूर्नामेंट के लिए ट्रॉफी टूर का भी शुभारंभ हुआ जो रांची से शुरू होकर राज्य के सभी जिलों में यात्रा करेगी।

अटापट्टू सितंबर माह की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टा को सितंबर महीने के 'खिलाड़ी ऑफ द मंथ' के खिताब से नवाजा है।

सुडोकू 6346 का हल

3	7	1	6	8	4	9	2	5
8	2	4	1	5	9	7	6	3
9	6	5	3	2	7	4	1	8
5	8	7	2	4	1	6	3	9
2	9	3	8	6	5	1	4	7
4	1	6	7	9	3	8	5	2
1	4	9	5	3	8	2	7	6
6	5	8	4	7	2	3	9	1
7	3	2	9	1	6	5	8	4

देशबन्धु

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

टाटा मोटर्स	4.76 प्रतिशत
एचसीएल टेक	2.55 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	2.00 प्रतिशत
मारुति	1.62 प्रतिशत
सन फार्मा	1.33 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

एक्सिस बैंक	2.33 प्रतिशत
इंफोसिस	2.24 प्रतिशत
एसबीआई	1.71 प्रतिशत
विप्रो	1.43 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	0.85 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	59900
बिटुर	59275
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	30,345
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74,700
वायदा	72,285
चांदी सिक्का लिवाली	825
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	83.143	83.775
पौड स्टर्लिंग	103.09	105.45
यूरो	88.51	88.80
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950

0 **मुंबई** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के नकारात्मक संकेत के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग और टेक समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही।

वाणिज्य निर्यात में गिरावट सितंबर, 2023 में 2.6 प्रतिशत तक सीमित रही

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। विकसित बाजारों में नरमी के बीच, भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात इस वर्ष सितंबर में सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत घट कर 34.47 अरब डॉलर के बराबर रहा। पिछले वर्ष सितंबर में वाणिज्यिक निर्यात 35.39 अरब डॉलर था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात एक साल पहले की तुलना में 15 प्रतिशत गिरकर 53.84 अरब डॉलर रहा।

सितंबर, 2023 में व्यापार घाटा (आयात की तुलना में निर्यात की कमी) 19.37 अरब डालर था। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के अध्यक्ष डॉ ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत के निर्यात में गिरावट का सिलसिला थाम लिया गया है और आने वाले समय में इसमें वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में निर्यात में गिरावट वैश्विक आर्थिक वृद्धि में नरमी है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात कई महीनों तक गिरने के बाद इस बार सितंबर में सुधरा है। सितंबर में इंजीनियरिंग निर्यात कुल 8.91 अरब डालर का रहा जो सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात 24.78 अरब डॉलर था, जबकि सितंबर 2022 में यह 24.33 अरब डॉलर था। सितंबर 2023 में गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण (सोना, चांदी और कीमती धातुओं का आयात 33.58 अरब डॉलर था जबकि एक साल पहले इसी माह इनका आयात 38.25 अरब डालर था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि में वाणिज्यिक निर्यात 211.40 अरब डॉलर था जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान इनके 231.73 अरब डॉलर के निर्यात से 8.77 प्रतिशत कम है।

इसी तरह अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि में वाणिज्यिक आयात 326.98 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-सितंबर 2022 के दौरान 372.56 अरब डालर का आयात हुआ था।

आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात के अंतर्गत 30 प्रमुख वर्गों में से 12 में निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा है। अच्छा निर्यात प्रदर्शन करने वाले इन क्षेत्रों में लौह अयस्क (8054.78 प्रतिशत), तेल भोजन (72.66 प्रतिशत), सिरेमिक उत्पाद और कांच के बर्तन (50.49 प्रतिशत), सूती धागे/फैब्स/मेड-अप, हथकरघा उत्पाद आदि (27.39 प्रतिशत), मांस, डेयरी और पोल्ट्री शामिल हैं। उत्पाद (19.4 प्रतिशत), अनाज की तैयारी और विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (17.65 प्रतिशत), तंबाकू (9.18 प्रतिशत), दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स (9.01

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और फलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

जी 20 एफएमसीबीजी की चौथी और अंतिम बैठक संपन्न

माराकेच (मोरक्को) 13 अक्टूबर (वार्ता) भारत की अध्यक्षता में जी 20 के तहत जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों (जी 20 एफएमसीबीजी) की चौथी और अंतिम बैठक आज यहां संपन्न हो गयी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान ही यहां इसका आयोजन किया गया था। इस बैठक में जी 20 एफएमसीबीजी ने बहुस्तरीय विकास बैंक (एमडीबी) को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया। इस बैठक में क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर जी20 रोडमैप भी अपनाने की घोषणा की गयी। इस बैठक में जी20 एफएमसीबीजी ने सर्वसम्मति से जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स कम्युनिके को अपनाया। एफएमसीबीजी द्वारा जारी कम्युनिके में कहा गया है कि जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा (एनडीएलडी) से मार्गदर्शन लेती है और नेताओं के शिखर सम्मेलन में बनी आम सहमति से काफी लाभान्वित हुई है।

कम्युनिके ने एमडीबी को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया है।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MUKESH KUMAR YADAV S/O PURSHOTTAMLAL YADAV resident of H NO-359 WARD NO-41 DUALAT ESTATE DAGANIYA RAIPUR 492010 (C.G.) have changed my old name MUKESH KUMAR YADAV S/O PURSHOTTAMLAL YADAV so in future I should be recognized by my new name that is MUKESH YADAV S/O PURSHOTTAMLAL YADAV in all Government and other documents.

MUKESH YADAV
H NO-359 WARD NO-41
DUALAT ESTATE DAGANIYA
RAIPUR 492010 (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHRADDHA PRADEEPKUMAR VAIDYA D/O PRADEEPKUMAR KRISHNA VAIDYA resident of R-27 VIJAY NAGAR CHOWK SEC-2 AVANTI VIHAR RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name SHRADDHA PRADEEPKUMAR VAIDYA D/O PRADEEPKUMAR KRISHNA VAIDYA so in future I should be recognized by my new name that is SHRADDHA PURANIK W/O HARSH VARDHAN PURANIK in all Government and other documents.

SHRADDHA PURANIK
R-27 VIJAY NAGAR CHOWK
SEC-2 AVANTI VIHAR RAIPUR
492001 (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAJWANT KAUR BATTH / BATTH RAJWANTKAUR JARNAILSINGH W/O TARANDEEP SINGH BUTTAR resident of FLAT NO. - 5/E, BLOCK NO. -1, KUBHER ENCLAVE, JUNWANI ROAD, MOTILAL NEHRU BHILAI DISTT. -DURG (C.G.) 490020 have changed my old name RAJWANT KAUR BATTH / BATTH RAJWANTKAUR JARNAILSINGH W/O TARANDEEP SINGH BUTTAR so in future I should be recognized by my new name that is RAJWANT KAUR BUTTAR W/O TARANDEEP SINGH BUTTAR in all Government and other documents.

RAJWANT KAUR BUTTAR
FLAT NO. - 5/E, BLOCK NO. -1,
KUBHER ENCLAVE, JUNWANI
ROAD, MOTILAL NEHRU BHILAI
DISTT. -DURG (C.G.) 490020

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NITESH KUMAR S/O KAILASH BHOSALE resident of 0979, KADAMBARI NAGAR. WARD.17. DURG (C.G.) have changed my old name NITESH KUMAR S/O KAILASH BHOSALE so in future I should be recognized by my new name that is NITESH BHOSALE S/O KAILASH BHOSALE in all Government and other documents.

NITESH BHOSALE
0979, KADAMBARI NAGAR.
WARD.17. DURG (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

ई.क्र./2023010110200019/अ-6/वर्ष 2023
ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखपाल सिंह गिल पिता एच.एस. गिल निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 46 भूखंड क्रमांक 13/15 का भाग खसरा नंबर 363/1, 373/1 का भाग रकबा 1820 वर्गफुट भूमि विक्रेता रमेश कुमार गोयल एच.यू.एफ. द्वारा कर्ता रमेश कुमार गोयल पिता स्व. मुंशीराम गोयल निवासी 09 जलाशय मार्ग चौबे कॉलोनी रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 21.03.2023 को स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 24.10.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय उप तहसील धरसींवा
जिला महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202309120300069/
अ-6-3 वर्ष 2022-2023
ग्राम खैरझिटी प.ह.नं. 24
तहसील व जिला महासमुंद छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार जैन पिता हुकुमचंद जैन निवासी ग्राम शैलेन्द्र नगर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खैरझिटी पटवारी हल्का नंबर 04 स्थित भूमि ख.नं. 1038 रकबा 1.21 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.21 हे. भूमि समस्त राजस्व रिकार्डों में आवेदक के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि एक पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.04.2011 के माध्यम से विक्रेता अशोक सतनामी पिता मन्नू लाल सतनामी से आवेदक द्वारा क्रय किया गया था जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्र. अ-1 ग्रंथ क्र. 50822 पृष्ठ क्र. 49 से 59 एवं दस्तावेज क्र. 968 देकर पंजीकृत किया गया था एवं ऋण पुस्तिका प्राप्त किया था किन्तु उक्त भूमि वर्तमान में त्रुटिवश शासकीय भूमि के रूप में दर्ज कर दिया गया है, जिसे दुरूस्त किया जाकर ऑनलाईन राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम भूमिस्वामी के रूप में दर्ज किया जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा आपत्ति हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 30.10.2023 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार तुमगांव

न्यायालय उप तहसील धरसींवा
जिला महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202309120300070/
अ-6-3 वर्ष 2022-2023
ग्राम खैरझिटी प.ह.नं. 24
तहसील व जिला महासमुंद छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सौम्या जैन पिता कमलचंद जैन निवासी ग्राम शैलेन्द्र नगर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खैरझिटी पटवारी हल्का नंबर 04 स्थित भूमि ख.नं. 1045/2, 1045/3, 1045/4 रकबा क्रमशः 2.000, 1.750, 2.000 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 5.750 हे. भूमि दानदाता कमलचंद जैन पिता हुकुमचंद जैन से आवेदक द्वारा प्राप्त किया गया था जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्र. अ-1 ग्रंथ क्र. 7702 पृष्ठ क्र. 17 से 28 एवं दस्तावेज क्र. 2849 देकर पंजीकृत किया गया था एवं ऋणपुस्तिका क्रमांक 2082889 प्राप्त किया था, किन्तु उक्त भूमि ख.नं. 1045/4 रकबा 2.000 वर्तमान में ऑनलाईन दर्ज नहीं है, जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के नाम पर दर्ज किया जावे।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा आपत्ति हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 30.10.2023 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार तुमगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/2022-2023
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 27.09.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोनी लाल मंडल पिता स्व. श्री मन्नु लाल मंडल निवासी शिवानंद नगर खमतराई तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक के पिता स्व. मन्नु लाल मंडल पिता स्व. श्री मनोहर मंडल के द्वारा विक्रेता श्री झुमुक लाल पिता दुलार निवासी खमतराई रायपुर वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की हक भूमि वाके मौजा ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 238/329 रकबा 1525 वर्गफुट अर्थात 0.014 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.04.2002 के माध्यम से क्रय कर दाखिल व काबिज हुआ है। आवेदक के पिता स्व. मन्नु लाल मंडल ने उपरोक्त भूमि को क्रय करने के पश्चात् विधिवत संबंधित पटवारी महोदय से नामांतरण कराया गया है जिसका नामांतरण क्रमांक 349 आदेश दिनांक 04.09.2003 जारी किया गया है जिसके अनुसार आवेदक के पिता को मेनुअल बी-1 खसरा नंबर ऋण पुस्तिका क्रमांक 2393140 प्रदान किया गया था। उक्त भूमि के खसरा नंबर 238/329 के ऑनलाईन भूईया में आवेदक के पिता जी का नाम दर्ज नहीं किया है जिसे न्यायहित में दर्ज किया जाना जरूरी है आवेदक के द्वारा उनके पिता स्व. मन्नु लाल मंडल के एक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 238/329 रकबा 1525 वर्गफुट अर्थात 0.014 हे. भूमि के ऑनलाईन भूईया में आवेदक अपने पिता जी का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19.10.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6 (अ)/2022-2023
ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 37
रायपुर, दिनांक 11.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशुतोष स्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर विरेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता स्व. सोहन लाल निवासी डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के समक्ष अपने अधिवक्ता श्री बी. केशरवानी के माध्यम से आवेदन-पत्र वास्ते धारा 115 भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 1766 खसरा नंबर 317/16 रकबा 0.147 हे. खसरा नंबर 319/1 रकबा 0.081 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.228 हे. याने 24542 वर्गफुट आवेदक के द्वारा हक हित, आधिपत्य व कब्जे की भूमि है। उक्त भूमि से संबंधित बी-1 में आवेदक फर्म का नाम लिपिकीय त्रुटिवश आशुतोष स्ट्रक्चर्स प्राय.लिमि. दर्ज हो गया है जबकि आवेदक फर्म का सही नाम श्री आशुतोष स्ट्रक्चर्स प्राय.लिमि. है। आवेदक फर्म से संबंधित अन्य विधिक दस्तावेजों में आवेदक फर्म का सही नाम श्री आशुतोष स्ट्रक्चर्स प्राय. लिमि. दर्ज है। अतः आवेदक फर्म के द्वारा आवेदित प्रश्नाधीन भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों हुए त्रुटि को संशोधित किया जाकर आशुतोष स्ट्रक्चर्स प्राय. लिमि. के स्थान पर श्री आशुतोष स्ट्रक्चर्स प्राय.लिमि. दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.10.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

ई-कोर्ट मा.क्र./202310111500012/
अ-6/वर्ष 2022-2023
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 11.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रोहित कुमार साहू पिता स्व. श्री गुलाब राम साहू निवासी शीतला पारा रायपुर छ.ग., गायत्री साहू पति श्री दिलीप निवासी पुरानीबस्ती सरगांव जिला रायपुर छ.ग., राजेश्वरी साहू पति ईश्वर साहू निवासी लालपुर रायपुर जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 835/9 का भाग रकबा 175 वर्गफुट को विक्रेता महावीर प्रसाद पिता प्रभूराम साहू निवासी चिरहुलडीह रायपुर छ.ग. से पंजीकृत बैनामा दिनांक 19.06.2006 के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया था इसके पूर्व विक्रेता महावीर प्रसाद द्वारा उक्त संपत्ति को पूर्व विक्रेता लखन सिंह पिता राम भरोसा क्षत्रीय निवासी चिरहुलडीह रायपुर छ.ग. से पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.03.1974 के माध्यम से क्रय किया था। आवेदकगण की माता स्व. श्रीमती खेदिया बाई की मृत्यु दिनांक 21.11.2019 को हो चुकी है तथा आवेदकगण के पति स्व. गुलाब राम साहू की मृत्यु दिनांक 04.12.1998 को हो चुकी है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है। आवेदकगण श्रीमती खेदिया बाई के विधिक उत्तराधिकारी है। इस प्रकार उक्त आवेदित भूमि में आवेदकगण उत्तराधिकारी के रूप में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा आपत्ति हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 30.10.2023 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
सूचना-पत्र

क्रमांक/क/वाचक/तह./2023
रायपुर, दिनांक 13.10.2023
प्रति,
धनसिंग पिता भोंदू राम निवासी वार्ड नंबर-8 ग्राम दतरेंगा रायपुर छ.ग. द्वारा मु. आम श्री योगेश वर्मा पिता श्री शिव वर्मा निवासी मार्बल मार्केट छ.ग.
विषय-ई कोर्ट क्रमांक/आर.डी./20222344072700 0072/अ-6/वर्ष 2022-2023 पक्षकार पिन्टू राय एवं अन्य विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन ग्राम दतरेंगा प.ह.नं. 84 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदकगण श्री पिन्टू राय पिता श्री प्रफूल्लचंद राय, श्रीमती गौरी राय पति श्री पिन्टू राय दोनों निवासी ममता किराना स्टोर्स अम्बेडकर चौक छत्तीसगढ़ नगर रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम दतरेंगा प.ह.नं. 84 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 287/4 रकबा 1120 वर्गफुट भूमि को विक्रेता धनसिंग पिता भोंदूराम निवासी वार्ड नंबर-8 ग्राम दतरेंगा रायपुर छ.ग. द्वारा मु. आम श्री योगेश वर्मा पिता श्री शिव वर्मा निवासी मार्बल मार्केट छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31.12.2020 को क्रय किया है। अतः आवेदकगण द्वारा विक्रेता का नाम विलोपित कर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आपत्तिकर्ता/भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 31.10.2023 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00073 देवपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440 725700009

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00073 के अंतर्गत ग्राम देवपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनुराम साहू पिता/पति बुधुराम साहू पता देवपुरी, कमला साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी, गोपाल कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी, संतोष कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी, दसरूराम साहू पता देवपुरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 144/7 0.0160 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दसरूराम साहू पिता/पति बुधराम साहू पता देवपुरी, गोपाल कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी, पुरूषोत्तम साहू, करन कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनुराम साहू पता गांधी चौक देवपुरी रायपुर, उमेश कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी, संतोष कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी, कमला साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता देवपुरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00052 चिरहुलडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440 722700083

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00052 के अंतर्गत ग्राम चिरहुलडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रामाधार पिता गजानंद शर्मा पिता/पति समता कालोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 537/2 0.0220 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री अंकित शर्मा पिता/पति रामाधार शर्मा पता म.नं. 365 समता कॉलोनी रायपुर, श्रीमती शालिनी शर्मा पिता/पति श्री रामाधार शर्मा पता म.नं. 365 समता कॉलोनी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244407 26600005

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी कलीराम पिता/पति-पिता हलालू पता सा. देह पी-139664 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 173/6 0.0400, 173/9 0.0200 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती संगीता साहू पिता/पति श्री जिनेन्द्र साहू पता वार्ड नंबर 06 भाठापारा सुंदरकेरा रायपुर, श्रीमती रामेश्वरी साहू पिता/पति श्री सुरेन्द्र साहू पता 716 घनश्याम चौक साहूपारा भाठागांव रायपुर, श्री गोविंदा साहू पिता/पति स्व. श्री कलीराम साहू पता 244 शीतला पारा बोरियाखुर्द रायपुर, पार्वती साहू पिता/पति स्व. श्री गोविंद साहू पता शीतलापारा बोरियाखुर्द रायपुर, श्रीमती राधिका साहू पिता/पति श्री कोमल साहू पता 207 दुर्गा चौक लालपुर रायपुर, श्रीमती मुन्नी साहू पिता/पति श्री कमलेश साहू पता 151 दुर्गा मंदिर के पास अमलीडीह रायपुर, पुजा साहू पिता/पति स्व. श्री गोविंद साहू पता शीतलापारा बोरियाखुर्द रायपुर, श्रीमती शांति बाई साहू पिता/पति स्व. श्री रमेश साहू पता 244 शीतलापारा बोरियाखुर्द रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-63045031 02023024

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी आरती दावड़ा पिता/पति गोपाल दावड़ा पता आई-12 आर.डी.ए. कॉलोनी टिकरापारा रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 300/39 0.0093 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रीति ठाकुर पिता/पति मुकेश कुमार ठाकुर पता आमातालाब बगीचा पारा रामकुण्ड रायपुर छ.ग., मुकेश कुमार गोंड पिता/पति स्व. अमर सिंह ठाकुर पता आमतालाब बगीचा पारा रामकुण्ड रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00081 धनेली दो ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244407 26500001

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00081 के अंतर्गत ग्राम धनेली-दो के वर्तमान भूमिस्वामी दयाराम पिता/पति मंशाराम, घनश्याम, भूषण पिता/पति स्व. मयाराम पता, ना.बा. डगेश्वर साहू पिता/पति स्व. मयाराम साहू वली मां रमा बाई पता , श्रीमती रमा बाई साहू पिता/पति स्व. मयाराम साहू पता लालपुर जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 250/8, 0.2410, 250/12 0.2430, 281/3 0.7490, 349/6/2 0.4860 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता डागेश्वर साहू पिता/पति-पिता श्री मयाराम साहू पता लालपुर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00025 कुहेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244402 05500002

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00025 के अंतर्गत ग्राम कुहेरा के वर्तमान भूमिस्वामी अश्वनी पिता/पति रामकिसुन विश्वकर्मा पता सा. देह, छबि राम पिता/पति रामकिसुन विश्वकर्मा पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 658/1 0.0200 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीला बाई साहू पिता/पति गोवर्धन साहू पता रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072260 0010

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी ओम गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष राम खिलावन शर्मा पिता/पति बी.पी. पुरानीक पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1175/6 0.0036 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती शीला तिवारी पिता/पति बसंत कुमार तिवारी पता प्रतिभा तिवारी पिता/पति स्व. बसंत कुमार तिवारी, प्रणव तिवारी पिता/पति स्व. बसंत कुमार तिवारी, प्रज्ञा तिवारी पिता/पति स्व. बसंत कुमार तिवारी पता ओम सोसायटी सुंदर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा,
जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202310110300014/
अ-6 वर्ष 2022-2023
ग्राम नेवरा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. तिल्दा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश चौबे पिता येमन कुमार निवासी रायपुर द्वारा ग्राम नेवरा प.ह.नं. 18 स्थित भूमि खसरा नंबर 146/30 रकबा 0.012 हे. से खातेदार अहिल्याबाई पति चंद्रिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक 11.10.1996 हो जाने के कारण मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख में विलोपित कर उनके वारिसान योगेश चौबे, मनीष चौबे, पिंकी उर्फ मधुबाला पिता स्व. येमन कुमार, रूखमणी पति स्व. येमन कुमार, आयुषी त्रिपाठी, आस्था त्रिपाठी, अनुष्ठका त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी पिता रविशंकर त्रिपाठी का नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 30.10.2023 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार तिल्दा-नेवरा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
नोटिस

क्रमांक/515/क/भू.अ./2023
अभनपुर, दिनांक 11.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती शिखा सूद पति अजय सूद, श्रीमती वीना कौर पति श्री गुरदीप सिंग निवासी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश कर ग्राम कोलर प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 36/4 रकबा 0.027 हे. भूमि आवेदकगण की रजिस्ट्री बैनामा से क्रय की गई भूमि है। जो भारतमाला परियोजना के अंतर्गत दुर्ग-रायपुर बॉयपास फोरलेन सड़क निर्माण में अर्जित की गई है। क्रय की गई भूमि में रजिस्ट्री बैनामा एवं बी-1 में आवेदकगण के अतिरिक्त किसी अन्य का नाम दर्ज नहीं है। आवेदकगण के उल्लेखित भूमि में निर्धारित मुआवजा राशि के साथ त्रुटिवश नरेन्द्र कुमार पिता बंशीलाल निवासी कोलर का नाम भी शामिल हो गया है। जिसे विलोपित किये जाने का निवेदन आवेदकगण द्वारा किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 27.10.2023 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर

NAME CHANGE

This Is to Be Informed to The General Public That. I VINAY LUNIA (VINAY KUMAR LUNIA) S/O Mr.GYANCHAND LUNIA, AGE 59 YEARS. Resident of 7, Mandir Path, Choubey Colony, Raipur 492001, Chhattisgarh. Have Changed My Old Name VINAY LUNIA to VINAY KUMAR LUNIA.

So In the Future, I Should Be Recognized By My New Name That Is VINAY KUMAR LUNIA S/o MR. GYANCHAND LUNIA. In All Government and Other Documents.

VINAY KUMAR LUNIA
Add.: 7, Mandir Path,
Choubey Colony, Raipur
492001, Chhattisgarh

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 13477/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 13/10/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना के क्रमांक 04 (कमल विहार) योजनांतर्गत चैतन्य ठक्कर पिता श्री जयसुख लाल ठक्कर (चंदाराणा) को व्यवसायिक प्रयोजन (सी.बी.डी.) भूखण्ड क्रमांक ए-140 सी-04 क्षेत्रफल 1162.50 वर्गफुट सेक्टर 7 बी में आबंटित है। क्रेता राजकुमार बजाज पिता श्री धन्नुमल बजाज निवासी ए-35 गायत्री नगर शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 31.08.2023 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से प्राप्त कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 13.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 13444/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 13/10/23

प्राधिकरण की मठपुरैना योजना के अंतर्गत श्री मोहम्मद फिरोज पिता श्री मोहम्मद इस्माईल को भूखण्ड क्रमांक 317 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ...... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 13443/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 13/10/23

प्राधिकरण की मठपुरैना योजना के अंतर्गत श्री शेख रसूल पिता श्री शेख हुसैन को भूखण्ड क्रमांक 57 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ...... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 13445/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 13/10/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 (कौशल्या माता विहार) योजना के अन्तर्गत श्री दीपक अग्रवाल पिता श्री तिलक राम अग्रवाल द्वारा सेक्टर 8 ए में भूखण्ड क्रमांक बी-101 क्षेत्रफल 102.50 वर्गमीटर फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 06.10.2023 को क्रेता श्री अमरजीत सिंह गुरूदत्ता पिता श्री जसवंत सिंह निवासी ग्लोरियस स्कूल के पास कृष्णा नगर रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री अमरजीत सिंह गुरूदत्ता पिता श्री जसवंत सिंह द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अतः उक्त भूखण्ड के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 13.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संतोष कुमार रोहड़ा पिता गुरनामल रोहड़ा निवासी मकान नं. जे-51 वार्ड नं. 10 जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492009 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम संतोष कुमार रोहड़ा को त्याग कर नया नाम संतोष रोहड़ा पिता गुरनामल रोहड़ा रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम संतोष रोहड़ा पिता गुरनामल रोहड़ा से ही जाना पहचाना जावे।

संतोष रोहड़ा पिता गुरनामल रोहड़ा
निवासी मकान नं. जे-51 वार्ड नं. 10
जनता कॉलोनी, गुढ़ियारी रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
पिन-492009

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 9382/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 19/10/23

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर योजनांतर्गत श्रीमती स्वीटी नेमानी पति श्री राजेश नेमानी द्वारा जनता मकान क्रमांक 665 क्षेत्रफल 316.77 वर्गफुट की-होल्ड पर धारित है। आंबटिती द्वारा मकान का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 17.02.2020 को प्राप्त कर उक्त मकान का विक्रय क्रेता श्री सुरेश विश्वकर्मा पिता श्री गजाधर विश्वकर्मा निवासी कृष्णा नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. को दिनांक 07.03.20022 को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त मकान हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान का नामांतरण के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समय उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जायेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक 19.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, FARIDA BEGAM W/o ABDUL AZIZ resident of 246, SANTOSHI NAGAR NEAR MASJID, RAIPUR (C.G.) have changed my old name FARIDA BEGUM, so in future I should be recognized by my new name FARIDA BEGAM in all Government and other documents.

OATH TAKEN
FARIDA BEGAM
246, SANTOSHI
NAGAR NEAR MASJID
RAIPUR (C.G.)

दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

खरोरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शक्ति की भक्ति का महापर्व चार शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो रहे हैं। लिहाजा, तैयारियां भी जोरशोर से चल रही है। क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में रंगरोगन के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों में भी बड़े-बड़े पंडाल तैयार हो रहे हैं। वहीं मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित करने भी पंजीयन शुरू हो गई है। नवरात्र पर्व को लेकर भक्तों में भी खासा उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इधर, मूर्तिकार भी माँ दुर्गा के प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। रंगरोगन के साथ-साथ साज सज्जा का काम भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस बार भी विभिन्न स्वरूप में माता रानी आकार ले रही है। पांच से आठ फीट तक की मूर्ति मूर्तिकार बना रहे हैं। सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में हर साल की तरह बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं इस बार भी विराजित की जाएगी। ऐसे में तैयारियां अंतिम चरण में है। मूर्तिकारों की मानें तो इस साल भी मूर्तियों के आर्डर पिछले साल की तरह अधिक है। दूर-दूर से बुकिंग के लिए आर्डर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार भी मूर्तियों में महंगाई का असर बरकरार है। बंगाली के मूर्तिकार हीरीलाल चक्रधारी ने बताया कि, रंगरोगन सहित साज सज्जा के सामान महंगा होने से मूर्तियों की कीमत में भी बढ़ोतरी हो गई है। मिट्टी, रंग, कारीगर सहित विभिन्न सामानों के दाम अधिक होने से मूर्ति बनाने में लागत अधिक आ रही है। इसलिए मूर्तियों के कीमत भी कुछ अधिक है। उन्होंने बताया कि, पेंटिंग के लिए बाहर से मजदूर बुलाना पड़ता है इसलिए, मूर्तियां बनाने में काफी ज्यादा खर्च करना पड़ता है। अब वर्कर भी नहीं मिलते हैं।

मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देते हुए मूर्तिकार

नवरात्र की तैयारियां शुरू

नवरात्रि के लेकर सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति वालों की तैयारियां अभी चल रही है। एक दिन पहले दुर्गा प्रतिमाओं को ले जाएंगे उसके बाद 15 अक्टूबर को विधि-विधान से स्थापित करेंगे। इधर, समिति वालों का कहना है कि, नवरात्रि सीजन में महंगाई बरकरार है। पूजा सामान, सजावटी सामान सहित मूर्तियों के दाम भी इस बार बढ़ा हुआ है। फिर भी भक्तों की भक्ति और उत्साह में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं दिख रही है। बल्कि बढ़े हुए दामों में ही भक्त आर्डर दे रहे हैं। वहीं इस बार भी विभिन्न गांवों में नवरात्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य आयोजन आयोजित होगा। पूरे नौ दिनों तक जसगीत की धूम रहेगी।

हाथी पर सवार होकर आ रही है माता रानी: इस बार शारदीय नवरात्र में माता हाथी रानी पर सवार होकर धरती पर पधारे की यह एक शुभ संकेत है। इस वर्ष सर्वत्र संपनता रहेगी और देश में अच्छी वर्षा होने की भी संभावना है।

नवरात्रि की पूजा तिथियां

15 अक्टूबर घट स्थापना शैलपुत्री पूजा 16, अक्टूबर ब्रह्मचारी पूजा, 17 अक्टूबर चंद्रघंटा पूजा, 18 अक्टूबर कुष्मांडा पूजा, 19 अक्टूबर स्कंदमाता पूजा, 20 अक्टूबर कात्यायनि पूजा, 21 अक्टूबर कालरात्रि पूजा, 22 अक्टूबर दुर्गा अष्टमी महागौरी पूजा, 23 अक्टूबर महाअष्टमी हवन, 24 अक्टूबर विजयदशमी नवरात्रि पारण दुर्गा विसर्जन।

बिजली की आंख-मिचौली से किसान हो रहे परेशान

खरोरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान संघ, सुहेला तहसील क्षेत्र के अटल जीवन ज्योति योजना से जुड़े पंप किसान अनियमित बिजली कटौती से बहुत परेशान हैं बिजली कटौती के विरोध में आज विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज साहू को ज्ञापन सौंपा। धान निकलने को है ऐसे में खेतों में पानी की कमी हो रही है, खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रहा है बिजली विभाग की कटौती के कारण खेत सुखने के कगार पर है। किसानों ने अपनी ओर सारी मेहनत खरीफ की खेती के लिए दी है और बिजली कटौती सारा सत्यानाश करने पर आमादा है सूत्रों से जानकारी मिला की लगभग 2 माह से दिन में 10 से 15 बार तक से बिजली बंद चालू होता है व्यापारी वर्ग, किसान, स्कूल के विद्यार्थी बहुत परेशान हो चुके है।

किसानों का कहना है यदि किसानों की फसल को नुकसान पहुंचता है तो इसकी पूरी जवाबदारी विभाग की होगी एवं इसका हर्जाना विभाग को देना होगा। इस ज्ञापन के पश्चात् भी इसमें सुधार नहीं हुआ तो भारतीय बार बार बिजली बंद को लेकर ज्ञापन सौंपा है किसान संघ बिजली विभाग का घेराव करेगा। कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि भारतीय किसान संघ छत्तिसगढ़ के तरफ से ज्ञापन मिला है ने कहा अटल ज्योति 5 से 11 बंद करने का उच्च अधिकारियों का आदेश है बात ऊपर रखा जाएगा, बिजली बंद करने से पहले परमिशन लेते है बार बार बिजली बंद होने की समस्या वीसीडी रिप्लेस कर दिया है कल से परेशानी नहीं होगी। ज्ञापन सौंपने में भारतीय किसान संघ, बलौदा बाजार के जिला संयोजक दिनेश्वर वर्मा, सुहेला तहसील के अध्यक्ष नंदू वर्मा, मंत्री प्रीतम साहू, उपाध्यक्ष सुखनंदन नायक, रिकेश साहू, जीवन साहु, राजेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

घरों से लेकर बाजारों तक चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान

बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज जिले के विभिन्न गांवों जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गयी है। बिहान से जुड़े महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आज ग्राम पंचायत मुड़पार में बाजारों एवं दूकानों में पहुँचकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किए। इसी तरह ग्राम खम्हरिया मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम रसेड़ा, बलौदी, गिधपुरी में शपथ एवं मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम अमेरा, सुहेला में स्वीप महेंदी एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। इस दौरान जनपद पंचायत के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी गण, महिला स्व सहायता समूह

सहायक व्यय प्रेक्षक-व्यय अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण

महासमुंद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में जिले के चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षक एवं व्यय अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि व्यय लेखा समिति का कार्य बहुत ही सावधानी से करना है। विभिन्न माध्यमों से जो भी सूचनाएं आप तक पहुंचेगी उनका समय पर विधिवत् लेखांकन करना होगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने भी सभी टीमों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी पॉवर पॉईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि सहायक व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में कार्य करता है। वहीं लेखा टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, एसएसटी, एफ़एसटी, एमसीएमसी आदि के आधार पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए रखे गए छाया प्रेक्षण रजिस्टर में व्ययों का लेखा किया जाएगा। नामांकन तिथि से मतदान दिवस तक कम से कम दो बार प्रत्येक अभ्यर्थियों को अपने व्यय रजिस्टर की जांच बिल वाउचर सहित लेखा टीम से कराना होगा तथा परिणाम घोषणा के 30 दिवस के अंदर सार संलग्नक के साथ अंतिम जांच के लिए उपस्थित होना होगा। छाया प्रेक्षण रजिस्टर में उम्मीदवारों द्वारा किए गए जनसभा, रैली, विज्ञापन, पोस्टर, बैनर, वाहन आदि के समस्त व्ययों को लिखा जाएगा। वीडियो निगरानी टीम द्वारा अभ्यर्थियों के द्वारा आयोजित सभा रैली आदि का वीडियो बनाया जाएगा। जिसे वीडियो अवलोकन टीम द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर लेखा समिति के पास क्यू सीट भरकर जमा किया जाएगा।

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
परिवाद क्रमांक सी.सी./2022/249
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक/परिवादी श्री दामोदर सुप्रे आ. श्री दामोदर काशीराम सुप्रे उम्र लगभग 47 वर्ष निवासी प्लाट नं. 36 स्ट्रीट नं. 6/ए मैत्री नगर फेस-5 ए रिसाली सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

बनाम

अनावेदक 1. शाखा प्रबंधक ब्रांच ऑफिस रिसाली (2684) सहारा इंडिया परिवार आजाद मार्केट विजय भवन रिसाली भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490006

आवेदक/परिवादी ने अनावेदक के विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत रू. 10, 00,000 मय ब्याज एवं मानसिक क्षति के लिए परिवाद प्रस्तुत किया है आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप प्रकाशन की तिथि के 30 दिवस के अंदर/पेशी दिनांक 06.11.2023 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात होकर अपना पक्ष मय शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेज की सूची के साथ अपने लिखित प्रतिरक्षा के साथ पेश करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को या उसके पूर्व या समंस तामिली के 30 दिवस के अंदर इस जिला आयोग में उपसंजात नहीं होंगे तो परिवाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2023 को जिला आयोग की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ/6 वर्ष 2022-23
ग्राम-भरतपुर प.ह.नं. 20

एतद् व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदकगण प्रशांत कुमार अग्रवाल पिता अश्विनी कुमार अग्रवाल वगै निवासी ग्राम भरतपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार ग्राम भरतपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम भरतपुर प0ह0न0 20 रा0नि0म0 खम्हरिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाजार-भाटापारा छ0ग0 में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर - 42, 125, 206, 370, 372, 536/ 1 552, 570/1 590, 593, 603, 631/1, 633/1, 650, 653, 661, 679, रकबा क्रमशः 0.0320, 0.0730, 0.0160, 0.0610. 0.1210, 4.4190, 2.0230, 5.2610, 1.6720, 1.2500, 0.5630, 4.8640, 1.3390, 0.2710, 0. 4820, 0.0690 16110 है. कुल खसरा नंबर 17 योग रकबा 24.1270 हे. लगान 16.24 रू. राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी अश्वनी कुमार अग्रवाल पिता आदित्य प्रसाद अग्रवाल के नाम पर सामिल सरीक दर्ज है। जिसकी मृत्यु दिनांक 07.04.2022 को हो चुकी है। उपरोक्त भूमि को अश्वनी कुमार अग्रवाल द्वारा अपने जीवनकाल में आवेदकगण के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा विलेख के आधार पर आवेदकगण के नाम से नामांतरण किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 20/10/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्तसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 20/10/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 6/10/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से सहित जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार भाटापारा

न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क. 202309211100159/
अ-20 (3) वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण लाल साहू पिता गनपत लाल साहू निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 6-अ, प्लाट नंबर 63/2, क्षेत्रफल 30 वर्गमीटर, निर्धारण 7.50 रूपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक गणेश राम पिता परसराम साहू के एकल नाम पर दर्ज है। धारक गणेश राम पिता परसराम साहू कि मृत्यु दिनांक 15/12/2010 को एवं उनकी पत्नी खखरा बाई पति गणेश राम साहू कि मृत्यु दिनांक 15/12/2010 को नि:संतान हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनका नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान गोदपुत्र आवेदक के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मेंटेनेंस खसरा प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 15/10 /2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी भाटापारा

प्रपत्र सं IV {नियम 5 का उप-नियम 2(क) देखें}
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के नियम 2(क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर
797-II, शान्तिकुंज, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (मध्य प्रदेश)-482001
वाद सं. ओ.ए. सं. 1123/2022

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ....आवेदक
बनाम
धर्मेन्द्र सिंह गोध ....प्रतिवादी
पुत्र श्री राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी सी-9/19, हर्षित रत्न, हीरापुर, टाटीबंध, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
अन्य पता : मकान नंबर 101, राजा पारा, वार्ड नंबर 3, शक्ति, जांगीर चम्पा, छत्तीसगढ़
जबकि, ओए नंबर 1123/2022 माननीय पीठ अधिकारी के समक्ष 28-09-2022 को सूचीबद्ध किया गया था।
जबकि, माननीय न्यायाधिकरण रू. 28,55,439/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है। (आवेदन, दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित एतद्सह संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादीगण को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :-
(प) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत मंजूर क्यों नहीं की जाए। (पप) आवेदक द्वारा आवेदन के क्रमांक 3-क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें। (पपप) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3-क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है (पअ) आप किसी भी आस्ति, जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है, तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3-क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना, नहीं करेंगे (अ) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री से प्राप्त होने वाली राशियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 06-11-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 03-10-2023 को दिया गया।
रजिस्ट्रार, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
//बिजली बंद की सूचना//
क्र.कार्य / नवा/ सं / प्रका/ 4487 नवा रायपुर दिनांक 13/10/23
सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 केव्ही लाईनों एवं उपकेन्द्रों में दीपावली पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे दिये गये तिथियों में प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

दिनांक / दिन	33 केव्ही / 11 केव्ही लाईन/ उपकेन्द्र	प्रभावित क्षेत्र
16.10.23 सोमवार	33/11 केव्ही उपकेन्द्र, भेलवाडीह 33 केव्ही अभनपुर-भेलवाडीह	33/11 केव्ही उपकेन्द्र भेलवाडीह से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर से संबंधित समस्त ग्राम एवं उपकेन्द्र / फीडर से जुड़े समस्त उच्चदाब उपभोक्ता
17.10.23 मंगलवार	33/11 केव्ही उपकेन्द्र, अभनपुर	अभनपुर शहर एवं 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अभनपुर से निकलने वाले समस्त 33 केव्ही एवं 11 केव्ही फीडर से संबंधित समस्त ग्राम एवं समस्त उच्चदाब उपभोक्ता
18.10.23 बुधवार	11 केव्ही सिवनी-सिंगारभाठा फीडर	केन्द्री, बिरोदा एवं सिंगारभाठा
19.10.23 गुरुवार	11 केव्ही अभनपुर-चंडी फीडर	चंडी रोड, अभनपुर
20.10.23 शुक्रवार	33 केव्ही अभनपुर-बेलभाठा फीडर	33/11 केव्ही उपकेन्द्र बेलभाठा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर से संबंधित ग्राम एवं उच्चदाब उपभोक्ता
21.10.23 शनिवार	11 केव्ही मानिकचौरी - गातापार फीडर	ग्राम-गातापार एवं खोला
25.10.23 बुधवार	11 केव्ही अभनपुर-[illegible] फीडर	[illegible]
26.10.23 गुरुवार	11 केव्ही सेक्टर 40- आई.आई.आई.टी. फीडर	ग्राम-उपरवारा, [illegible] केन्द्री
27.10.23 शुक्रवार	33 केव्ही पार्क ग्रीन फीडर	पार्कग्रीन कॉलोनी
30.10.23 सोमवार	11 केव्ही तूता - फीडर नं.9	[illegible]

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।
(एस.के. गुप्ता)
कार्यपालन यंत्री (सं / सु) संभाग
छ.रा.पा.डि.कं.लि., न.रायपुर
"बिजली की बचत करें," "स्वहित एवं राष्ट्रहित मे ऊर्जा बचाये"

टाटा कैपिटल फायनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 11वां तल, टावर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सीआईएन : यू67100एमएच2010पीएलसी210201

सार्वजनिक सूचना – प्रतिभूत आस्ति की बिक्री के लिए निविदा सह ई-नीलामी
खपरिशिष्ट प्ट-ए, (नियम 8(6) का परंतुक देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से निम्नवर्णित कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड, प्रत्याभूत क्रेडिटर, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, यहां नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है आधार" एवं "जैसी है जो है तथा जो कुछ भी वहां है और अन्य कोई उपाय नहीं" आधार पर बेची जाएगी।

कर्जदार(रों)/ सह- कर्जदार(रों)/ गारंटरों का नाम ऋण खाता सं. 3190791 तथा 3295003	प्रतिभूत आस्ति(यों) का विवरण ज्ञात ऋणभारों, यदि कोई, सहित	कुल बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा (ईएमडी)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी द्वारा बिक्री की तिथि एवं समय	ईएमडी एवं केवाईसी जमा करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय
1. गुप्ता कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) 2. श्री पदमेश गुप्ता (गारंटर) 3. श्रीमती अनुराधा गुप्ता (गारंटर) 4. गुप्ता इन्फ्रास्ट्रक्चर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (बंधकदाता)	प्लॉट का वर्णन जिस पर निम्नवर्णित यूनिट्स बंधक हैं : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमाप 23,082 वर्ग मीटर (लगभग 5.70 एकड़) स्थित खसरा नंबर 515 का भाग, ग्राम रायपुर खास, पी. एच. नंबर 106ए तथा खसरा नंबर 117/2, 136/1, ग्राम पंडरी और पटवारी हलका नंबर 109, एमसी के शहीद हेमूकलानी वार्ड नंबर 35 के भीतर, रायपुर सिटी तहसील और जिला – रायपुर (सी.जी.) और चौहद्दी निम्नानुसार :- उत्तर : आरक्षित भूमि, दक्षिण : प्रस्तावित 50 मीटर चौड़ी रोड, पूरब : 18 मीटर चौड़ी रोड और अपेक्स बैंक, पश्चिम : 24 मीटर चौड़ी रोड 1. प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया परिमाप 15334.50 वर्ग फीट (दुकान नंबर 121) प्रथम तल पर उपलब्ध चार्जेबल एरिया तथा होटल ब्लॉक परिमाप 25,693.43 वर्ग फीट जिसमें संगत होटल के रास्ते/कॉरीडोर्स शामिल हैं उक्त मॉल में तृतीय तल पर चार्जेबल एरिया के रूप में, जो ऊपर अधिक स्पष्ट रूप से वर्णित उक्त प्लॉट पर स्थित है। 2. प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया परिमाप 11,546.03 वर्ग फीट (दुकान नंबर 112बी) प्रथम तल पर उपलब्ध चार्जेबल एरिया के रूप में, जो ऊपर अधिक स्पष्ट रूप से वर्णित उक्त प्लॉट पर स्थित है।	रू. 146, 41, 62, 913.70 (रूपए एक सौ छियालीस करोड़ इकतालीस लाख बासठ हजार नौ सौ तेरह तथा पैसे सत्तर मात्र) 05-06-2023 तक बकाया 06-06-2023 से वसूली तक आगे ब्याज, लागतों, प्रभारों इत्यादि सहित	सुरक्षित मूल्य रू. 24,31,00,000/- (रूपए चौबीस करोड़ इकतीस लाख मात्र) ईएमडी रू. 2,43,10,000/- (रूपए दो करोड़ तेतालीस लाख दस हजार मात्र)	प्राधिकृत अधिकारी श्री सुभाष टोप्पो, मोबाइल नंबर 88796 05610 के साथ भेंट का समय पूर्व निर्धारित करते हुए 16-11-2023 को अथवा पूर्व किसी भी कार्यदिवस को पूर्वा. 10 बजे से अप. 5 बजे के बीच	17-11-2023 अप. 2.00 बजे से अप. 6.00 बजे के बीच	16-11-2023 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6.00 बजे के बीच

बंधक सम्पत्ति के संबंध में ज्ञात देयताएं/ऋणभार, यदि कोई : रायपुर विकास प्राधिकरण तथा रायपुर नगर निगम से मांग सूचना अन्य सामान्य अनुरक्षण खर्चों, वार्षिक भूमि किराया, म्युनिसिपल कर एवं बीमा प्रभार सहित, जिनका विस्तृत विवरण टीसीएफएसएल के प्राधिकृत अधिकारी से पूछा जा सकता है।
ऑनलाइन नीलामी ई-नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शनटाइगर) की वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सम्पन्न होगी।
निरीक्षण, नीलामी के नियम एवं शर्तों, निविदा जमा करने के संबंध में किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी श्री सुभाष टोप्पो, ई-मेल – subhash.toppo@tatacapital.com तथा मोबाइल नंबर 88796 05610 से सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास आगे कोई कारण बताए बिना किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रत्याभूत क्रेडिटर की वेबसाइट नामतः www.tatacapital.com में उपलब्ध करवाया गया लिंक : https://bit.ly/3tBzRPq देखें।
यह उपरोक्त तिथि को बिक्री आयोजित करने के बारे में कर्जदार/गारंटर(रों)/बंधकदाता को सूचित करने के लिए सरफासी ऐक्ट, 2002 के प्रावधानों के तहत 30 दिन का अनिवार्य नोटिस भी है।

तिथि : 14-10-2023
स्थान : रायपुर
हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/193/ना.तह./वा./2023
सण्डी दिनांक 12.10.2023
रा.प्र.क्रं. 20230921020085
अ/6 (अ) वर्ष 2022-23
प.ह.नं. 16 ग्राम हरिनभटठा

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम पिता लिलीराम जाति कंवर निवासी हरिनभटठा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम हरिनभटठा प.ह.नं. 16 स्थित भूमि वर्ष 1993-94से 1997-98 तक ख.नं. 1926 रकबा 0.454 हे. भूमि दर्ज होकर देवंतीन बेवा शिवलाल कंवर के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि त्रुटिवश टिकाराम पिता बृजलाल कंवर के नाम पर दर्ज हो गया है। वर्तमान में देवंतीन बेवा शिवलाल की फौत हो चुका है जिसका कोई वारिसान नही है। वारिसान केवल आवेदक हरिराम पिता लिलीराम कंवर है। उक्त भूमि में त्रुटि सुधारकर टिकाराम पिता बृजलाल का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1 खसरा की कापी संलग्न कर प्रस्तुत किया है जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक 20.10.2023 तक दावा आपत्ति कर सकते है। नियत तिथि के बाद पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्रं./202309120401064
अ/2 वर्ष 2022-2023
ग्राम बल्दीडीह, प.ह.नं. 57
रा.नि.मं. पिथौरा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधाबाई भारद्वाज पति तिहारू जाति सतनामी निवासी ग्राम छुईहा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बल्दीडीह प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. पिथौरा तहसील पिथौरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 321/1, 335/1 रकबा क्रमशः 0.10, 0.06 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा बी-1 के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 16.10.2023 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकार (रा.) पिथौरा

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/क्यू/का.पा.द./वा-2/2023
सिमगा दिनांक 06.10.2023
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 07 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिरझु राम ध्रुव पिता लतेल ध्रुव निवासी ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 07 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक की मां मेहतरीन बाई ध्रुव पति लतेल ध्रुव का मृत्यु दिनांक 15.10.2009 को ग्राम ढाबाडीह में होने पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत ढाबाडीह में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 25.10.2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दंडाधिकारी सिमगा

न्यायालय-द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर (छ.ग.)
प्रकरण क्रमांक 91/2023
प्रोसेस क्रमांक 2861
पेशी दिनांक 16.11.2023
धनेन्द्र कुमार चंद्राकर — आवेदक
विरूद्ध
मुनेश कुमार तिवारी व अन्य — अनावेदकगण
बनाम- मुनेश कुमार तिवारी वल्द सूर्यभान तिवारी, निवासी वार्ड नंबर-23 मकान नंबर-13, संत रविदास नगर पॉवर हाउस कैम्प -02 भिलाई थाना-छावनी जिला दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक धनेन्द्र कुमार चंद्राकर ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के तहत कुल रूपये 22, 40,000/- अक्षरी बाईस लाख चालीस हजार रूपये मात्र की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16.11.2023 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 16.11.2023 को उपस्थित हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तेयार रहना चाहिये जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारिख को अधिकरण में उपसंजात नहीं होंगे तो अधिकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति ने किया जायेगा।

नोट:- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है कार्य स्थगित हो जाता है. या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सूनबाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे।

यह आज दिनांक 12.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं अधिकरण की मुद्रा लगाकर किया गया है।
दिनांक 12.10.2023

मुहर — द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर (छ.ग.)

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
परिवाद क्रमांक सी.सी./2022/248
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक/परिवादी श्री दामोदर काशीराम सुप्रे पिता स्व. काशीराम सुपे उम्र लगभग 90 वर्ष निवासी प्लाट नं. 36 स्ट्रीट नं. 6/ए मैत्री नगर फेस-5 ए रिसाली सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

बनाम

अनावेदक 1. शाखा प्रबंधक ब्रांच ऑफिस रिसाली (2684) सहारा इंडिया परिवार आजाद मार्केट विजय भवन रिसाली भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490006

आवेदक/परिवादी ने अनावेदक के विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत रू. 7, 00,000 मय ब्याज एवं मानसिक क्षति के लिए परिवाद प्रस्तुत किया है आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप प्रकाशन की तिथि के 30 दिवस के अंदर/पेशी दिनांक 06.11.2023 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात होकर अपना पक्ष मय शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेज की सूची के साथ अपने लिखित प्रतिरक्षा के साथ पेश करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को या उसके पूर्व या समंस तामिली के 30 दिवस के अंदर इस जिला आयोग में उपसंजात नहीं होंगे तो परिवाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2023 को जिला आयोग की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)
उद्घोषणा
क्रमांक/1269/प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 10/10/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी बड़भूम प.ह.नं. 36 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक होलिका आ. आत्माराम राम जाति गोड़ निवासी बड़भूम तहसील पुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता आत्माराम आ. सुकलाल की मृत्यु दिनांक 13/05/2006 को ग्राम बड़भूम में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 25/10/2023 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.20232450020240001
अ / 6 वर्ष 2022-23
ग्राम खोलवा, प.ह.नं. 02, तहसील भाटापारा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ ईश्तहार प्रकाषित किया जाता है कि आवेदकगण सुशील कुमार पिता स्व. फत्तेचंद भूषाणिया वगैरह निवासी संतमाताकर्मा वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने ग्राम खोलवा प.ह.नं. 02 तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. स्थित (1) खाता क्रमांक 435 का खसरा क्रमांक 412/1 520/1, 525/2, 525/4, 566, 567/2, 575, 577, 594, 595, 597, 605, 606, 607, 608, 664, 734/1/थ एवं 775/15 रकबा क्रमशः 0.6310, 1.9260, 0.2750, 0.8585, 0.5430, 0.0610, 0.0490, 0.0730, 0.5290, 0.0450, 0.0450, 0.0610, 0.0360, 0.0530, 0.0690, 0.1210, 0.1830, 0.0530 कुल ख.नं. 16 कुल रकबा 4.7170 हेक्ट. कुल ख.नं. 18 कुल रकबा 5.6115 हेक्ट. कृषि भूमि एवं (2) खाता क्रमांक 434 का खसरा क्रमांक 525 / 115, 525 / 119, 525 / 120, 734/1/द/1, 734/1/द/2 रकबा 0.0940, 0.1110, 0.1110, 734/1/द/1, 734/1/द/2 हेक्ट. रकवा क्रमशः 0.0940, 0.1110, 0.1110 00210, 0.0024 हेक्ट. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0.3394 हेक्ट, व्यपवर्तित भूमि पर दर्जशुदास्वामी फत्तेचंद पिता रामजीलाल की मृत्यु दिनांक 01.09.2023 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

जिसके संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार से दावा / आपत्ति हो तो वे अपना दावा / आपत्ति नियत पेशी दिनांक 25/10/23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा वैध रूप से नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

इस न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/10/23 को जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार भाटापारा

न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क. 202309211100157/
अ-20 (3) वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय पिता अर्जुनदास चैनानी निवासी भाटापारा, तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 6-सी, प्लाट नंबर 10/1, क्षेत्रफल 84 वर्गमीटर, निर्धारण 732.00 रूपये भूमि नजूल अभिलेख में धारकगण विजय, माला, ज्योति, रेशमा पिता अर्जुनदास चैनानी के सयुक्त नाम पर दर्ज है। सहधारक ज्योति (बरखा) पिता अर्जुनदास चैनानी कि दिनांक 15/07/2023 को मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनका नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण कर शेष सहखातेदारो का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मेंटेनेंस खसरा प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 25/10 /2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

न्यायालय तहसीलदार/ कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ)
ईश्तहार
रा.प्र.क..........ब / 121 वर्ष 20
ग्राम- टिकुलिया तह. भाटापारा

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदक सोनू वर्मा पिता रूपचंद वर्मा निवासी ग्राम टिकुलिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने माता तिजिया बाई वर्मा (मृतक के पति का नाम रूपचंद वर्मा, माता का नाम दुकाला बाई) की मृत्यु दिनांक 13/05/2008 को (स्थान) ग्राम टिकुलिया तहसील भाटापारा का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु मुख्य ग्राम पंचायत सचिव टिकुलिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म - मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 20/10/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 20/10/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/10/23 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

सील — तहसीलदार / कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती सिमरन केसवानी ध.प. श्री रवि कुमार केसवानी निवासी प्लाट नं.- बी-43-44, साकेत कालोनी कातुलबोड दुर्ग की हूं जो निम्नलिखित कथन करती हूँ कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा विवाह दिनांक 16.02.2003 को रवि कुमार केसवानी आ.स्व. दीवान दास केसवानी के साथ संपन्न हुआ है। तब से मैं अपने पति के साथ निवास कर रही हूं। यह कि, विवाह पूर्व मेरा नाम कु. वन्दना खटूजा पिता श्री मोतीलाल खटूजा था। विवाहोपरांत मेरा नाम/सरनेम परिवर्तित होकर श्रीमती सिमरन केसवानी पति श्री रवि कुमार केसवानी हो गया है। यह कि विवाहोपरांत मैं अपने परिवर्तित नाम/सरनेम से जानी एवं पहचानी जाती हूं एवम् हस्ताक्षर आदि करती हूँ। वर्तमान में मेरा पेन कार्ड, आधार कार्ड आदि सिमरन केसवानी के नाम से बना हुआ है।

अत: यह शपथ पत्र विवाह उपरान्त नाम एवं सरनेम में परिवर्तन की सत्यता हेतु सक्षम अधिकारी के पास प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती
सिमरन केसवानी

मतदान के लिए उपयोग से पहले ईवीएम और वीवीपैट का दो बार किया जाता है रेंडमाइजेशन

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ वीवीपीएटी (वीवीपैट) का भी प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में पर्याप्त संख्या में बैलेट यूनिट्स, कंट्रोल यूनिट्स और वीवीपैट उपलब्ध हैं। राज्य में 55 हजार 071 बैलेट यूनिट्स, 35 हजार 424 कंट्रोल यूनिट्स और 41 हजार 613 वीवीपैट उपलब्ध हैं।

मतदान के लिए प्रयोग में लाने से पहले ईएमएस (श्वरूस्) सॉफ्टवेयर का उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी को दो बार रेंडमाइज किया जाता है। प्रथम बार इन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आबंटित किए जाने के दौरान और द्वितीय बार इन्हें मतदान केंद्र आबंटित किए जाने के दौरान रेंडमाइज किया जाता है। रेंडमाइजेशन और कमिश्निंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है। दोनों रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट की रेंडमाइज्ड सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है।

■ अभ्यर्थियों की सूची फाइनल होने के बाद अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की जाती है कमिशनिंग

■ मतदान के दिन वास्तविक मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में की जाती है मॉक पोल

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट की कमिश्निंग की जाती है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह काम किया जाता है। कमिश्निंग हॉल में लगाए गए टीवी मॉनिटर के माध्यम से अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता वीवीपैट में सिंबल (चुनाव चिन्ह) लोडिंग की प्रक्रिया को देख सकेंगे। कमिश्निंग के बाद प्रत्येक ईवीएम और वीवीपैट में नोटा सहित प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक वोट देकर मॉक पोल किया जाता है । इसके अतिरिक्त रेंडम रूप से चुने गए पांच प्रतिशत ईवीएम एवं वीवीपैट पर 1000 वोट डालकर मॉक पोल किया जाता है। इनके इलेक्ट्रॉनिक परिणाम का मिलान भी वीवीपैट के पेपर स्लिप से किया जाता है।

मतदान के दिन वास्तविक मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में तीन बार मॉक पोल किया जाता है। इस दौरान नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक वोट डालकर कम से कम 50 वोट के साथ मॉक पोल किया जाता है। कंट्रोल यूनिट पर प्राप्त मॉक पोल के परिणाम का मिलान वीवीपैट से प्रिंट की गई पर्ची के साथ कर एक प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी द्वारा तैयार किया जाता है। मॉक पोल के तुरंत बाद कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबाकर मॉक पोल का डॉटा डिलीट किया जाता है। साथ ही मॉक पोल की वीवीपैट पेपर स्लिप को कंपार्टमेंट से निकाल कर काले रंग के लिफाफे में भरकर सील किया जाता है।

ईवीएम बैलट पेपर पर अभ्यर्थी का रहेगा फोटोग्राफ

मतदाताओं की सुविधा के लिए ईवीएम पर लगाए जाने वाले बैलट पेपर पर अभ्यर्थियों के फोटोग्राफ भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष हाल ही का स्टैंप साइज का फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा। हर बार की तरह नोटा का प्रावधान इस निर्वाचन में भी रहेगा।

लोक कलाकार अमृता बारले पंचतत्व में विलीन

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार पंडवानी और भरथरी गायिका अमृता बारले के निधन के बाद आज उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन कर दिया गया है. उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने उनके आशीष नगर रिसाली निवास पर कला और राजनीति जगत के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. सभी ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी. अमृता बारले ने 65 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया. लंबे समय से बीमार चल रही अमृता को भिलाई के शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था. ऋद्धडुस्र स्र्भ्द्र–बस्तर दशहरे में सौतेला रवैया ¬हर साल प्रशासन करता है लाखों खर्च, पर देवी की भूमिका निभाने वाली बच्ची और पुजारियों को नहीं मिलती आर्थिक सहायता।

■ 5वीं तक की पढ़ाई कर अपनी कला से देश-विदेश में बनाई पहचान, कई बच्चों को भी बनाया कलाकार

पंथी और भरथरी गायन की विधा को देश, विदेश तक पहुंचाने वाली अमृता बारले ने कई बच्चों को इस कला को सिखाया, जबकि वे स्वयं ही 5वीं तक स्कूल में पढ़ी. बाद में प्राइवेट परीक्षा देकर 8वीं पास कर खैरागढ़ विश्विद्यालय से लोक गायन में डिप्लोमा की शिक्षा ली, लेकिन तब तक अमृता बारले पूरे प्रदेश में एक प्रसिद्ध लोक कलाकार बन चुकी थी. मिनीमाता राज्य अलंकरण सम्मान और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अमृता बारले के अंतिम दर्शन करने पंथी नृत्य के लोक कलाकार पदमश्री आरएस बारले, पद्मश्री उषा बारले, एक्टर उर्वसी साहू, दूरदर्शन के कई कलाकार उनके निवास पहुंचे.

पंथी गीत के साथ दी गई अंतिम विदाई– इसके अलावा राजनीति जगत से सांसद विजय बघेल, महापौर निर्मल कोसरे, भाजपा प्रत्याशी ललित चन्द्राकर, गृह मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में जितेंद्र साहू, अहिवारा बीजेपी प्रत्याशी डोमनलाल कोरसेवाड़ा, पूर्व विधायक डॉ. दया राम साहू ने अमृता बारले को श्रद्धांजलि दी. लोक कलाकार अमृता की अंतिम यात्रा में उन्हें पंथी गीत के साथ अंतिम विदाई दी गई. दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने इसे छत्तीसगढ़ के लोक कला जगत के लिए एक बड़ी छती बताया. सांसद बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में ऐसे वीरले कलाकार होते हैं, जो अपना जीवन कला एवं संगीत के लिए समर्पित कर देते हैं. वहीं पद्मश्री से सम्मानित नृत्य लोक कलाकार डॉ. राधेश्याम बारले ने कहा कि, कलाकार भले ही चले जाते हैं, लेकिन उनकी कला और उनके योगदान को जीवन भर याद रखा जाता है.

मतदान दलो के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने लिया जायजा

नारायणपुर, 13 अक्टूबर (देशबंधु)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर (अ.ज.जा.) के निर्वाचन हेतु नारायणपुर जिले में 127 मतदान केन्द्र बनाया गया है। उन केन्द्रों में मतदान को सफल संचालन करने के लिए कर्मचारियों को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपाल अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने निर्वाचन को निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक संचालन करने के लिए प्रशिक्षण कर रहे मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस 7 नवंबर को प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पिंक मतदान केन्द्रों और दिव्यांग मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर में 7 नवंबर को मतदान होगा। मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 5 आदर्श मतदान केंन्द्र, 1 मतदान केन्द्र दिव्यांगों के लिए बनाया गया है।

■ पीठासीन अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

वीनू मांकड़ क्रिकेट ट्रॉफी में छग से खेलेंगे नारायणपुर के यश

नारायणपुर, 13 अक्टूबर (देशबंधु)। यश कुमार वड़दा टीम का चयन भारतीय क्रिकेट की नींव मानी जाने वाली अंडर-19 की वीनू मांकड़ ट्रॉफी में नारायणपुर के यश कुमार वड़दा का चयन हुआ है। वीनू मांकड़ ट्रॉफी से ही अगले वर्ष होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए होना है। जिसके चयन के लिए बीसीसीआई द्वारा 12 अगस्त से पूरे देश में चयन प्रक्रिया आरंभ होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की अंडर 19 टीम की तरफ से सलामी बल्लेबाज की भूमिका बस्तर संभाग के धुर नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के 16 वर्षीय क्रिकेट खिलाड़ी यश कुमार वड़दा करेंगे। छत्तीसगढ़ का पहला मुकाबला पांडिचेरी के सीपीआई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उड़ीसा के साथ होना है। यश बस्तर के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जो मात्र 16 वर्ष की उम्र में ही अंडर-19 टीम का हिस्सा बने हैं, यश को यह अवसर उनके गत वर्ष के विजय मर्चेंट ट्रॉफी में ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं अंडर-19 डिस्ट्रिक लेवल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिला है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ को वीनू मांकड़ ट्राफी के लिए चयनित टीम एवं यश कुमार वड़दा से काफी उम्मीदें हैं। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अगले वर्ष होने वाले अंडर 19 वर्ल्ड कप का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। वीनू मांकड़ ट्रॉफी एक खिलाड़ी के लिए इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि वर्तमान भारतीय क्रिकेट टीम में से अधिकतर खिलाड़ी वीनू मांकड़ ट्रॉफी खेलकर ही भारतीय क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाते हैं। यश के चयन से जिलेवासियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस सलेक्शन से अनेक नए खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। नारायणपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक उसेंडी, सचिव कमलजीत सिंह आहूजा और कोषाध्यक्ष सुनील सिंह राठौर ने यश कुमार वड़दा व उनके कोच पुष्पेंद्र शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

■ अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए होना है चयन

अवैध नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

52 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बोधघाट, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है, पुलिस ने अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है, आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उनके कब्जे से महुआ शराब समेत नगदी रकम जब्त कर लिया है.

बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं। इसी क्रम में 12 अक्टूबर गुरूवार को बोधघाट पुलिस को मुखबिर से देशी हांथ भट्ठी का बना हुआ महुआ शराब बिक्री करने की सूचना मिली, जिसपर बोधघाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल में पहुंचकर तस्दीक किये जहां उपरोक्त आरोपियों अजय कुमार कश्यप पिता महेत्तर राम और अगरबती बघेल पति स्व. पदम बघेल के कब्जे से कुल 52 लीटर देशी महुआ शराब हांथ भट्ठी का बना कुल 52 लीटर किमती 10,400 रुपये एवं नगदी रकम 330 रूपये मिला.

जिसे मौके में ही गवाहों के समक्ष जब्त करते हुए उक्त आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। थाना बोधघाट में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर उपरोक्त दोनों आरोपियो को न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय भेजा गया।

शासकीय, अर्द्धशासकीय रेस्ट हाउस में राजनैतिक यात्रा के उद्देश्य से नहीं ठहर सकेंगे पदाधिकारी

■ कलेक्टर ने जारी किया आदेश

बीजापुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस अवधि में कोई भी कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रम के पदाधिकारी आदि निर्वाचन प्रचार के कार्य से शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय सर्किट हाऊस, रेस्ट हाऊस, गेस्ट हाऊस में निर्वाचन प्रचार अथवा राजनैतिक यात्रा के उद्देश्य से न तो ठहर सकते है और न ही वहां पर राजनैतिक गतिविधि कर सकते हैं।

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पात्रता अनुसार तथा उपलब्धता अनुसार पदाधिकारियों को सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके लिए उनसे निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाए। टेलीफोन हेतु पृथक रजिस्टर रखा जाए तथा किये गये काल्स की निर्धारित राशि वसूल की जाये। भोजन इत्यादि की व्यवस्था नहीं की जाए। किसी प्रकार की राजनैतिक बैठक अथवा विचार विमर्श नहीं करने दिया जाये। एक रजिस्टर रखा जाए, जिसमें आगन्तुक का नाम, पता, यात्रा का प्रयोजन ली गई राशि इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जाये।

आदेश में कहा गया है कि जब कभी भी निर्वाचन प्रेक्षक या निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी उपरोक्त अभिलेखों की मांग करते है तो उन्हें रिकार्ड उपलब्ध कराया जाये। शासकीय-अर्द्धशासकीय सर्किट हाऊस, रेस्ट हाऊस, गेस्ट हाऊस, आफिसर्स मेस इत्यादि का आरक्षण, जिला मुख्यालय सहित सर्व अनुविभागीय मुख्यालयों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा अन्य स्थानों पर तहसीलदार एवं कार्य पालिक दंडाधिकारी द्वारा किया जाएगा। कक्षों के आरक्षण में प्राथमिकता क्रम के अर्न्तगत प्रथम निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक द्वितीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उनके कार्यालय के अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य से संबंधित अन्य अधिकारी, यह ध्यान रखा जाये कि, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारीगण, प्रेक्षक आदि के लिए कक्ष सदैव आरक्षित रखा जायें। इसके उपरांत यदि कक्ष उपलब्ध रहते हैं, तो अन्य व्यक्तियों को उपरोक्त प्रक्रियानुसार आबंटित किये जा सकते हैं। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक संपूर्ण बीजापुर जिले में प्रभावशील रहेगा।

आदर्श आचार सहिंता

एक्शन मोड में पुलिस, गाड़ियों से निकाले गए पदनाम वाले नंबर प्लेट

बिलासपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में आदर्श आचार सहिंता लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिख रहा है. इसी कड़ी में गुरुवार को पदनाम वाले नंबर प्लेट और प्रतिबंधित मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की. पदनाम और राजनीतिक चिन्ह वाले 14 वाहनों से पुलिस ने प्लेट निकलवाए.

इसके अलावा प्रतिबंधित मोडिफाइड साइलेंसर युक्त 9 बुलेट पर कार्रवाई की गई. ट्रैफिक पुलिस ने कुल 130 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 51 हजार रुपये का चालान किया।

इधर बढ़ी चाकूबाजी की घटना को देखते हुए इस पर भी पुलिस ने कार्रवाई की है. जिसमें पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट से मंगाए गए 50 चाकू जब्त किया है. ऑनलाइन शॉपिंग साइट फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, अमेजन आदि से जानकारी लेकर ये कार्रवाई की गई है. ऑनलाइन शॉपिंग साइट से बीते 1 साल में मंगाए गए चाकू के संबंध में इकट्ठी की गई जानकारी के मुताबिक घरेलू उपयोग के लिए ये चाकू मंगाए गए थे।

निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं बीजेपी के पूर्व विधायक

महासमुंद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा की दूसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी में बगावती सुर तेज हो गई है. भाजपा नेता व पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा फिर निर्दलीय चुनाव लड़ने के मूड में नजर आ रहे. डॉ. चोपड़ा ने नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं. उन्होंने कहा, राजनांदगांव और खैरागढ़ से रमन सिंह यानि ठाकुर परिवार से टिकट दिया गया है. नियम कायदे सिर्फ मेरे लिए ही है. मेरे साथ जातिगत मापदंड का खेल खेल खेला गया है.

दरअसल जिला मुख्यालय की महत्वपूर्ण महासमुंद सीट से भाजपा से योगेश्वर राजू सिन्हा को प्रत्याशी घोषित करने के बाद डॉ. विमल चोपड़ा के निवास पर उनके समर्थक और कार्यकर्ताओं की अहम बैठक हुई. बैठक में डॉ. विमल चोपड़ा को टिकट नहीं देने पर समर्थक और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के शीर्ष नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली. इस बैठक से जाहिर हो रहा है कि विमल चोपड़ा निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं, क्योंकि इस दौरान उन्होंने कहा कि उनसे बड़े नेता संपर्क में हैं. नाम बदलने के भी कयास उन्होंने बताए. चोपड़ा ने यह भी कहा कि जिस पार्टी में पराक्रम नहीं, परिक्रमा का सम्मान होता है, वहां से टिकट नहीं चाहिए.

■ विमल चोपड़ा ने कहा :मेरे साथ जातिगत मापदंड का खेल

■ राजनांदगांव और खैरागढ़ में ठाकुर परिवार से दिया टिकट

पार्टी के निर्णय के बाद जिले में भाजपा का एक बड़ा चेहरा और टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे डॉ. विमल चोपड़ा बगावत के मूड में दिख रहे हैं. ऐसे में महासमुंद सीट पर भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती है. बैठक के दौरान डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि बसना में डॉक्टर संपत अग्रवाल को टिकट देने के बाद जातिगत समीकरण में उनकी टिकट काट दी गई. वहीं रायपुर सहित प्रदेश के कई जगहों पर एक साथ एक ही समाज व वर्ग से जुड़े लोगों को टिकट दिया गया.

चोपड़ा ने जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैं किसी बड़े नेता की परिक्रमा नहीं करता. मेरा कोई गॉडफादर नहीं है. इस वजह से मेरे साथ जातिगत मापदंड का खेल खेला गया है. बहरहाल उन्होंने अपने समर्थको से कहा कि हम आप की भावनाओं का कद्र करते हैं और फैसला एक दो दिन में लेकर आप लोगो को बता देंगे. चोपड़ा ने यह भी कहा कि राजनांदगांव से पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह को टिकट मिला है तो वहीं खैरागढ़ से उनके भांजे विक्रांत सिंह को टिकट दिया गया है. दोनों ठाकुर हैं. नियम कायदे सिर्फ मेरे लिए ही है.

फोर्ब्स वर्ल्ड की लिस्ट में एनटीपीसी का नाम

विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता में मिला स्थान

कोरबा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े एकीकृत ऊर्जा समूह, एनटीपीसी लिमिटेड को विगत 10 अक्टूबर 2023 को जारी फोर्ब्स वर्ल्ड की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता सूची 2023 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता 2023 में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। यह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 700 कंपनियों में से 261वें स्थान पर है और इस सूची में शामिल होने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का एकमात्र भारतीय लोक उपक्रम (पीएसयू) है। यह इस बात का प्रमाण है कि एनटीपीसी में लोगों के कार्य (प्रैक्टिस) विश्व की शीर्ष कंपनियों के बराबर हैं।

फोर्ब्स हर वर्ष शीर्ष 700 कंपनियों की पहचान करने के लिए स्वतंत्र बाजार अनुसंधान के माध्यम से विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की सूची प्रकाशित करता है जो रोमांचक कामकाजी और सकारात्मक माहौल, प्रशिक्षण और करियर उन्नति के अवसर, कर्मचारी लाभ, कर्मचारी केंद्रित और कार्यस्थल पर विविधता प्रदान करते हैं। फोर्ब्स ने इस वर्ष विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की सातवीं वार्षिक सूची बनाने के लिए मार्केट रिसर्च फर्म स्टेटिस्टा के साथ साझेदारी की।

यह एनटीपीसी के प्रगतिशील और संयंत्र प्रभार कारक (प्लांट लोड फैक्टर-पीएलएफ) से पहले लोग दृष्टिकोण, निरंतर प्रक्रिया में सुधार के माध्यम से अपने मानव संसाधनों के विकास और प्रबंधन में उत्कृष्टता, एक देखभाल, सीखने और आकर्षक कार्यस्थल, कर्मचारियों की ज़रूरतों को पहले रखना और रणनीतिक रूप से व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप लोगों की प्रथाओं को अपनाना एवं कर्मचारी कल्याण और देखभाल और एक सार्थक, सहयोगी कर्मचारी अनुभव बनाने को मान्यता देता है।

NECC

14.10.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	5.15	85	170
चिल्हर	6.50	100	195

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

उल्टा पुल्टा

प्रेमी- रेखा, तुमने अपने पिता से कहा है कि तुमसे शादी करने के लिए तैयार हूं, तो वे क्या बोले?

प्रेमिका- वे आंखें मूंदकर बोले- हे भगवान, जिस मूर्ख की तलाश में धरती आकाश में घूम रहा था, उसे तुमने इतनी आसानी से भेज दिया।

एकलव्य व बालगृह में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। एकलव्य विद्यालय गोलावंड एवं बाल गृह में 'मंथन' परियोजना के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया, जिसमें एकलव्य विद्यालय के स्कूली बच्चों ने अलग अलग गतिविधियों में भाग लिया। संस्था के शिक्षकों एवं यूनिसेफ जिला सलाहकार ऊर्ति अरोरा के सहयोग से कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने संगीत, कविता, नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों का प्रदर्शन करने के साथ-साथ बच्चों ने मनोभावों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के लिए भावनाओं की रंगोली भी बनाया और साथ ही बाल गृह कोण्डागांव में भी अधीक्षक द्वारा बच्चों के साथ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जहां बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए जानकारी दी गयी। मंथन कार्यक्रम के तहत बच्चों के मानसिक विकास के लिए बनायी गयी मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक वीडियो भी दिखाया गया।

जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ की सहायता से चलाये जा रहे मंथन परियोजना के संबंध में यूनिसेफ जिला सलाहकार ऊर्ति अरोरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी आवासीय शैक्षणिक संस्थानों में मनोसामाजिक समर्थन के लिए एक प्रणाली बनाने और बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की कोशिश में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा राज्य में 'मंथन परियोजना' शुरू की गयी है। इस हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में यूनिसेफ एवं महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा परियोजना में कार्य एवं सहयोग किया जा रहा है। मंथन परियोजना से अनेक स्तर पर बदलाव देखे जा रहे हैं। इसके तहत बच्चों तक पहुंच बनाकर उनकी मनोसामाजिक जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिला स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना भी की गयी है।

इस परियोजना के तहत मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा की पुस्तिका का आदिवासी आवासीय शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत अधीक्षकों, सम्बंधित शिक्षकों एवं आश्रम-छात्रावासों से सम्बंधित अधिकारीगणों को वितरण किया जा रहा है। जिसकी सहायता से अधीक्षक किसी संकट या चुनौती से गुजर रहे बच्चे को मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा इस पुस्तिका के सहयोग से प्रदान कर सकते हैं। इस पुस्तिका में प्रस्तुत किये गए विषयों को आसान बनाने के लिए इसमें कई सारे आकर्षक ऑडियो विजुअल टूल, जैसे की वीडियो के लिए हाइपरलिंक, फील्ड के अनुभवों से बनी गयी केस स्टडी, क्विज इत्यादि का उपयोग किया गया है। आवासीय संस्थानों में रहने वाले बच्चों को कई तरह की परेशानियों से गुजरते हैं, जैसे की छात्रावास की दिनचर्या में ढलने में दिक्कत, घर की याद आना, माता पिता की चिंता होना, किशोरावस्था से जुड़े चुनौतियां और अपने उम्र के साथियों के साथ मित्रता में परेशानी, इत्यादि। ऐसे समय में यह पुस्तिका अधीक्षक को एक उचित मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद करती है।

चावल से लदा ट्रक पलटा
मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर और आड़ावाल के बीच में स्थित आनंद ढाबा के पास 12 अक्टूबर के रात्रि लगभग 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर एक ट्रक की चपेट में मोटरसाइकिल चालक और सवार आ गए। दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार नानगुर चिलकुटी ग्राम के निवासी अजय गुप्ता और सोनू गुप्ता पिताक्षुपुत्र हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चावल से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 0247 कुरेदी से चावल भरकर बकावंड की ओर जा रही थी की आनंद ढाबा के पास एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 17 केसी 0926 चालकों को बचाते सड़क के दूसरी ओर पहुंची और वहां पर पलट गई। इस ट्रक को चपेट में मोटरसाइकिल सवार पिताक्षुपुत्र आ गए। इस दुर्घटना में दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उनके शव को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मोटर साईकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कर ,मोटरसाइकिल और ट्रक को बोधघाट थाना ले जाया गया। इसके बाद इस मार्ग पर यातायात बाहाल हो सका।

अवैध शराब विक्रय करने वाले दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बोधघाट पुलिस को मुखबिर ने बताया की देशी हांथ भट्ठी का बना हुआ महुआ शराब बिक्री किया जा रहा है। बोधघाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल में पहुंचकर तस्दीक किये जहां दो आरोपियों में अजय कुमार कश्यप पिता महेत्तर राम, और अगरबती बघेल पति स्व. पदम बघेल के कब्जे से कुल 52 लीटर देशी महुआ शराब हांथ भट्ठी का बना कुल 52 लीटर किमती 10,400 /- रू० एवं नगदी रकम 330 /- रू० मिला जिसे मौके में ही गवाहो के समक्ष जप्त करते हुए उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना बोधघाट में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर उपरोक्त दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय भेजा गया।

नशीली दवाई बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

आरोपी के कब्जे से कुल 101.25 ग्राम नशीली दवाई दो नग मोबाइल, नगदी रकम किया गया जप्त

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं। मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में बोधघाट पुलिस टीम द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। नया बस स्टैण्ड जगदलपुर के पीछे सुलभ शौचालय के पास अंधेरे में दो लड़के अपने पास अलग-अलग ट्राली बैग रखे थे, जिसमें प्रतिबंधित नशीली सीरप बॉटल रखे हुए हैं,जिसको अवैध रूप से अधिक मूल्य में बेंच रहे हैं। सूचना मिलने पर तत्काल बताये स्थान में पहुंचकर दो व्यक्ति मिले तुषार मोहंती पिता देवीप्रसाद मोहंती उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम टेमरा थाना कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) दूसरा सागर मोहंती पिता देवी प्रसाद मोहंती उम्र 33 वर्ष ग्राम टेमरा थाना कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) का होना बताये जो प्रतिबंधित सीरप दवाई बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 450 नग कफ सीरप किमती 80100 /- रू., दो नग मोबाईल किमती 17,000/- रू. नगदी रकम 4,000/- रू. 1,01,100/- रुपये की संपति को जप्त किया गया। उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध थाना बोधघाट में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय भेजा गया।

जगदलपुर विधानसभा सीट के लिए पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने खरीदा फार्म

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दो चरणों 7 और 17 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से प्रथम चरण के लिए नाम निर्देशन फॉर्म खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव के मैदान में कांग्रेस,भाजपा समेत कई अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में कूद चुके हैं।

शुक्रवार को जगदलपुर में भी नामांकन फॉर्म खरीदने के दौरान काफी गहमागहमी देखी गई। यहां पहले दिन ही चर्चित कांग्रेस नेता टीवी रवि ने अपने लिए नामांकन खरीदा है, इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के जगदलपुर उम्मीदवार नरेंद्र भवानी व चित्रकोट क्षेत्र से बोमड़ाराम ने भी नामांकन पहले दिन खरीदा। नामांकन फॉर्म खरीदने के पहले दिन कुल 3 उम्मीदवारों ने अपने लिए नामांकन खरीदकर चुनावी दंगल में खड़े होने के लिए खुद को तैयार कर लिया है।

टीवी रवि ने दिखाया बगावती रूप: कांग्रेस नेता टीवी रवि के नामांकन फॉर्म खरीदने के कई मायने सामने आने लगे हैं। पहले की प्रक्रिया में उन्होंने अपना आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपा था। कांग्रेस की सूची में रवि का नाम नहीं होने के चलते अब वे निर्दलीय चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

मालूम हो कि रवि पूर्व में भाजपा में भी कुछ समय के लिए रहे, जिसके बाद वे वापस कांग्रेस में शामिल हो गए। दरअसल मूल रूप से प्रॉपर्टी का काम करने वाले रवि दशकों से कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं। वहीं जगदलपुर-रावघाट रेललाइन में जमीन अधिग्रहण के भ्रष्टाचार में भी उनका नाम शामिल हुआ था। इसके बाद अब वे कांग्रेस से बगावत कर चुनावी दंगल में उतरने के लिए तैयार होते दिखने लगे हैं।

आप नेता नरेंद्र भवानी ने खरीदा नामांकन फार्म: इधर आम आदमी पार्टी से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नरेंद्र भवानी को टिकट दी गई है। ऐसे में उन्होंने भी शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन खरीदा है। मालूम हो कि नरेंद्र पूर्व में कांग्रेस कार्यकर्ता थे, लेकिन जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी (जेसीसीजे) में शामिल हो गए। यहां काम करने के बाद वे आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस बीच अवैध उगाही के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। वहीं आम आदमी पार्टी से ही चित्रकोट क्षेत्र से बोमड़ाराम ने नामांकन फॉर्म खरीदा है। विधानसभा चुनाव की कवायद के दौरान पूरे कलेक्टोरेट को चाक-चौबंद कर दिया गया है। राजनीतिक दलों की अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए कलेक्टोरेट परिसर को बैरिकेटिंग कर घेर दिया गया है। इसके साथ ही जवानों को भी तैनात किया गया है।

एकाउंट्स में 52 विद्यार्थियों में से 51 विद्यार्थी उत्तीर्ण

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। लेखा प्रशिक्षण शाला बस्तर संभाग जगदलपुर का जून 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें एकाउन्टस में 52 विद्यार्थियों में से 51 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर प्रशिक्षण केंद्र का गौरव बढ़ाया। इस संस्था का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत रहा है जिसमें 27 प्रथम श्रेणी में तथा 09 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होते। इसका श्रेय यहां के प्राचार्य एवं एकाउन्टस पढ़ाने वाले व्याख्याता रमेश श्रीवास्तव को जाता है जो की छ.ग. अधिनस्थ सेवा के अधिकारी है। जिन्होंने इन विद्यार्थियों के लिये काफी मेहनत किये है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने पूरी गंभीरता के साथ पढ़ाई करते हुए परीक्षा दिए जिसका यह परिणाम है कि 52 में से 51 विद्यार्थी होते हुए हैं।

नगरनार पुलिस ने किए 11 लाख जप्त

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। धनपूंजी नाका पर नगरनार पुलिस के द्वारा 11 अक्टूबर को चेकिंग के दौरान ओडिसा से छत्तीसगढ़ आती हुई वाहन क्रमांक ओपी 35 एन 0153 अल्टो गाड़ी में सवार 2 व्यक्ति एस जगन्नाथ राजू दूसरा एस चंदमौली दोनों निवासी कोरापुट के कब्जे से तलाशी के दौरान पालीथीन बैग में 500 के 18 बंडल 200 के 11 बंडल 500 के 4 नोट व 50 रुपए के 1 नोट कुल 11 लाख 22 हजार 50 रुपए बरामद किया गया जो इसके संबंध में व्यक्ति के पास कोई इस्तावेज नहीं होने के कारण संदेह के आधार पर उक्त राशि की जांच कार्यवाही हेतु आयकर विभाग को मौके पर सुपुर्द किया गया।

मतदान स्थल में किसी भी समस्या का मौके पर हो निराकरण

- **सभी प्रशिक्षण के बिंदु को अच्छे से समझें : कलेक्टर**
- **प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मतदान अधिकारी 2 व 3 को दिया गया प्रशिक्षण**

जगदलपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान स्थल में कोई भी समस्या का मौके पर ही निराकरण इस हेतु सभी प्रशिक्षण के बिंदु को अच्छे से समझें। कार्य में खराब से खराब परिस्थितियों को तत्काल सुलझाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी प्रशिक्षणार्थी ईवीएम और वीवीपेट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखें। शुक्रवार को कलेक्टर विजय शहर के विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित निर्वाचन कार्य हेतु प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मतदान अधिकारी 2-3 के प्रशिक्षण का जायजा ले रहे थे। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से पहली बार मतदान करवाने की संज्ञान लिया और उन्हें प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर ज्ञान रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सभी मतदान अधिकारियों को फार्म-12 भरकर देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से मॉकपोल की आवश्यकता क्यों है, करवाने की वजह को पूछा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन में लगभग 1850 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया दीक्षांत समारोह

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कौशल विकास एवं उद्यम शीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव (महात्मा गाँधी वार्ड, आड़काछेपड़ा) में आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए 12 अक्टूबर 2023 को द्वितीय कौशल दीक्षांत समारोह मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पवन नेताम रोजगार अधिकारी, जिला रोजगार कार्यालय कोंडागांव, विशिष्ट अतिथि विजय पाल सिंह प्रशिक्षण अधिकारी डीजल मैकेनिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोंडागांव, रवि शर्मा युवा रोजगार अधिकारी जिला रोजगार अधिकारी, लेखूराम देवांगन, पुष्पराज अनंत निदेशक, उत्तम मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी तथा जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव के सभी स्टॉफ, रिसोर्स पर्सन, प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे।

माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर समारोह प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात पवन नेताम ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, कम सेलरी से काम करते-करते धीरे-धीरे आगे बढ़ा जाता है। हर दिन अपने कौशल को बढ़ाने का प्रयास कीजिये, हर दिन नई सफलता मिलती रहेगी। सुबह 10 बजे से 04 बजे तक अपना अनमोल समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुष्पराज अनंत निदेशक ने सभी का आभार प्रगट किया। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव के उपरोक्त सहित वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम, पवन पटेल, प्रीतम नेताम, कु.सीमा सेठिया, कु.कंचन जैन, कु.सीमा तिवारी, रेहाना परवीन, शाहीन परवीन, संतोष देवांगन, गोमती देवांगन, सेवंती नेताम रिसोर्सेस पर्सन एवं सभी प्रशिक्षुगण सहित लगभग 130 लोग उपस्थित रहे।

जिले में लगातार कर रहे आकस्मिक निरीक्षण : एसपी अक्षय कुमार

एसएसटी, एफएसटी टीमों एवं थाना प्रभारियों को दे रहे आवश्यक दिशा निर्देश

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक द्वारा विधान सभा चुनाव के लिए जिले में लगाए गए एसएसटी टीम व एफएसटी टीमों का आकस्मिक निरीक्षण लगातार किया जा रहा है और एसएसटी, एफएसटी टीमों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है। एस.पी.येदुवेन्द्री अक्षय कुमार भा.पु.से.जिला कोण्डागांव के द्वारा 12 अक्टूबर को आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर कोण्डागांव जिले के कोंडागांव, फरसगांव, माकड़ी के उड़नदस्ता दल एवं घोड़ागांव, एरला, हीरापुर, उरन्दाबेड़ा एवं कोंडागांव-नारायणपुर सीमा के स्थीतिक निगरानी टीम के चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

कल से शारदीय नवरात्र, दंतेश्वरी मंदिर की भव्य सजावट

- निर्माणाधीन कारीडोर से परेशान नहीं होंगे श्रद्धालु
- प्रशासन ने किए खास इंतजाम, आने-जाने का मार्ग तय
- दुकानों के लिए नई जगह भी तैयार

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र की शुरूआत 15 अक्टूबर रविवार से हो रही है। बस्तर ही नहीं बल्कि समूचे देश में शक्ति पीठ के रूप में विख्यात माई दंतेश्वरी मंदिर में इसकी तैयारी पूरी हो गई है। मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के अलावा पद यात्रियों के लिए पूरी सुविधाएं दी जा रही हैं। दंतेश्वरी कारीडोर का निर्माण जारी है, इस वजह से भक्तों के लिए प्रवेश मार्ग और बाहर निकलने का रास्ता बनाया गया है।

मुख्य मार्ग से श्रद्धालु, मंदिर तक नहीं पहुंचेंगे बल्कि उसके बाजू से पंडाल लगाकर रास्ता बनाया गया है। वापसी के लिए मंगल भवन से होते हुए रास्ता है। इसी तरह नये ज्योति कलश भवन में तेल के कलश प्रज्वलित होंगे, जबकि घी के ज्योति कलश पूर्ववत जलाये जायेंगे। शारदीय नवरात्र के दौरान लगने वाली दुकानों के लिए नयी जगह तय की गई है। जिला अस्पताल मार्ग पर देवभोग होटल के पहले नया मैदान तैयार हुआ है, जहां दुकानों के लिए जगह आबंटित की गई है। मंदिर के पास थाने के सामने नारियल और प्रसाद की दुकानें ही लगायी जायेंगी। इसके साथ ही मंदिर मार्ग पर भी कुछ दुकानें रहेंगी। चूंकि कारीडोर का निर्माण जारी है, इसलिए इसकी वजह से श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। वाहनों से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दिशाओं में पार्किंग का इंतजाम किया गया है।

मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया है। पूरे मंदिर परिसर के अलावा शहर की भी सजावट हुई है, जिससे शारदीय नवरात्र की भव्यता बरकरार रहेगी। इस पर्व में बड़ी संख्या में पद यात्री भी पहुंचेते हैं। इनके लिए जावंगा से लेकर दंतेवाड़ा और सातधार तक 15 से ज्यादा पदयात्री सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां विश्राम और प्राथमिक उपचार की सुविधा रहेगी। इन केन्द्रों में पेयजल की भी व्यवस्था रहेगी। मंदिर के मुख्य मार्ग पर जय स्तंभ चौक के पास एलईडी स्क्रीन भी लगाया जा रहा है, जहां माई दंतेश्वरी के दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे। पिछले दो वर्षो से कोरोना खत्म होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में माई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। पर्व की शुरूआत 15 अक्टूबर रविवार को हो रही है। इसी दिन सुबह 11 बजे से संपूर्ण विधि विधान के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित किये जायेंगे। 19 अक्टूबर गुरूवार को पंचमी पर विशेष पूजा होगी। 22 अक्टूबर रविवार को महाष्टमी पर विशेष हवन-पूजा होगी। 23 अक्टूबर सोमवार को श्री महानवमी पूजा, हवन एवं पूर्णाहूति, नव कन्या पूजन तथा भण्डारा प्रसाद वितरण के बाद ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा और पर्व का समापन होगा।

शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल चिलपुटी के विद्यार्थियों को दी गई विधिक जानकारी

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रीमती अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल चिलपुटी के छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी दी गई।

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार श्रीमती अम्बा शाह न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव के द्वारा 12 अक्टूबर 2023 को शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल चिलपुटी के छात्र-छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने या इसे बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में व बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में, आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है, जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई और कानूनी संबंधित पाम्प्लैट वितरण किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पैरालीगल वालंटियर सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव एवं उक्त संस्था के प्राचार्य संहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अवैध शराब पर पुलिस की लगातार कार्रवाई

भाटापारा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। 12 अक्टूबर को टाउन भ्रमण जरिये मुखबिर सूचना मिला कि पंचशील नगर भाटापारा नर्सरी के पास एक व्यक्ति कपडे के थैला मे अवैघ रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहा है कि सुचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के साथ रेड कार्यवाही हेतु रवाना हुआ मुखबिर के बताये अनुसार पंचशील नगर नर्सरी के पास पहुचकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी रंजित गटकरी पिता राव गटकरी उम्र 48 साल साकिन पंचशील नगर गुरूनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छग को पकड़े जिनके कब्जे से *एक कपडे के थैला मे रखे 30 पौवा देशी मशाला शराब जुमला 5.400 बल्क लीटर किमती 3300 रूपया को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 376/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्व कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह आरक्षक उमेश वर्मा, सीता राम ध्रुव का विशेष योगदान रहा थाना भाटापारा शहर में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

संयुक्त रूप से संकुल मुनगापदर व मोहलई में कबाड़ से जुगाड़ का आयोजन

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूरे जिले में अभी कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम गतिमान है, इसी तारतम्य में संकुल मुनगापदर और मोहलई विकासखंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में संयुक्त रूप से कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों संकुल के प्राथमिक माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चों ने प्रतिभाग किया और गणित विज्ञान से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं को मॉडल के माध्यम से समझाने और बताने का बेहतरीन प्रयास किया। कबाड़ से जुगाड़ में माध्यमिक स्तर से प्रथम उच्च प्राथमिक शाला करनपुर, द्वितीय उच्च प्राथमिक शाला मुनगापदर एवं उच्च प्राथमिक शाला मोहलई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर में प्रथम प्राथमिक शाला कुहचीपारा मोहलई, द्वितीय प्राथमिक शाला पटेलपारा मुनगापदर एवं मातापदर करनपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शालाओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य राजकुमार नेताम, संकुल समन्वयक मुनगापदर प्रेमराज नेताम, संकुल समन्वयक मोहलई मदन राठौड़, आशुतोष ध्रुव, डीनेश्वर वैध, केशव पटेल, खगेश्वर दीवान, खूबलाल साहू, माधव ध्रुव, भोमराज पोयाम, नवल नेताम, देवेंद्र सेठिया, ललित सोरी, भरत कोर्राम, डिकेश कश्यप, चमेली देवांगन, धर्मराज मंडावी, सुप्रिया नाग, बंसीलाल बघेल, योगेंद्र निषाद, रामचंद्र मौर्य, भारत भूषण कश्यप, रश्मि देहारी, अशोक पांडे, राजमन बघेल, सकून बघेल, कोदुराम मरकाम, वासुदेव नेताम, अघन पोयाम, रूपनाथ पांडे, कमलेश नेताम, चंद्रहास कश्यप, रघुनाथ मरकाम, शिखा यादव, सुशील कोर्राम, नरेंद्र मरकाम, प्रणय बॉम्बर्डे एवं ट्यूटर, प्रतिभाग एवं अध्ययनरत बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान आज डाक व पार्सल के संबंध में कार्यशाला संपन्न

पिथौरा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2023 के अवसर पर आज 12 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ परिमण्डल के समस्त अधिकारियों के लिए डाक एवं पार्सल के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं कार्यशाला में डाक एवं पार्सल वितरण हेतु उचित दिशा निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही डाक व्यवस्था सदृढ़ करने हेतु समस्त डाकपालों को प्रशिक्षित करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिये गए। इसके साथ ही डाक एवं पार्सल दिवस के अवसर पर परिमण्डल के समस्त संभागों द्वारा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर में ग्राहक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें डाक विभाग की सेवाएं जैसे स्पीड पोस्ट पार्सल एवं डाकघर निर्यात केंद्र के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं ग्राहकों को डाक विभाग की सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

सार-संक्षेप

निर्वाचन संबंधित शिकायत हेतु रिटर्निंग अधिकारी ने जारी किया नंबर

पिथौरा, 13 अक्टूबर। रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र कमांक 40- बसना, जिला महासमुन्द द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को विधानसभा 40 बसना क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन संबंधित प्राप्त होने वाले शिकायतो के निराकरण हेतू कंट्रोलरूम स्थापित कर संपर्क नम्बर जारी किया गया है। तहसील पिथौरा संपर्क नम्बर 07707-299131. - तहसील बसना संपर्क नम्बर 9584968382।

पुरगांव में एक शराब कोचिया गिरफ्तार

बिलाईगढ़, 13 अक्टूबर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर,अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है इसी क्रम में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पुरगांव में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने अपने घर बाडी में रखे रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी विजय कुमार धनवार पिता सम्मे लाल धनवार उम्र 37 वर्ष ग्राम पुरगांव थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2500 को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्ढ शिव कुमार धारी ह्यद्व प्रवीण कुमार .आर,कमल कुर्रे लोकनाथ रात्रे चंदन दिनकर प्रत्येन बर्मन सुनील यादव एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

अवैध शराब की बिक्री करते युवक को पुलिस ने पकड़ा

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध शराब की बिक्री करते आरोपी युवक के कब्जे से देशी महुआ शराब बरामद कर थाना माकडी पुलिस ने पकड़ा और कार्यवाही किया।

थाना माकड़ी पुलिस की कार्रवाई

आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतू भारत निर्वाचन आयोग से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी परिप्रेक्ष्य में एस.पी.कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम कोकोडी में नेताम ढाबा का संचालक दुआरू पिता चमराराम नेताम अपने ढाबा में अवैध रूप से शराब रखकर बिकी कर लाभ कमा रहा है। एड़ि.एस.पी.कोण्डागांव डी.आर.पोर्ते एवं एस.डी.ओ.पी.कोण्डागांव निमितेश सिंह के मार्गदर्शन में मुखबिर के सूचना के आधार पर नेताम ढाबा में जाकर पुलिस स्टॉफ के द्वारा रेड कार्यवाही किया गया जहां से तीन लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ। आरोपी दुआरू नेताम के खिलाफ अपराध क्र.54/2023 धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनोद साहु सउनि राकेश भोयर, प्र.आर.सुनहेर मातलाम आर. गंगाराम मरकाम, म.आर.रयमती बघेल म.आर.संगीता कोर्राम, आर.मनेष मण्डावी शामिल रहे।

स्थैतिक निगरानी दल द्वारा एरला में जब्त की गयी अवैध शराब

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला सीमाओं पर स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता द्वारा निरंतर जांच की जा रही है। जिसके तहत कोण्डागांव विधानसभा के सीमावर्ती क्षेत्र में रिर्टनिंग आफिसर चित्रकांत चार्ली ठाकुर के निर्देश पर अवैध शराब एवं अन्य निर्वाचन संबंधी सामग्री हेतु नाकाबंदी कर जांच की जा रही है, जिसके अंतर्गत गुरूवार को माकड़ी विकास खण्ड के एरला में कार्यरत स्थैतिक निगरानी दल द्वारा अवैध शराब का परिवहन मोटर साइकिल द्वारा करते हुए दो लोगों को पकड़ा जिस पर दोनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

जिला पुलिस बल, सीएपीएफ व जिला प्रशासन द्वारा बचेली एवं किरंदुल में निकाला गया फ्लैग मार्च

बचेली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी (भा.पु.से.), उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.), उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.)सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज विकास कठेरिया (भा.पु.से.),पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राम प्रवेश रॉय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन के दिशा निर्देशन पुलिस अनुविभागीय किरंदुल कपिल चंद्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम फेस की चुनाव के मद्देनजर पुलिस बल, सीआईएसएफ व प्रशासनिक अमला के द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 13.10.023 को बचेली व किरंदुल नगर में किया गया फ्लैग मार्च। आगामी विधानसभा चुनाव-2023 को सुचारू रूप से संपन्न करवाने, जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने, भयमुक्त वातावरण निर्मित करने व आम मतदाता को स्वतंत्र ,निर्भीक होकर लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को मनाने के लिए अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डालने आम जनता को जागरूक एवं आदर्श आचार संहिता के पालन करने के उद्देश्य से श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी (राज.) श्री विवेक चंद्रा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरांदुल श्री कपिल चंद्रा, तहसीलदार श्री महेश कुमार कश्यप, थाना प्रभारी किरांदुल प्रहलाद कुमार साहू, थाना प्रभारी बचेली राकेश यादव व भारी संख्या में जिला बल, सिआईएसएफ बल व प्रशासनिक अमला द्वारा बचेली एवं किरांदुल शहर में दिनांक 13/10/2023 को फ्लैग मार्च निकाल कर आम लोगों व मतदाताओं को जागरूक किया गया।

भाजपा बलौदाबाजार विस कोर कमेटी की बैठक संपन्न

बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा की विधानसभा स्तरीय कोर कमिटी की आवश्यक बैठक चुनाव के दृष्टि से जिला कार्यालय में संपन्न हुई। जहां उपस्थित नेताओं ने भाजपा के जीत का संकल्प लिया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई। बैठक में पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि भाजपा की विजय सुनिश्चित हैं। जो भी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई है उसमें फोकस करते हुए कार्य करें। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा, सुरेंद्र टिकरिहा, विजय केशरवानी, कृष्णा अवस्थी, अनिल अग्रवाल, राम पंजवानी, धनंजय साहू, नंदकुमार साहू, अशोक जैन, चित्तावर जायसवाल, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, नरेश केशरवानी, खोडस राम कश्यप, शशिभूषण, भगबली साहू, ईश्वर यदु, आदित्य बाजपेयी, हेमंत टिकरिहा, भूपेन्द्र मनहरे, घनसाय गायकवाड, मनोज कुमार निषाद, केयूर भूषण शर्मा, ब्यासनारायण सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रादेशिकी का शेष...

जिले में लगातार कर रहे...

अधीक्षक के द्वारा एसएसटी टीम को सभी चार एवं दुपहिया पहिया वाहनों को बारिकी से चेक करने, मादक पदार्थ एवं किसी प्रकार के संदिग्ध वस्तु के मिलने पर की जाने वाली कार्यवाही करने एवं एफएसटी टीम को आचार संहिता के उल्लंघन एवं चुनाव से सम्बंधित प्राप्त होने वाली शिकायत के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान एस.डी.ओ.पी. निमितेश सिंह कोण्डागांव, अनिल विश्वकर्मा फरसगांव एवं थाना प्रभारी कोण्डागांव, अनंतपुर, माकडी, फरसगांव उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 720 खिलाड़ियों के आवास व्यवस्था

शिशु मंदिर, आदेश्वर, सेजेस महात्मा गांधी, चावरा स्कूल व जिपं संसाधन केंद्र में ठहराया गया

कोण्डागांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता हेतु 720 खिलाड़ियों की शिशु मंदिर, आदेश्वर, सेजेस महात्मागांधी, चावरा स्कूल एवं जिला पंचायत संसाधन केंद्र आदि में आवास व्यवस्था की गई होने के सम्बन्ध सहायक जिला क्रीडा अधिकारी सुधराम मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभागियों के आवागमन से लेकर प्रस्थान तक की अवधि में आवास की व्यवस्था करना एवं आवास में विद्युत एवं स्वच्छता की व्यवस्था बनाए रखने तथा सतत् मॉनिटरिंग के तहत संयोजक के एस.मरकाम सहायक परियोजना अधिकारी कोंडागांव (आर.एम.एस.ए.), सह संयोजक मनोज दुबे विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सदस्य रामलाल नेताम विकास खंड श्रोत समन्वयक कोंडागांव को दायित्व सौंपा गया है। सहा.जिला कीड़ा अधिकारी सुधराम मरकाम ने जानकारी देते हुए कहा कि 23 वीं राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में पांचों संभाग के खिलाड़ियों की ठहरने की उचित व्यवस्था जिसमें आवास, प्रकाश, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है, जिनकी सतत मॉनिटरिंग करने हेतु इन कर्मचारियों की आवास स्थल पर ड्यूटी लगाई गई है। आवास व्यवस्था पर जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनकी पूरी जवाबदारी आवास की सुरक्षा एवं सभी प्रकार की व्यवस्था स्थापित करनी होगी। इसी कड़ी में व्यवस्था हेतु बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर संभाग बालिका वर्ग हेतु आदेश्वर पब्लिक स्कूल में व्यवस्था की गई है, जहां 216 बालिका रुकेंगे। जिनके संयोजक श्रीमती लता राफेल प्राचार्य एवं ऋषि खरे को दायित्व दिया गया है, वहीं सह संयोजक के रूप में श्रीमती क्षमा यदु व्याख्याता तहसीलपारा स्कूल कोंडागांव, श्रीमती कुसुम नेताम एवं श्रीमती हेमलता झा के निगरानी में रहेंगे। इनके अलावा धर्म देवांगन, तुलसीराम की भी व्यवस्था हेतु ड्यूटी लगाया गया है। वहीं बस्तर संभाग एवं सरगुजा संभाग बालिका वर्ग हेतु चावरा हायर सेकेंडरी को आवासीय व्यवस्था दिया गया है, जिसमें 144 छात्राएं ठहरेंगे। जिनके संयोजक सिस्टर सिस्लीया प्राचार्य को जवाबदारी दिया गया है, वहीं श्रीमती आरती साहू, मालती ध्रुव एवं लव पांडे सह संयोजक के रूप में कार्य करेंगे और अन्य सदस्य के रूप में जयनाथ नेताम, उमेश देवांगन होंगे। बिलासपुर संभाग हेतु बालक वर्ग के लिए सेजेस महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव, जिसमें 72 छात्र ठहरेंगे। जिनके संयोजक दिनेश शुक्ला प्राचार्य, सह संयोजक नरेंद्र कुमार, सदस्य के रूप में हेमेश्वर पटेल एवं उपेंद्र कोमा, चंदूलाल देशमुख होंगे। वहीं दुर्ग, सरगुजा, रायपुर बालक वर्ग हेतु सरस्वती शिशु मंदिर को निर्धारित किया गया है, जिसमें 216 छात्र को ठहराएंगे। जिनके संयोजक रमेश नायडु, सह संयोजक डी.कैमरो, सदस्य के रूप में सुनित कुमार तिर्की एवं रामलाल मरकाम होंगे। इनके अलावा बस्तर संभाग बालक वर्ग के लिए जिला पंचायत संसाधन केंद्र कोंडागांव को निर्धारित किया गया है, जिसमें 72 छात्र ठहरेंगे। उनके संयोजक रामसिंह नाग, सह संयोजक शिवचरण मांडवी, सदस्य के रूप में अनिल कुमार साहू, चंदन सोरी होंगे। इनके अलावा आरक्षित आवास व्यवस्था के रूप में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पलारी को निर्धारित किया गया है और उनके संयोजक श्रीमती अंबानी का ठाकुर होंगे, जिसमें 320 बालक एवं 320 बालिकाएं कुल 720 छात्र छात्राओं की समुचित आवासीय व्यवस्था कर दी गई है।

घरों से लेकर बाजारों तक चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान

बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज जिले के विभिन्न गांवों जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गयी है। बिहान से जुड़े महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आज ग्राम पंचायत मुड़पार में बाजारों एवं दूकानों में पहुँचकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किए। इसी तरह ग्राम खम्हरिया मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम रसेड़ा, बलौदी, गिधपुरी में शपथ एवं मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम अमेरा, सुहेला में स्वीप महेंदी एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। इस दौरान जनपद पंचायत के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी गण, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी सँख्या में उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में मनाया गया अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस

भानुप्रतापपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. योगिता जैन, शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर और विशेष अतिथि के रूप में प्रेम प्रकाश अवधिया थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर थे।

यह कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर लड़कियों के सामने आ रही चुनौतियों की पहचान कर उसका समाधान करना, उन्हें शिक्षित करके स्वस्थ जीवन का अधिकार दिलाने, सशक्तिकरण करने मानवाधिकारों का हनन रोकने तथा एक सुरक्षित समाज का निर्माण करने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि डॉ. योगिता जैन ने बालिकाओं में होने वाले शारीरिक बदलाव एवं उनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे बताया और उन समस्याओं को दूर करने के उपाय भी बताएं। स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि बेटियाँ आज भी अपने हक के लिए लड़ रही हैं, उपेक्षा एवं अभावों का सामना कर रही, बालिकाओं के मुद्दे पर विचार करके इनकी भलाई की और सक्रिय कदम बढ़ाना गरीबी, संघर्ष, शोषण और भेदभाव का शिकार होती लडकियों की शिक्षा और उनके सपनो को पूरा करने के लिए प्रयास पर केंद्रित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने ये भी कहा कि स्त्री हो या पुरुष बढ़िया स्वास्थ्य होना बेहद महत्वपूर्ण है। लिंग भेद के कारण दुनिया के कई देशों की लड़कियों का स्वास्थ्य चिंता का विषय है। आज भी समाज में लड़कियां सामाजिक और सांस्कृतिक भेदभाव की शिकार होती हैं। इसके कारण वे छोटी उम्र में ही कुपोषण और कई तरह की बीमारियों की शिकार हो जाती हैं। लड़कियों के अधिकारों और उसके स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 11 ऑक्टूबर को इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड डे मनाया जाता है।

विशेष अतिथि प्रेम प्रकाश अवधिया ने महिलाओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा, भेदभाव एवं यौन उत्पीड़न की चर्चा की। छात्राओं को मौलिक अधिकार, घरेलू हिंसा, सुरक्षा, लैंगिक समानता के अलावा हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में भी जानकारी दी। अंत मे उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी कई सारे कानून बनाए गए हैं और उनमें से कई कानूनी अधिकार लड़कियों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को कम करने के लिए बनाए गए हैं। साथ ही उन्होंने कानूनी धाराओं और मौलिक अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए कहा इन अधिकारों का उपयोग करके छात्रा छात्राएं अपने जीवन का निर्वाह निर्भीकता पूर्वक कर सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, महिला प्रकोष्ठ संयोजक नंदिनी कश्यप, क्रीड़ा एवं रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, निशा तिवारी, दिव्या सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

चुनाव की बारिकी सिखाने कर्मचारियों की टेस्ट परीक्षा

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटेकल्याण अंतर्गत मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण हायर सेकेंडरी स्कूल में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि निर्वाचन सम्पन्न कराने का कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण चरण है। अतः प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को पूरी गंभीरता से आत्मसात करके अपने चुनावी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

कलेक्टर ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार शांति काल में जितनी मेहनत करते हैं तो हमे, युद्ध काल में उससे उतनी ही कम मेहनत करनी पड़ती है। अतः निर्वाचन के प्रत्येक कार्य को गंभीरता से लेकर पूरे लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें। ज्ञात हो कि इस बार प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र में अधिकारी कर्मचारी से निर्वाचन कार्य संबंधी अभ्यास के टेस्ट कराये जा रहे हैं। साथ ही उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नम्बरिंग भी दी जा रही है। इस विषय में कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारी कर्मचारी के इस अभ्यास परीक्षा में अच्छे नम्बर लाये हैं वे बधाई पात्र हैं। साथ ही जिनके कम अंक हैं वे आगामी प्रशिक्षण सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने आगे कहा कि मतदान दलों को दी चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रकार कलेक्टर ने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया को सम्पादित करने की समझाइश मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को दी। इस प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सेक्टर ऑफिसर्स तथा मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को कम्प्यूटर पॉवर पाइंट प्रस्तुति के जरिये, मतदान प्रक्रिया के बारीकियों, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स आन सम्बन्धी विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूरित करना, मतपत्र लेखा, परिनियत एवं अपरिनियत लिफाफों को भरे जाने सम्बन्धी के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। वहीं मोबाईल एप्लीकेशन सी-टॉप्स के बारे में भी जानकारी दीगयी।

कटेकल्याण में पहले चरण का प्रशिक्षण, कलेक्टर ने दिए टिप्स

इस दौरान सभी सेक्टर ऑफिसर्स और मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण स्थल में ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट हैंड्स आन का अभ्यास कराने के अलावा सेक्टर ऑफिसर्स तथा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

अब सुधर रही लंबे समय से बंद हाई मास्क लाईट

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेश्वरी मंदिर के सामने की हाई मास्क लाईट लंबे समय से बंद पड़ी थी। इस आशय की खबर प्रकाशित होने के बाद इसकी सुध ली गई और इसकी लाईट सुधारी जा रही है। इसके बल्ब को खंबे से उतार कर लंबे समय से रखा गया था। पालिका और क्रेडा दोनों इस मामले में उदासीन रहे। आज से फिर इसे सुधारा जा रहा है।

मतदान दलों का प्रथम चरण का हुआ प्रशिक्षण

भानुप्रतापपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर प्रतीक जैन के मार्ग दर्शन में 12 व 13 अक्टूबर को दो दिनों तक मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण स्थानीय सेंट जोसफ स्कूल में सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 का प्रशिक्षण हुआ। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र को उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पूरी निर्वाचन की प्रक्रिया का बारीकी से समझाया गया। पीठासीन अधिकारी का दायित्व क्या होता है एवं पूरे मतदान प्रक्रिया को पीठासीन अधिकारी किस तरह से संचालित करेंगे इस बारे में बताया । साथ ही साथ मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03को उनके निर्वाचन कार्य से अवगत कराया। भानुप्रतापपुर विधानसभा में कुल 266 मतदान केंद्र बनाये गये है। जिसमें से भानुप्रतापपुर तहसील में 99 चाराघा तहसील में 105 एवं दुर्गुकोंदल तहसील में 62 मतदान केंद्र बनाये गये है। जिसमे से आयोग द्वारा प्रत्येक विधानसभा में 10 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गये है जिसमें केवल महिला कर्मचारी ड्यूटी करेंगी। साथ ही युवा प्रबंधन मतदान केंद्र, दिव्यांग मतदान केंद्र एक एक बनाया गया है। मतदान दलों को आज सभी 12 कमरों में प्रोजेक्टर में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मतदान प्रक्रिया को विस्तार से दिखाकर समझाया गया। आज के प्रशिक्षण केंद्र में रिटर्निंग आफिसर प्रतीक जैन ने पंहुचकर निरीक्षण किया और मतदान दलों के सभी अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व में आप सबकी ड्यूटी लगायी गयी है। मतदान प्रक्रया को बहुत गंभीरता से देखे और समझ

रिटर्निंग आफिसर ने प्रशिक्षण केंद्र पंहुचकर निरीक्षण किया

लें किसी भी प्रकार के शंका केलर यहां से बाहर न जाये जो भी सवाल हो उसका निदान करें और मास्टर ट्रेनर्स से जरूर पूछे। साथ ही साथ उन्होने सभी को निर्देशित किया कि चुनाव कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और राष्ट्रीय महत्व का है इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। अतः सभी पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।मतदान दल के प्रथम दिवस कुल 740 एवं द्वितीय 720 कुल मिलाकर 1460 अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी प्रशिक्षण में लगायी गयी थी ।प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों को डाकमत पत्र के प्रारूप 12 भ भराया गया जिससे वे भी मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लें सके। प्रशिक्षार्थियो के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी थी। प्रशिक्षण में सभी को ईव्हीएम प्रारंभ कर इसका पर्याप्त अभ्यास कराया गया साथ माक पोल सीआरसी ,सीलिंग, मतपत्र लेखा और पीठासीन की डायरी सीआरसी और क्लोज बटन आदि पर ज्यादा जोर देकर समझाया गया। आज के प्रशिक्षण में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा,प्रशिक्षण प्रभारी सदे सिंह कोंमरे, जिला कार्यालय से एमन जैन एपीसी, लक्ष्मण कावडे सहायक संचालक , एस.पी.कोसरे बीईओ दुर्गुकोंदल,केशव साहू बीईओ चारामा,टिकेश्वर सिंह ठाकुर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर , मास्टर ट्रेनर्स गजाधर जैन, देवकुमार शील,विजय राय,पेशी राम कुंजाम, के.आर. सिन्हा, संजय गोडाले,साजिद खन, नुमेश सोनी, निरंकार श्रीवास्तव, संजय वस्त्रकार, मनीष गौतम के साथ साथ 20 मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

भानुप्रतापपुर में कांग्रेस का संकल्प शिविर आज, सीएम बघेल कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

भानुप्रतापपुर, 13 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस का 14 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर में विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर आयोजित है,जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संबोधित करेंगे। इससे पूर्व सुबह बूथ, जोन, प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता, समस्त प्रकोष्ठ के साथ चर्चा, ट्रेनिंग एवं पोलिंग बूथ कार्यकर्ता का प्रशिक्षण शिविर, संगठन के विषय पर चर्चा और योजनाओं का प्रचार प्रसार प्रशिक्षक के साथ। इस दौरान चुप पदाधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और मोदी सरकार की विफलता की जानकारी दी जाएगी।

नामांकन का समय सुबह 11 से 3 बजे तक

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यक्रम के तहत नामांकन दाखिला की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर शुक्रवार तक निर्धारित है। इस नियत अवधि के दौरान प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कलेक्टर न्यायालय में अभ्यर्थियों अथवा उनके अधिकृत अभिकर्ता से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 अक्टूबर को की जायेगी। वहीं 23 अक्टूबर को अभ्यर्थियों से नाम वापस लिया जा सकता है। इसके पश्चात निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किया जायेगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा के लिये 7 नवंबर को मतदान होगी और 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

वैज्ञानिकों ने युवाओं को समझाया जैविक खेती का महत्व

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केन्द्र, दन्तेवाड़ा में ग्रामीण युवाओं का जैविक खेती विषय पर कौशल विकास हेतु छः दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डिप्रोशन बंजारा के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रशिक्षण में ग्राम जावंगा के 15 प्रशिक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण में श्री बंजारा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा जिले के वर्तमान जैविक स्थिति, जैविक खेती का परिचय जिसमें महत्व तथा फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि किसानों के घरों में उपलब्ध गाय के गोबर, गौमूत्र का उपयोग कर जैविक खेती हेतु जैविक खाद जैसे जीवामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, गोबर खाद, कम्पोस्ट व वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर जैविक खेती आसानी से किया जा सकता है। साथ ही साथ उन्होने फसल सुरक्षा हेतु जैविक कीटनाशक निमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, हांडी दवा आदि के निर्माण व उचित उपयोग करने की जानकारी दी गई। केन्द्र के वैज्ञानिक अनिल कुमार ठाकुर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जैविक खेती हेतु उपयुक्त मौसम अनुरूप फसलों का चयन, मौसम आधारित खेती जैसे कीटों व बीमारी हेतु अनुकूल वातावरण की स्थिति में कीट प्रकोप व फसल रोग होने से पहले जैविक दवा तैयार कर समय पर उचित उपयोग करने से होने वाले फसल नुकसान को कम करने के तरीकों से अवगत कराया गया। इसके अलावा उनके द्वारा केन्द्र से मौसम पूर्वानुमान व महत्व तथा अपने खेतों कुछ न कुछ फसल लगाने एवं खेतों खाली न छोड़ने की सलाह भी दी गई। केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ, ए.पी. एण्ड एफ.ई. ईंजी. श्री प्रवीण कुमार निषाद के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को टपक सिंचाई तकनीक, कार्यक्रम सहायक (पौध रोग विज्ञान), कु. वंदना चडार एवं वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (चिरग), डॉ. अंजुलता सुमन पात्रे के द्वारा जैविक खेती अंतर्गत अपने बाड़ियों में सब्जी उत्पादन की तकनीक के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही साथ प्रशिक्षणार्थियों को केन्द्र पर स्थापित इकाइयों का भ्रमण भी कराया गया। इसमें जिले के प्रगतिशील कृषक जयलाल यादव, ग्राम हीरानार का जैविक प्रक्षेत्र भी शामिल था। इस दौरान जयलाल द्वारा प्रशिक्षार्थियों को जीवामृत बनाने की विधि व उसके उपयोग के बारे में बताते हुए कहा कि कृषक अपने फसल की वर्तमान स्थिति व जैविक खेती अपनाकर वर्ष में तीन फसल आसानी से कर लाभ कमा सकते है। उन्होने हर कृषक को जैविक खेती करने हेतु कम से कम एक गाय घर में रखने की बात कही। प्रशिक्षण अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों को जैविक खेती सिखाने व प्रोत्साहित करने हेतु विडियो प्रदर्शन का संचालन तथा तकनीकी सहयोग सुरेन्द्र कुमार पोद्दियम (कार्यक्रम सहायक, कम्प्यूटर) एवं लेखेश कुमार श्रीवास्तव (सहायक वर्ग-1) द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के अंत में ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास अंतर्गत जैविक खेती प्रशिक्षण हेतु प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

कृषि विज्ञान केन्द्र दन्तेवाड़ा में 6 दिवसीय प्रशिक्षण

रमन व पवन साय से चर्चा के बाद मान गई ओजस्वी

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा में चैतराम अटामी को कलेक्टरी से टिकट देने के बाद शहीद भीमा मंडावी की बेटी दीपा मंडावी ने वीडियो संदेश जारी कर अपनी पीड़ा बताई। अपनी मां ओजस्वी मंडावी को टिकट नहीं मिलने पर कई सवाल उठाए थे। बाद बीजेपी ने आज बयान जारी कर अपने आपको पार्टी के साथ खड़े होने की बात कही और यह भी कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसे वो निभायेंगी। जारी बयान में श्रीमती ओजस्वी ने कहा है कि वे भाजपा की पदाधिकारी हैं और पार्टी के साथ हैं। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री जी. रमन सिंह एवं संगठन महामंत्री पवन साय से पार्टी संगठन के विषय में ही चर्चा हुई है, साथ में जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी भी उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को समझाया गया। वे अपनी पार्टी के साथ खड़ी हैं। उनके निवास में कार्यकर्ता मिलने पहुंचे थे, कार्यकर्ताओं से मिलना कोई गलत तो नहीं है। उल्लेखनीय है कि दीपा मंडावी के वीडियो संदेश में मां ओजस्वी को टिकट नहीं मिलने पर नाराजगी जताते इसे पिता शहीद भीमा मंडावी की शहादत का अपमान बताया गया था। इस विषय पर ओजस्वी ने कहा कि मीडिया में जो भी बातें आ रही हैं, उनका कोई संबंध उनसे नहीं है। यहां यह बताना भी लाजिमी है कि दीपा मंडावी के वीडियो संदेश के बाद भाजपा की राजनीति में उफान आ गया था। राजधानी तक सियासत गर्मा गई थी। यहां तक कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते कहा था कि भाजपा में कैडर और कार्यकर्ताओं का हमेशा अपमान होता रहा है। वहां रायशुमारी और सर्वे का कोई औचित्य नहीं होता। बहरहाल ओजस्वी के बयान के बाद अब सब कुछ ठीक हो गया है, ऐसा लगने लगा है। लगातार ऐसी चर्चा भी चल रही थी कि ओजस्वी निर्दलीय चुनाव भी लड़ सकती हैं, लेकिन आज के बयान के बाद इन सभी बातों पर पूर्ण विराम लग गया है और अब भाजपा चुनाव मैदान में बगैर किसी अड़चन के उतरेगी।

बयान जारी कर पार्टी के साथ खड़े होने की बात कही

एनएमडीसी, बचेली में स्वच्छ भारत रन का आयोजन



बचेली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की निरंतरता को बनाये रखते हुए एनएमडीसी के बचेली परियोजना में अक्टूबर माह में विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 13.10.2023 को बचेली परियोजना द्वारा स्वच्छ भारत रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरण किए गए। तत्पश्चात परियोजना प्रमुख बी. वेंकटश्वरलु के नेतृत्व में इस रन की शुरुआत की गई। साथ में विभागाध्यक्षगण, यूनियन के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण व सीआईएसएफ के जवान सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने परियोजना के सीआईएसएफ चेक पोस्ट से दौड़ शुरू कर, नगर परिक्रमा करते हुए बैला क्लब बचेली में इस रन का समापन किया। परियोजना प्रमुख ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता को निरंतर बनाये रखना आवश्यक है। इस रन का आयोजन स्वच्छता की सेवा के प्रति लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया । स्वच्छता के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु कार्यक्रेत्र में कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है जिसे अक्टूबर मास में बारी-बारी से परियोजना विभिन्न विभागों में आयोजन किया जा रहा है।

पत्रकारों का मुख्य काम है खबर ढूंढना और उसे अपने पाठकों तक पहुंचाना : डेहरिया

भानुप्रतापपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सीनियर विद्यार्थियों ने मंगलवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियरो का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकार का मुख्य काम है खबर ढूंढना और उसे अपने पाठकों तक पहुंचाना, ऐसे में छात्रों को चाहिए कि स्कूली दिनों से ही अपने दिमाग को इस तरह से ट्रेन करें कि हर जगह पर खबर ढूंढ पाएं पत्रकार के लिए नौकरी का कोई नियमित समय नहीं होता है, अगर कोई घटना रात के 12 बजे घट रही है तो उसे वहां पहुंचना होता है। उन्होंने ये भी कहा कि शैक्षिक कैलेंडर के अनुरूप अध्यापन का कार्य करें। क्योंकि इससे मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।विशिष्ट प्राध्यापक एवं छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्रों के लिए बेहतर सृजन की अपार संभावनाएं हैं। पत्रकारिता का कोर्स करने के बाद छात्र किसी अखबार, टीवी, रेडियो, मैगजीन, वेबसाइट आदि के लिए काम कर सकते हैं। इंटरनेट का प्रभाव बढ़ने से डिजिटल मीडिया पत्रकारों के लिए काफी मौके प्रदान करती है। मीडिया में अलग-अलग फील्ड में काम करने का मौका विद्यार्थियों को मिलता है। इसके अलावा अगर आपकी रूचि पढ़ाने में हैं तो आप किसी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर भी बन सकते हैं। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को "अर्न, लर्न एवं रिटर्न" की अवधारणा के साथ स्वयं का एवं विभाग का विकास अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, रासेयो एवं आइक्यूएसी प्रभारी रितेश कुमार नाग, कमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष केके प्रधान, महिला प्रोकोष्ठ के संयोजक नंदिनी कश्यप ने भी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत मे पत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक श्रीदाम ढाली ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर क्रीड़ एवं रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, दुर्गेश कोसमा, धनेश्वर बांधे, जीवन साहू, ईश्वर लाल सिन्हा, निशा तिवारी, दिव्या सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मिस्टर फ्रेसर लालचंद और मिस फ्रेसर अंजली सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से डांस, कैटवॉक, बैलून बम एवं अन्य विविध प्रतियोगिता छात्राओं द्वारा किया गया। साथ ही मिस्टर फ्रेसर बीए(जेएसी) प्रथम सेमेस्टर के लालचंद और मिस फ्रेसर अंजली महावे को चुना गया। दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकारिता के सीनियर विद्यार्थी अनुप मंडल, वासुदेव सलाम, उसल नायक, तुषार मिस्त्री, संजय कुमार, अजय बेसरा, सामंत साहू, गणेश पल्लो, नंदकिशोर, शिखा मांडवी, सुशीला गोटा, दुर्गा, लीलेश्वरी, नगीना पटेल, पारस, साधना, ठिकेश, आशधना, राजेश, विनोद कमेटी सहित समस्त सीनियर विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

दंतेवाड़ा विस चुनाव की अधिसूचना जारी

20 तक जमा किए जा सकेंगे नामांकन पत्र

दंतेवाड़ा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हो गई। इसी के साथ नामांकन पत्र भी जमा होंगे। दंतेवाड़ा विधानसभा निर्वाचन के लिए सामान्य निर्वाचन की नोटिस प्रारूप, 1 का प्रकाशन हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के पत्र कार्यवाही एवं अधिसूचना द्वारा प्राप्त कार्यक्रम अनुसार 9 अक्टूबर से जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 88- दंतेवाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये सामान्य निर्वाचन की नोटिस प्रारूप-1 (निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के अधीन नाम निर्देशन से संबंधित प्रारूप 1) का प्रकाशन किया गया है। इसमें सूचना दी गई है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा से 88 दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सदस्य का निर्वाचन होना है। नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या श्री हुलेश्वर नाग खुंटे, तहसीलदार दन्तेवाड़ा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्तापक द्वारा 20 अक्टूबर को (लोक अवकाश दिन से भिन्न) 11 बजे पूर्वाह्न और 3 बजे अपरान्ह के बीच कक्ष क्रमांक 103, न्यायालय कलेक्टर दन्तेवाड़ा, संयुक्त जिला कार्यालय भवन में परिदत्त किए जायेंगें। नामनिर्देशन पत्र के प्रारूप पूर्वोक्त स्थान एवं समय पर अभिप्राप्त किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा के लिए कक्ष क्रमांक 103 न्यायालय कलेक्टर दन्तेवाड़ा, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, प्रथम तल पर दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे लिए जायेंगें। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्तापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो उपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट आफिसर्गे में से किसी को उसके कार्यालय में 23 अक्टूबर 2023 को 03 बजे अपरान्ह के पूर्व परिदत की जा सकेगी। निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 7 नवम्बर को प्रातः 7 बजे और अपरान्ह 3 बजे के बीच मतदान होगा।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पप्पू (जलेबी वाले से) - कितने साल से जलेबी बना रहे हो?
जलेबी वाला - 30 साल से...
पप्पू - लानत है तुम पर, इतने सालों में तुमसे जलेबी सीधी नहीं बनी। डूब के मर जाओ...!!!

प्रत्याशी के वाहन से 50 हजार से अधिक नकद मिलने पर होगी जप्ती की कार्रवाई

- स्टार प्रचारक ले जा सकेंगे एक लाख रुपये नगदी, पर रखना होगा कोषाध्यक्ष का पत्र
- चुनावी लेन-देन पर रहेगी नजर, असामान्य और संदेहास्पद बैंक ट्रांजेक्शन की भी मॉनिटरिंग की जाएगी
- कलेक्टर डॉ भुरे ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की, दिए जरूरी निर्देश

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद राजनैतिक दल, प्रत्याशी या उनसे संबंधित धन राशि के लेन देन पर निर्वाचन आयोग द्वारा नजर रखी जाएगी। प्रत्याशी या उसके एजेंट या पार्टी वर्कर के वाहन में चेकिंग के दौरान 50 हजार रुपए से अधिक की धन राशि प्राप्त होने पर उसे जप्त किया जाएगा। इसी प्रकार चेकिंग के दौरान प्रत्याशी, उनके एजेन्ट या पार्टी वर्कर के वाहन में 10 हजार रुपए से अधिक की चुनाव प्रचार समाग्री, पोस्टर, दवाईयां, शराब, हथियार या किसी अन्य प्रकार के उपहार मिलने पर उन्हें भी जप्त कर लिया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन संबंधी अवतक की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सातों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसरों और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की और विस्तृत जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों की चुनावी खर्च पर पैनी निगाह रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए या दल के कार्यक्रम के लिए 1 लाख रूपये तक नगद रख सकेंगे, परंतु इसके लिए उन्हे पार्टी के कोषाध्यक्ष से लिखित प्रमाण पत्र साथ रखना होगा। चेकिंग के दौरान बिना प्रमाण-पत्र के पाई गई राशि भी जप्त की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भुरे ने विधानसभा चुनाव के दौरान बैंकों से होने वाले संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की मॉनिटरिंग कर जानकारी भी लेने को कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैंकों को संदेहास्पद लेन-देन की दैनिक रिपोर्ट जमा करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन के दौरान यदि किसी बैंक अकाउंट में संदेहास्पद गतिविधि होती है तो उसकी जानकारी निर्वाचन व्यय शाखा और कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने बताया कि विगत दो माह में किसी बैंक अकाउंट में यदि 1 लाख रुपए से अधिक का असामान्य लेन-देन किया जाता है तो उसे संदेहास्पद माना जाएगा। साथ ही प्रत्याशी, उनकी पत्नि या रिश्तेदार द्वारा 1 लाख रुपए से अधिक का लेन-देन किया जाता है तो उन्हें शपथ-पत्र जमा करना होगा जिसका प्रारुप, मुख्य निर्वाचन आयुक्त के वेब साईट पर उपलब्ध है।

विधानसभा चुनाव के दौरान किसी अकाउंट से जिले या विधानसभा क्षेत्र के बहुत से लोगों के अकाउंट में असामान्य रुप से आरटीजीएस के माध्यम से राशि स्थानांतरित की जाती है और ऐसा लेन-देन पहले न किया गया हो तो वह भी संदेहास्पद माना जाएगा। कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों से किसी अन्य प्रकार की संदेहास्पद गतिविधि की दैनिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से संदिग्ध लेन-देन, किसी खाते से अचानक बड़ी रकम की जमा एवं निकासी आदि पता चलने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जाए। उन्होंने बैंकों की कैश कैरियर वाहनों को भी निर्धारित मापदण्डों और सुरक्षा के साथ संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि विशेषकर निजी और व्यवसायिक बैंकों के कैश कैरियर वाहन बैंकों द्वारा दी गई राशि का ही परिवहन करें, राशि का पूरा हिसाब रखें। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाने पर बैंक प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवैध रूप से साड़ी, किचन सामान जैसी दूसरी सामग्रियों की बड़ी संख्या में आवाजाही पर भी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ अविनाश मिश्रा तथा सभी विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर और नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

कोटवारों ने मांगें पूरी न होने पर चुनाव ड्यूटी का बहिष्कार करने दी चेतावनी

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने चुनाव ड्यूटी बहिष्कार का ऐलान करते हुए पांच सूत्री मांगों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कोटवार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम किशोर ने बताया पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। प्रदेश में जहां मानदेय का भुगतान रुका हुआ है उसको तत्काल आवंटित किया जाए चुनाव ड्यूटी में लगाए जा रहे सभी कोटवारों का अन्य कर्मचारियों की भांति बीमा करवाया जाए।

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कोटवारों की यह भी मांग है कि मतदान के दौरान जैसे सभी कर्मचारियों को मौके पर ही भत्ता दिया जाता है सभी कोटवारे को भी भत्ता दिया जाए। चुनाव ड्यूटी में कोटवार सुरक्षा के लिए जिम्मेदार रहता है, जिन्हें पुलिस प्रशासन की ओर से आदेश प्राप्त होते हैं उन्हें अन्य किसी भी प्रकार का बेगारी कार्य न कराया जाए। यदि वहुत आवश्यक है हो तो पटवारियों की ड्यूटी उनके कार्यक्षेत्र में लगाया जाए। कोटवारों का कहना है कि यदि हमारी मांग नहीं मानी जाती है तो हम निर्वाचन ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा, ड्यूटी के दौरान हमारे कई साथी हादसे का शिकार होते हैं लेकिन कोई मदद नहीं मिलती। मतदान में ड्यूटी में गए हमारे कोटवार साथी गायब हैं, अभी तक घर वापस नहीं आए।

जीतने वाले प्रत्याशियों को टिकट दी जा रही : भूपेश

महिला उम्मीदवारों की संख्या पहले से होगी ज्यादा

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों पर मंथन हुआ। बैठक में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज देर शाम दिल्ली दौरे से वापस रायपुर लौटे। इस दौरान दोनों ने बैठक में बनी सहमति को लेकर जानकारी दी है। इस बार कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली लिस्ट 15 अक्टूबर को आएगी। वहीं महिला उम्मीदवारों की संख्या पहले से ज्यादा होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पहले चरण की सीटें तय हो चुकी है। कुछ सीटों पर नाम तय करने अभी और चर्चा होगी ।महिला उम्मीदवारों की संख्या पहले से ज्यादा होगी प्रत्याशी चयन को लेकर सिर्फ एक ही फार्मूला है, जो जीताऊ है उसे टिकट दी जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नेताओं की भी ज्यादातर सीटों पर सहमति बन गई है। पहले चरण के प्रत्याशियों की सूची तैयार है हो दिन बाद सूची जारी हो जाएगी दूसरे चरण के भी कुछ प्रत्याशियों के नाम पहली सूची में शामिल हैं।

रायपुर उत्तर, दक्षिणसहित आठ सीटों पर नाम तय नही

केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में 82 सीटों पर प्रत्याशी तय होने की चर्चा हैं। आठ सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पर सहमति नहीं बन पाई है। सूत्रों की माने तो प्रथम चरण की सभी 20 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम तय हो गए हैं। और दूसरे चरण की 62 सीटों के लिए भी नाम फाइनल हो गया है। कहा जा रहा है कि जिन आठ सीटों पर नाम तय नहीं हो पाए हैं, उनमें रायपुर उत्तर, दक्षिण, चंद्रपुर, रामानुजनगंज, धमतरी, बेलतरा, और अन्य सीट शामिल हैं।

कांग्रेस विधायक के टिकट काटने का हल्ला नाराज समर्थक रायपुर के लिए हुए रवाना

कांग्रेस ने अभी तक एक भी प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के प्रत्याशियों के नाम को लेकर आज 40 सीटों पर तय ? नामों की सूची वायरल हुई है. जिससे चुनाव हलचल तेज हो गई है मनेन्द्रगढ़ के विधायक डॉ. विनय जायसवाल की टिकट कटने का हल्ला होने से उनके समर्थकों में नाराजगी है और मनेन्द्रगढ़में राजनीति गरमा गई है। नाराजगी इतनी है कि बड़ी संख्या में समर्थक मनेन्द्रगढ़ से राजधानी रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं।रायपुर पहुंचकर सभी कांग्रेस मुख्यालय में प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। इसमें जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस नेता डेजी, नगर निगम सभापति गायत्री बिरहा, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस, कई सारे पार्षद और एल्डरमैन के साथ समर्थक शामिल हैं।

प्रदेश में अगले महीने विधानसभा चुनाव होना है। पहले चरण में 7 नवंबर और दूसरे चरण में 17 नवंबर को चुनाव की तारीख तय की गई है।वहीं शुक्रवार को पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करना शुरू हो गया है।चुनाव को लेकर भाजपा ने 90 विधानसभा सीटों में से 85 सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है और आम आदमी पार्टी ने 33 प्रत्याशियों की घोषणा की है।

कई विधायकों पर लटकी तलवार, कट सकती है टिकट

कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा अब तक नहीं हुई है। पिछले 2 दिनों से प्रत्याशियों के नाम पर मंथन चल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल अभी दिल्ली में हैं और केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में नामों पर चर्चा चल रही है। इसी बीच खबर आ रही है कि मौजूदा विधायकों में से कइयों की टिकट कटने वाली है।

सूत्रों के अनुसार 23 वर्तमान विधायकों की टिकट खतरे में है। इनके जीतने की संभावना कम बताई जा रही है। इसलिए सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस कोई भी रिस्क नहीं लेना चाह रही है। भाजपा के तर्ज पर ही उम्मीदवारों के खिलाफ एन्टी इनकम्बेंसी रोकने 'नए चेहरों' पर कांग्रेस दांव खेल सकती है। सूत्रों ने बताया कि इस सूची में अनेक ऐसे नाम भी हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री का बहुत करीबी माना जाता है। जब तक उम्मीदवारों की अधिकृत घोषणा नहीं हो जाती है, तरह-तरह के अटकलों की चर्चा राजनीतिक गलियारे में लाजिमी है। अब, जब उम्मीदवारों के लिए एक-एक दिन भारी पड़ रहा है, टिकट पर सबकी निगाहें टिकी हुई है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अपने 23 विधायकों की टिकट काटने जा रही है। जो पिछले चुनाव में 'परिवर्तन की लहर' में चुनाव जीतने में कामयाब हो गए थे। इस बार जमीनी स्तर पर इनकी स्थिति कथित तौर पर ठीक नहीं है। जिन 23 विधायकों की टिकिट कटने की संभावनाएं जताई जा रही है।

नवरात्रि पर प्रदेश में 18 हजार बाइक 15 सौ से ज्यादा कारों की होगी बिक्री

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र के साथ ही त्योहारों महीना भी शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए आटोमोबाइल कंपनियां पूरी तरह से तैयार हो गई है। कंपनियों का अनुमान अकेले नवरात्र के नौ दिनों में ही प्रदेश में 18 हजार से ज्यादा दोपहिया व 15 सौ से ज्यादा कारों की बिक्री का अनुमान है। पिछले वर्ष की तुलना में यह कारोबार 10 फीसदी अधिक है। कार कंपनियों द्वारा अपने विभिन्न माडलों में 70 हजार तक की छूट दी जा रही है। साथ ही दोपहिया कंपनियां द्वारा लोएस्ट डाउन पेमेंट व कम से कम ब्याज दर पर गाड़ी उपलब्ध कराई जा रही है।

- दोपहिया में लोएस्ट डाउन पेमेंट 9 फीसद तक फाइनेंस उपलब्ध
- कारों में 7 हजार तक की छूट

राठा के सचिव कैलाश खेमानी ने बताया कि कंपनियों के आफरों का अधिक से अधिक फायदा उपभोक्ताओं को उठाना चाहिए। कंपनियों द्वारा सारे आफर उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए ही तैयार किए जाते है।मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रेनाल्ट,होंडा कार्स सहित मर्सीडीज व आडी जैसी लग्जरी कंपनियां भी आकर्षक आफर दे रही है। वहीं दोपहिया में हीरो मोटोकार्प, होंडा, टीवीएस, बजाज, यामाह आदि कंपनियों द्वारा अपने आफर्स से लुभाया जा रहा है।

विभिन्न कार्डों में कैशबैक का लाभ

आटोमोबाइल कंपनियां द्वारा बैंकों से भी टाइअप किया गया है इसके तहत उपभोक्ताओं को कार्डों से भुगतान पर कैशबैक का भी फायदा उपलब्ध कराया जा रहा है।

इलेक्ट्रिक कार व दोपहिया की मांग

आटोमोबाइल मार्केट में इलेक्ट्रिक कार व दोपहिया भी उपलब्ध है। इस वर्ष इनकी मांग में भी इजाफा हुआ है। कारोबारियों का कहना है कि अगर वर्ष 2022 से तुलना की जाए तो इस वर्ष सितंबर माह तक 25 फीसद ई बाइक की बिक्री ज्यादा हुई है।

कंपनियों द्वारा किसानों के साथ ही शासकीय कर्मियों व कार्पोरेट अधिकारियों को ज्यादा लाभ भी दिया जा रहा है। कंपनियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को इन आफरों का अधिक से अधिक फायदा उठाना चाहिए। कार और दोपहिया 90 फीसदी तक फाइनेंस पर उपलब्ध है। साथ ही कुछ कंपनियों द्वारा अपने चुनिंदा माडलों को सौ फीसद फाइनेंस में उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा के अनुसार ही ईएमआइ भी तय की जाती है।

विभिन्न कार्डों में कैशबैक का लाभ

आटोमोबाइल कंपनियां द्वारा बैंकों से भी टाइअप किया गया है इसके तहत उपभोक्ताओं को कार्डों से भुगतान पर कैशबैक का भी फायदा उपलब्ध कराया जा रहा है।

रमन मंत्रिमंडल के भ्रष्टाचार की जांच क्यों नहीं कराती मोदी सरकार : कांग्रेस

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रविशंकर प्रसाद और भाजपा जवाब दें रमन सिंह के और उनके मंत्रियों के 1 लाख करोड़ के घोटाले पर क्यों चुप है। 36000 करोड़ के नान घोटाले और 6200 करोड़ के चिटफंड घोटाले, पनामा पेपर घोटाले पर मोदी सरकार जांच क्यों नहीं करवाती? अडानी के घोटालों पर क्यों मौन है? देश आज भी जानना चाहती है अडानी की कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके लगे है?

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शुक्ला ने कहा महादेव एप्प पर केंद्र सरकार बैन क्यों नहीं लगाती? महादेव एप्प पर कार्यवाही करने नयी छत्तीसगढ़ सरकार को योगी सरकार ने मुकदमा क्यों दर्ज किया? आरोपियों को क्यों बचाया? महादेव एप्प पर कार्यवाही तो अकेले छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है। भाजपा के एक राष्ट्रीय नेता जो एक राज्य में महत्वपूर्ण पद पर है, जो छत्तीसगढ़ से आते है। उनका महादेव एप्प के सरगना और उसके सहयोगी से क्या संबंध है ?। 7 लाख प्रधानमंत्री आवास को मोदी सरकार ने क्यों रोका था ? जिसके कारण भूपेश सरकार को ग्रामीण आवास योजना

प्रसाद बताए चावल करा कोटा 86 लाख मी टन से 61 लाख टन क्यों किया

के इतिहास में केन्द्र की मोदी सरकार पहली और इकलौती सरकार है जिसने गंगाजल पर टैक्स लगाया है जिस बेहरमी से अंग्रेज लगान वसूल करते थे उससे भी ज्यादा निर्दयता से केन्द्र की मोदी सरकार आम जनता के दैनिक उपभोग की वस्तुओं और पूजन सामाग्रियों पर टैक्स वसूल रही है। मोदी राज में सनातन और सनातनियों पर जितने अन्याय और अत्याचार हो रहे है, देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुए है।

एआईसीसी संचार विभाग की कोआर्डिनेटर राधिका खेरा ने कहा कि आज रविशंकर प्रसाद को जोगी जी बहुत याद आ रहे है जो उनके बी टीम के मुखिया थे। 3 दिसंबर को उनका काल आता हुआ दिखाई दे रहा है। 15 साल में रमन सिंह के कुशासन में नक्सलवाद 14 जिलों में फैला दिया। उनको सवाल पूछने का कोई अधिकार नहीं। 5 साल पहले तक जब कांग्रेस की सरकार नहीं थी जब रमन सिंह की सरकार थी तो छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पहचाना जाता था।

प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा अध्यक्ष का कांग्रेस पर प्रहार

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आज से पहले चरण के 20 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन की प्रक्रिया 20 अक्टूबर तक चले गी। पहले चरण के 20 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस ने अभी तक एक भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर, 2 दिनों से चल रहे कैंडी क्रश विवाद के साथ तंज कसा है। अरुण साव ने सोशल मीडिया एक्स में तंज कसते हुए लिखा है-आज से पहले चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो रही है..!उधर पोगो, कैण्डीक्रेश वालों को अब तक खिलाड़ी नहीं मिल पाए चुनावी मैदान के लिए..!

तैयार हो जाओ भाई, डरो मत!

भाजपा अध्यक्ष साव ने कांग्रेस के स्लोगन हैं तैयार हम पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे सवाल का भी करारा जवाब देते हुए लिखा है तैयार हो जाओ भाई डरो मत।



- टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस असमंजस में, तैयार हो जाओ भाई, डरो मत : अरुण साव

पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों पर 07 नवंबर को मतदान होगा। इनमें बस्तर संभाग की 12 और दुर्ग संभाग की आठ सीट शामिल हैं।पहले चरण में जिन 20 सीटों पर मतदान होना है, उनमें भाजपा ने सभी सीटों प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस की पहली सूची 15 अक्टूबर को घोषित हो सकती है। पहले चरण में 20 सीटों पर 39 लाख 23 हजार मतदाता मतादिकार का प्रयोग करेंगे।

कांग्रेस का तुष्टिकरण मूर्ति ध्वंस का जिम्मेदार : बृजमोहन

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विरिष्ठ भाजपा नेता, विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संस्कृति धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भिलाई में विगत रात्रि देवाधिदेव भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियां खंडित किए जाने की घटना के संदर्भ में रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस शासन काल में 5 साल तक धार्मिक तुष्टिकरण के लिए सनातन संस्कृति का अपमान करने वालों को संरक्षित किया गया है, जिसका परिणाम छत्तीसगढ़ में जगह-जगह देखने मिला है



बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वह तुष्टिकरण की ही राजनीति है जिसकी वजह से आदिवासी अंचलों में पुरातन संस्कृति का अवमूल्यन करने के लिए धर्मांतरण को सुनियोजित रूप दिया गया। वह तुष्टिकरण की ही राजनीति है, जिसके तहत कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान किया गया और सनातन धर्म की ध्वज रक्षा करने वालों को जेल में ठूंसा गया यह तुष्टिकरण की ही राजनीति है कि बिरनपुर में निर्दोष हिन्दू युवक की जेहादियों ने हत्या की और कांग्रेस सरकार ने नामजद सभी आरोपियों पर कार्रवाई करने की बजाय निर्दोष हिन्दू युवाओं पर मुकदमा लादकर जेल भेज दिया। न्याय के मंदिर में ही उन बेकसूरों को न्याय मिला यह तुष्टीकरण की ही राजनीति है कि भिलाई के संतोषी पारा में भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को खंडित किया गया है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कभी भी किसी भी धर्म आस्था के केंद्र में इस तरह की कुंठित मानसिकता के हमले पहले नहीं होते थे लेकिन कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को खिलौना करने का काम किया है। आचार संहिता लगने के बावजूद जिस तरह ऐसी निकृष्ट और भटकाऊ घटनाएं सामने आ रही हैं, वह इस बात का प्रमाण हैं कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति छत्तीसगढ़ में सद्भाव बिगड़ने पर आमादा है। आखिर क्या वजह है कि विधानसभा चुनाव का ऐलान हो जाने के बाद अचानक फिर से सनातन आस्था के केंद्रों पर हमले होने लगे। अवश्य इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश है। कांग्रेस सरकार की कटपुतली बनकर तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाला प्रशासन अब भी कांग्रेस के प्रभाव में है। इसलिए ऐसी आशंका है कि चुनाव में प्रशासनिक तंत्र का खुला दुरुपयोग किया जाएगा और छत्तीसगढ़ का वातावरण दूषित करने के लिए आने वाले समय में ऐसी और भी विध्वंसक घटनाएं सामने आ सकती हैं।

बाइक की चोरी जुर्म दर्ज

रायपुर, 13 अक्टूबर। शहर में एक बार फिर बाइक चोरी की घटना हो गयी है। ये मामला पुरानी बस्ती थाने का है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोर ने गौरव पाण्डे की जय माता दी भोजनालय सामने लाखेनगर से खड़ी हीण्डा साईं बाइक को चोरी कर ले गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भादवि की धारा 379 के तहत केस दर्ज करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

कैपिटल ज़ोन
रायपुर, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023

दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने मिलेगा वाहन

100 मिनट में होगा शिकायतों का निराकरण

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक जाने के लिए अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा, बल्कि उनकी मांगों के बाद उन्हें परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में कुल 1.61 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक 40 प्रतिशत तक दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा मिलेगी, लेकिन यदि वे बूथ तक आना चाहे तो उनकी मांग के बाद वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

इस निःशुल्क सेवा में वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की मदद के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर एनएसएस, स्काउट गाइड, एनसीसी के कैडेट्स की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं के साथ संवाद स्थापित करने व अच्छे व्यवहार के लिए मतदान दलों एवं सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाना है। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर साइनबोर्ड चस्पा किया जाए। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर सुगम शौचालयों एवं सुगम मतदान के लिए ह्वील चेयर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में मुद्रित ईपिक कार्ड, मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जाए।

आचार संहिता के लागू होने के बाद आचार संहिता के उल्लंघन आदि की शिकायत पर सी-विजिल एप के माध्यम से 100 मिनट के भीतर शिकायतों का निराकरण किया जाना है। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए कन्ट्रोल मानिटरिंग सिस्टम साफ्टवेयर तैयार किया गया है। आम व्यक्ति एप पर शिकायत कर सकते हैं। गुरूवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय नोडल अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साफ्टवेयर संचालन के संबंध में आइटी विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

विधानसभा निर्वाचन 2023 में उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए आम नागरिक भी सी-विजिल फोन एप्प के माध्यम से डरने, धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतें सीधे भारत निर्वाचन आयोग को कर सकेंगे। इस बार साफ-सुथरे, निर्विवाद और पारदर्शी चुनाव

आम नागरिकों के लिए सी-विजिल एप्प होगा अमोघ अस्त्र

के लिए सी-विजिल एप्प आम नागरिकों के मोबाईल फोन पर अमोघ अस्त्र के रूप में इंस्टाल रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन या किसी राजनैतिक दल और प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को डराने, धमकाने या पैसा, शराब, सामग्री बांटकर अपने पक्ष में मतदान के लिए मजबूर करने की शिकायतें करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्प का निर्माण कराया गया है। एप्प को बिना किसी पेरेशानी के संचालित होने के लिए सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होगी। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के लिए चुनाव अधिसूचना जारी होने के साथ ही यह एप्प मतदाताओं के लिए एक्टिवेट हो गया है । लोग इसे गुगल एप्प स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड कर सकेंगे। मोबाइल में डाउनलोड करने के बाद मोबाइल नंबर डालकर स्वयं पंजीकृत होना पड़ेगा।

विधानसभा निर्वाचन को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए आम नागरिकों को 24 घंटे निगरानी की सुविधा देने वाले इस एप्प से लोग घटनाओं के फोटो या वीडियो लेकर सीधे अपलोड कर सकेंगे। इस एप्प के माध्यम से लिए गये फोटो या वीडियो मोबाइल फोन में सेव नहीं होंगे बल्कि सीधे निर्वाचन आयोग कार्यालय या जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा इस प्रकार फोटो या वीडियो के रूप में मिली शिकायत पर 100 मिनिट की समय सीमा में कार्यवाही करेगा। एप्प के माध्यम से अधिकतम पांच मिनट के वीडियो बनाकर अपलोड किए जा सकेंगे। जीपीएस प्रणाली पर आधारित यह मोबाइल एप्प रजिस्ट्रेशन किए जाने वाले विधानसभा क्षेत्र में ही काम करेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने बताया है कि मतदाताओं को डराने, धमकाने, प्रलोभन देने की शिकायत एवं सूचनाएं सी-विजिल एप्प के अलावा जिला नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर 0771-2445785 के साथ-साथ टोल फ्री नंबर 0771-1950 पर भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु स्वरूप कोई परितोष देता है या लेता है, तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडनीय होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक अथवा किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है।

खुलेआम गांजा बेचते युवक पकड़ाया

रायपुर, 13 अक्टूबर। नशा और इसके सौदागरों के खिलाफ रायपुर पुलिस की कार्रवाई जारी है। सरस्वती नगर थाना पुलिस ने कोटा से एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुलेआम गांजा बेच रहा था। मुखबिर की सूचना के बाद यह कार्रवाई की गई। दरअसल 12 अक्टूबर को सूचना मिला कि एक व्यक्ति शिव मंदिर के पास मोतीलाल नगर कोटा में गांजा बेच रहा है। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। पार्टी ने मुखबीर के बताये हुलिया अनुसार उस व्यक्ति को पकड़ा। नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण जगत उर्फलक्की बताया जिसके कब्जे से सफेद रंग के कैरी बैग में रखे गांजा कुल 1 किलो 350 ग्राम किमती 13500 रुपये को जब्त कर थाना लाया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरस्वती नगर रायपुर में धारा 20 ख एनण्डी पी.एस कायम कर आरेपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

लोडिंग रेत हाईवा से राहगीर असुरक्षित

राजिम, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में सुबह से लेकर दोपहर, शाम, रात तक रेत भरी लोडिंग वजनी हाईवा तेज गति से चल रही हैं सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल टाइम में हो रही है। सुबह स्कूली बच्चे ट्यूशन के लिए शहर आते हैं उसके बाद 10 बजे से 12बजे तक लगातार स्कूलों में पहुंचते हैं। शाम 4ः00 बजे से छुट्टी हो रही है। छोटे बड़े बच्चे साइकिलों से स्कूल पहुंच रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने को लेकर पालक बहुत चिंतित हैं। स्कूल समय भी लोडिंग हाईवा तेज रफ्तार से दौड़ रही है। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। शहर में नियम कायदा कानून सब क्षीण होते हुए नजर आ रहे हैं। जिसके चलते वर्तमान में स्कूली छात्र अब साइकिल से स्कूल आने-जाने में कतरा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ छात्र-छात्राएं साइकिल से स्कूल जाने के लिए मना कर दिए हैं। अब उन्हें उनके पालक गाड़ी में बिठाकर ला रहे हैं इससे पालकों की खर्चा बढ़ गई है। काम को छोड़कर बच्चों को स्कूल लाने ले जाने में समय खपा रहे हैं। जिनके पलक समय पर मौजूद नहीं हो रहे हैं ऐसे में मजबूरी में बच्चे साइकिल चलाते हुए तेज धूप में स्कूल पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर बरसात के बाद सड़कों की हालत जर्जर हो गई है ऐसे में साइड देने या लेने के चक्कर में भी कई दुर्घटनाएं हो जाती है। रविवार को ही गरियाबंद रोड में एक महिला बस के चपेट में आने से अपने जिंदगी से हाथ धो बैठी। इन रेत भरी हाईवा के चलने के कारण राहगीरों को संभाल कर गाड़ियां चलानी पड़ रही है वरना थोड़ी सी भी असावधानी होगी तो सीधे कोई बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि शहर में आसपास के तकरीबन पचासों गांव के बच्चे विद्या अध्ययन के लिए स्कूल कॉलेज पहुंचते हैं। अधिकतर गांवों में एकल मार्ग है। गरियाबंद सड़क मार्ग निर्माणाधीन है।

रमन सिंह को नहीं जीत का भरोसा : कांग्रेस

रमन सिंह के नामांकन में गृहमंत्री अमित शाह के शामिल होने पर कांग्रेस का तंज

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। डॉ. रमन सिंह के नामांकन दाखिल किए जाने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मौजूद रहने पर कांग्रेस ने तंज कसा है. कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह को भरोसा नहीं कि वो राजनांदगांव से जीत पाएंगे भी या नहीं, इसलिए शाह दौरा कर रहे हैं.

कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि डॉ. रमन भाजपा के तथाकथित बड़े नेता माने जाते हैं. शाह किसी गुमनाम प्रत्याशी के नामांकन में जाते. लेकिन अमित शाह को संशय है कि गुमनाम नेता की सभा में भीड़ नहीं आएगी.

भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरा घोषित नहीं कर पाने पर कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में प्रत्याशी घोषित होने के बाद हर जगह विरोध हो रहा है. प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, रमन सिंह खुद को बड़ा चेहरा मानते हैं. भाजपा में ऊहापोह की स्थिति है. भूपेश के चेहरे के सामने भाजपा के पास कोई चेहरा नहीं है.

पितृपक्ष में भाजपा की सूची घोषित होने पर सुशील आनंद ने कहा कि पितृपक्ष में सूची जारी कर भाजपा ने यह बता दिया कि वह सनातन धर्म को नहीं मानते हैं. पितृपक्ष में शुभ काम नहीं किया जाता है. कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझती है. हम नवरात्रि के प्रथम दिन सूची जारी करेंगे.

केंद्र के भाजपा के 24 नेताओं को दी × श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने पर कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष ने कहा कि केवल भाजपा के नेताओं को ही क्यों सुरक्षा दी गई. जिन 24 नेताओं को सुरक्षा दी गई, उन्होंने राज्य और केंद्र को सुरक्षा के लिए कब आवेदन किया. उनके आवेदन की प्रति सार्वजनिक होनी चाहिए. कांग्रेस के नेताओं को क्यों सुरक्षा नहीं दी जा रही है. केन्द्रीय सुरक्षाबलों का दुरुपयोग कर राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश हो रही है.

कांग्रेस की सूची में इस बार महिलाओं को ज्यादा तवज्जों दिए जाने पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछली बार के विधानसभा चुनाव में 13 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था, जिनमें से 10 जीत कर आई थीं. इस बार भी भाजपा के मुकाबले हम ज्यादा महिलाओं को अवसर देंगे।

सीसीटीवी के लिए वेस्टर्न डिजिटल का पर्पल पोर्टफोलियो है जरूरी

रायपुर, 13 अक्टूबर। प्रशासन पर सरकार के जोर के कारण भारतीय सीसीटीवी बाजार में 2028 तक 20. 9 प्रतिशत सीएजीआर की उम्मीद है। हालाँकि, इन सिस्टम की दक्षता इस बात पर निर्भर करती है कि सही स्टोरेज सॉल्यूशन का चुनाव किया गया है या नहीं। सीसीटीवी सिस्टम के लिए स्टोरेज सॉल्यूशन का चयन करते समय, कई कारकों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए किसी को मौसम के हिसाब से रखरखाव और डाउनटाइम को कम करने के लिए अच्छी सहनशक्ति वाले विकल्प को चुनने की जरूरत है, जैसे प्रोएक्टिव मेंटेनेंस अलर्ट के साथ आने वाला डब्ल्यूडी पर्पल टीएम माइक्रोएसडी कार्ड। एक अन्य स्टोरेज सॉल्यूशन जो इन सिस्टम की दक्षता सुनिश्चित करता है, वह है स्मार्ट वीडियो सर्विलांस हार्ड डिस्क ड्राइव (एचडीडी) का उपयोग। ये विशेष एचडीडी 24/7 सर्विलांस और रिकॉर्डिंग को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं, जो स्टैण्डर्ड एचडीडी की तुलना में ज्यादा लाभ देते हैं।

कसडोल के लिए भाजपा को प्रत्याशी की तलाश

रायपुर/कसडोल, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए छत्तीसगढ़ में बिगुल बज चुका है। भारतीय जनता पार्टी अब तक 85 विधानसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। कसडोल सहित सिर्फ5 क्षेत्रो में प्रत्याशी घोषित करना बाकी है। वहीं कांग्रेस पार्टी अभी तक एक भी नामों की घोषणा नहीं कर पाई है। कसडोल विधानसभा क्षेत्र में तो सब की नजरें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पर ही टिकी है। सभी की चाह है कि गौरीशंकर अग्रवाल को ही पार्टी की तरफसे टिकट दिया जाय। क्योंकि उनके पिछले कार्य काल को लोग देखे हैं इसीलिए क्षेत्र के लोग उन्हें विकास पुरुष कहते हैं। वर्तमान विधायक शकुंतला साहू को भी देख चुके वे पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। इसीलिए क्षेत्र के लोग गौरीशंकर अग्रवाल को इस बार पुनः टिकट मिलने पर चुनाव जीताने के लिए कार्यकर्ता तैयार है।

पिछले चुनाव में सत्ता विरोधी लहर एवं कांग्रेस के झूठी घोषणा पत्र के कारण सुनामी सी आ गई थी जिसके चलते बड़ी अंतर से गौरीशंकर को हार झेलनी पड़ी थी। शायद इसी को आधार बनाकर पार्टी उन्हें विधानसभा चुनाव नहीं लड़ाना चाहती होगी जबकि ऐसा बिलकुल नहीं है। यदि गौरीशंकर अग्रवाल चुनाव नहीं लड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में कसडोल मंडल के वर्तमान अध्यक्ष और वर्तमान सहित दो बार के जनपद सभापति मेलाराम साहू बेहतर उम्मीदवार हो सकता है। इसका कारण यह भी है कि मेलाराम साहू लम्बे समय से राजनीति एवं भाजपा से जुड़ा हुआ है। उसे सभी लोग जानते व पहचानते हैं। वे सहज, सरल स्वभाव का ईमानदार होने के अतिरिक्त स्वच्छ छवि का व्यक्ति है। इसीप्रकार युवा दावेदार में पलारी नगर पंचायत के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा भी एक सशक्त उम्मीदवार हो सकते है। क्योंकि इनका पुरा परिवार जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा में संगठन के हित में काम किया है। यशवर्धन वर्मा कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लिए एक जाना पहचाना नाम है। वे सरल सहज व्यक्ति होने के साथ ही पार्टी संगठन एवं विभिन्न संस्थाओं में कार्य करते हुए समाजसेवी के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाते आ रहे है। फ्लिहाल कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टी से कसडोल विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होने से क्षेत्र अभी एकदम शांत नजर आ रहा है।

गौरीशंकर अग्रवाल को टिकट न मिलने पर मेलाराम व यशवर्धन हो सकते हैं उम्मीदवार

आचार संहिता लगते ही एक्शन में आई पुलिस गाड़ियों से हटाया पदनाम प्लेट

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार संहिता लागू होते ही रायपुर पुलिस एक्शन में आ गई है। एसएसपी अग्रवाल के निर्देशन पर एएसपी यातायात सचिंद्र कुमार चौबे ने चेकिंग कार्रवाई को लेकर यातायात विभाग में पदस्थ सभी अधिकारी बीट पेट्रोलिंग की बैठक लेकर निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में एसपी गुरजीत सिंह व सुशांती बर्नजी के पर्यवेक्षण में यातायात थानों से अलग.अलग टीम गठित कर शहर के विभिन्न चौक.चौराहों पर चेकिंग अभियान शुरू हुआ। चेकिंग अभियान के दौरान आचार संहिता लागू होने से अब तक 22 वाहनों से पदनाम पट्टी का निकलवाए गए। अनाधिकृत साइलेंसर का उपयोग करने वाले 35 बुलेट नगे की हालत में वाहन चलाने वाले 58 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। 13 अक्टूबर को रायपुर पुलिस ने सुबह से ही विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉप लगाकर शहर की ओर प्रवेश करने वाले एवं शहर से बाहर जाने वाले सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों के डिक्की खोलकर चेक किए। रायपुर पुलिस ने आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 2414 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 1707200 समन शुल्क परिशमन किए गए।

- बुलेट में अनाधिकृत साइलेंसर
- गाड़ी में काली फिल्म
- नशे की हालत में वाहन चालकों पर कार्रवाई

अनवर, पप्पू और नितेश के खिलाफ वारंट जारी

रायपुर, 13 अक्टूबर। करोड़ों के शराब घोटाले मामले के आरोपी अनवर ढेबर,पप्पू ढिल्हन और नितेश पुरोहित के खिलाफ विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से अब तीनों आरोपितों की पेशी से गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। दरअसल पिछले दिनों अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, पप्पू ढिल्हन और पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी की अंतरिम और नियमित जमानत हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। इसके बाद कोर्ट ने वारंट जारी किया था। इस वारंट को लेकर आरोपियों की ओर से उनके अधिवक्ताओं ने कोर्ट में आवेदन पेशकर कहा था कि स्वास्थ्य बिगड़ने की वजह से वे उपस्थित नहीं हो सकते।

कायस्थ समाज रायपुर की तालाश ए हमसफर 2023 पत्रिका का विमोचन

रायपुर, 13 अक्टूबर। कायस्थ समाज रायपुर की तालाश ए हमसफर 2023 पत्रिका जिसमें पूरे भारत से विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा प्रकाशित किये जायेंगे। दिनांक 19 नवंबर 2023 को कायस्थ समाज रायपुर के द्वारा विवाह योग्य कायस्थ युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होटल प्रकाश पैलेस रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम में तलाश ए हमसफर 2023 पत्रिका का विमोचन किया जायेगा। कायस्थजनों से निवेदन है कि पत्रिका में विवाह योग्य युवक युवतियों के बायोडाटा अधिक से अधिक संख्या में प्रकाशन हेतु भेजने का कष्ट करें। बायोडाटा (रंगीन फोटो सहित) लेने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है, बायोडाटा प्रकाशन पूर्णतः निःशुल्क है।

अमीन चिकन प्रोटीन सेंटर की होम डिलीवरी शुरू

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। संजय नगर, रिंग रोड नं.-1 स्थित अमीन ब्रायलर हाउस जो कि ब्रायलर, काकरेल, लेयर एवं अण्डे के थोक व चिल्हर विक्रेता है. एवं पौष्टिक, स्वच्छ व स्वास्थ्यवर्धक आहार के लिए जाने जाते हैं. यहाँ कस्टमर्स को ये सब मिलते है उचित मूल्य, गुणवत्ता, उचित मात्रा और स्वच्छता के साथ।

उपरोक्त जानकारी अमीन ब्रायलर हाउस के संचालक ने दी. उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने अमीन प्रोटीन चिकन सेंटर के माध्यम से सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला प्रोटीनयुक्त चिकन की होम डिलीवरी शुरू कर दी है. ज्ञात हो कि चिकन में उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन होता है. प्रत्येक 100 ग्राम चिकन में 28 ग्राम प्रोटीन मिलता है. यह ऊर्जा देता है और ताकत बनाए रखने में मदद करता है. अमीन प्रोटीन चिकन सेंटर की इस नयी सेवा से लोग अब अपने घर पर चिकन की होम डिलीवरी का आनंद ले सकते हैं। इस सेवा के माध्यम से ग्राहकों को स्वादिष्ट और ताजा चिकन को उनके द्वार पर पहुंचाएगी। अमीन प्रोटीन चिकन सेंटर का लक्ष्य है कि वे ग्राहकों को हाई क्वालिटी चिकन प्रदान करें। इस सेवा के माध्यम से, वे उन लोगों को भी साथ लेने का अवसर प्रदान कर रहे हैं जिन्हें चिकन खरीदने के लिए समय नहीं होता है या जो खुद बाजार जाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। अमीन प्रोटीन चिकन सेंटर की चिकन होम डिलीवरी सेवा कैसे काम करेगी, इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राहक अपने पसंद के अनुरूप अपने ऑर्डर मोबाइल द्वारा प्लेस कर सकते हैं। एक बार ऑर्डर प्लेस करने पर ग्राहक को एक निश्चित समय पर चिकन की डिलीवरी मिलेगी। चिकन होम डिलीवरी सेवा के बारे में सुनकर लोगों को खुशी हो रही है और वे इस सेवा का उपयोग करने के लिए तैयार हैं। एक ग्राहक ने कहा, ब्भले घर के पास चिकन खरीदने के लिए कोई अच्छा सोर्स नहीं है, इसलिए मैं इस सेवा का स्वागत कर रहा हूँ। अब मुझे घर पर ही अच्छी चिकन मिल सकेगी ब्ज इस तरह से, अमीन प्रोटीन चिकन सेंटर ने चिकन के प्रेमियों के लिए एक नया सुविधाजनक विकल्प प्रदान किया है, जिससे वे अब अपनी पसंदीदा चिकन का आनंद अपने घर पर ही ले सकते हैं।

बीमार, दिव्यांग और महिला कर्मियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में नहीं लगाई जाए : फेडरेशन

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले से भेंटकर उन्हें चुनाव ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों की नियुक्ति एवं समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर प्रांतीय सयोजक कमल वर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, पंकज पाण्डे, उमेश मुदलियार, नरेश वाहेर, नारायण बाघ आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ऐसे शासकीय सेवकों को निर्वाचन कार्य से पृथक रखा जाये जो शारीरिक रूप से विकांग, दिव्यांग और गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी आदि से पीड़ित हो इसी तरह ऐसे शासकीय कर्मचारी जिनकी उम्र 60 वर्ष से ऊपर हो उन्हें भी चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाये।

महिला कर्मचारियों को सुरक्षागत दृष्टिकोण से उड़नदस्ता व वीएसटी जैसे संवेदनशील कार्य से भी पृथक रखने की मांग की गई। यदि इन कर्मचारियों की सेवाएं अति आवश्यक हो तो उन्हें कार्यालयीन कार्य के लिए निर्वाचन कार्यालयों में संलग्न किया जाए। निर्वाचन कार्य में ड्यूटी कर रहे वाहन चालकों एवम् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी मानदेय देने की मांग रखी गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन की प्रति समस्त जिला कलेक्टर को फेडरेशन के मेल आईडी से प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से वाहन चालक एवं 'दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मानदेय देने की रखी मांग'

चुनाव में सुरक्षा-जांच के नाम पर व्यापारी हो रहे परेशान : पारवानी

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले से मिलकर चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में चौक चौराहों, चेक पोस्ट में व्यापारियों को ईव्वे बिल एवं नकदी संचलन संबंधी परेशानियों से अवगत कराया। जिस पर श्रीमती कंगाले ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर शहर के चौक चौराहों, चेक पोस्ट में जांच और सुरक्षा के नाम पर जिले के व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच में वहां उपस्थित पुलिस एवं जाँच अधिकारियों द्वारा व्यापारियों पर ऐसे वस्तुएं जिनमे ईव्वे बिल की जर रत नही होती है को लेकर अनुचित कार्यवाही की जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन के राजपत्र का हवाला देते हुए श्री परवानी ने बताया कि राजपत्र के कॉलम 2 और कॉलम 3 में 15 प्रकार के मालों (परिषेण) को लेकर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ऐसे मालों का संचलन छत्तीसगढ़ के किसी अन्य जिले के क्षेत्र से आरंभ होकर राज्य के किसी भी जिले के क्षेत्र में समाप्त होता है तो ऐसे वस्तुओं (मालों) पर छत्तीसगढ़ राज्य में अंतर्राज्यीय संचलन के लिए ईव्वे बिल आवश्यक नही है। परंतु व्यापारियों से जांच अधिकारी द्वार ईव्वे बिल की मांग कर परेशान किया जा रहा है। सोने चांदी के आभूषणों पर ई वे बिल की आवश्यकता को लेकर कहीं पर भी इसका उल्लेख नहीं है फिर भी जांच अधिकारियों द्वारा सोने चांदी के आभूषणों की ई-वे बिल की मांग करते हैं जो अव्यावहारिक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला चेम्बर एवं कैट का प्रतिनिधिमंडल

त्योहारी सीजन को लेकर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर सहित कुछ जिले छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापार केंद्र है। यहां से प्रदेश के सभी जिलों एवं गांव में बड़ी मात्रा में व्यापार किया जाता है। वर्तमान में चल रहे त्योहारी सीजन जिसमे नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली जैसे बड़े त्योहार है जिसमे व्यापारियों द्वारा बड़ी मात्रा में प्रदेश में माल (सामान) परिवहन तथा व्यापार संचालन हेतु नगद राशि को भी जांच अधिकारियों द्वारा जांच के दायरे में लाया जा रहा है। व्यापारी द्वारा नगद राशि से संबंधित बिल एवं रसीदें प्रस्तुत करने के बाद भी उनकी बातें नहीं सुनी जाती है। जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान एवं मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है तथा प्रदेश में व्यापार हेतु अनुकूल वातावरण नहीं बन पा रहा है।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, चेंबर सलाहकार जीतेन्द्र दोशी, श्रीनिवास रेड्डी, कैट अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह, सराफा एसोसिएशन से सुरेश भंसाली प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

ऑनलाइन सट्टा पर शिकंजा

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया ह पुलिस ने वुड 777 और जेम्स 777 ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट की आईडी लेकर सट्टा संचालित करने वाले 04 आरोपी और ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए आईडी की खरीदी.बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार 5 आरोपियों के मोबाइल फोन से रायपुर के लोकल कनेक्शन निकल सकते है मामले की जांच पुलिस ने तेज कर दी है वहीं तिल्दा नेवरा थाना में भी सट्टा संचालित करने वाले एक आरोपी पर कार्रवाई की गई है जानकारी के अनुसारए मुखबीर की सूचना पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम ने भारत माता चौक पास मोबाइल फोन में आईडी लेकर सट्टा संचालित करते आरोपी पराधन साहू को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा पूछताछ में आरोपी ने गोगांव स्थित महामाया ट्रेडर्स के संचालक आकाश अग्रवाल से ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए आईडी प्राप्त करना बताया है आरोपी आकाश अग्रवाल ने अन्य आरोपियों को भी ऑनलाइन सट्टा के लिए ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट वुड777 और जेम्स 777 की आईडी दिया है आरोपी आकाश अग्रवाल ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए आईडी गुढ़ियारी निवासी आरोपी आशीष वासवानी से क्रय करता था आरोपी आकाश अग्रवाल आरोपी आशीष वासवानी के कर्मचारी आरोपी आकाश खटवानी को क्रय किये गए आईडी का भुगतान करता था आरोपियों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन और नगदी रकम जब्त किया गया है जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 2 लाख रूपये है वहीं मामले में आरोपी आशीष वासवानी फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

- राजधानी पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश
- लाखों की नगदी के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

अर्चना गौतम पहुंची जिला कोर्ट

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिग बास 16 फेम टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम शुक्रवार को रायपुर पहुंचीं। उन्हें जिला कोर्ट से समन जारी हुआ था, इसी वजह से वे रायपुर के विशेष कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने कोर्ट को नवा रायपुर में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान हुई बदसलूकी के बारे में बताया। कोर्ट ने उनका बयान दर्ज किया है। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से केस को लेकर चर्चा भी की। कुछ दिनों पहले अर्चना गौतम का एक वीडियो सामने आया था जिसमें नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर कुछ महिलाएं अर्चना के साथ मारपीट करती दिखाई दे रही हैं। इस घटना के दौरान उनके पिता भी बुरी तरह से घायल हो गए थे। तब अर्चना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने साथ हुई माब लिंचिंग की घटना के बारे में सारी जानकारी शेयर की थी। अर्चना गौतम ने वर्ष 2021 में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली थी। हाल ही में वह नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचीं तो वहां उनके साथ बदसलूकी की गई। अर्चना गौतम ने 10 अक्टूबर को महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस से सुरक्षा मांगी थी।

नवा रायपुर में हुई घटना को लेकर दर्ज कराया बयान

नवा रायपुर अधिवेशन में बदसलूकी की गई: अर्चना गौतम ने मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए कहा है कि नौ अक्टूबर 2023 को दी गई रजिस्टर्ड पुलिस शिकायत पर पूरी घटनाक्रम की जानकारी देने के साथ बयान दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस से सुरक्षा मांगी हैए क्योंकि मुझ पर और मेरे पिता के उपर जानलेवा हमला हुआ था। नवा रायपुर अधिवेशन में भी मुझसे बदसलूकी की गई। बिग बास 16 फेम व टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम लड़की हूं लड़ सकती हूं, की पोस्टर गर्ल रह चुकी हैं। अर्चना गौतम ने फरवरी 2023 में नवा रायपुर में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रियंका गांधी के पीए संदीप ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाया था। उनका कहना था कि अधिवेशन के दौरान संदीप सिंह ने जान से मारने की धमकी दी है। अर्चना ने मेरठ के परतापुर पुलिस थाने में इस घटना की एफआइआर भी दर्ज कराई थी। परतापुर पुलिस ने केस दर्ज करने के साथ ही घटनाक्रम नवा रायपुर होने के कारण आगामी जांच के लिए केस डायरी राखी थाना पुलिस को भेजी है। इसी केस के सिलसिले में जिला कोर्ट ने अर्चना गौतम को तलब कर उनका बयान दर्ज किया।

आत्महत्या, पांच व्यापारियों को 10-10 साल कैद

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में जिला अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा ने रायपुर के पांच व्यापारियों को 10.10 साल की सजा सुनाई है साथ ही सभी व्यापारियों को एक.एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया है पूरा मामला 27 सितंबर 2021 का है बेमेतरा शहर के युवा व्यापारी कीर्ति किशोर वर्मा शिवनाथ नदी किनारे बेहोशी के हालात में मिला था परिजनों को जब सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे तो जहर सेवन की जानकारी हुई इसके बाद तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई पुलिस ने मामले में छानबीन की तो मामला लेनदेन का निकला दरअसल रायपुर पंडरी कपड़ा बाजार के पांच बड़े व्यापारियों के साथ उसका लेनदेन था युवक के द्वारा लगातार पैसे भी दिए जा रहे थे मगर आरोपियों ने कच्चे कागज पर लिखकर राशि जमा होने की जानकारी दे देते थे वहीं लंबे समय तक राशि जमा करने के बाद भी युवक की राशि कंप्लीट नहीं होने की जानकारी देकर उन्हें और पैसे देने के लिए दबाव बनाया गया इसके बाद लगातार पैसे देने के प्रताड़ना से युवक ने परेशान होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली न्यायालय ने आज सभी व्यापारियों को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में धारा 306 के तहत दोषी पाया है और सभी को 10.10 साल की सजा के साथ एक.एक हजार रुपये का अर्थ दंड से भी दंडित किया है सजा पाने वाले पांच आरोपी विशाल मोटवानी सुरेश मोटवानी दिनेश मुलानी श्रेयांस नाहटा और विक्की गेडवानी सभी व्यापारी रायपुर के पंडरी स्थित बड़े कपड़े के व्यापारी हैं जो कि प्रकाश होजयरी दिनेश कलेक्शन पुष्पा कलेक्शन सुरभि कलेक्शन आर एस शर्ट जोन के प्रोपराइटर हैं।

दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद की सजा

रायपुर। ढाई साल पहले मंदिर हसौद क्षेत्र में एक किशोरी को डरा.धमकाकर उसके साथ लगातार एक महीने तक दुष्कर्म करने के आरोपी शिवा साहू 21 वर्ष को कोर्ट ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई 2021 को दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने मंदिर हसौद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि दो फरवरी 2021 की रात में आरोपी शिवा साहू ने उसे मोबाइल पर काल करके मिलने के लिए अपने घर की छत पर बुलवाया। पीड़िता ने आने से इन्कार किया तो आरोपी ने उसके स्वजन को जान से मारने की धमकी दी तब वह डरकर शिवा से मिलने गई। शिवा ने जबरन उसकी मांग में सिंदुर भरकर मंगलसूत्र पहनाते हुए कहा कि अब हम पति.पत्नी हो गए। इस दौरान आरोपी ने जबरन उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया। आरोपी की धमकियों से डरकर पीड़िता ने स्वजन को घटना की जानकारी नहीं दी। इसके बाद शिवा हर दो.तीन दिन बाद उसे अपने घर पर बुलाकर दो अप्रैल 2021 तक दुष्कर्म करता रहा। आखिरकार पीड़िता ने शिवा के अत्याचार से परेशान होकर स्वजन को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 363, 366,376 पाक्सो एक्ट का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गरबा-डांडिया में परिवार के साथ आने वालों को ही प्रवेश

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला प्रशासन ने नवरात्रि को लेकर गाइडलाइन जारी की है. जिसके मुताबिक गरबा और डांडिया नाइट जैसे आयोजन में सिर्फ परिवार के साथ जाने वाले लोगों और कपल को ही एंट्री दी जाएगी. गरबा कार्यक्रम और पंडाल में केवल धार्मिक गाने बजाने की अपील की गई. आयोजन के दौरान गाड़ियों में डीजे और धुमाल बजाने की अनुमति नहीं है. अनावृक्ति एवं असमाजिक तत्वों से बचाव, पंडाल में कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया. पंडाल का निर्माण सार्वजनिक स्थल रोड को घेरकर नहीं किया जायेगा. सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग किया जा सकता है. रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी.

सार्वजनिक स्थल में तेज आवाज में डीजे धुमाल जैसे ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर जब्ती एवं राजसात किये जाने की कार्यवाही की जायेगी. दुर्गा माता मूर्ति का विसर्जन की अनुमति दशहरा एवं दशहरा के अगले दिवस तक ही होगी.

- पंडालों में सीसीटीवी से रहेगी नजर
- नवरात्र और दशहरा को लेकर गाइडलाइन जारी

रामगत्या एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले अथवा कपल को ही एंट्री दिया जाये. किसी प्रकार के विवाद जैसी स्थिति निर्मित न हो साथ ही आयोजन स्थल में पर्याप्त वालेंटियर की व्यवस्था किया जाये. रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा दुर्गा माता के पंडालों में केवल धार्मिक मानों को चलाया जाये. मुर्ति आगमन, स्थापना तथा विसर्जन के दौरान न्यायालय तथा शासन के निर्देश के आधार पर केवल ग्रीन पटाखे फोडने की अनुमति होगी. आयोजन स्थल में विद्युत विभाग से अस्थायी विद्युत कनेक्शन लिये जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया.

नवरात्रि त्योहार के दौरान सम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी. साथ ही असामाजिक तत्वो अथवा अस्त्र शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में दिये जाने की अपील प्रशासन द्वारा की गई. नवरात्री त्योहार को शांतिपूर्वक एवं सर्व समाज को एक साथ मिलकर मनाये. जाने की अपील की गई.

प्रशासन द्वारा जिले प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का पालन किये जाने हेतु उपस्थित सभी लोगों से आपील की गई. बैठक में एन आर साहू अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायपुर लखन पटले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, रायपुर मयंक गुर्जर (क्र). सी.एस.पी. आजाद चौक, मनोज घुसी.एस.पी. सिविल लाइन, योगेश साहू, सी.एस.पी. कोतवाली, अविनाश मिश्रा. सी. एम.पी. उरला सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं सर्व गुजराती समाज के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे.

महंगी शराब की बोतलों में सस्ती शराब भरकर बेचता था, गिरफ्तार

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। महँगी शराब की बोतलों में सस्ती शराब भरकर बेचने वाले आरोपी को एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम और सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मूलत: मध्यप्रदेश का निवासी है और पिछले समय से रायपुर में रह रहा है। आरोपी की कब्जे से खाली बोतलें और 30 लीटर शराब जब्त हुई है। जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत काली नगर पंडरी स्थित मकान में अवैध रूप से शराब का भण्डारण कर रखा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये मकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में एक व्यक्ति उपस्थित पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बुद्धसेन जायवाल निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी लेने पर कमरे में शराब एवं खाली बोतलें मिलीं। पूछताछ करने पर आरोपी ने सस्ती शराब को महँगी बोतल में भर के बेचना बताया। आरोपी बुद्धसेन जायसवाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग.अलग बोतलों में 30 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 30,000 रूपये तथा शराब की खाली बोतले जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। बुद्धसेन जायसवाल पिता धीरेश जायसवाल उम्र 36 साल निवासी ग्राम सरईसेंगर थाना लौर जिला मउगंज म.प्र हाल अमित तिवारी का मकान काली नगर पंडरी थाना सिविल लाईन रायपुर का निवासी हैं।

भीड़ वाले क्षेत्रों में अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश

नगर निगम व यातायात पुलिस की संयुक्त बैठक

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर रतन लाल डांगी एवम् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत कुमार अग्रवाल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव एवं त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के भीतर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए जाने के संबंध में नगर निगम जोन कमिश्नर एवं यातायात थाना प्रभारियो का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। जिसमें त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के भीतर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु की जाने वाली कार्यवाही के सम्बंध में आवश्यक चर्चा की गई जिसमें निम्नानुसार कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया प्रमुख बाज़ार क्षेत्रों में यातायात को प्रभावित कर दुकान के बाहर सामान निकाल कर व्यवसाय करने वाले दुकानदार के विरुद्ध सामान जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, प्रमुख मार्गों एवम् चौक चौराहों के आस पास यातायात को प्रभावित कर लगने वाले अवैध ठेला खोमचा पर संयुक्त रूप से लगातार अतिक्रमण कार्यवाही करना, प्रमुख बाजार क्षेत्र में ग्राहकों द्वारा दुकान के बाहर वाहन पार्क कर खरीदारी किया जाता है जिसके कारण सामान्य यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है ऐसे ग्राहकों के वाहनों के लिए अस्थाई पार्किंग स्थल की सुविधा देना। शहर के कुछ प्रमुख मार्गो, बाजार क्षेत्र एवं चौक चौराहा पर रोड मार्किंगए एज मार्किग व ज़ेबरा क्रॉसिंग मिट गया है जिसे पुन: मार्किग किया जाना आवश्यक है। शहर के भीतर बहुत सारे मार्ग का स्ट्रीट लाइट बंद पड़े हैं जिसे तत्काल चालू किया जाना आवश्यक है। शहर के भीतर कुछ प्रमुख मार्गों एवं चौक चौराहों में लगे ट्रेफिक सिगनल बंद पड़े हैं जिसे तत्काल चालू किया जाना आवश्यक है। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रो में ठेला खोमचा वालों का अतिक्रमण रहता है जिसे लगातार संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त रखना होगा। आदि विषयों पर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के सम्बंध में निर्णय लिया गया।

टी-शर्ट में भारत की उपलब्धियां पेंटिंग कर जीता दिल

आज अग्रसेन कार्निवल के साथ मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन

रायपुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती के मुख्य कार्यक्रम के चौथे दिन अग्र बंधुओ में उत्साह देखते ही बनता था। जिसमे महिला मंडल युवती मंडल युवा मंडल की उपस्थिति देखने योग थी।

अग्रवाल सभा के प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन ने बताया आज जयंती के मुख्य कार्यक्रम के चौथे दिन आयोजित टीशर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने व्हाइट टी शर्ट पर भारत की उपलब्धियां को लेकर पेंटिंग कर उपस्थित अग्र बंधुओ का दिल जीत लिया। साथ ही युवती मंडल द्वारा इनक्रेडिबल इंडिया प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।जिसमे प्रतिभागियों ने अलग अलग प्रांत की भेस भूषा पर जिस प्रांत की वेस भूषा थी उस पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी ।

महिला सम्मेलन में अतिथि के रूप मैं रेखा गुप्ता (पूर्व राष्टीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन) एवम सौम्य गुप्ता (समाज सेविका) उपस्थित थै ।महिला सम्मेलन में महिला मंडल द्वारा महिला एवम युवतियां का एकल नित्य प्रतियोगिता भी हुए ।

14 अक्टूबर शनिवार को युवा मंडल द्वारा अग्रसेन कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है जिसका हर अग्र बंधु को इंतजार रहता है ।अग्रसेन कार्निवाल के पूर्व अग्रवाल सभा युवा मंडल द्वारा अग्र रैली बाइक एवम कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। मैक कॉलेज समता कालोनी से शुरू होकर अग्रसेन धाम छोकरा नाले में समाप्त होगी अग्रसेन कार्निवल में बुजुर्गो की चौपाल के साथ ही टैटू स्केचिंग एवम अनेक मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित है।

साथ ही भारत पाकिस्तान का वर्ल्ड कप क्रिकेट मैं को ढोल नगाड़ों के साथ देखने का इंतजाम भी क्या गया है। सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभार डॉक्टर कमलेश अग्रवाल ने बताया कल अग्रसेन धाम मैं विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त डॉक्टर न्यूरोफिजिशियन डॉ. अर्पित अग्रवाल, डेंटिस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. नीरज अग्रवाल (साक्षी), डॉ.शुभम अग्रवाल, डॉ अदिति अग्रवाल, मधुमेह एवं थायराइड विशेषज्ञ- डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. निर्मेश अग्रवाल सिंघानिया, *ऑन्कोलॉजी टीवी -डॉ. सुमन मित्तल, *हेमेटोलॉजी *-डॉ. विकास गोयल, डॉ. अंबर गर्ग, शल्य चिकित्सा- डॉ. साजन अग्रवाल, डॉ. ऋषि अग्रवाल, डॉ. तन्मय अग्रवाल, *रेडियोलोजी *- डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. रंजना अग्रवाल, डॉ. अपूर्व अग्रवाल, डॉ. सोनल अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ* डॉ. आशा जैन, डॉ प्रीति अग्रवाल, डॉ. मुनमुन अग्रवाल, *हड्डी रोग-डॉ. केदार अग्रवाल, डॉ. आलोक चंद्र अग्रवाल, डॉ. रोहित कनोई, त्वचा विशेषज्ञ डॉ.मनोज अग्रवाल, डॉ कृतिका गोयनका, यूरोलॉजिस्ट -डॉ. नितिन गोयल, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. आकाश अग्रवाल, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी *-डॉ. भरत गुप्ता, डॉ. संजय अग्रवाल, *चिकित्सक*-डॉ. विकास कुमार अग्रवाल, *बाल रोग विशेषज्ञ-डॉ. कमल मोदी, *बाल चिकित्सा फिजियोथेरेपिस्ट *-डॉ चानन गोयल, स्पाइन सर्जन-डॉ. विमल अग्रवाल।

आज कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल मनमोहन अग्रवालकैलाश मुरारका, मनीष अग्रवाल, प्रमोद जैन, कमल अग्रवाल, किशन अग्रवाल योगी अग्रवाल सुभाष अग्रवाल, विनय बजाज महिला मंडल अध्यक्ष माया मुरारका महामंत्री ममता अग्रवाल के साथ ही बड़ी संख्या में अग्र बंधु उपस्थित थे।

पप्पू (जलेबी वाले से) - कितने साल से जलेबी बना रहे हो?
जलेबी वाला - 30 साल से...
पप्पू - लानत है तुम पर, इतने सालों में तुमसे जलेबी सीधी नहीं बनी। डूब के मर जाओ...!!!

चुनावी आचार संहिता लगते ही सार्वजनिक तौर पर राजनीतिक हलचलें थमी

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा चुनाव के लिये चुनावी आचार संहिता लागू होने के साथ ही शासकीय अर्धशासकीय कार्यालयों में लगभग सन्नाटें की स्थिति है। भाजपा के जिला कार्यालय में बिहार, गुजरात से विधायक स्तर के नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे है। कांग्रेस में संगठित तौर पर प्रत्याशी का नाम घोषित होने तक संगठन की गतिविधियां थमी हुई है। विधायक अरूण वोरा के निवास पर उनके समर्थकगण तो कांग्रेस की टिकिट के अन्य दावेदार अपनी अपनी सुविधाओं के अनुसार आपसी चर्चा के नाम पर सुविधाजनक बैठकें कर रहे है।

इधर राजनीतिक बैठकों को छोड़कर न सिर्फ शासकीय, अशासकीय कार्यालयों मंदिर स्थल पर भी चुनावी चर्चा पर लोग ऐतराज जताने लगे है। नगर निगम सभापति के कक्ष में व अन्य कतिपय होटलों में तो चुनावी चर्चा कर समय व्यर्थ न करने की सूचना लगा दी गई है। इस तरह नगर निगम की विभिन्न शाखाओं, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, जिला कलेक्ट्रेट में अब सिर्फ लोगों का ध्यान रूटीन के कार्यो पर है। चुनावी डिबेट से फिलहाल सभी जगह परहेज देखा जा रहा है। वकीलों के बार रूम व निजी चेंबर में अवश्य ही चुनावी चर्चाएं चल रही है।

चुनाव पूर्व राजनीतिक दलों की रैली, सभाएं एवं अन्य कार्यक्रम भी थमे

आचार संहिता की घोषणा के बाद अब राजनीतिक दलों ने भी अपनी गतिविधियों पर विराम दे दिया है। भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को आमंत्रित कर अपनी गतिविधियों की शुरूआत की थी। उसके बाद अनेक कार्यक्रम थोड़े थोड़े अंतराल में कर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की जाती रही। इसी तरह भाजपा ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए परिवर्तन यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया। इसी तरह महिलाओं को जोड़ने वाली राखी महोत्सव का राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय व महिला कार्यकर्ताओं ने उतई टेम्पो स्टैंड रिक्शावाले, आटोवालों एवं सर्वहारा वर्ग के लोगों को राखी बांधी। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडलिया, सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समय समय नगर निगम के खिलाफ जबर्दस्त आंदोलन छेड़ा, विधायक अरूण वोरा के निवास का भी कई बार घेराव किया, पार्टी ने सीजीयूपीएससी परीक्षा में घपलेबाजी व अपने लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए विधायक अरूण वोरा, मंत्री ताम्रध्वज साहू के निवास का घेराव किया।

कांग्रेस में प्रियंका की सभा : कार्यक्रमों में कांग्रेस भी पीछे नहीं रही है। सभी कार्यक्रमों के पीछे चुनावी दृष्टि से मतदाताओं को आकृष्ट करना अपनी व सरकार की उपलब्धियों से आम आवाम को अवगत कराना रहा उद्देश्य कहा जा सकता है। इन कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में भेंट मुलाकात कार्यक्रम, भरोसा का सम्मेलन, अधिवक्ता संघ के कार्यक्रम में स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति रही। भिलाई में जयंती स्टेडियम में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का महिला सम्मेलन भी काफी भीड़ भरा व चर्चित रहा है।

भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुभव से ही जीतेगें चुनाव : उदय भाई कांगड़

भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक का समापन

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा दुर्ग शहर विधानसभा सरोरा बैठक में आज राजकोट गुजरात के विधायक उदय भाई कांगड़ ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए चुनाव जीतने के टिप्स दिये। बैठक की अध्यक्षता दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने की। श्री कांगड़ ने कहा कि कार्यकर्ता अपने पुराने चुनावी अनुभव के आधार पर बूथ प्रबंधन करें। कार्यकर्ताओं के अनुभव के आधार पर ही चुनाव लड़ा जायेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सभी लोग अभी से अपने अपने बूथ में जुड़ जायें। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने भी बैठक को संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला भाजपा के पदाधिकारीगण विनायक नातू, अलका बाघमार, अरविंद सिंह खुराना, मनोज मिश्रा, विनोद अरोरा, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, डॉ. सुनील साहू, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता देवनारायण चंद्राकर, शिवेन्द्र परिहार, श्याम शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आपदा प्रबंधन की बुनियादी जानकारी युवाओं को होना चाहिए : नागेन्द्र सिंह

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वाधान में अंतर्रा-नवजवट्टीय आपदा प्रबंधन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आपदा प्रबंधन में उसके कारण एवं बचाव के विभिन्न तरीकें हैं जिनके बारे में सभी को जानकारी होना आवष्यक है। उन्होंने विभिन्न घटनाओं की चर्चा करते हुए सफल उपायों की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने आपदा प्रबंधन की आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर कु. समृद्धि ठाकुर द्वितीय स्थान पर कु. दिसि साहू, तथा तृतीय स्थान पर कु. आरती ठाकुर एवं कु. यामिनी रहीं। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम कु. खिलश्वरीठाकुर-एम.ए. भूगोल, द्वितीय आरतीठाकुर-एम.ए. भूगोल एवं तृतीय स्थान पर कु. तुश्मानेतामे-बी. ए. भाग-2 रहीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष भूगोल एवं आभार प्रदर्शन नितिन कुमार देवांगन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें तथा प्राध्यापकगण उपस्थिथे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष भूगोल एवं आभार प्रदर्शन नितिन कुमार देवांगन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें तथा प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

गंजपारा दुर्गोत्सव में इस वर्ष शिव विवाह की झांकी

कवि सम्मेलन, शहनाज का जगराता, रंगसरोवर एवं अनुज शर्मा नाईट

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर में इस वर्ष भी सैकड़ों स्थानों पर नवरात्रि दुर्गोत्सव की भव्य झांकियां सजाई गई है। मुख्य आकर्षण श्री गंजपारा दुर्गोत्सव पुराने गंजमंडी परिसर में ही स्थापित की जाने वाली माता की भव्य प्रतिमा एवं शिव चरित्र, शंकर विवाह की झांकियां है। यहां पर 15 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ माता की मूर्ति स्थापना, 17 अक्टूबर को शहनाज अख्तर का जगराता, 18 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ कार्यक्रम रंग सरोवर, 19 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम अनुज शर्मा की प्रस्तुति की जायेगी। श्री गंजपारा दुर्गोत्सव की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप इस वर्ष भी 21 अक्टूबर को अ.भा. कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

21 को कवि सम्मेलन : अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में इस वर्ष नई पीढ़ी के अधिकतर कवि आमंत्रित किये गये है। वरिष्ठ कवि तेज नारायण शर्मा व्यंग्यकार ग्वालियर, शम्भु शिखर हास्य कवि मधुवनी बिहार, गजेन्द्र पियांशु गीतकार बारावंकी, हेमंत पाण्डेय हास्य कवि कानपुर, अभय निर्भीक वीररस

अयोध्या, मनिका दुबे श्रृंगार रस सिहोर, श्लेष गौतम गीत गजल प्रयागराज, ज्योति त्रिपाठी वीर रस मुंबई, मयंक शर्मा वीर रस दुर्ग काव्य पाठ करेंगें।

दुर्गोत्सव समिति द्वारा 24 अक्टूबर के सुबह 11 बजे महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

दुर्गोत्सव को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ और आसपास के प्रदेशों में विगत पांच दशकों से भी अधिक समय से दुर्गा आकर्षण का केन्द्र रहा है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से लेकर पड़ोसी प्रदेश उड़ीसा महाराष्ट्र, व झारखंड तथा मध्यप्रदेश के भी शहरों से लोग यहां आकर दुर्गोत्सव का लाभ उठाते है। इसे देखने में रखते हुए शहर में दुर्गोत्सव के भव्य पंडाल लगाये जा रहे है। पानी, प्रकाश इत्यादि की भी व्यवस्था भी नगर निगम व विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा की जा रही है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने हेतु डोंगरगढ़ जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिये भी जगह जगह पंडाल लगाकर जलपान, पेयजल, फर्स्ट एंड इत्यादि की भी व्यवस्था की जा रही है।

नोनी-जोहार कार्यक्रम में सम्मानित हुए युवोदय दुर्ग के दूत

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिले में जागरूकता कार्य हेतु युवोदय दुर्ग के दूत कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। दुर्ग दूत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रोहित व्यास के दिशा निर्देश में दुर्ग दूत स्वयंसेवकों के द्वारा जिले में जागरूकता कार्य किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग, यूनिसेफ अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 10 व 11 अक्टूबर को 2 दिवसीय नोनी जोहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा मानसिक तनाव

के कारण एवं निदान की जानकारी दी गई इसके साथ खेल का भी आयोजन किया गया। 11 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अभिनेत्री स्मृति कालरा नोनी जोहार कार्यक्रम में शामिल हुई एवं उनके द्वारा राज्य के सभी जिलों में किए जा रहे स्वयं सेवकों के कार्य की सराहना की गयी। दुर्ग के दूत स्वयं सेवकों के द्वारा जिले में किशोर किशोरी स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, एएनसी चेकअप, पोषण जैसे विषयों में जिले के अलग - अलग क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्य किया जा रहा है। जिला समन्वयक शशांक शर्मा, किशोर किशोरी सशक्तीकरण एवं दुर्ग दूत के नेतृत्व में जिला से स्वयं सेवक नोनी जोहार कार्यक्रम में शामिल हुए और सम्मानित हुए। इसके पहले भी 15 अगस्त को जिला प्रशासन के द्वारा एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा दुर्ग दूत की टीम सम्मानित हुए है।

दुर्ग के नये एसपी रामगोपाल गर्ग, एएसपी अभिषेक झा बनाये गये

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर को हटाए जाने के बाद रायगढ़ के उप पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग को पुलिस अधीक्षक दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है। जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग शहर अभिषेक कुमार झा बनाए गए हैं।

शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण का आरोपी जेल भेजा गया

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर पुलिस एक युवती की शिकायत पर दुष्कर्म के आरोपी नीलकंठ साहू को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी व पीड़िता की मुलाकात इसी वर्ष 2023 में एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इसके बाद से ही आरोपी शादी का प्रलोभन देकर उसका शोषण करता रहा। तंग आकर युवतीं ने उसके विरूद्ध थाने पद्मनाभपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। युवती की शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

भालुओ के हमले से 48 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल

गुरुर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन परीक्षेत्र गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बालोदहन के जंगल में भालू के हमले से 48 वर्ष महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह घटना शुक्रवार को दोपहर 12 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय महिला सुशीला नेताम लकड़ी लाने के लिए जंगल की तरफ गई थी, जहां अचानक से चार भालुओं ने उन पर हमला कर दिया, इसके पहले दो अन्य ग्रामीणों पर भी हमला किया था। इस घटना की जानकारी पर अन्य ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को तत्काल धमतरी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज देर शाम तक इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक भालू के हमले से महिला को सिर, हाथ, पैर में एवं शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। घटना की जानकारी परिजन एवं अन्य ग्रामीणों की मदद से वन

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

नामांकन के पहले दिन ही भाजपा को झटका

राजनंदगांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम चुनाव के लिए आज नामांकन के पहले दिन भाजपा को तगड़ा झटका लग गया है। जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने डोंगरगढ़ क्षेत्र से अपनी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को बनाए जाने और स्वयं को उपेक्षित कर देने पर पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज दोपहर बैनर, गाने -बाजे, नारेबाजी करते लगभग 500 समर्थकों के जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र लिया। मीडिया से उन्होंने मुखातिब होते हुए भाजपा के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। ऐसा बयान दिया जैसे विपक्ष के नेता देते हैं। उनका यह रवैया जन चर्चा का विषय बन गया है। उनका यह कदम डोंगरगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के जीत की राह में अड़चन पैदा कर सकता है।

राजेश श्यामकर के उक्त विद्रोही तेवर को लेकर डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक एवं वर्तमान भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर को लेकर चर्चा करने पर उन्होंने हंसते हुए इस संबंध में प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

डीपीएस राजनांदगांव की बालिका टीम सीबीएसई बास्केटबाल क्लस्टर टू के सेमीफाइनल में

राजनांदगांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटक में आयोजित सीबी एस ई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने सेमीफायनल में प्रवेश किया। इसके पूर्व दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम ने हॉई टेक पब्लिक स्कूल रसूलगढ ओडिशा की टीम को को 41-00 अंकों से परास्त किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने अपने दूसरे मैच में ब्रम्पविद ग्लोबल स्कूल रायपुर को 23-02 अंकों से परास्त किया। क्वार्टर फाइनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम भवस्स स्कूल रायपुर को 32-09 अंको से परास्त किया

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम की ओर से श्रेता सिंह,

राजवीर मालाधर, सानिया प्रधान, श्रेया घोष, अनंया मंडल, नेहा मंडावी, अदिति यादव, काम्या झा, करिष्मा मीणा, रमोली नेताम, प्रसिद्धी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

टीम के कोच कालवा राधा राव, गीता यादव एवं बबिता तिग्गा हैं।

दुर्ग ग्रामीण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन दुर्ग ग्रामीण में आवश्यक सूचना के तत्काल आदान-प्रदान किये जाने हेतु जनपद पंचायत दुर्ग के कक्ष क्रमांक 10 में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर से प्राप्त जानकारी अनुसार कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0788-4087817 है। आम जनता एवं जनप्रतिनिधिगण किसी प्रकार की आवश्यक सूचना का आदान-प्रदान उक्त दूरभाष क्रमांक पर कर सकते हैं।

प्रदेश के अग्रणी उद्योगपतियों ने विद्यार्थियों को सफल उद्योगों से जुड़ने के दिए टिप्स

दुर्ग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग की आंत्रप्रिन्योरिषप सेल एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के एडवायजरी बोर्ड की प्रथम बैठक आयोजित की गयी। इस एडवायजरी बोर्ड में प्रदेश के अत्यंत सफल उद्यमियों जैसे- हरीश सक्सेना, सीजीएम, डिस्ट्रिक्ट ट्रेड एण्ड इन्डस्ट्री सेंटर, दुर्ग, अमित श्रीवास्तव सीईओ मेटेक्स ग्रुप ऑफकॉपनिज भिलाई, एस.के. मोहंती, एमएसएमई टेक्नालॉजी सेंटर, दुर्ग शिरीश टांक मैनेजिंग डायरेक्टर, एसआरटी ग्रुप ऑफएग्रो इण्डस्ट्रीज फुण्डा, रायपुर, राकेश अस्थाना, रिटायर्ड जीएम, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं देवाशीश गुप्ता पूर्व सीटीओ, आर सेलर मितल बोसनिया, हरजेगोविनिया आदि सम्मिलित थे। एकेडेमिया-इण्डस्ट्री इन्टरफेस विषय पर आधारित इस बैठक का मुख्य उद्देष्य प्रदेश के इस एक मात्र ए प्लस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उद्यमिता हेतु रूचि जागृत करने के उपायों पर विचार-विमर्श करना था, जिससे विद्यार्थी भविष्य में केवल सरकारी नौकरियों पर ही आश्रित नरहे। अपितु अपनी रूचि के अनुसार नये-नये रोजगार में संलग्न होकर अपनी आजीविका चलाने के साथ ही दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर निर्मित कर सकें। बैठक में सर्वप्रथम उद्यमिता सेल की संयोजक डॉ. सोमाली गुप्ता ने महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का परिचय सभी से कराते हुए बताया कि नयी शिक्षा नीति के अनुसार कौषल विकास युक्त पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को आजीविका अर्जित करने में अत्यंत सहायक होंगे। इसके लिए हमारे महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल एवं

■ साईंस कॉलेज में एकेडेमिया-इण्डस्ट्री इन्टरफेस विषय पर बैठक

कैरियर मार्गदर्शन की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने सभी उद्यमियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि इन सफल उद्यमियों के बहुमूल्य सुझावों से निश्चित ही महाविद्यालय उद्यमिता के क्षेत्र में नये आयामों तक पहुंचेगा। शिरीश टांक ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए कृषि उद्यमिता के क्षेत्र में अपार संभावनायें हैं। विद्यार्थी नवीन तकनीकी का अनुसार कम लागत एवं कम क्षेत्र में जैविक खाद तैयार करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर सकते है साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शोध करने एवं सहयोगात्मक प्रोजेक्ट तैयार करने का प्रस्ताव दिया। श्री मोहंती ने इस कार्यक्रम को महाविद्यालय की एक सार्थक पहल बताते हुये कहा कि छात्रों में उद्यमिता के प्रति रूझान उत्पन्न करने हेतु पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलाव किये जाने चाहिए। अमित श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि छात्रों को तथ्यात्मक विश्लेषण विषय में विशेषज्ञता तथा प्रैक्टिकल नॉलेज बढ़ाने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। हरीष सक्सेना ने धीरू भाई अंबानी का उदाहरण देते हुए कहा कि आज हर उद्योग में एक सकारात्मक सोच रखने वाले एवं मेहनती छात्रों की आवश्यकता है, जिसके लिए महाविद्यालय को अपने पारंपरिक शिक्षा पध्दति से हटकर कौषल विकास एवं प्रैक्टिकल नॉलेज बढ़ाने वाली शिक्षा पर देना ध्यान देना होगा। खादी ग्रामोद्योग के सहायक संचालक

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को मुखबीर द्वारा सूचना मिला की एक व्यक्ति लक्ष्मी नगर मार्केट के पीछे मैदान सुपेला में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंची। संदही को घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम सुमित निवासी मोहन नगर दुर्ग का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से दो कार्टून में कुल 90 पौवा गोवा व्हीस्की शराब कीमती 9000 रूपये जप्त किया गया। आरोपी को आज 13 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा, उप निरीक्षक योगेश्वर वर्मा, प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, आरक्षक रवि कुमार, सुरेन्द्र पटेल, सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। आचार संहिता लग जाने के बाद से जिला पुलिस की सक्रियता भी और अधिक बढ़ गई है।

आज डेंगू के 2 नए मरीज मिले

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 13 अक्टूबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 2 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में 6 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों घर.घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के नये मरीज 2 मे से कैलाश नगर भिलाई से 1 एवं गौतम नगर सुपेला भिलाई से 1 के रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एंडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मैश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 136173 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या 172165 जिनमें से 67099 खाली करायी गये। सभी कंटेनरों में 102062 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 138913 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी, व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जावे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नहीं मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रूपए से लेकर 5000 रुपये तक का अर्थदंड वसुला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वंय की होगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगों से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जावे। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामुण्ड स्वा.केन्द्र व प्राथमिक स्वा.के.शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जाँच निःशुल्क किया जा रहा है। जाँच के उपरांत ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा।

संयंत्र ने स्थापित किए सर्वश्रेष्ठ सितम्बर कीर्तिमान

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के विभिन्न विभागों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सितम्बर 2023 माह में उत्पादन के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संयंत्र के लगभग सभी विभागों ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्पादन में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए सर्वश्रेष्ठ सितम्बर माह का रिकॉर्ड दर्ज किया है। अपने पिछले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ते हुए उत्पादन के साथ प्रेषण के क्षेत्र में नयी उपलब्धि हासिल की है।

हॉट मेटल: हॉट मेटल का सितम्बर माह 2023 में कुल उत्पादन 4,86,233 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ सितम्बर माह 2008 में बनाये गए रिकॉर्ड को पार कर गया है।

क्रूड स्टील: क्रूड स्टील का सितम्बर में कुल उत्पादन 4,62,745 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ सितम्बर माह 2008 में बनाये गए रिकॉर्ड को पार कर गया है।

विक्रेय योग्य इस्पात: विक्रेय योग्य इस्पात का सितम्बर माह 2023 में कुल उत्पादन 4,38,097 टन दर्ज किया गया, जो कि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ सितम्बर माह 2021 में बनाये गए रिकॉर्ड को पार कर गया है।

फिनिश्ड स्टील: फिनिश्ड स्टील का सितम्बर माह 2023 में कुल उत्पादन 4,15,718 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ सितम्बर माह 2021 में बनाये गए रिकॉर्ड को पार कर गया है।

प्रेषण रिकॉर्ड: संयंत्र में प्रेषण के क्षेत्र में भी सर्वश्रेष्ठ सितम्बर माह 2023 के रिकॉर्ड में नया कीर्तिमान दर्ज किया है। लॉन्ग रेल की लोडिंग,सितम्बर 2023 में 86,406 टन रहा, जोकि सितम्बर माह 2022 में दर्ज किया गया था। प्रेषण के लिए हाई रेंसाइल प्लेटों की लोडिंग, सितम्बर 2023 में 1,21,420 टन दर्ज किया गया है। डायरेक्ट डिस्पैच की लोडिंग के लिए, सितम्बर 2023 में 3,05,148 टन दर्ज किया गया है, जोकि सितम्बर 2021 से अधिक है। इसके साथ ही विक्रेय योग्य स्टील की लोडिंग के लिए, सितम्बर 2023 में 4,30,344 टन दर्ज किया गया है

यूनिवर्सल रेल मिल: संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल की टीम ने सितम्बर 2022 को बनाये अपने पुराने कीर्तिमान को पीछे छोड़ते हुए सितम्बर 2023 में उत्पादन क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फिनिश्ड रेल उत्पादन में 73,775 टन के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए 79,083 टन का नया रिकॉर्ड बनाया है। प्राइम रेल में भी 69,348 टन के अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 74,798 टन का नया रिकॉर्ड दर्ज करने के साथ ही लॉन्ग रेल के उत्पादन में 66,506 टन के अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 72,293 टन का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। इसी कड़ी में संयंत्र का कुल लॉन्ग रेल उत्पादन सितम्बर 2023 में 84,322 टन रहा फिनिश्ड स्टील उत्पादन सितम्बर 2023 में 4,15,718 टन रहा वहीं कुल विक्रेय योग्य स्टील का उत्पादन सितम्बर 2023 में 4,38,097 टन रहा। संयंत्र के एसएमएस.3 टीम की कड़ी मेहनत और लगन से सितम्बर 2023 में कास्ट स्टील का उत्पादन 2,89,595 टन दर्ज किया गया, जोकि सितम्बर 2022 में दर्ज किये गए 2,34,927 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। बिलेट्स उत्पादन में भी सितम्बर 2023 में 2,05,092 टन के रिकॉर्ड के साथ 1,93,471 टन के जुलाई 2023 में बनाये अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

देर रात पिता पुत्र पर राड डंडे से हमला

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीएसपी टाउनशिप बुधवार की दरमियानी रात कुछ युवकों ने पुरानी रंजिशवश बीएसपी कर्मी को झगड़ा सुलझाने सेक्टर-6 बुलाया और रात पौने 12 बजे राड और डंडा से हमला बोल दिया। मारपीट में संयंत्रकर्मी और उसके दोनों बेटों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी जैत, आयुष,सुधीर और आर्यन के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। भिलाई नगर थाना एसआई भागवत ठाकूर ने बताया कि मैत्री कुंज निवासी बीएसपी कर्मचारी संजय मिश्रा को उनके बेटे आदित्य और उसके दोस्त आकाश को तीन लड़के ईशान, हर्षित, यश,किसी विवाद को लेकर मंगलवार को धमकी देने मैत्री कुंज पहुंचे थे। जानकारी मिलते ही संजय ने उन्हें समझा कर वापस भेज दिया था। तभी संजय मिश्रा के फोन पर रात्रि में जे आयुष का फोन आया। उसने कहा कि आप अभी मिलने सेक्टर 6 आओ। संजय ने आयुष के पिता को फोन किया तो उन्होंने कहा मैं भिलाई से बाहर हूँ। तब संजय अकेले सेक्टर 6 एमजीएम स्कूल के पास झगड़ा सुलझाने पहुंचे। मौके पर उनके दोनों बेटे आकाश और आदित्य भी साथ आए थे। संजय बातचीत कर झगड़ा खत्म करने समझाइश दे ही रहे थे तभी तीनों वहां पहुंचे और जान से मारने की धमकी देते राड और डंडा से हमला बोल दिया। संजय और आकाश के सिर तथा आदित्य पर राड डंडा से वार कर दिया। इसी दौरान बीच बचाव करने भूपेश आया और मारपीट कर रहे युवक मौके से भाग निकले। संजय, आकाश और आदित्य को चोट आई है जिन्हें उपचारार्थ हास्पिटल ले जाया गया। फरार सभी आरोपियों की तलाश जारी है।

कार्य में रोड़ा करने पर एफआईआर

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम चुनाव में आचार संहिता का पालन कराने रिसाली निगम का अमला जुटा हुआ है। शुक्रवार को निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने संपति विरूपण कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर सीधे निलंबन की चेतावनी भी दी। आदर्श आचार संहिता के तहत शुक्रवार तक रिसाली निगम क्षेत्र में संपति विरूपण की कार्यवाही 1600 से भी अधिक की गई। दीवार लेखन को मिटाने 50 से भी अधिक पेंटर की ड्यूटी लगाई गई है। वही दर्जन भर से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी निरीक्षण करने लगाई गई है। आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि आचार संहिता का पालन हर हाल में होना चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही होने पर वे सीधी कार्यवाही करेंगे।

निर्दलीय चुनाव लड़ने से बिगड़ सकता है समीकरण

भिलाईनगर 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के साथ निर्दलीय के चुनाव लड़ने से समीकरण गड़बड़ा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के जय प्रकाश यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि वे निर्दलीय चुनाव लड़ सकते है। इस प्रकार पूर्व पार्षद डॉ दिवाकर भारती और लगातार पांच बार के पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा के चुनाव समर में उतरने से होने की संभावना है। डॉ भारती जहां जनता कांग्रेस जोगी से वैशाली नगर विधानसभा से भिलाई विधानसभा से जहिर खान, इमरान खान, चुनाव लड़ सकते है। वशिष्ठ नारायण मिश्रा निर्दलीय प्रत्याशी की हैसियत से चुनाव लड़ने की चर्चा है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से वैशाली नगर विधानसभा सीट से गौतम कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है इस संबंध में आज ही प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। जिसमें भिलाई से मधुमिता उम्मीदवार हो सकती है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार सोनवानी ने आज इन नामों की घोषणा की है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने पांच बार के पार्षद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जबकि कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस की पहली सूची नवरात्रि में 15 अक्टूबर के आसपास घोषणा हो सकती है। जिसमें प्रथम चरण में होने वाले मतदान के प्रत्याशियों के नाम होंगे। वही भिली जानकारी के अनुसार वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने एक दर्जन से ज्यादा विधायकों की टिकिट काट सकती है। निर्दलीय पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा का वैशाली नगर से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। चुनावी मैदान में भाजपा और कांग्रेस के चुनावी समीकरण में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वशिष्ठ नारायण मिश्रा एक बार पहले भी महापौर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दम.खम दिखा चुके हैं। उन्हे लगभग 45 हजार वोट लेकर उन्होंने अपनी लोकप्रियता साबित की थी। वहीं डॉ दिवाकर भारती ने कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। भिलाई नगर से मधुमिता नायर, वैशाली नगर से गौतम कुमार, अहिवारा से राखी सोनवानी को जनता कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ का अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। वही भाजपा के जय प्रकाश यादव ने भी वैशालीनगर से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। जोगी कांग्रेस से अहिवारा विधान सभा चुनाव के लिये बी.एल.कुर्रे, सहित तीन अन्य लोगों के नाम पर भी चर्चा है। कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होने के बाद कांग्रेस से कितने लोग बागी होगे इस लेकर भी कयास लगाये जा रहे है। विधान सभा चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा टिकिट की मांग करने वालों में वैशालीनगर विधान सभा में उमीदवारों की संख्या ज्यादा है। इसे लेकर कांग्रेस काफी सावधानी पूर्व सोच समझकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। ताकि बगावत न हो।

लोक नायक जयप्रकाश की जयंती मनाई गई

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिंद मजदूर सभा के कार्यालय प्रांगण में लोक नायक जय प्रकाश नरायण की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लोकतांत्रिक समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय सचिव एच चंन्देशखर रेड्डी के मुख्य अतिथि के उपस्थिति मे सम्पन हुआ। इस अवसर पर श्री रेड्डी ने कहा 1977 के चुनाव में राजनेताओं को एसा पाठ पढ़ाया की जो इतिहास में एक मिसाल दर्ज किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रदेश लोसपा अध्यक्ष व एच एम एस के उपाध्यक्ष अशोक पंडा ने कहा की डॉ लोहिया ने सार्वजनीक जीवन मे नैतिकता को हमेशा आगे रखा। लोहीया ने महिलाओ के घर के चुल्हे और चौखट से लेकर संसद तक समस्याओ पर तर्क रखते हुए आरक्षण की मांग की थी और सिधोतो के लिए लड़ते रहे। इस अवसर पर पाटी के शहीद सचिव एच चंन्दशेखर रेडी की अध्यक्षता मे कहा की नए पीढ़ी को समाजवादी विचारो से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सावित्री शरद चंद्र रथ, विद्याधर उपाध्या, राम अयोध्या, राम सोरी सिंह, बिना बाई, श्रीमती बिसंतीन बाई मोहमद वसीम एव अशोक सिंह दुर्ग विशेष रुप से कार्यकम मे उपस्थित थे।

स्व. लोहिया की पुण्यतीथि मनाई गई

भिलाई। हिंन्द मजदूर सभा के कार्यालय प्रागंण में 12 अकटूबर को डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथी मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश लोसपा अध्यक्ष व एच एम एस के उपाध्यक्ष अशोक पंडा ने कहा की डॉ लोहिया ने सार्वजनीक जीवन मे नैतिकता को हमेशा आगे रखा। लोहीया ने महिलाओ के घर के चुल्हे और चौखट से लेकर संसद तक समस्याओ पर तर्क रखते हुए आरक्षण की मांग की थी और सिधोतो के लिए लड़ते रहे। इस अवसर पर पाटी के शहीद सचिव एच चंन्दशेखर रेडी की अध्यक्षता मे कहा की नए पीढ़ी को समाजवादी विचारो से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सावित्री शरद चंद्र रथ, विद्याधर उपाध्या, राम अयोध्या, राम सोरी सिंह, बिना बाई, श्रीमती बिसंतीन बाई मोहमद वसीम एव अशोक सिंह दुर्ग विशेष रुप से कार्यकम मे उपस्थित थे।

प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कलाकार अमृता का निधन

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। ख्यातिलब्ध छत्तीसगढ़ी कलाकार अमृता बारले का निधन हो गया है। उनकी निधन की खबर से छत्तीसगढ़ के कला जगत में शोक की लहर है। अमृता बारले मिनीमाता राज्य अलंकरण और राष्ट्रपति से सम्मानित थी। अमृता बारले ने 65 वर्ष में दुनिया को अलविदा कह दिया है, बताया जा रहा है कि वे दो माह से बीमार थी। उनका मेडिकल कालेज के आईसीयू में इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार कल रिसाली मुक्तिधाम में होगा सुश्री अमृता बारले 65 वर्षीय महिला राष्ट्रीय कलाकार का जन्म सन् 2 मई 1958 में छत्तीसगढ़ के ग्राम बटेनार विकासखंड पाटन जिला दुर्ग में हुआ था। अमृता बारले की बटेना गांव से 9 वर्ष की उम्र में सन् 1970 से 2023 तक कला यात्रा रही। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मशहूर वरिष्ठ लोक गायक बैतल राम साहू के साथ प्रमुख लोक गीत गायी जिसमें तोला बंदत हंव बाबा, जय सतनाम चंदैनी तर्ज कइसे करों मैं मया के बखान में तो जीयत हांवों जोड़ी मोर तोरे च खातिर मोर बासी के खवाइया कहां गए रे ये प्रसिद्ध गीत आज भी लोगों के दिल को छू लेती है वता दें कि विगत दिनों अमृता बारले का अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया था। जिसके बाद शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी, भिलाई के आईसीयू में उन्हें भर्ती कराया गया था। जहां वे जिंदगी और मौत से लड़ रहीं थी, वहीं अमृता बारले का 12 अक्टूबर को शाम लगभग 4 बजे निधन हो गया। आज शुक्रवार को पूर्वाह्न 12 बजे तक पार्थिव नेंदी शरीर की अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास आशीष नगर में रखा ग उसके बाद रिसाली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

विजेताओं के मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। फरो स्क्रैप निगम द्वारा मिनी ऑडिटोरियम में एफएसएनएल महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन पंकज त्यागी की अध्यक्षता एवं एस.के.पोलु, उप महाप्रबंधक संचालन एवं अनुरक्षण के मुख्य आतिथ्य तथा श्रीमती अनुराधा धनंक उप-मंडल अभियंता राजभाषा, भारत संचार निगम दुर्ग तथा श्रीमती खुशबू पाठक, विभागाध्यक्ष, स्वामी स्वरूपानंद कालेज के विशेष आतिथ्य एवं ज्ञान लाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी की उपस्थिति में उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, गुणवत्ता, पर्यावरण एवं प्रबंधन और हिंदी का विकास तथा मेरी माटी, मेरा देश विषय पर राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंकज त्यागी ने कहा कि भारत में प्रबंधन को कला एवं विज्ञान दोनों ही दृष्टिकोण से मान्यता दी जाती है, एक योग्य प्रबंधक किसी भी व्यवसाय का प्रबंधन कर सकता है। उन्होंने कहा कि घर पर हमारी माताएं हमेशा खर्च किए जा रहे पैसे से खरीदे जा रहे उत्पाद की गुणवत्ता के बीच व्यापार को देखती है, उपलब्ध संसाधनों में कैसे घर-परिवार चलाती हैं। किसी भी व्यक्ति को अपनी माँ के कुशल प्रबंधन की प्रेरणा लेनी चाहिए, हमें उनसे बहुत कुछ सीखनी चाहिए। कुल्हड़ का उपयोग करने से हम अपनी माटी से जुड़ते हैं उससे स्नेह बनाए रखते हैं ऐसे अनेकों उदाहरणों से उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, गुणवत्ता एवं पर्यावरण तथा प्रबंधन को गागर में सागर भरकर प्रस्तुत किया। श्रीमती अनुराधा धनंक ने कहा मुंशी प्रेम चंद की कहानी दुनिया का अनमोल रतन है। उन्होंने कहा कि भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना है, उनके बताए मार्ग पर सदैव चलना है, उनसे प्रेरणा लेनी है। श्रीमती खुशबू पाठक ने कहा कि प्रबंधन एक ऐसी रणनीति है, जिसके सुव्यवस्थित क्रियान्वयन से विकास शील होने को अवधारणा में परिवर्तित किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.के.पोलु ने उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, गुणवत्ता, पर्यावरण विषय पर पावर पाइंट के माध्यम से प्रस्तुति दी। पंकज त्यागी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया तथा अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विष्णु प्रसाद अनंत, एस.के.झा, एस.के.सिंह, अशोक सिन्हा ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान लाल नागवंशी ने किया।

शंकराचार्य कालेज में लियो क्लब का इनस्टालेशन सेरेमनी



भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय में लायंस क्लब पिनाकल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में लियो क्लब समर्पण का इनस्टालेशन सेरेमनी किया गया। इस क्लब में अध्यक्ष लियो प्रतिभा बरार, सेक्रेटरी लियो हिना नाग, कोषाध्यक्ष लियो लक्ष्मी देवांगन बने। लियो क्लब के सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। यह शपथ समाज सेवी कार्य के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए तथा समाज में हर तरह के कार्य को करने के लिए ली गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि लियो क्लब के द्वारा छात्र-छात्राओं को अनेक तरह के सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होंगे एवं छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा। लियो क्लब के इनस्टालेशन सेरेमनी में लायंस क्लब पिनाकल के जिला जीएसटी कोऑर्डिनेटर लॉयन विभा भूटानी, क्षेत्रीय चेयरपर्सन लॉयन रश्मि लखोटिया, जोन चेयर पर्सन लॉयन नम्रता चने तथा अन्य लायंस सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय के लियो क्लब समर्पण के प्रभारी डॉ. कृष्ण मोहन मंडल एवं उज्जवला भोंसले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पूर्वजों की उपेक्षा कर उन्नति नहीं कर सकता समाज

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। गहोई वैश्य समाज दुर्ग भिलाई ने अपने अग्रजों की नेतृत्व क्षमता तथा अति विशिष्ट सेवा भावना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से अब तक के समस्त पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया। एम पी हाल जुनवानी में समाज के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद्भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस पर आयोजित विधिवत हवन यज्ञ के बाद व्यासपीठ पर बैठे द्वारिका शारदा पीठ के ब्रम्हलीन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ध्वज वाहक डॉ इंदु भावानंद के द्वारा गीता सार का व्ख्यान दिया गया। तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में समाज की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय सभा के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया एवं स्व. जगदीश गुप्ता ब्रिजपुरिया को मरणोपरांत श्रद्धेय आचार्य श्री के आशीर्वाद सहित उनके हाथों से शाल श्रीफल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व. फूलचंद सिजारिया, स्व. रामनारायण गुप्ता (बेहरे) कृष्ण कुमार खंतोल, श्याम लाल गुप्ता ब्रिजपुरिया, स्व. शारदा प्रसाद गुप्ता (इटोदिया) धनीराम गुप्ता कनकने स्व. नरेन्द्र खरया, गोपाल प्रसाद गुप्ता बरसैया प्रमोद कुमार कुचया को उनकी नेतृत्व क्षमता व समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। समाज को भवन दान करने वाले महेश दत तगरिया को आचार्य के आशीर्वाद सहित सम्मानित किया गया। भागवत सप्ताह में समाज को तन मन धन से सहयोग करने वाले वेलकम डेकोरेटर सुरजीत सिंह सलूजा व प्रकाश केटर्स के सूरज साहू को समाज मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के जिन पूर्व अध्यक्षों को मरणोपरांत सम्मान किया गया उनके परिजनों द्वारा आशीर्वाद व सम्मान ग्रहण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पवन दहरया ने कहा कि कोई भी समाज अपने पूर्वजों की उपेक्षा करके कभी उन्नति नहीं कर सकता है। उन्होंने सभी पूर्व अध्यक्षों को उनके आशीर्वाद व सतत मार्गदर्शन के लिए तथा नंदकुमार बेहरे, ओमप्रकाश मरेले मोहन बेहरे, विनोद महेंद्र सिजारिया, संदीप नीतू, नगरिया सहित रीना इटोंदिया, आशिमा सिजारिया, श्वेता खरया, निधि कनकने रचना दहरया, अंजू रूसिया, वर्षा बिचपुरिया को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मंच का संचालन सचिव राकेश गुप्ता रूसिया ने किया। आशीष कनकने उपाध्यक्ष, राजदेव गुप्ता कोषाध्यक्ष, सदस्य आशुतोष कंदेले, अतुल झुड़ेले, अशोक रूसिया, देवेश रूसिया, दिनेश सुहाने, दीपक इटोंदिया, नीरज खरया, नीरज कनकने, ज्योति रूसिया, रश्मि बरसैया, सीमा बेहरे ने कथावाचक डॉ इंदु भावानंद स्वामी का आचार्य श्री सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के भारी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

सेंट थॉमस महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

भिलाईनगर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांध की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एनसीसी एवं आईक्यूएसी के द्वारा सेक्टर-9 अस्पताल के ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.जी. रेड्डीमैन ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से आप 4 लोगों का जीवन बचा सकते हैं, जो अपने आप में बहुत बड़े पुण्य का काम है। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को अपनी शुभकामनायें दीं। इस रक्तदान शिविर में कुल 48 छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने पंजीयन कराया तथा कुल 31 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ दीपक कुमार ने कहा कि सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांध के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन एक सुखद अनुभव रहा और भविष्य में भी नियमित अंतराल में महाविद्यालय में इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस रक्तदान शिविर का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इश्वार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सह संयोजक डॉ जे.मजू, डॉ अनुपमा गंगराड़े, एनसीसी अधिकारी संतोष यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

प्रभावशाली चिखली मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अतिक्रमण पर कार्रवाई शून्य?

राजनांदगांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजस्व मामलों में गड़बड़ी पाए जाने पर जहां प्रशासन बुलडोजर लेकर गरीबों पर तत्काल कार्यवाही करने से गुरेज नहीं करता है, वहीं प्रभावशाली लोगों पर शिकंजा जकड़ने में कसावट की बेहद कमी नजर आती है मामला स्थानीय चिखली के निजी हॉस्पिटल का है मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा लगभग दो हजार स्क्वेयर फीट जमीन पर अतिक्रमण का मामला कार्यवाही के अभाव में पिछले करीब एक साल से लटका पड़ा है. इस संबंध में तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण स्थल से बेदखली सहित पांच हजार का अर्थ दंड लगाए जाने के एक साल बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने अतिक्रमण नहीं छोड़ा है और न ही प्रशासन इस मामले पर दिए गए आदेश के अनुरूप कोई कार्यवाही करने की हिम्मत जुटा पाया है।

उल्लेखनीय है कि चिखली स्थित आस्था मल्टी स्पेशलिटी, पार्टनर राघव वर्मा द्वारा चिखली स्थित पटवारी हल्का नंबर 39 की शासकीय भूमि, खसरा नंबर 233/2 व खसरा नंबर 171/1 में से 2144 वर्ग फीट पर पार्किंग, चेक्स, ट्रांसफार्मर और जनरेटर लगाकर अतिक्रमण किया गया है. इस संबंध में शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. गौरतलब है कि तमाम रिकॉर्डस में यह आस्था मल्टी स्पेशलिटी के नाम से दर्ज है जबकि मौके पर संजीवनी नर्सिंग होम खोला गया है. यह एक अलग प्रकरण है लेकिन प्रभुसत्ता मानता अतिक्रमण का है. चिखली स्थित अस्पताल द्वारा मेन रोड पर अतिक्रमण की एक शिकायत पर राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी द्वारा इसकी जांच की गई. जांच में यह पाया गया कि खसरा नंबर 233/2 व खसरा नंबर 171/1 में 2144 वर्ग फुट पर पार्किंग, टाइल्स, ट्रांसफार्मर और जनरेटर लगाकर अतिक्रमण किया गया है. इस मामले में हॉस्पिटल प्रबंधन को यह समझाइश दी गई की सीमा का अतिक्रमण किया गया है लेकिन अनावेदक ने कब्जा छोड़ने से इनकार कर दिया।

एक साल पहले तहसीलदार ने बेदखली का आदेश जारी किया था

हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 39 तहसील राजनांदगांव की शासकीय भूमि के खसरा नंबर 233/2 और 171/1 में कुल 2144 वर्ग फीट पर अतिक्रमण की पुष्टि होती है. इस संबंध में तत्कालीन तहसीलदार राजनांदगांव द्वारा संहिता की धारा 248 (1) के तहत बेदखली की कार्रवाई करते हुए पांच हजार अर्थ दंड आरोपित किया गया तथा यह कहा गया कि अनावेदक अर्थ दंड जमा करें और कब्जा हटाकर, कब्जा हटाने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें. जहां आवेदक मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष न्याय की गुहार लगाई जहां अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसीलदार के आदेश को नैसर्गिक सिद्धांत के तहत एक पक्षीय आदेश को खारिज करते हुए अनावेदक की उपस्थिति के साथ जांच कर आदेश जारी करने के आदेश दिए गई द्य मामले पर न्यायालय तहसीलदार तत्काल संज्ञान लेते हुए पुन: अनावेदक को नोटिस जारी कर मामले पर सुनवाई की और अपने आदेश को यथावत रखते हुए 30/5/2023 को अर्थ दंड की राशि जमा करने तथा बेदखली के आदेश जारी कर प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया द्य समाचार लिखने तक की जानकारी के अनुसार बेदखली के आदेश होने के बाद भी अब तक रसूखदार हॉस्पिटल होने की वजह से प्रशासन बेदखली की कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं जिससे राजस्व विभाग प्रश्नों के घेरे में दिखाई दे रहा है ?

तहसीलदार राजनांदगांव के इस आदेश को एक साल पूरे हो गए हैं लेकिन मौके से ना तो अतिक्रमण हटाया गया है और ना ही तहसील कार्यालय से इसके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है. यदि यही मामला किसी गरीब तबके के साथ होता तो सरकारी अमला तत्काल कार्रवाई करते हुए खुद ही अतिक्रमण तोड़ देता. जांच में यह पाया गया है कि शासकीय भूमि के पश्चिमी भाग में 82 फिट लंबा और 35 फीट की चौड़ाई में पार्किंग बनाई गई है और दक्षिणी भाग में 17 फीट की दीवार खड़ी कर 7 बाई 3 फीट की जगह पर जनरेटर रखा गया है. मौके पर भवन निर्माण भी किया गया है।

नवरात्रि पर्व में तहसील गोंड समाज करेगा बूढ़ादेव गुफा में ज्योति कलश की स्थापना

डोंगरगढ़, 14 अक्टूबर। गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ द्वारा बूढ़ा देव गुफा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चार नवरात्रि पर्व की पावन पर्व में ज्योति कलश की स्थापना किया जा रहा है। जिसमें जो भी स्वजाति व स्वाधालु बंधुओं अपना ज्योती क्लश रखना चाहते हैं। ओ तहसील कार्यालय छिरपानी डोंगरगढ़ या अध्यक्ष संतोष सिंह पड़ोती, नरोत्तम कुंजाम , प्रवीण मंडावी , भुमका मदन उईके के पास 1100/- रूपये जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इस बीच प्रतिदिन गोंडी संस्कृति अनुसार सुबह शाम भूमिका (बैगाओ) द्वारा सेवा अर्जी किया जाएगा । गोंडवाना भू भाग के 52 गढ़ 57 परगना डोंगरगढ़ रियासत कालीन के गोंड राजाओं की कुल देवी दाई बमलाई की सेवा अर्जी प्राचीन काल से प्रत्येक नवरात्रि पर्व के पांचवे दिन विशेष पंचमी भेट करने दाई के दरबार जाया करते थे। जिसे गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ ने पुन: प्रारंभ किया जाता रहा है। इस दिवस बस्तर क्षेत्र से आंगा देव के साथ गोंडी रेला पाटा व सहनाई की धुन में जत्रा चलेगी । यह कार्यक्रम पंचमी 19 अक्टूबर 2023 गुरुवार शाम 5 बजे बूढ़ा देव गुफा से दाई बमलाई मंदिर व गोलबजार में बैगिन दाई , बैगा बाबा तक जत्रा चलेगी भेट जत्रा में शामिल होकर कार्यक्रम का सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील किया गया है । उक्त जानकारी समाज की सचिव नंदलाल कोहकड़ा ,महेन्द्र नेताम , किशोर , राजेश नेताम , मनोज नेताम ने दी।

ईवीएम, वीवीपैट, वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम और नामांकन कक्ष का निरीक्षण



बेमेतरा, 13 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमा शंकर बंदे, ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्ट्रांग रूम और प्रत्याशी नामांकन कक्ष का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं बैरिकेडिंग संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही संयुक्त कार्यालय परिसर के ईवीएम, वीवीपैट, वेयर हाउस की सुरक्षा से संबंधित निरीक्षण किया गया। उन्होंने वेयर हाउस स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीव्हीपीएटी मशीन, सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा, परिसर की सुरक्षा सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं के निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये, इसके अलावा उन्होंने कलेक्टरेट परिसर का निरीक्षण किया और आगामी निर्वाचन को देखते हुए वाहन पार्किंग और सुरक्षा हेतु सभी शासकीय कर्मचारी का पास बनाकर व्यवस्थित तरीके से पार्किंग कराने और साफ सफाई के निर्देश दिए.7 तक निरीक्षण के दौरान एसडीएम बेरला गुगल किशोर उर्वशा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी, भोले-भाले लोगों को बना रहे है अपना शिकार

छुरिया, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ज्ञात हो कि 4 अक्टूबर को प्रार्थी लखन साहू पिता विष्णु प्रसाद साहू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कुमरी छुरिया थाना छुरिया एवं भोजराम साहू पिता स्व. परदेश राम साहू उम्र 43 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 छुरिया थाना छुरिया थाना आकर लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किये कि आरोपी सुबेलाल उर्फ सुशील साहू पिता भारत लाल साहू उम्र लगभग 38 साल साकिन सड़क पारा दादर झोरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर(छग) एवं अन्य के द्वारा फि क ट्रेड क्रिप्टो ट्रेडिंग कंपनी में रकम निवेश करने एवं अत्यधिक ब्याज मिलने की बात कहते हुए अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाकर लोगों का पैसा जमा कराकर राशि गबन करने के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर आरोपी सुबेलाल उर्फ सुशील साहू पिता भारत लाल साहू उम्र लगभग 38 साल साकिन सड़क पारा दादर झोरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर(छ0ग0) एवं अन्य के विरूद्ध थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 420, 406, 34 भादविए एवं अपराध क्रमांक 296/2023 धारा 420, 406, 34 भादविए पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

कायमी दिनांक से उक्त आरोपी एवं अन्य अपने सकूनत से फरार थे। आरोपियों के मोबाईल नंबर का सायबर सेल की मदद से लगातार लोकेशन प्राप्त कर पता तलाश किया जा रहा था। इसी कड़ी में आज दिनांक



साइबर सेल राजनंदगांव एवं थाना छुरिया पुलिस के संयुक्त कार्रवाई

13.10.2023 को मुखबीर से ज्ञात हुआ कि आरोपी सुबेलाल उर्फ सुशील साहू पिता भारत लाल साहू एवं अजय कुमार साहू पिता अगिंरा लाल साहू अपने रायपुर स्थित घर में आया हुआ है कि सूचना प्राप्त होने पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्षन प्राप्त कर प्रशि.उप पुलिस अधीक्षक नवीन एक्का थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना छुरिया से पुलिस बल रवाना कर

(1)आरोपी सुबेलाल उर्फ सुशील साहू पिता भारत लाल साहू उम्र 38 साल निवासी सड़क पारा दादर झोरी रायपुर एवं (2)अजय कुमार साहू पिता अगिंरा लाल साहू उम्र 46 साल साकिन वार्ड नं. 69 रायपुरा महादेव घाट छोटे मंदिर के पीछे थाना दीनदयाल उपाध्याय रायपुर *

को उसके सकूनत से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों को थाना लाकर पुछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर आज दिनांक 13.10.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। समस्त कार्यवाही में प्रशि. उप पुलिस अधीक्षक नवीन एक्का, थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा, उप निरी. अवनीश श्रीवास, प्र.आर. 780 अंजीत नेताम, आर.1588 दशवंत पटेल, सायबर सेल टीम सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, , आर.1146 आदित्य राजपूत, आर.947 हेमंत साहू, आर. 354 अमित सोनी एवं थाना स्टॉफ छुरिया की सराहनीय भूमिका रही।

सार-संक्षेप

जिले में दिस चुनाव से पहले भाजपा से निष्कासित नेताओं की पार्टी में हुई वापसी

बालोद, 13 अक्टूबर। बालोद भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के चार मंडलों से निष्कासित हुए 17 कार्यकर्ताओं का निष्कासन बहाली आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार बालोद शहर मंडल से यूसुफखान, असीम दीवान, राजेश सोनी, अजुंदा मंडल से लीलेश्वर ठाकुर, चंद्रिका देवांगन, योगेश देवांगन, किर्ति उइके, शत्रुघन यादव, नेमिन यादव, संतोष यादव, पोषण यादव, डौंडी लोहार मंडल से धे मचंद भंसाली, दल्ली राजहरामंडल मंडल से संतोष देवांगन, टी ज्योति कुमारी रावटे, रमणी बाघ, दीपिका सपहा का पार्टी में पुन: बहाली हुई यह जानकारी जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी राकेश यादव ने दी।

पुरगांव में एक शराब कोचिया गिरफ्तार

बिलाईगढ़, 13 अक्टूबर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर,अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है इसी क्रम में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पुरगांव में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भट्ठी का बिक्री करने अपने घर बाडी में रखे रगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी विजय कुमार धनवार उम्र 37 वर्ष ग्राम पुरगांव थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2500 को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेश पाण्डे तथा सुश्री ललिता कुमारी का हुआ आगमन

राजनांदगांव, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से निर्धारित समयावधि में संपादित करने के लिए दो निर्वाचन व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका आगमन जिले में हो गया है। आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के लिए आईआरएस सुश्री ललिता कुमारी को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। वे जिले में प्रथम तीन दिवस प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान दोनों व्यय प्रेक्षक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा एवं नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीम की बैठक लेंगे। दोनों व्यय प्रेक्षक व्यय अनुवीक्षण, नोडल अधिकारी आयकर-वाणिज्यक कर, नोडल अधिकारी मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति, नोडल अधिकारी बैंक, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में कार्यरत महत्वपूर्ण टीम, उडनदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल एवं वीडियो अवलोकन दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, एकाउंटिंग टीम तथा जिला अंतर्गत शिकायत एवं नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों से मिलेंगे और तैयारी के संबंध में समीक्षा करेंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे का मोबाईल नंबर 8319649448 है तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस सुश्री ललिता कुमारी का मोबाईल नंबर 8815269997 है। नवीन विश्राम गृह में कार्यालयीन समय में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कोई भी नागरिक व्यक्तिगत तौर से मिलकर एवं मोबाईल के माध्यम से अपनी बात रख सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह द्वारा निर्वाचन व्यय प्रेक्षकों को निर्वाचन के संबंध में उनके प्रवास के दौरान आवश्यक सहयोग करने के लिए दो लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने निर्वाचन के संबंध में व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे के आवश्यक सहयोग के लिए कार्यालय अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना संभाग राजनांदगांव श्री ज्ञानेन्द्र कश्यप एवं व्यय प्रेक्षक आईआरएस सुश्री ललिता कुमारी के आवश्यक सहयोग के लिए महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र राजनांदगांव श्री एसके सिंह को लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। लायजनिंग ऑफिसर व्यय प्रेक्षकों को उनके आगमन पर उनके साथ आवश्यक समन्वय करेंगे तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके जिले में रहने तक आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मोहम्मद अकबर ने नामांकन फार्म खरीदा

कवर्धा, 13 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के निर्वाचन अधिसूचना अनुसार 13 अक्टूबर से नाम निर्देशन की प्राक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे बताया कि नाम निर्देशन के पहले दिन विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 06 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 05 नाम निर्देशन पत्र इस तरह से कुल 11 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया है।

नाम निर्देशन के पहले दिन पंडरिया व कवर्धा विस क्षेत्र के लिए कुल 11 नाम निर्देशन पत्र वितरण

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 06 नाम निर्देशन पत्र का वितरण किया गया है. नाम निर्देशन पत्र लेने वालों में राजनीतिक दल एवं स्वतंत्र इस प्रकार है -बीएसपी से चैतरामराज, शिवसेना से नंदकिशोर तिवारी उर्फ नरेन्द्र तिवारी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से कमल बांधे, निर्दलीय से शिवप्रसाद साहू, जनता कांग्रेस छ.ग. जे. से रवि कुमार चंद्रवंशी और निर्दलीय सच्चिदानंद कौशिक शामिल है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 05 नाम निर्देशन पत्र का वितरण किया गया है। नाम निर्देशन पत्र लेने वालों में राजनीतिक दल एवं स्वतंत्र इस प्रकार है- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल से मोहम्मद अकबर, निर्दलीय में अजय पाली, शिवनाथ राउत राय, आनंद कुमार मेरावी और सच्चिदानंद कौशिक शामिल है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की अधिसूचना अनुसार छत्तीसगढ़ में दो चरणों में निर्वाचन होगा। पहले चरण में होने वाले निर्वाचन में कबीरधाम जिले के विधानसभा-71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा शामिल है। नाम निर्देशन पत्र का वितरण 13 अक्टूबर से शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नामांकन पत्र की संवीक्षा 21 अक्टूबर, नामांकन पत्र की वापसी 23 अक्टूबर, मतदान की तिथि 07 नवंबर और मतगणना की तिथि 03 दिसंबर 2023 निर्धारित है।

प्रादेशिकी का शेष...

भालुओं के हमले से ...

विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है। वन विभाग द्वारा घटना के बाद ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने से रोका जा रहा है। घटना के बाद से ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्रदेश के अगुणी उद्योगपतियों ने...

नितिल बैस ने बताया कि बैंक विद्यार्थियों के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो उन्हें उद्योग लगाने में धनराशि उपलब्ध कराते हैं। यदि महाविद्यालय का कोई विद्यार्थी अपना उद्योग लगाना चाहता है, तो वे उसे बैंक के माध्यम से वित्तीय सहायता दिलवाने में मदद करेंगे। अंत में देवाशीष गुप्ता ने सुझाव दिया कि उद्यमिता के क्षेत्र में छात्रों को लाने के लिए हमें वैश्विक प्रतियोगिता के अनुसार उन्हें तैयार करना होगा। उन्होंने छात्रों में वैश्विक सोच एवं कौशल विकसित करने पर जोर दिया। राकेश अस्थाना ने सुझाव दिया कि बीएससी की कक्षाओं में प्रारंभ से ही इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट करने चाहिए जिससे विद्यार्थी में अंतिम वर्ष तक सम्पूर्ण कौशल का निर्माण हो सके।

इस बैठक में एडवायजरी बोर्ड के सदस्यों के अतिरिक्त महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, डॉ. अंशुमाला चन्दनगर, डॉ. सतीश कुमार सेन, डॉ. श्वेता पाण्डेय, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. प्रदीप जांगड़े एवं डॉ. लतिका ताम्रकार उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजू सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने किया।

कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

डोंगरगढ़, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आरके ठाकुर के दिशा निर्देशन में आई. क्यू.ए.सी ,प्रभारी डॉ हेमलता गायकवाड एवं रेड क्रॉस प्रभारी डॉ ए.आर ध्रुव के नेतृत्व में महाविद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाल बहादुर नगर के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के रेड क्रॉस इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर.के. ठाकुर द्वारा रक्तदान शिविर को महादान बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। शिविर में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक राजनांदगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ एवं लाल बहादुर नगर की टीम का स्वागत अभिवादन किया। शिविर आयोजन में महाविद्यालय समस्त प्राध्यापकों के सार्थक प्रयासों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक , छात्र-छात्राओं की सराहनीय प्रशंसा की । भूतपूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवकों महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। जिसमें कुल 27 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया रक्तदान शिविर में राजनांदगांव जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के मुकेश कुमार जोशी ,नरेंद्र कुमार वर्मा , जगदीश सोनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ डॉक्टर वर्षा पटेल, श्रीमती रीना रहंगडाले, श्री जितेंद्र कुमार , रितेश्वरी, और नितिन कुमार साहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाल बहादुर नगर की टीम द्वारा विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाल बहादुर नगर के आपसी सहयोग एवं समन्वय (एम ओ यू)से रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन, पुलिस ने जिले में निकाली फ्लैग मार्च

कवर्धा, 13 अक्टूबर। कबीरधाम जिले में आगामी विधानसभा चुनाव और आने वाले त्योहारों के मध्य नजर जिला, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए गुरूवार को कवर्धा शहर सहित जिले के सभी थाना-चौकी में पुलिस के अधिकारी-जवानों ने पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्राक्रिया संपादित करने को लेकर शहर के मुख्य गलियों व बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि गुरूवार रात्रि को कबीरधाम पुलिस ने कवर्धा शहर सहित जिले के सभी थाना-चौकी में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में अतिरक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर सहित जिले के पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च कवर्धा कोतवाली थाना से प्रारंभ हुआ जो कवर्धा शहर के सिग्नल चौक, लोहारा नाका, पशुग्रास चौक, नवीन बाजार, घोटिया रोड, दर्री पारा, मेन बाजार, सराफा लाईन, करपाही चौक, यूनियन चौक, राजमहल चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

शत प्रतिशत मतदान के लिए दशरंगपुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

कवर्धा, 13 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में तथा स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल दशरंगपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकाली गई। स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन अवधेश नंदन श्रीवास्तव रैली में उपस्थित हुए जिन्होंने शत प्रतिशत मतदान के लिए सबको प्रेरित किया । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में अध्ययनरत 387 बच्चों सहित प्राचार्य श्रीमती ममता मिश्र, रविन्द्र सिंह चंद्रवंशी, बद्री प्रसाद सोनी, विनय सिंह ठाकुर, गोविंद पयासी, आबिद रजा, वेदप्रकाश साहू आदि व्याख्याताओं ने विद्यालय परिसर से एक रैली निकाली तथा च्चोट देबर जाबो, चुनई तिहार मनाबोच का नारा लगाते हुए प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया।

सीईओ की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमेटी की बैठक संपन्न

बेमेतरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन - 2023 की घोषणा कर दी गयी है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभा कक्ष में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी । बैठक में सहायक संचालक कौशल विकास व सहायक नोडल स्वीप श्री रोशन लाल वर्मा सहित जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगरीय निकाय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, स्कूल-कॉलेज के नोडल व एम्बेसडर आदि उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री लीना मंडावी ने कहा कि पिछले विधानसभा निर्वाचन में जिले के मतदान केन्द्रों में कम मतदान होने का कारण पता कर खास कर उन मतदान केन्द्रों में इस बार निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। नवाचार गतिविधियां कराये। एक स्वीप कार्य योजना बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाये। स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र स्तर में एक स्वीप नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेजों नया दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु रोचक और प्रेरक कार्यक्रम चलाये जाये। इसमें कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का सहयोग लिया जा सकता है। सोशल मीडिया और खाली होर्डिंग्स पर मतदाता जागरूकता के फ्लेक्स लगवाये जायें। मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई जाये और उसके फोटो ग्रुप में भी शेयर किये जाये।

■ मतदाताओं को जागरूक करने नवाचार गतिविधियां की जाये : सीईओ श्रीमती मंडावी

■ मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में चलेगा स्वीप कार्यक्रम

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र और एक-एक दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाये जायें गे। संगवारी मतदान केन्द्र में सभी महिला दल होगा। वही दिव्यांग मतदान केन्द्र में दिव्यांग मतदान कर्मचारी होंगे। इसी प्रकार एक एक युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र भी होगा। इस प्रकार कुल 36 मतदान केन्द्र में से 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाये जायेंगे । श्रीमती मंडावी ने कहा कि हम सब को भीड़ कर काम करना होगा । जिन मतदान केन्द्रों में पिछले विधानसभा में कम प्रतिशत मतदान हुआ, वहां युवा मतदाता भी मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा में नवागढ़ विधानसभा में सबसे अधिक मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम था। वही इसी तरह साजा और बेमतरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान में भी प्रतिशत कम था। इस बार इन सभी केन्द्रों में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य सामने रखकर मतदाता जागरूकता अभियान चलायें। नगरीय क्षेत्र में कचरा गाड़ी के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार से मुनादी करायी जाये। उन्होंने कहा कि सीईओ जनपद यह देख ले कि उनके क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्था हो। छाया, पानी, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था भी देख लें। कोई कमी हो उसे समय रहते पूरी करें ।

शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित

बेमेतरा 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय के.आर. डी. महाविद्यालय नवागढ़ में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 13 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, यह रक्तदान शिविर कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी. एल टंडन के निर्देश में रखा गया, उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ एस.आर. चुरेंद्र, कॉलेज प्राचार्य, छात्र-छात्राओं और टीचर, जिला संगठन रेड क्रॉस और सभी सम्माननीय गण उपस्थित थे। सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्तदाताओं धन्यवाद दिया।

कलेक्टर ने किया तहसील दाढ़ी और थानखम्हरिया का निरीक्षण

■ कार्यालय में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने पर दिया जोर

बेमेतरा 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने आज दाढ़ी तहसील और थानखम्हरिया तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया, कर्मचारियों से भी बातचीत की। उन्होंने आम लोगों के राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण करने तथा कार्यालय में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की स्थिति, कार्यालय प्रबंधन, साफ-सफाई का भी जायजा लिया। अपूर्ण अभिलेखों को पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने तहसील परिसर की हरा-भरा करने, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई बेहतर से बेहतर बनाये रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने किया बिरनपुर चेकपोस्ट का निरीक्षण

कलेक्टर श्री एल्मा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 की घोषणा के बाद की गयी तैयारियों का जायजा ले रहे है। बीते गुरुवार को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। आज कलेक्टर ने बिरनपुर चेक पोस्ट पहुंच कर की गयी तैयारी और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों और कर्मचारियों से बातचीत की। श्री एल्मा ने सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच करने की बात कही। साथ ही चौकसा रहकर दायित्वों का निर्वहन करने कहा। कलेक्टर ने चेक पोस्ट में छाया पानी आदि की व्यवस्था देखी। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए ।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कुसुमकसा अंधे कत्ल का खुलासा

■ हत्या में संलिप्त आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल

■ थाना प्रभारी मुकेश सिंह सायबर सेल प्रभारी जोगेंद्र साहू का रहा विशेष योगदान

दल्लीराजहरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लाक डौण्डी के ग्राम कुसुमकसा थाना दाढी राजहरा क्षेत्र में सनसनी मर्डर का मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में राजहरा पुलिस व सायबर सेल टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस के जानकारीनुसार प्रार्थी आत्माराम धाकड़े पिता स्व. रामलाल धाकड़े उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बोरिद थाना बालोद का लड़का पवन कुमार धाकड़े का 11 अक्टूबर को रात्रि करीबन 09-10 बजे से दिनांक 12 अक्टूबर के प्रात 8 बजे के मध्य शासकीय शराब भट्ठी कुसुमकसा जाने वाली कच्ची मार्ग के किनारे परसा पेंड़ के झाड़ियों के बीच मृत हालत में जिसके सिर में पत्थर मारकर हत्या करने की रिपोर्ट पर अपराध क्र0 357/2023 धारा 302, 201 भादवि के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त गोलाकार पत्थर शराब की शीशी जिसमें खून लगा हुआ व मृतक पवन को रोड किनारे पत्थर पटककर हत्या करने के बाद छुपाने की नियत से परसा पेंड़ के झाड़िया के पास ले जाकर पुनः ईट के टूकड़ा से मारकर चोट पहुंचाया है, मृतक के सिर में पत्थर पटकने से गंभीर चोट आने के कारण हत्या करना पाये जाने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक एवं पुलिस नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी राजहरा मुकेश सिंह, उपनिरीक्षक उमा ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक कांता राम घिलेन्द्र एवं थाना स्टाफ व सायबर सेल बालोद प्रभारी जोगेन्द्र साहू एवं टीम व एफएसएल टीम रायपुर व डाग स्क्वाड के विशेष टीम के द्वारा अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु मौके पर तत्काल थाना के कर्मचारी एवं सायबर सेल टीम एवं एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वाड के विशेष टीम के द्वारा पता तलाश करने पर कुसुमकसा के हर्ष शर्मा उर्फ बिट्टू पिता सुखदेव शर्मा उम्र 28 वर्ष के संबंध में सुराग मिलने पर पुलिस द्वारा कड़ाई से पुछताछ करने पर अपराध घटित करना कबूल कर बताया कि कुसुमकसा से मेन रोड जाने वाले रास्ते मे बैठ कर शराब पी रहे थे इस दौरान मृतक के साथ बीच वाद विवाद होने से पास में रखे नुकिले पत्थर से मृतक के सिर में मारकर उसकी हत्या कर मृतक की मोटर सायकल हीरो होण्डा पैसन प्रो क्र0 सीजी-19 बीए-5106 को आरोपी अपने घर ले गया जिसे ग्राम कुसुमकसा से बरामद किया गया है। आरोपी हर्ष शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा दिया गया है।

आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस द्वारा किया गया कॉम्बिंग गस्त

बालोद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में जिला बालोद के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अक्षरशः पालन हेतु समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने हेतु जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों में कॉबिंग गस्त किया गया। गस्त के दौरान क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले तत्वों की धर पकड़ की गई तथा उनके विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 151 के तहत कार्यवाही की गई। जिले में कुल 28 प्रकरणों में 34 लोगों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया जहां गिरफ्तारशुदा के आचरण एवं पूर्व के आपराधिक रिकार्ड के आधार पर लोक प्रशांति भंग करने के अंदेशा पर बदमाशों को जेल भेजा गया। गस्त के दौरान के पकड़े जाने वालों में से दो लोग क्षेत्र के गुंडा बदमाश तथा एक निगरानी बदमाश थे। गस्त दौरान अवैध शराब बिक्री के आसूचना पर रेड कार्यवाही भी की गयी

■ दो माह में 34 स्थाई वारंटी एवं 475 गिरफ्तारी वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

ज्ञात हो की बालोद पुलिस द्वारा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पिछले दो महीनों में चलाए गए अभियान मे गांजा जप्ती, शराब जप्ती, 34 स्थाई वारंट एवं 475 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गयी है। अशांति फैलाने वाले 75 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है तथा 282 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। 28 आदतन अपराधियों के विरुद्ध धारा 110 सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है तथा वर्ष में कुल 22 गुंडा बदमाशों की फाइल खोली गई है जिनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

मोहला, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन आज

■ संकल्प शिविर का आयोजन, राजनांदगांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने लिया तैयारीयो का जायजा

छुरिया, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी विधानसभा सीटों में कांग्रेस का संकल्प शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का आगमन 14/10/2023 दिन शनिवार को मोहला में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पीछे मैदान में प्रातः 11:00 बजे, डोंगरगांव में आमा बगीचा ग्राम कोनारी में दोपहर 1:30 बजे एवं राजनांदगांव में अनंत पैलेस बापपारा रोड में दोपहर 3:00 बजे होने जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के साथ राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री माननीय अमरजीत भगत जी एवं छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा जी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलने एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंच रहे हैं। राजनंदगांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विधानसभा स्थित कार्यक्रम स्थल मे जाकर तैयारी का जायजा लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मोती साहू, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी चुम्मन साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, मंडी अध्यक्ष गणेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू सहित कांग्रेस नेता पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, सेवा दल के पदाधिकारी, जिला पंचायत/जनपद पंचायत/नगरीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस के सभी संगठन के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्षों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपील किया है। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने दी है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में चिल्फी बैरियर का किया औचक निरीक्षण

कवर्धा 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद जिले में गठित फ्लाईंग स्क्वॉड टीम, स्थैतिक निगरानी दल, विडियों निगरानी टीम और विडियों अवलोकन टीम निर्वाचन के हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी हुई है। जिले के सीमावर्ती चेक पोस्ट सहित सभी तहसीलों के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। जो 24 घंटे तैनात होकर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने कल रात चिल्फी बैरियर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर स्थैतिक निगरानी दल ड्यूटी पर तैनात थे। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करें। साथ ही संदिग्ध वाहनों की पड़ताल कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उच्च अधिकारियों से कहा कि बैरियर और चेक पोस्ट का लगातार निरीक्षण करते रहे। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में आने जाने वाले गाड़ियों की जानकारी के संबंध संधारित रजिस्टर का अवलोकन भी किया।

■ चेकपोस्ट ने आने जाने वाली वाहनों का कड़ाई से जांच करने के दिए निर्देश

■ जिले के चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल 24 घंटे तैनात

कलेक्टर श्री महोबे ने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले सभी वाहनों की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के सभी चेकपोस्ट में टीम को संदिग्धियो पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट में की जा रही कार्यवाही एवं गाड़ियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का समय में अवैध शराब, राशि तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन के मामले सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने बॉर्डर पर निगरानी के लिए पुलिस के साथ स्थैतिक टीम को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार पूरी सघनता से जांच जारी रखने कहा।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि चेक पोस्ट के लिए बनाई गई स्थैतिक निगरानी टीम चौकसा रहते हुए हर गाड़ियों की जांच करे और उसकी एंट्री रजिस्टर में जरूर करे। जहां भी मामला संदिग्ध लगे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवम रिटर्निंग ऑफिसर कवर्धा पी सी कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कटंगीकला के स्कूली बच्चों को दी गई विधिक, कानून की जानकारी

खैरागढ़, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में लगातार पैरालीगल वालंटियर के द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आम नागरिकों व स्कूली बच्चों को कानून के प्रति व अपने अधिकार के लिए जागरूक किया जा रहा है। राजनांदगांव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षण में जागरूकता शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के द्वारा ग्राम कटंगीकला के शासकीय प्राथमिक शाला में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू ने किया। पूर्व प्रधान पाठक द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष आलोक कुमार के दिशा निर्देशनुसार व अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ व सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालंटियर गोलू दास साहू के द्वारा बच्चों को कानून की बारिकियों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकार व कर्तव्य के प्रति जागरुक होना चाहिए। बच्चों को प्राधिकरण द्वारा अधिकार से अवगत कराते हुए यह जानकारी दी गई कि कानूनी जानकारी रहने के बाद ही आदर्श नागरिक बना जा सकता है। उन्होंने विधिक जागरुकता समिति के द्वारा भविष्य में भी अपेक्षित सहयोग देने का आश्वासन दिया। आगे गोलू साहू ने छात्रों के अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सर्वागीन विकास में अभिभावकों व शिक्षकों का अहम कर्तव्य होता है। छात्रों को समाज की आदर्श इकाई बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। छात्रों व शिक्षकों को कानून के प्रति जागरुक होने के लिए अपील की गई। बिगड़ते सामाजिक परिवेश को भी आदर्श बनाने में योगदान करने की सलाह दी गई। आगे गुड टच बैड टच, पोक्सो एक्ट, के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया गया।

केसीजी कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण दिया आवश्यक निर्देश

■ मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, रैंप, शौचालय दुरुस्त होनी चाहिए

■ मतदान केंद्र डूंडा व बाजार अतरिया के दोनो बूथ का किया कलेक्टर ने निरीक्षण

खैरागढ़, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले में आगामी होने वाले विधानसभा निर्वाचन के लिए लगातार मतदान केंद्रों में जाकर सुविधाओं की तैयारी का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान मतदान केंद्र डूंडा बाजार अतरिया के दोनो बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मतदान के 'दो' में मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, रैंप, शौचालय दुरुस्त होनी चाहिए

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारी, पंचायत सचिव व बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, रैंप, शौचालय दुरुस्त होना चाहिए आगे कहा कि मतदान केंद्रों के बाहरी दीवाल पर लेखन का कार्य पूर्ण कर ले। लेखन कार्य स्पष्ट प्रवेश द्वार के पास हो। मतदान कक्ष ऐसे रूम को बनाए जहां प्राकृतिक हवा व प्रकाश की व्यवस्था हो तथा पर्याप्त मात्र में जगह होनी चाहिए साथ ही मतदान केंद्रों में वृद्ध व दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बाजार अतरिया के एक ही भवन में दो मतदान केंद्र होने पर बीच में बैरिकेटिंग करने के निर्देश दिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएस राजपूत, तहसीलदार प्रीति लारोकर, अमरदीप अंचल, संजय देवांगन सहित बीएलओ, पंचायत सचिव व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एक हाईवा में रेत से भरी गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए हाईवा को किया जप्त

खनिज विभाग के अधिकारियों ने हाईवा को पुलिस थाने में किया सुपुर्द

खैरागढ़, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में 13 अक्टूबर को खनिज विभाग के द्वारा वाहनों का निरीक्षण करने के दौरान एक हाईवा में रेत से भरी व एक हाईवा में गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान प्राथमिक रूप से कार्यवाही कर पुलिस थाने को सुपुर्द किया।

सहायक खनिज विभाग के अधिकारी बबलू पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहनों को जप्त कर खैरागढ़ थाने में सुपुर्द किया गया। वाहन चालक का नाम डोगेश्वर साहू वाहन क्रमांक सीजी 08 एई 6015 व वाहन चालक का नाम प्रकाश बारले, वाहन क्रमांक सीजी 05 एई 5096 है। दोनो वाहनों को जप्त कर पुलिस थाने में रखा गया है।

प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

उल्टा पुल्टा

प्रेमी- रेखा, तुमने अपने पिता से कहा है कि तुमसे शादी करने के लिए तैयार हूं, तो वे क्या बोले?
प्रेमिका- वे आंखें मूंदकर बोले- हे भगवान, जिस मूर्ख की तलाश में धरती आकाश में घूम रहा था, उसे तुमने इतनी आसानी से भेज दिया।

जिस लम्हेटा घाट में राजा हरिशचंद्र से श्रीराम के पूर्वजों का तर्पण हुआ, वहीं अनजान पितरों का भी किया पिंडदान

20 साल में स्वर्गधाम सेवा समिति ने 589 अनजान लाशों का किया अंतिम संस्कार

धमतरी, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा सच है 'मौत' और 'शव' इसका प्रत्यक्ष प्रमाण। लेकिन कई बार ऐसी स्थिति आ जाती है कि कई लाशों का परंपरा अनुसार अंतिम संस्कार नहीं हो पाने से मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती।

ऐसे ही मृतात्माओं को मोक्ष दिलाने वर्ष 2004 में धमतरी से एक ह्रदयस्पर्शी प्रयास हुआ। स्वर्गधाम सेवा समिति का उदय हुआ। जिसके बाद से आज तक एक भी लाश लावारिस नहीं कहलाया।

इस संस्था के अध्यक्ष एवंत गोलछा है और महासचिव अशोक पवार। महासचिव अशोक पवार ने कहा कि 25 साल पहले धमतरी के जिला अस्पताल में एक लाश पड़ी थी। लोगों से पूछा तो पता चला कि इस लाश का कोई वारिस नहीं है, इसलिए इसका अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहा। यह दृश्य देख मन विचलित हो गया और 2004 में फिर स्वर्गधाम सेवा समिति की स्थापना कर अनजान लाशों के अंतिम संस्कार कर रहे। अबतक हमारी

संस्था 589 लाशों को सद्गति दे चुकी है।

आज रुद्रेश्वर महादेव घाट में फिर होगा सामूहिक पिंडदान

यही नहीं समिति द्वारा हर साल पितृ मोक्ष अमावस्या पर सभी मृतात्माओं का सामूहिक तर्पण करते हैं। इस साल भी 14 अक्टूबर 2023 को रुद्री स्थित रुद्रेश्वर महादेव घाट में सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान किया जाएगा।

तरसीवा बस्ती में हुआ सम्मान

2009-10 में एक बेटा हुई। एक महिला अपने पति को इलाज के लिए शहर के गुप्ता अस्पताल लाई थी। तबियत ज्यादा खराब थी, इसलिए महिला पति के स्वास्थ्य लाभ के लिए मां अंगारमोती में मन्नत मांगने गई। इसी दरम्यान वह बांध के पानी में डूब गई। 4 दिन बाद लाश पानी से बाहर आई। पहचान नही हो पाने और बॉडी गल जाने के चलते स्वर्गधाम सेवा समिति ने महिला का हिन्दू रिवाज से अंतिम संस्कार किया। कुछ दिनों बाद महिला की पहचान तरसीवा निवासी के रूप में हुई। परिवार वाले स्वर्गधाम सेवा समिति के महासचिव अशोक पवार से मिलने आए और धन्यवाद दिए। साथ ही तरसीवा के पूरे ग्रामीणों ने अशोक पवार का गांव में ही सम्मान किया।

सुख-समृद्धि के साथ भगवान का सान्निध्य मिलता है : अशोक

स्वर्गधाम सेवा समिति के महासचिव अशोक पवार ने >> शेष पृष्ठ 9 पर

कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा से तलाश है प्रत्याशी की

कसडोल/बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए छत्तीसगढ़ में बिगुल बज चुका है। भारतीय जनता पार्टी अब तक 88 विधानसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। कसडोल सहित सिर्फ 6 क्षेत्रों में प्रत्याशी घोषित करना बाकी है। वहीं कांग्रेस पार्टी अभी तक एक भी नामों की घोषणा नहीं कर पाई है। कसडोल विधानसभा क्षेत्र में तो सब की नजरें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पर ही टिकी है। सभी की चाह है कि गौरीशंकर अग्रवाल को ही पार्टी की तरफ से टिकट दिया जाय। क्योंकि उनके पिछले कार्य काल को लोग देखे हैं इसीलिए क्षेत्र के लोग उन्हें विकास पुरुष कहते हैं। वर्तमान विधायक शकुंतला साहू को भी देख चुके वे पूरी तरह फेल हो चुकी है। इसीलिए क्षेत्र के लोग गौरीशंकर अग्रवाल को इस बार पुनः टिकट मिलने पर चुनाव जीताने के लिए कार्यकर्ता तैयार है।

गौरीशंकर को न मिलने पर मेलाराम एवं यशवर्धन हो सकता है भाजपा के लिए जिताऊ उम्मीदवार

पिछले चुनाव में यत्ना विरोधी लहर एवं कांग्रेस के झूठी घोषणा पत्र के कारण सुनामी सी आ गई थी जिसके चलते बड़ी अंतर से गौरीशंकर को हार झेलनी पड़ी थी। शायद इसी को आधार बनाकर पार्टी उन्हें विधानसभा चुनाव नहीं लड़ाना चाहती होगी जबकि ऐसा बिलकुल नहीं है। यदि गौरीशंकर अग्रवाल चुनाव नहीं लड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में कसडोल मंडल के वर्तमान अध्यक्ष और वर्तमान सहित दो बार के जनपद सभापति मेलाराम साहू बेहतर उम्मीदवार हो सकता है। इसका कारण यह भी है कि मेलाराम साहू लम्बे समय से राजनीति एवं भाजपा से जुड़ा हुआ है। उसे सभी लोग जानते व पहचानते हैं। वे सहज, सरल स्वभाव का ईमानदार होने के अतिरिक्त स्वच्छ छवि का व्यक्ति है। इसीप्रकार युवा दावेदार में पलारी नगर पंचायत के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा भी एक सशक्त उम्मीदवार हो सकते है। क्योंकि इनका पुरा परिवार जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा में संगठन के हित में काम किया है। यशवर्धन वर्मा कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लिए एक जाना पहचाना नाम है। वे सरल सहज व्यक्ति होने के साथ ही पार्टी संगठन एवं विभिन्न संस्थाओं में कार्य करते हुए समाजसेवी के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाते आ रहे है। फिलहाल कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टी से कसडोल विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होने से क्षेत्र अभी एकदम शांत नजर आ रहा है।

नंबर प्लेट में नाम, पदनाम लिखने वाले वाहनों व वाहनों में प्रेशर हार्न पर कार्रवाई के सख्त निर्देश

धमतरी, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के द्वारा निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मणीशंकर चन्द्रा द्वारा आदर्श आचार संहिता का पालन कराने मोटरयान अधिनियम के तहत उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर निगाह रखते हुए सख्त कार्यवाही किया जावेगा। वाहनों के नंबर के स्थान पर नंबर प्लेट में नाम, पदनाम लिखने वाले व वाहनों में प्रेशर हार्न, हुटर, सायरन आदि का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर चलने वाले वाहन चालकों पर भी विधिसम्मत कार्यवाही की जावेगी।

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने मोटरयान अधिनियम के तहत उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार की जाएगी कार्रवाई

वाहन चालक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रातः 6 बजे रात्रि 10 बजे तक ही करेगें। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करते पाये जाने पर कोलाहल अधिनियम के तहत वाहन एवं वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का जब्ती कार्यवाही की जावेगी, साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालयों व नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगर पालिका परिसर, जनपद पंचायत एवं किसी भी स्थानीय निकाय, कार्यालयों, बैंको पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र आदि कार्यालय से 20 मीटर दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वाले पर सख्त कार्यवाही की जावेगी।

वाहन चालकों एवं व्यवसायियों द्वारा कोई भी सामान (कपड़ा, जेवर, घरेलू उपयोग के सामान) आदि लाते ले जाते है तो सामान का संपूर्ण कागजात लेकर चलें, वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध मिलने पर विधिसम्मत कार्यवाही की जावेगी। धमतरी पुलिस आमजनों, वाहन चालकों, व्यवसायियों से अपील करती है, कि आदर्श आचार संहिता का पालन कर सहयोग करें।

लोडिंग रेत हाईवा से राहगीर असुरक्षित, प्रशासन मौन

राजिम, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में सुबह से लेकर दोपहर, शाम, रात तक रेत भरी लोडिंग वजनी हाईवा तेज गति से चल रही हैं सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल टाइम में हो रही है। सुबह स्कूली बच्चे ट्यूशन के लिए शहर आते हैं उसके बाद 10बजे से 12बजे तक लगातार स्कूलों में पहुंचते हैं। शाम 4रू00 बजे से छुट्टी हो रही है। छोटे बड़े बच्चे साइकिलों से स्कूल पहुंच रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने को लेकर पालक बहुत चिंतित हैं। स्कूल समय भी लोडिंग हाईवा तेज रफ्तार से दौड़ रही है। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। शहर में नियम कायदा कानून सब क्षीण होते हुए नजर आ रहे हैं। जिसके चलते वर्तमान में स्कूली छात्र अब साइकिल से स्कूल आने-जाने में कतरा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ छात्र-छात्राएं साइकिल से स्कूल जाने के लिए मना कर दिए हैं। अब उन्हें उनके पालक गाड़ी में बिठाकर ला रहे हैं इससे पालकों की खर्चा बढ़ गई है। काम को छोड़कर बच्चों को स्कूल लाने ले जाने में समय खपा रहे हैं। जिनके पास समय पर मौजूद नहीं हो रहे हैं ऐसे में मजबूरी में बच्चे साइकिल चलाते हुए तेज धूप में स्कूल पहुंच रहे हैं। दूसरी और बरसात के बाद सड़कों की हालत

शहर में लोडिंग गाड़ियां बेलगाम चौबीसों घंटे दौड़ रही तेज रफ्तार

जर्जर हो गई है ऐसे में साइड देने या लेने के चक्कर में भी कई दुर्घटनाएं हो जाती है। रविवार को ही गरियाबंद रोड में एक महिला बस के चपेट में आने से अपने जिंदगी से हाथ धो बैठी। इन रेत भरी हाईवा के चलने के कारण राहगीरों को संभाल कर गाड़ियां चलनी पड़ रही है वरना थोड़ी सी भी असावधानी होगी तो सीधे कोई बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि शहर में आसपास के तकरीबन पचासों गांव के बच्चे विद्या अध्ययन के लिए स्कूल कॉलेज पहुंचते हैं। अधिकतर गांवों में एकल मार्ग है। गरियाबंद सड़क मार्ग निर्माणाधीन है। राजिम शहर में पांडुका, कोपरा तक के बच्चे पहुंचते हैं। इधर धमतरी जिला से चौबेबांधा पुल पार कर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए आते हैं क्योंकि यह सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर हो गया है और चौबीस घंटे लोडिंग रेत हाईवा चल रही है जिसके कारण स्कूली छात्र-छात्राएं डरे हुए हैं। इसी तरह से बकली- पिपहेंबंद मार्ग तथा फिंगेश्वर रोड में भी यही स्थिति देखी जा रही है पालक मांग कर रहे हैं कि कम से कम बच्चों के स्कूल जाने व छुट्टी के समय तक ऐसी लोडिंग गाड़ियां शहर के भीतरी मार्ग से होकर ना निकलें। ना ही मांग में भी चलाया जाए। बल्कि इस समय बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से इसे बंद रखा जाए।

बताना जरूरी है कि चौबेबांधा तिराहा से होकर राजिम भक्तिन माता चौक, महामाया चौक, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से होते हुए राजिम पुल पार कर राजधानी रायपुर के लिए सरपट दौड़ रही हैं। वैसे भी प्रदेश सरकार के नियम के मुताबिक जिले में अभी रेत खदानें बंद रखा जाना है। लेकिन नियम कायदा कानून को ताक में रखकर धड़ल्ले से रेत का उठाव हो रहा है जिससे आम राहगीर बहुत परेशान हो रहा है। शाम के समय शहर के बाजारों में रौनकता रहती है भीड़भाड़ बढ़ जाती है ऐसे में भी लोडिंग गाड़ियां तेज गति से दौड़ रही हैं। इससे न की स्कूली छात्र बल्कि हर वर्ग के लोग भयभीत दिखाई दे रहे हैं।

शहर में अभी तक बायपास रोड नहीं बना

राजिम छत्तीसगढ़ का प्रयागराज होने के साथ-साथ देश-विदेश से बड़ी संख्या में दर्शनार्थी एवं पर्यटक पहुंचते हैं इनके अलावा व्यापारिक दृष्टिकोण से भी यहां सौ किलोमीटर के आसपास के लोग भी लेनदेन एवं खरीदारी के लिए आते हैं इस लिहाज से शहर में भीड़ बढ़ना लाजिमी है। यहां का बाजार राष्ट्रीय >> शेष पृष्ठ 9 पर

शांत्रीबाई कालेज में हमर प्रयास पर कार्यशाला

महासमुंद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय मे 'कृमी' समाज रायपुर द्वारा ''हमरप्रयास'' अंतर्गत कार्यशाला के माध्यम से शांत्रीबाई महाविद्यालय एवं चन्दोदय पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित भगवती चन्द्राकर, चमन चन्द्राकर, शिक्षणसमिति के सचिव कमलेश चन्द्राकर एवं शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चन्द्राकर, चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नवीन चन्द्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्जवलकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य वक्ता भगवती चन्द्राकर द्वारा 'हमरप्रयास' टीम के उद्देश्य के बारे में बताया कि यह टीम सशक्त युवा समूह

समाज की कामना करता है। आज युवा वर्ग सशक्त होगा तभी एक समृद्ध समाज की कल्पना की जा सकती है। इसलिए युवा वर्ग को सशक्त होने की आवश्यकता है। उन्होने बच्चों कोआगे के भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया व किसी भी कार्य में सफ्लता कैसे प्राप्त किया जा सकता है उसका विस्तृत वर्णन किया गया। उपस्थित वक्ता चमन चन्द्राकर ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवा अगर चाहे तो कोई भी कार्यआसानी से किया जा सकता है। युवा वर्तमान है जो भूत और भविष्य के सेतु के रुप में कार्य करता है। युवा वर्ग गहन ऊर्जा और उच्च महत्वकांक्षाओं से भरे होते है। उनकीआंखों में अनेक स्वपन होते है जो राष्ट्र व समाज को बेहतर बनाने के लिए सर्वाधिक योगदान देते है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चन्द्राकर ने कहा कि 'हमरप्रयास' कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को उनके आगे के भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने और बच्चों को सफ्लता की कुंजी प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हमर प्रयास के मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफमेनका चन्द्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चन्द्राकर, किशोरकठारे, दिव्याचन्द्राकर, लुकेशसाहू, गायत्री चन्द्राकर, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमन सिन्हा, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिकपटेल आदि उपस्थित थे।

बिना जानकारी दिए प्रिंटिंग प्रेस वाले नहीं कर पाएंगे चुनाव सामग्रियों का प्रकाशन

बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 -(क) के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा कराए जाने वाले पुस्तिका या पोस्टरों के मुद्रण और प्रकाशन संबंध में प्रिंटिंग प्रेस के मेसर्स, स्वामी एवं प्रबंधक को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया कि कोई भी व्यक्ति ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित प्रकाशित कराएगा।

कलेक्टर ने जारी किया आदेश

कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराएगा, जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं, अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है तथा उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराए, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित उस दशा में जिसमें वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को तथा किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है। जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है। इस धारा के प्रयोजनों के लिए दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया के लिए जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जाएगा कि >> शेष पृष्ठ 9 पर

हर वर्ष की तरह विवेकानंद नगर में विराजेगी धमतरी की महारानी

धमतरी, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र पर्व कुछ ही दिन शेष है, जिसको लेकर के धमतरी की सभी समितियां ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है, धमतरी के विवेकानंद नगर में स्थित धमतरी की महारानी की स्थापना इस वर्ष भी की जा रही है, विवेकानंद नगर दुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्यों ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है यहां की साज-सज्जा को देखने लोग अन्य जिलों से भी आते हैं, समिति के सदस्य देवेश अग्रवाल ने बताया यहां की माता जी की प्रतिमा का काम माना के अरविंद घोष के द्वारा किया जा रहा है, टेंट का काम लिना टेंट हाउस और लाइट का काम उमेश लाइट धमतरी के द्वारा किया जा रहा है यहां की जो सबसे खास बात है वह यह है कि माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूर्वी इलाहाबाद से पंडितों का आगमन हो रहा है, जो यहां रहकर के पूरे 9 दिन माता की प्राण प्रतिष्ठा और अपने मंत्रों से पूरे क्षेत्र को बांधकर रखते हैं, समिति के एक और सदस्य आकाश साधवानी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष समिति द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं बच्चों के खेलकूद, गरबा, भजन संध्या, महाआरती और भी विभिन्न कार्यक्रम समिति द्वारा रखे गए हैं, बुराई पर अच्छाई की जीत दशहरा पर्व के साथ इस पूरे आयोजन का समापन होगा... समिति के सदस्य सानिध्य मिश्रा ने सभी शहर वासियों को इस महोत्सव में माताजी के दर्शन के लिए आमंत्रित किया है

इस महोत्सव की तैयारी में समिति के मनोज राठी, गुंजल सिनहा, निशीत सुखवानी, उमेश शाह, हिमांशु केसवानी, नयन सुखवानी, सृजन सिनहा, गूंज सोनी, अनुज अग्रवाल, मनजोत सिंह बिंद्रा, श्रीराम शर्मा, कमल केशवानी, सुमित नागवानी, अंश लखवानी, स्वप्निल गजेंद्र, विराज शाह, अक्षत महादिक, ईशानदीप सिंह, सिद्धार्थ केसवानी, भावेश, रोहित, श्रेयांश आदि लोग लगे हुए हैं।

नवरात्रि में सेवा गीत से होगा मां की महिमा का बखान

राजिम, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में नवरात्रि की तैयारी जोर-जोर से चल रही है। 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक नवरात्र पर्व की धूम रहेगी। शहर में कई जगह मूर्तिकारों के द्वारा देवी दुर्गा की मूर्तियां बनाई जा रही है। वही 9 दिनों तक दुर्गा पंडाल को संचालित करने के लिए समितियां भी बनाई गई है यह समितियां अपने हिसाब से तैयारी कर रहे हैं। शहर के गोवर्धन चौक, बस स्टैंड, व्हीआईपी मार्ग, पटेल पारा, फंस पारा, महामाया चौक, ब्रह्मणगुड़ी चौक, मदरसा पारा, परमानंद चौक, थानापारा, डोभापारा, श्रीराम चौक, तहसील चौक, कृषि उपज मंडी चौक, सतनामी पारा, शंकर नगर, आमापारा, साईं मंदिर आदि समेत गांव में भी बड़ी संख्या में समितियां के द्वारा दुर्गा पंडाल सजाया जाता है। नवदुर्गा उत्सव समिति चौबेबांधा के अध्यक्ष पंचराम पाल ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां



- महामाया मंदिर में बड़ी संख्या में होगी मनोकामना दीप प्रज्वलित
- शहर सहित गांव-गांव में नवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से

शुरू हो चुकी है सेवा मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। वह प्रतिदिन सेवा गीत प्रस्तुत करेगी सुबह शाम पूजन आरती से माहौल भक्ति में हो जाता है श्रद्धालुओं के प्रसाद की भी व्यवस्था किया गया है। परमानंद दुर्गा उत्सव समिति के रामकुमार साहू, भोला साहू, विष्णु साहू ने बताया कि इस बार प्रतिमा शहर की मूर्तिकार द्वारा ही बनाई जा रही है। मूर्ति की ऊंचाई 7 फिट है। समिति द्वारा इस बार जस गीत का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें झांकी दिखाई जाएगी। इन्होंने बताया कि लगातार 15 वर्षों से देवी दुर्गा की आराधना के लिए प्रतिमा स्थापित की जा रही है इसमें न सिर्फ वार्ड के लोगों बल्कि पूरे शहर और गांव के लोग भी दर्शन करने के लिए आते हैं। सिंधौरी बरोंडा श्यामनगर सुरसाबांधा तरां कूरूमकेरा कोपरा पीतईबंद रावड़ भैंसातरा बेलटुकुरी कोंदकेरा परतेवा बोरसी बहरापाल बासीन पथरां नवाडीह पीपरछेड़ी छुईहा सिरींखुर्द रोहिना इत्यादि गांवों पर्वत की धूम रहती है। दुर्गा पंडाल के अलावा देवी मंदिरों में भी ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है नगर के प्रसिद्ध कमलक्षेत्र के आराध्य देवी मां महामाया मंदिर में भी बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे इसके लिए तैयारी विशेष रूप से की जा रही है इनके अलावा चंडी मंदिर, सत्ती मंदिर, दुर्गा मंदिर इत्यादि में भी तैयारी का दौर चल रहा है।

नवरात्र की तैयारी में जुटे भक्तगण, मनोकामना दीप प्रज्वलित करने करा रहे है पंजीयन



नवापारा-राजिम। क्वांर नवरात्री की तैयारी मंदिरों और चौक चौराहों पर जोर-शोर से हो रही है। मंदिरों एवं समितियों के द्वारा रखे जाने वाले स्थलों का रंग रोगन का कार्य संपन्न हो चुका है। अब सभी को 15 अक्टूबर का इंतजार है। इसी दिन से चार नवरात्रि शुरू हो जाएगी। नवापारा के सीमा में स्थित शीतला मंदिर 250, मौली माता में 1151, काली माता मंदिर 250, माता कर्मा मंदिर 60 मनोकामना दीप प्रज्वलित करने के लिए पंजीयन हो चुका है। नरसिंह नाथ मंदिर, घटोरिया दाई, संतोषी मंदिर और शनि देव मंदिर पर भी मनोकामना दीप प्रज्वलित करने के लिए पंजीयन किया जा रहा है। चार नवरात्रि रविवार होने की वजह से समिति के सदस्यों के चेहरे पर सुकून दिखाई देने लगा है। वे तन-मन-धन लगाकर जगत जननी मां दुर्गा की स्थापना करेंगे और उन्हें किसी प्रकार का अवकाश लेने की जरूरत नहीं रहेगी। इधर मूर्ति स्थापना की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है वहीं पर मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में व्यस्त नजर आ रहे हैं। स्थापना के बाद माता के भकगण 3 दिन से लेकर 9 दिन तक उपवास करते हुए दिखाई देंगे।

जीवन में बेटी का आना किसी वरदान से कम नहीं : रामेन्द्र जोशी

फिंगेश्वर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सुपर गर्ल गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा नोडल अधिकारी श्याम चन्द्राकार संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, डीएमसी खेल सिंग नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, विकासखंड श्रोत समन्वयक टिकेन्द्र कुमार यदु के कुशल नेतृत्व एवं सफल दिशा निर्देशन में संत पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई में विकासखंड स्तरीय सुपर गर्ल बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें पांच मेधा संकुलों से सेन्टर, गुण्डरदेही, बासीन,कोपरा एवं बेलटुकरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्राओं ने विकासखंड स्तर पर अपनी उत्कृष्ट कला कौशल एवं प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, विकासखंड श्रोत समन्वयक टिकेन्द्र कुमार यदु एस.डी.एम.राजिम धनंजय नेताम परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास फिंगेश्वर कौशलेश देवांगन, प्राचार्य किरवई, प्राचार्य फिंगेश्वर एवं विकासखंड से पहुंचे सभी संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी ने प्रतियोगिता में पहुंचे प्रतिभागी एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा सुपर गर्ल बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर आधारित है यह आयोजन शिक्षा विभाग का अभिनव पहल है जो बेटियों के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा को ध्यान में रखकर उनकी प्रतिभा की खोज करना एवं उन्हें उचित मंच प्रदान करना बेटियां आज हर विभाग में पूर्ण हौसलो के साथ बिना थके बिना डरे बिना रुके काम कर रही हैं जो बेटों के समान कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं एक बेटी घर, परिवार, समाज एवं पूरे राष्ट्र का गौरव हासिल कर मान बढ़ा रही हैं बेटियों का होना किसी वरदान से कम नही उन्हें बेटे के समान आगे बढ़ने का पूरा - पूरा अवसर दें ताकि घर परिवार के साथ पूरे समाज को गौरव प्रदान कर सके बेटा और बेटी दोनो बराबर है किसी को भी हम कम नही आंक सकते। विकासखंड में विजेता सभी प्रतिभागी अपने प्रतिभा से सभी को आचंभित कर दिया सभी विजेता एवं उपविजेता को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब जिला स्तर पर जायेंगे जहां उन्हें पांच विकासखंड के प्रथम विजेता प्रतिभागियो को अपने कला कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों में गायन में प्राथमिक कौन्दकेरा कु.ओमकुमारी पूर्व माध्यमिक बेलटुकरी कु.जानकी साहू हायर सेकेण्डरी बरोण्डा कु.जिज्ञासा साहू प्रथम एकल नृत्य प्राथमिक शाला पुरेना कु.विद्या माध्यमिक विद्यालय पसीद कु.रेशमा सेन हायर सेकेण्डरी कौन्दकेरा कु.खिलेश्वरी साहू प्रथम चित्रकला प्राथमिक शाला राजिम कु.आसमी सोनकर पूर्व माध्यमिक पोखरा कु.मेघा हायर सेकेण्डरी सेजेस फिंगेश्वर कु.अंशु टोडरे प्रथम भाषण प्राथमिक रावणभाटा बासीन कु.गौरी तिवारी, पूर्व माध्यमिक पसीद कु.तनु हायर सेकेण्डरी बेलर कु.सुनिधि साहू वाद्ययंत्र प्राथमिक बरभांठा कु.पुष्पा पूर्व माध्यमिक सेजेस फिंगेश्वर भाग्यश्री हायर सेकेण्डरी बासीन कु.भानुप्रिया प्रथम कविता पाठ पूर्व माध्यमिक कोमा कु.सानिया हायर सेकेण्डरी सेजेस राजिम प्रथम वाद-विवाद पूर्व माध्यमिक सेजेस फिंगेश्वर कु.विनम्रता, कु.दिव्यांशी हायर सेकेण्डरी सेजेस फिंगेश्वर कु.सृष्टि, कु.खुशबू प्रथम प्राप्त करने में सफल रही उक्त प्रतियोगिता मुख्य रूप से सात विधा में बांटा गया था पेंटिंग, स्वरचित कविता, गीत,भाषण, नृत्य, वाद्य यंत्र, वाद-विवाद को शामिल करने के साथ प्रतियोगिता को तीन स्तर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी को शामिल किया गया था । प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी संकुल प्राचार्य , संकुल समन्वयक , शिक्षकगणों की सहभागिता रही इसके अलावा संत पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई की सराहनीय भूमिका रही सभी प्रतिभागी शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेंद्र पंत ने किया।

- सुपर गर्ल बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ विखं स्तरीय प्रतियोगिता में गीत, कविता. भाषण, वाद-विवाद नृत्य शैली से सभी को प्रभावित किया
- विजेता प्रतिभागी अब जिला स्तर पर जाएंगे सभी को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

प्रभारी अधीक्षक डीपी चौहान के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने जताया दुःख

बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा में प्रभारी अधीक्षक डी.पी.चौहान का देर रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की समाचार मिलते ही अधिकारियों कर्मचारियों में दुःख की लहर छा गई। श्री चौहान का अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत की ओर से विभिन्न अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कलेक्टर चंदन कुमार ने श्री चौहान के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किये हैं। उन्होंने कहा कि श्री चौहान कर्मठ, सहज एवं मिलनसार हंसमुख साथ ही अनुभवी अधिकारी थे। उनका इस तरह अचानक जाना हम सबको अवश्य प्रभावित करता है। कलेक्टर ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति भी प्रकट की है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने भी दुःख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

पाम्पलेट, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर प्रतिबंध

महासमुंद,13 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निर्वाचन संबंधी पाम्पलेट, पोस्टरों आदि का मुद्रण और प्रकाशन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के उपबंधों के तहत प्रतिषित किया है। उन्होंने जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालको को निर्वाचन संबंधी पाम्पलेट या अन्य निर्वाचन प्रचार सामग्रियों का मुद्रण व प्रकाशन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का परिपालन करते हुए करने आदेशित किया है तथा आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रपत्र अ तथा ब्ड में निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा है।

अवैध शराब पर पुलिस की लगातार कार्रवाई

भाटापारा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। 12 अक्टूबर को टाउन भ्रमण जरिये मुखबिर सूचना मिला कि पंचशीले नगर भाटापारा नर्सरी के पास एक व्यक्ति कपडे के थैला मे अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहा है कि सुचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के साथ रेड कार्यवाही हेतु रवाना हुआ मुखबिर के बताये अनुसार पंचशील नगर नर्सरी के पास पहुचकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी रंजित गटकरी पिता राव गटकरी उम्र 48 साल साकिन पंचशील नगर गुरूनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छग को पकड़े जिनके कब्जे से ऐक कपडे के थैला मे रखे 30 पौवा देशी मशाला शराब जुमला 5.400 बल्क लीटर किमती 3300 रूपया को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 376/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह आरक्षक उमेश वर्मा, सीता राम ध्रुव का विशेष योगदान रहा थाना भाटापारा शहर में अवैध जुआ-सट्टा, शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

किसानों को पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति

सोनासिल्ली जलाशय की नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य हेतु 2 करोड़ 98 लाख 65 हजार की मिली स्वीकृति

बागबाहरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य के दौरान हो रही पानी की समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के एक प्रयास को और बड़ी सफलता मिली है। जिसके अंतर्गत पिथौरा विकासखंड में स्थित सोनासिल्ली जलाशय की नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य के लिए 02 करोड़ 98 लाख 65 हजार रुपए की स्वीकृति जल संसाधन विभाग के द्वारा विगत 6 अक्टूबर को जारी कर दी गई है। 2 करोड़ 98 लाख 65 हजार की लागत से होने वाले सोनासिल्ली जलाशय की नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य के चलते विधानसभा क्षेत्र में 454 हेक्टेयर में 151 हेक्टेयर को ही रबी कमी की पूर्ति अब समाप्त हो जाएगी। जिसके चलते क्षेत्र के किसानों में अब प्रसन्नता का माहौल है। और उन्होंने छत्तीसगढ़ की यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अपने विधायक व शासन के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राज्य सहकारी बैंक मर्यादित अपेक्स बैंक की भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

महासमुंद,13 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रबंध संचालक, छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित ;अपेक्स बैंक द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 अक्टूबर को दो पालियों में किया जाना था। राज्य में आदर्श आचार संहिता घोषित होने के फ्लस्वरूप छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा इस परीक्षा के आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग से कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के माध्यम से अनुमति मांगी गई है। अनुमति प्राप्त होने की स्थिति में व्यापम द्वारा इस परीक्षा के आयोजन की तिथि पुनः घोषित की जाएगी। घोषित किए जाने तक यह भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान आज डाक व पार्सल के संबंध में कार्यशाला संपन्न

पिथौरा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2023 के अवसर पर आज 12 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ परिमण्डल के समस्त अधिकारियों के लिए डाक एवं पार्सल के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं कार्यशाला में डाक एवं पार्सल वितरण हेतु उचित दिशा निर्देश प्रदान किए गए. साथ ही डाक व्यवस्था सदृढ़ करने हेतु समस्त डाकपालों को प्रशिक्षित करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिये गए। इसके साथ ही डाक एवं पार्सल दिवस के अवसर पर परिमण्डल के समस्त संभागों द्वारा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर में ग्राहक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें डाक विभाग की सेवाएं जैसे स्पीड पोस्ट पार्सल एवं डाकघर नियॉत केंद्र के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं ग्राहकों को डाक विभाग की सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

सार-संक्षेप

निर्वाचन संबंधित शिकायत हेतु रिटर्निंग अधिकारी ने जारी किया नंबर

पिथौरा, 13 अक्टूबर। रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र कमांक 40- बसना, जिला महासमुन्द द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को विधानसभा 40 बसना क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन संबंधित प्राप्त होने वाले शिकायतो के निराकरण हेतु कंट्रोलरूम स्थापित कर संपर्क नम्बर जारी किया गया है। तहसील पिथौरा संपर्क नम्बर 07707-299131. - तहसील बसना संपर्क नम्बर 9584968382।

पुरगांव में एक शराब कोचिया गिरफ्तार

बिलाईगढ़, 13 अक्टूबर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर,अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है इसी क्रम में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पुरगांव में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भट्ठी का बिक्री करने अपने घर बाडी में रखे रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी विजय कुमार धनवार पिता सम्मे लाल धनवार उम्र 37 वर्ष ग्राम पुरगांव थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2500 को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।जिसे मा.न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्कू शिव कुमार धारी,ह्राद प्रवीण कुमार ,आर.कमल कूर्रे लोकनाथ राते चंदन दिनकर प्रत्येन बर्मन सुनील यादव एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

मतदान की पूर्व तैयारी हेतु आरंग में पटवारियों की हुई बैठक

आरंग, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं एसडीएम आरंग डॉ. अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में आरंग विकासखंड के समस्त पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक जनपद पंचायत आरंग हाल में आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम आरंग विश्वकर्मा ने अपने निर्देशों में स्पष्ट कहा कि समस्त पटवारी बीएलओ के साथ सामंजस्य स्थापित कर नई जानकारी के साथ अपडेट रहें, उन्होंने प्रस्तावित मतदान केंद्र पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग), युवा एवं 10 संगवारी महिला मतदान केंद्र की क्रमांक सहित जानकारी शेयर करते हुए पटवारी गण से कहा की प्राय: सभी मतदान केंद्र स्कूल में हैं अत: अनिवार्य रूप से इन मतदान केंदो में जाकर वहां की व्यवस्था शौचालय,फर्नीचर, पेयजल,पंखे लाइट, बिजली का जायजा लेकर तहसीलदार एवं ग्राम सचिवों के माध्यम से एक हफ्ते के अंदर सुधारात्मक पहल करें और नगरीय मतदान केंद्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नॉलेज में लाएं, उन्होंने सभी से रूट चार्ट का गंभीरता पूर्वक अवलोकन करने के लिए भी कहा तथा बताया कि बैरियर चेक पोस्ट (ह्राह्राह्र) पारगांव, रानी सागर एवं लखोली में प्रस्तावित है, साथ ही अनुपस्थित, शिफ्टेड एवं डेथ अर्थात (-स्ह्र) के लिए भी विशेष हिदायत देते हुए कहा कि यह सूची छोटी होने पर आपकी सक्रियता को दर्शाएगी तथा इस सूची को रिटर्निंग ऑफिसर के साथ पीठासीन को सौपा जाना है। एसडीएम के अनुसार सभी के पास आवश्यक मोबाइल नंबर जैसे- सेक्टर अधिकारी,फ्लाइंग स्कॉट, तहसीलदार, थाना प्रभारी, कंट्रोल रूम एवं कम्यूनिकेशन के लिए मतदान केंद्र के आसपास ह्या 10 गणमान्य नागरिकों के फोन नंबर अवश्य होने चाहिए, उन्होंने वर्तमान शिकायत का निपटारा 100 मिनट में करने का निर्देश दिया साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर तहसीलदार राम मूर्ति दीवान, विनोद साहू, नायब तहसीलदार एन एस पिस्दा, आलोक वर्मा, सुजल साहू, श्रुति शर्मा, स्वीप प्रभारी शिक्षक अरविंद वैष्णव एवं महेंद्र पटेल तथा निर्वाचन तहसील टीम राकेश साहू भूषण जलक्षत्रि, शरद अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक आशीष भोयर, लोकनाथ वर्मा, हर्ष सेन आदि एवं पटवारी गण राहुल जोशी, प्रेमलाल साहू, गज्जू साहू, सुरेश चंद पाटकर, रवि शंकर साहू ,जैन सिंह मरावी, महेंद्र कुमार वर्मा, अनीता सोनी, जय प्रकाश चंद्राकर, पी प्रियंका राव, निहारिका साहू, कीर्ति ध्रुव सहित 64 पटवारी गण एवं राजस्व निरीक्षकों व कोटवार जनों की उपस्थिति रही।

पात्र व्यक्ति मतदान से न हो वंचित : एसडीएम

जागरूकता रैली निकाली गई

पिथौरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप का प्रचार प्रसार करने जिला स्वीप समिति कलेक्टर महासमुन्द प्रभात मलिक के मार्गदर्शन एवं एस.आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी के निर्देशन में विकास खंड पिथौरा के स्वीप टीम द्वारिका पटेल,एफ.ए.नंद, अरुण कुमार देवता के द्वारा ग्राम टेका में शिवा आईटीआई के प्राचार्य योगेश डड़सेना , सम्पूर्ण स्टाफ व तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों के सहयोग से सर्व प्रथम ग्राम में वृहद जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम का भ्रमण करते हुए मतदाता जागरूकता के गगन भेदी नारे लगाते हुए तथा हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्तियां लिए हुए ग्राम के मध्य चौक में सभा के रुप में परिवर्तित हो गई यहां विद्यार्थियों के द्वारा शानदार नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा ग्राम वासियों द्वारा की गई नाटक के माध्यम से मतदाताओं को शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका संतोषी निषाद, रीना नायक शकुन्तला साहू ,तेजप्रताप पटेल,व्यंजना ठाकुर, संतोष साहू ,किशन साहू चन्द्र प्रकाश चन्द्राकार बीएलओ सजीदा खान का विशेष योगदान रहा।

प्रादेशिकी का शेष...

जिस लम्हेटा घाट में राजा...

कहा कि इस काम में जो सुकून है वो मैं बया नहीं कर पाऊंगा,क्योकि इसके लिए मैं शब्दहीन हू। इसका फर्क मेरे कुल में भी दिख रहा। परिवार में सुख,शांति का घेरा है। आज मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि 2004 में अगर मुझे जिला अस्पताल के गेट में मोक्ष के लिए तरस रही महिला की लाश नहीं दिखती ,तो शायद यह काम शुरू नहीं हो पाता। मैं और मेरा परिवार मेरे से जुड़े लोग आज भी यह कहते है कि गुड्डा सर भगवान ने आपको इस विशेष काम की जिम्मेदारी दी है और आप अपने इस नेक कार्य को तत्परता से निभा रहे। उन्होंने कहा कि माता पिता एवं जाने - अनजाने पितरों की सेवा से सुख ,समृद्धि, के साथ भगवान का सानिध्य भी मिलता है।

लोडिंग रेत हाईवा से...

राजमार्ग का क्रमांक 130 सी पर भी लगती है। राजिम पुल से लेकर सांई मंदिर तक दुकान ही दुकान हैं। दूसरी और कोमा से लेकर कृषि उपज मंडी चौक, तहसील चौक, श्री राम चौक होते हुए बस स्टैंड में हमेशा भीड़ बनी रहती है। बायपास मार्ग बन जाने से लोडिंग गाड़ियां बाहर से ही निकल जाती लेकिन नहीं बनने के कारण शहर के अंदरूनी मार्गों से होकर निकलती है जिससे लोग खासे परेशान हैं।

वरिष्ठ कांग्रेसियों का नपा उपाध्यक्ष ने गमछा पहनाकर किया सम्मान

महासमुंद,13 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर अपने समर्थकों के साथ विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले गांवो में जाकर वरिष्ठ कांग्रेसी जो पार्टी से जुड़कर अभी तक काम कर रहे हैं उनके पास जाकर पार्टी का गमछा पहनाकर उनका सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। चर्चा कर उनका हालचाल जाना, वहीं आगामी विधानसभा में पार्टी के साथ रहकर काम करने की अपील कर रहे है। मुलाकात करने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी ग्राम सिंघुपाली प्रीतम यादव, अर्जुन बरिहा, बुधराम बरिहा, ग्राम जामपाली दुलार सिंह ध्रुव, मुखियार सिंह ध्रुव, रामलाल पटेल, ग्राम रामपुर मनबोध ध्रुव सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल थे । सम्मान कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी अध्यक्ष लेकेश्वर साहू लेड़गा राम, जिला पंचायत सभापति अमर चंद्राकर, राजा कोसा, राजेंद्र कौशिक, राज तन्मय चंद्राकर, सरपंच कुलेश पटेल,डमरू धर यादव, सियाराम बरिहा, चरण यादव, राजू सेन उपस्थित थे।

दो दिवसीय शिशु वाटिका कार्यशाला का समापन

खरोरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय खरोरा में रायपुर विभाग का नगरीय व ग्रामीण विद्यालयों का दो दिवसीय शिशु वाटिका कार्यशाला के समापन अवसर के मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी मिंज (नोडल प्राचार्य म. दे. शा.उ.मा.वि. खरोरा) विशेष अतिथि श्री ईश्वरी प्रसाद देवांगन (समाज सेवी), प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख विभाग समन्वयक श्री रामकुमार वर्मा, सह प्रांत प्रमुख श्रीमती उर्मिला कश्यप एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्वनी पाटकर सर्वप्रथम माँ सरस्वती ? एवं भारत माता की छायाप्रति पर दीप प्रज्वलित द्वारा किया गया। शिशु वाटिका कार्यशाला में बारह शैक्षिक व्यवस्था का प्रदर्शनी लगाया गया। तथा प्रत: अग्निहोत्र भी किया गया। जिसमे श्री लोमश देवांगन (पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष) व उनकी धर्म पत्नि श्रीमती जूही देवांगन उपस्थित थे। कार्यशाला में खेल-खेल में शिक्षा तथा शिक्षण किया कलाप श्रष्ठश्र प्राथमिक बाल्यवस्था देख भाल एवं शिक्षा की जानकारी दी गयी तथा गुजरात का शिशु वाटिका का मॉडल प्रोजेक्टर द्वारा प्रशिक्षार्थी को दिखाया गया विद्या भारती में शिशु वाटिका का एक अनोखा मॉडल छ.ग. प्रान्त में क्रियन्ति करने का प्रयास कर रही है। कार्यशाला में शिक्षा ग्राम भारती के समन्वयक श्री मुकेश साहू श्री रामकुमार वर्मा एवं 30 विद्यालय से 62 प्रशिक्षार्थी कार्यशाला में उपस्थित रहे।

घरों से लेकर बाजारों तक चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान

बलौदाबाजार, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज जिले के विभिन्न गांवों जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गयी है। विहान से जुड़े महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आज ग्राम पंचायत मुड़पार में बाजारों एवं दुकानों में पहुँचकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किए। इसी तरह ग्राम खम्हरिया मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम रसेड़ा, बलौदी, गिधपुरी में शपथ एवं मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम अमेरा, सुहेला में स्वीप महेंदी एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। इस दौरान जनपद पंचायत के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी गण, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी सँख्या में उपस्थित रहे।

शांतिपूर्ण चुनाव कराने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

बागबाहरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बागबाहरा राजस्व अनुविभाग के चारो थाने बागबाहरा थाना, खल्लारी थाना, कोमाखान थाना एवं तेंदूकोना थाना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाली गई। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे अपना मतदान निष्पक्ष रूप से करें। किसी के बहकावे एवं भय में न आए। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु लोगों की रक्षा एवं सुरक्षा करना पुलिस प्रशासन का कर्तव्य है। इसी कर्तव्य के परिपालन में पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों ने पुलिस जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाली। यह फ्लैग मार्च आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अंचल में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निष्पक्ष, निर्भीक एवं भयमुक्त चुनाव के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाली गई।

बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होते ही राजस्व एवं पुलिस प्रशासन हरकत में आ गई है।

संपत्ति विरुपण ? की कार्रवाई के साथ वाहनों में अवैधानिक रूप से लगे हूटर, नंबर प्लेट, काली फिल्म शीशा हटाने की कार्रवाई जोर शोर से चल रही है। क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों एवं लोगों की जाँच पड़ताल पुलिस जवानों द्वारा मुस्तैदी के साथ किया जा रहा है। वहीं नगर के चौक चौराहों एवं आम गलियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस जवानों की पेट्रोलिंग पार्टी बढ़ा दी गई है। ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी घटना न हो।

वहीं आम जनता के बीच सुरक्षा का संदेश देने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने शहर एवं गांवो का भी भ्रमण कर चुनाव की तैयारियों का भी जायजा ले रही है। बागबाहरा राजस्व अनुविभाग एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में शांति तरीके से विधानसभा चुनाव संपन्न कराने हेतु प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सक्रिय है। शांति व्यवस्था एवं निष्पक्ष चुनाव की सभी तैयारी पूरी की जा रही है। इस विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ओड़िशा सीमावर्ती इलाकों में भी कड़ी निगरानी संदिग्ध वाहनों एवं लोगों पर रखी जा रही है। अति संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। वहीं आम जनता से विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में निष्पक्ष मतदान करने की अपील पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस एवं राजस्व प्रशासन द्वारा निकाली गई फ्लैग मार्च में बागबाहरा की एसडीएम श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी, तहसीलदार लीलाधर कंवर, बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू, खल्लारी थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिंह, कोमाखान थाना प्रभारी राम अवतार पटेल एवं तेंदूकाना थाना प्रभारी राणा सिंह ठाकुर समेत पुलिस जवान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

शहीद सीआरपीएफ जवान का अंतिम संस्कार

पलारी, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सड़क हादसे में शहीद हुए सीआर पी एफ के कमांडर दुर्गेश यादव का संडी बंगला मुड़पार गांव में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र के सामाजिक और राजनैतिक लोगों ने पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। संडी बंगला ब्यापारीयो ने अपने अपने दुकान स्वफुर्त बंद कर रैली के साथ मुक्ति धाम पहुच श्रृद्धांजलि अर्पित किया।

भतीजे ने दी मुखाग्नि

विकास खण्ड के ग्राम संडी बंगला मुड़पार निवासी सीआरपीएफ में तैनात दुर्गेश यादव की दोंदे सेमरिया के बीच सड़क हादसे में घायल हो गए थे लेकिन खून अधिक बहने की वजह से उपचार के दौरान उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। कमांडर यादव के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। दुर्गेश यादव की पार्थिव शरीर गांव में लाया गया। सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी में सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। दुर्गेश यादव सीआरपीएफ की बटालियन में 2014को भर्ती हुए थे। देश के विभिन्न स्थानों पर वह तैनात रहे। सीआरपीएफ के digp vs panier कमाडेंट ने बताया कि दुर्गेश यादव बिल्कुल स्वस्थ और फुर्तीला जवान था। ड्यूटी को हमेशा मुस्तैदी से करता था। वह दूसरे जवानों के लिए आदर्श भी थे। सीआरएफ की टीम की ओर से दुर्गेश यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रृद्धांजलि दी गई। इस दौरान सीआरपीएफ से सीनियर कमाडेंट 65,bn वि,के,सिंग सीनियर कमाडेंट रवीन्द्र सिंग, अनुवब गौरव एवं 65b,n सिआरपीएफ तुलसी बाराडेरा रायपुर छत्तीसगढ़ अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

सांस्कृतिक कलाकारों ने अमृत कलश में गांव-गांव से किए मिट्टी कलेक्शन

बिलाईगढ़, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ तहसील के गांव एवं शहर के विभिन्न स्थलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सरगम लोककला मंच के कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया, इस दौरान कलाकारों ने जहा देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों की गाथा का बखान किया, बीते 8 अक्टूबर को देश भक्ति गीतों के साथ

आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के तहत लोगों के बीच वीरों की गाथा का किया बखान

हिरवानी के पूरी टीम ने कार्यक्रम के माध्यम से लोगो से मिट्टी कलेक्शन कर शपथ लिया गया। अमर शहीदों वीरों के गाथा को नाटक के रूप में मंचन किया, लोगो की बताया गया कि हमें किस तरह से आजादी मिली और हमारा देश समृद्धि के शिखर तक कैसे पहुंच रहा है वीर जवानों के कहानी को गीत के माध्यम से बताया गया. इस दौरान कार्यक्रम को लालजी

क्या भाटापारा में कांग्रेस का बड़ा चेहरा देखने को मिल सकता है ?

भाटापारा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम तो आ गया है और अब क्षेत्र के लोगो को कांग्रेस प्रत्यासी का इंतजार हो रहा है क्योंकि भाजपा ने तो अपने प्रत्यासी की घोषणा पहले ही कर दी है वही राजनीति से जुड़े सूत्रों की माने तो संभवत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से नया और बड़ा चेहरा कांग्रेस दे सकती है।

भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस की खेमेबाजी से वरिष्ट नेता भी अवगत है और पूर्व के छोटे बड़े चुनाव में लगातार भीतरघात की शिकायत को पार्टी ने सुना जरूर लेकिन कोई भी ठोस और मजबूत कार्यवाही ना होने से शिकायतो का दौर समय समय पर सुनने को मिलता रहता है। वर्तमान विधानसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की भीतरघात की संभावना को ध्यान में रखते हुए पार्टी के नेताओ ने जरूर सार्वजनिक रूप से कठोर कार्यवाही किए जाने का संकेत दिया है लेकिन उसके बाद भी नगर में जो कुछ सुनने को मिलता रहता है वो शायद कांग्रेस के हित में उचित प्रतीत नही होता। कांग्रेस की टिकट चाह के लिए जरूर 52 लोगो ने आवेदन किया है लेकिन उनमें से आधा दर्जन के नाम ही अब तक सामने आते रहे है, किंतु बताया जाता है जिन नामों पर पार्टी फोरम में चर्चा होती है उसके पुराने इतिहास को दूसरे गुट के द्वारा खोल कर प्रस्तुत कर दिया जाता है। सूत्रों ने यहां तक जानकारी दी की एक दावेदार ने किसी भी चुनाव में

अब तक भाग नही लेने की जानकारी दी तो दूसरे दावेदार ने उसके द्वारा पूर्व में लड़े गए चुनाव और उसको मिले मतों को बताकर उसकी पोल खोल दी। वही एक दावेदार ने अपने नाम का ही प्रचार जगह जगह दिवलो पर अंकित करा कर अपने मंसूबे को जग जाहिर भी कर दिया है, जिसकी भी शिकायत किए जाने की जानकारी मिली है।

भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस के लोगो के बीच लगातार बढ़ती आपसी खींचतान और भाजपा के द्वारा पुन: अपने दमदार प्रत्यासी को मैदान में उतारे जाने के पश्चात अब नगर में इस बात की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है की कांग्रेस इस बार कोई बड़ा चेहरा भाटापारा विधानसभा में ला सकती है, उसके पीछे का मकसद बताया जाता है की कांग्रेस हर हाल में भाटापारा सीट को जितना चाहती है और भाटापारा कांग्रेस जनों के मध्य जो बाते रुक रुक कर खुल रूप में पार्टी नेतृत्व तक जा रही है उससे तो यही अनुमान लगाया जा सकता है की स्थानीय सभी कांग्रेस जनों को एक करने के लिए किसी बड़े चेहरे को सामने ला कर स्थानीय नेताओं को जवाबदारी देकर उनसे कार्य लिया जाए,, बहरहाल भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्यासी कोन होगा, ये तो पार्टी की अधिकृत सूची के बाद ही पता चल पाएगा। इस बीच भाजपा प्रत्यासी शिवरतन शर्मा ने अपने प्रचार प्रसार की शुरुवात घर घर दस्तक के साथ शुरू कर दी है।

शेण्ड्री शॉप की गुपचुप नीलामी का आरोप

कुरूद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुरूद मंडी द्वारा पुराना मंडी प्रागण में नवनिर्मित शेण्ड्री शॉप की नीलामी गत दिनो की गई जो गोपनीय तरीके से ईश्तहार जारी कर लाभ दिलाने का कार्य किया गया। ईश्तहार की प्रचार प्रसार एवं सार्वजनिक स्थलो तथा शासकीय कार्यालयों के सूचना पटल के सामने भी चस्पा नही किया गया है और प्रमुख समाचारों पर प्रकाशित निविदा नहीं निकाले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उक्त दुकानो की बोली लगाने नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रो से केवल 39 व्यक्तियों की उपस्थितियों में बोली संपन्न कराकर औने पौने दामो में बोली करा दी गई। जो नगर एवं क्षेत्रो में चर्चा का विषय बना हुआ है। कृषि मंडी कुरुद में चंद दिनो से यह भ्रष्टाचार व अनियमितता व मंडी में आर्थिक राजस्व हानि का खेल जारी है। भाजपा कुरूद मंडल के प्रभारी कृष्ण कांत साहू ने उपरोक्त आरोप कुरूद मंडी पदाधिकारी पर लगाया है भाजपा कुरूद मंडल प्रभारी कृष्णकांत साहू एवं भाजपा के आईटी सेल प्रभारी कमलेश चंद्राकर ने मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर एवं मंडी कर्मचारियों के उपर आरोप लगाते हुये प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 सितम्बर को उक्त दुकानों की नीलामी में किसी भी प्रकार की पारदर्शिता नही बरती गई न ही विडियोग्राफी की गई। जिसके चलते उक्त बोली में केवल 39 लोग ही भाग लिये जिसमें आपसी तालमेल बनाकर

मंडी सचिव ने बताया बेबुनियाद

कुछ ही लोग बोली लगाये और उनको ही दुकान आबंटित कर दी गई। उक्त निर्माणधीन शॉप को कम दामों में देकर राजस्व की हानि हुई है। देखा जाये तो नया बाजार में दुकानों की बाजार मूल्य लगभग 15 से 20 लाख रूपये है लेकिन 5 से 6 गुणा कम दामों में दुकान की बोली एवं नीलामी की गई है। आपस में ही बातचीत कर रिंग बनाकर बोली लगायी गई है।

शॉप क्रमांक 01 की उच्चतम मूल्य 3.31 लाख रूपये रहा तो दूसरा व्यक्ति का अंतर राशि 3. 15 लाख रूपये की बोली की शॉप क्रमांक 02 की उच्चतम मूल्य 3.40 लाख हुई तो दूसरी बोली 3.35 लाख रू था शॉप कमांक 03 की उच्चतम मूल्य 3.26 लाख रूपये तो दूसरी बोली 3.25 लाख रू., शॉप कमांक 06 की उच्चतम मूल्य 3.55 लाख रूपये रहा तो दूसरी व्यक्ति की बोली 3.50 लाख रूपये था। शेण्ड्री शॉप मांक 04 एवं 05 की बोली की संपन्न की गई। जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने संदेह व्यक्त करते हुये कहा कि उक्त दुकानो की कीमत 3 से 4 गुणा अधिक में दामो में बिका होता। इ प्रकार नीलामी की राशि में अंतर बहुत ही कम प्रतीत होता है और वह साठगांठ मिलीभगत के संदेह को में व्यक्त करता है। जिससे मंडी प्रशासन को लाखो रूपये की राजस्व की हानि होती नजर आ रही है। कुरूद मंडी सचिव राजकुमार रात्रे ने बताया कि नीलामी हेतु इश्तिहार चश्पा नियमानुसार किया गया है।

सेवानिवृत्त प्राचार्य विश्वकर्मा को दी गई विदाई

पलारी, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवानीपुर में सेवानिवृत्त प्राचार्य ओम प्रकाश विश्वकर्मा का शाला परिवार की ओर से विदाई समारोह का आयोजन रखा गया था जहां प्रतीक चिन्ह साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। प्राचार्य ओमप्रकाश विश्वकर्मा प्राथमिक शाला, से माध्यमिक शाला और हाई सेकेंडरी स्कूल भवानीपुर में 41 वर्ष तक एक ही ग्राम भवानीपुर में अपनी सेवा दिए जो की शिक्षा जगत में एक अलग पहचान बनाएं हुए हैं उन्होंने कहा कि शासन का निर्देश का पालन करते हुए आज मैं सेवानिवृत्त हुआ हूं शाला परिवार एवं छात्र-छात्राएं हमेशा मेरे दिल

में रहेंगे कोई मेरी लायक ऐसा कार्य है अवश्य मेरे द्वारा किया जाएगा और आप सभी से अपील है कि आप सभी शिक्षक गण एक परिवार की भांति रहे और छात्र-छात्राएं को शिक्षा दें ताकि आने वाला भविष्य उज्जवल रहे इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष भूखन नेताम मुकेश झा प्राचार्य एस के साहू सी एल घृतलहरे एस के यदुवंशी आर के सोनवानी वी के भातपहरी एल पी सुनहरे ए के दांडेकर चंद्रिका टंडन पीके साहू एल के साहू के एस ध्रुव के एल साहू जोशी बाग लक्ष्मी कुर्रे शंकर सोनी पूनम साहू अग्नू निषाद बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित थे

कुरुद में नवरात्रि की तैयारी तेज, सज रहे मनमोहक पंडाल

माँ दुर्गा की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे कलाकार

कुरुद, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार से प्रारंभ हो रहे जगतजननी माँ दुर्गा के परम उत्सव शारदीय नवरात्रि की तैयारी कुरुद नगर में जोरों पर है। नगर के प्रमुख स्थानों पर पर तेजी से बड़े-बड़े मनमोहक पंडाल तैयार हो रहे है। वहीं देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित के लिए श्रद्धालुगण पंजीयन कराने में जुटे हुए है।

कुरुद नगर में प्रतिवर्ष की परंपरा के तहत चार नवरात्रि की मनमोहकता अपने चरम पर होती है। यहां दुर्गोत्सव समितियो द्वारा माँ दुर्गे की मनमोहक मूर्ति की स्थापना की जाती है। वहीं पूरे 9 दिनों तक जंवारा दर्शन व मातासेवा जसगीत से सुसज्जित वातावरण में आदिशक्ति की उपासना में भक्त गण डुबे होते है।

मिली जानकारी अनुसार इस बार भी संजय नगर, सरोजनी चौक, पुराना बाजार, थाना चौक, गांधी चौक, बजरंग चौक, नया बाजार, पुरानी कृषि उपज मंडी, इंदिरा नगर, शंकर नगर, नया तालाब कारगिल चौक, धोबनी पारा, सूर्य नमस्कार चौक आदि स्थानों पर माँ जगदम्बे की मनमोहक मूर्ति की स्थापना के लिए मनमोहक पंडाल सजाए जा रहे है। साथ ही नगर की अधिष्ठात्री देवी माँ चंडी, माँ काली छत्तीसगढ़ महतारी, माँ शीतला के दरबार मे मनोकामना ज्योत-जंवारा स्थापना के लिए तैयारी जारी है।

महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सेमिनार का आयोजन

सरायपाली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के राजनीति विज्ञान परिषद के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पर सेमिनार का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई छात्रसंघ प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष हिंदी, अध्यक्षता यू के बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ. झरना साव एवं एन के जगत मंचासीन थे। हाल ही में भारतीय संसद के द्वारा नागरिक शक्ति वंदन अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित राष्ट्पति के हस्ताक्षर से कानून का रूप ले चुका है। इसी परिप्रेक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रासंगिकता के बारे में महत्वपूर्ण बातें बतायी और आने वाले समय में इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ने का अवसर मिलेगा। राजनीतिक सत्ता से शासन के नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में बड़ी भूमिका निभाएंगे, महिलाएं आज भी अधिकारों से वंचित है उसको प्राप्त करने के लिए लगातार

संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यू के बरिहा विभागाध्यक्ष ने कहा महाविद्यालय का राजनीति विज्ञान परिषद अपने गौरवपूर्ण इतिहास में अलग महत्व रखता है, भारतीय संसद में कानून बनाने की प्रक्रिया के संबंध में महाविद्यालय में प्राध्यापकों के द्वारा छात्र- छात्राओं को जानकारी प्रदान की जाती है। स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र -छात्राओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के महत्वपूर्ण घटनाओं और सिद्धांतों को जानने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ झरना साव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं की दिशा और दशा को सुधारने वाला अधिनियम है, निकट भविष्य में इस अधिनियम के माध्यम से महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान अर्जित करेंगी। महिलाओं को राजनीतिक सत्ता से वंचित कर सामाजिक न्याय की प्राप्ति नहीं की जा सकती। सहायक प्राध्यापक एन के जगत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रत्येक बिंदुओं को बहुत ही सुंदर और सारगर्भित तरीके से प्रस्तुत किया। महिला अधिकारों के संघर्ष की ऐतिहासिक बातों को रखकर संविधान सभा में महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। देश में आगामी जनगणना और परिसीमन के बाद ही महिला आरक्षण सीटों का निर्धारण लोकसभा, विधानसभा एवं केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में लागू किया जाएगा। इससे महिलाओं को एक तिहाई सीटों में निर्वाचित होने का अवसर मिलेगा, जिसमें कानून बनाने के प्रति महिलाओं की सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका महत्वपूर्ण होगी। राजनीति विज्ञान परिषद के सदस्यगण नीरज कुमार निषाद, लुकेश्वरी पटेल, झरना पटेल, प्रीति प्रधान ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष खीरसागर तांडी एवं सीमा नेताम तथा आभार प्रदर्शन सचिव सरिता पटेल ने किया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के परिषद के पदाधिकारी, सदस्य एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सर्व आदिवासी समाज का 14 को होने वाले कोमाखान थाना घेराव आंदोलन स्थगित

बागबाहरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छ.ग.सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि सेवानिवृत्त फौजी आदिवासी गेनकू राम मांझी के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौच कर जानलेवा हमला करने वाले टेमरी गांव के पूर्व सरपंच राधेश्याम साहू के साथ अन्य आरोपियों को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में पेश किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों को मुस्तैदी के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही किए जाने पर सर्व आदिवासी समाज ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह,

एसडीओपी इन्क्रैट यार्क, कोमाखान थाना प्रभारी राम अवतार पटेल सहित पूरे पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया है। श्री ठाकुर ने आगे बताया कि सर्व आदिवासी समाज में एकता का बल होने के कारण हमारे थाने घेराव का मिशन पूरा हुआ है।

टेमरी गांव में रिटायर्ड फ़ौजी के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली- गलौच कर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

ग्राम पंचायत टेमरी के पूर्व सरपंच राधेश्याम साहू अपने साथियों के साथ जबरदस्त दबंगई का आतंक दिखाते हुए रिटायर्ड फ़ौजी के साथ जमकर मारपीट किया है। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा कोमाखान थाने में आरोपियों के खिलाफ की गई है।

पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की वजह से 14 अक्टूबर 2023 को कोमाखान थाने का घेराव आंदोलन को स्थगित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि रिटायर्डफौजी गेनकू राम मांझी को गत 2 अक्टूबर को टेमरी ग्राम में पूर्व सरपंच राधेश्याम साहू, मनोहर साहू, लवेन्द्र साहू, लंबोदर साहू, दिनेश साहू, पूरन साहू सहित अन्य साथियों के साथ प्राणघातक हमला कर डंडे राड से बेरहमी से मारा गया था। जिसके कारण आदिवासी समाज ने 14 अक्टूबर को कोमाखान थाने का घेराव आंदोलन करने का शंखनाद कर दिया गया था। आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मनोहर ठाकुर, खेदूराम ठाकुर, डुमरौतीन ठाकुर, लोकेश दीवान, सरपंच संघ बागबाहरा के अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, राजेश ठाकुर, प्रदीप मांझी, राजू ठाकुर, अंजोर ठाकुर, जगदेव ठाकुर, भानु प्रताप मांझी, कमलेश मांझी, गोवर्धन मांझी, नरेश मांझी, रेखा ठाकुर, नीरा ठाकुर, हेमसिंग ठाकुर, नूतन ठाकुर, मुकेश ठाकुर, नोहर ठाकुर, बालकुमार ठाकुर, चंद्रकांत ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, योगेश ठाकुर, तूफान दीवान, नीलकंठ दीवान आदि लोगों ने पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए 14 अक्टूबर को होने वाले कोमाखान थाने का घेराव आंदोलन को समाज में निर्णय लेकर स्थगित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने बिलाईगढ़ के मतदान प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

बिलाईगढ़, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ के मतदान प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार का लापरवाही और त्रुटि नही करना है। इसलिए सभी

अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन विशेष सावधानी के साथ त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्वों के संबंध में किसी प्रकार की शंका होने पर उसका समाधान प्रशिक्षण के दौरान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी उपस्थित थी।